RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 213
लखनऊ, बुधवार, 25 मई, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



रोहित और कोहली को लेकर गांगुली चिंतित नहीं

स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# कानून व्यवस्था में उत्तर प्रदेश देश में नंबर एक : मुख्यमंत्री

● कहा, अपराधियों पर जीरो टालरेंस नीति के तहत हो रही कार्रवाई पर जनता ने दिया दोबारा मौका

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**विधान** सभा में मंगलवार को कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर सरकार और विपक्ष में तींखी नोंक झोंक हुई। नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव के आरोपों का सिलसिलेवार जवाब देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टालरेंस के तहत कार्रवाई हो रही है चुस्त दुरुस्त कानून व्यवस्था के मसले पर देश में यूपी आज नंबर वन है। इसीलिए जनता ने हमें दूसरी बार मौका दिया है।

सरकार अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी रखेगी, हत्या, लूट, दुष्कर्म जैसी घटनाओं में कमी आई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव के दौरान और उसके बाद भी कुछ लोगों ने शाति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश की थी लेकिन उसे नाकाम किया गया। उन्होंने बिना किसी दल या नेता का नाम लिए कहा कि कुछ लोगों की अच्छे ढंग से गर्मी शांत हो रही है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है पिछले पांच साल से यूपी में कही दंगा नही हुआ, कोई कर्फ्यू नही लगा, कानून व्यवस्था के मामले में यूपी एक नजीर बना, एक लाख से ज्यादा लाउस्पीकर उतरवाए गए, सड़कों पर अलविदा की नमाज नहीं होने दी गई और सारे धर्मों के पर्व शांति पूर्वक संपन्न कराए गए। यही नहीं अपराधियों माफियाओं की कमर तोड़ने की गरज से दो हजार करोड़ की संपत्ति जब्त की गई।

इस मौके पर उन्होंने आजमगढ़ में जहरीली शराब से हुई मौतों का उल्लेख करते हुए कहा कि इस घटना का मुख्य आरोपी समाजवादी पार्टी से संबन्धित था। उन्होंने कहा कि इसी तरह की कई घटनाओं में एक दल विशेष के लोगों की संलसिता पाई गई। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि कानून व्यवस्था की दुहाई देने वाले दल यह न भूले कि उनके नेता ने कहा था कि लड़के हैं लड़कों से गलती हो जाती है। योगी ने अपनी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि पिछले पांच वर्ष के अंदर प्रदेश में कानून व्यवस्था, सुरक्षा के बेहतर माहौल ने ही इस सरकार को फिर से व्यापक जन समर्थन दिया है।

प्रत्यक्ष को किसी प्रमाण की आवश्यकता नहीं होती, चुने गए माननीय सदस्य इस बात के प्रमाण हैं कि जनता ने इन्हें समर्थन दिया है, आधी आबादी ने जिस भाव के साथ समर्थन किया है वह अभिनंदनीय है। नेता सदन ने कहा कि खासतौर पर महिला संबंधी अपराधों को लेकर हमारी सरकार ने वर्ष 2017 में एंटी रोमियो स्कवायड का गठन किया था और इसके साथ ही प्रदेश में महिला संबंधी अपराधों को रोकने के लिए 218 पॉक्सो कोर्ट की स्थापना भी कराई गई। अपराध में पांच वर्षों में कमी का दावा करते हुए योगी ने कहा कि कल हमारे प्रतिपक्ष के मित्र राज्यपाल के अभिभाषण को सुनते तो बहुत सारी ( शेष पेज 4 )

# हिंद-प्रशांत में बड़ी ताकत बना क्वाडः मोदी

● संगठन के चारों नेताओं ने क्षेत्र में जबरदस्ती, भड़काऊ या यथास्थिति को बदलने जैसी कार्रवाई का किया विरोध

● क्वाड ने अंतरराष्ट्रीय नियम आधारित व्यवस्था को बनाए रखने का संकल्प दोहराया

**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसियां।** नई दिल्ली/टोक्यो

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि क्वाड गठजोड़ हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए रचनात्मक एजेंडे का पालन कर रहा है। इस क्षेत्र की बेहतरी के लिए यह बड़ी ताकत के रूप में उभरा है तथा इसकी छवि और भी मजबूत होगी। टोक्यो में क्वाड की महत्ता को रेखांकित करते हुए मोदी ने यह भी कहा कि इतने कम समय में क्वाड ने वैश्विक मंच पर अपना महत्वपूर्ण स्थान बनाया है।

आज क्वाड का दायरा व्यापक हो गया है और यह बहुत प्रभावी हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने यह बात अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और नव निर्वाचित ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीस की उपस्थिति में दूसरे व्यक्तिगत सम्मेलन में कही। रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के आक्रामक रुख की पृष्ठभूमि में क्वाड संगठन के चार नेताओं ने किसी भी जबरदस्ती, उत्तेजक या ऐसी एकतरफा कार्रवाई का कड़ा विरोध किया, जो यथास्थिति को बदलने और क्षेत्र में तनाव बढ़ाने का काम करता है। चारों नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय नियम-आधारित व्यवस्था को बनाए रखने के अपने संकल्प को भी दोहराया। शिखर सम्मेलन में अपने संबोधन ( शेष पेज 4 )



आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, जापानी समकक्ष फुमियो किशिदा के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

## रिश्तों को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे भारत-अमेरिका

**पीएनएस/एजेंसी।** नई दिल्ली/टोक्यो

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को कोविड संकट को सफलतापूर्वक संभालने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की। साथ ही भारत और अमेरिका ने अपने रिश्तों को और मजबूत बनाने तथा और समृद्ध, मुक्त और सुरक्षित विश्व के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि वे भारत-अमेरिका के सहयोग को 'इस धरती के सबसे करीबी संबंधों शुमार' कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने इन संबंधों को ' भरोसे की भागीदारी करार' दिया। क्वाड शिखर बैठक से इतर दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बैठक की और द्विपक्षीय रक्षा और आर्थिक सहयोग के लिए प्रतिबद्धता जताई। मोदी ने आस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथोनी अल्वानीज के साथ भी द्विपक्षीय बैठक की। तीन पूर्व जापानी प्रधानमंत्री योशीहिदा सुगा, योशिरो मोरी तथा शिंजो एबे ने भी पीएम मोदी से ( शेष पेज 4 )

# कांग्रेस की टास्कफोर्स में प्रशांत के पूर्व सहयोगी

● कांग्रेस ने उदयपुर चिंतन शिविर के संकल्पों को लागू करने के लिए बनाई तीन समितियां

● चुनाव रणनीतिकार के पूर्व सहयोगी कनुगोलू को पार्टी की भविष्य की चुनावी रणनीति बनाने का काम सौंपा गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



नई दिल्ली टास्क फोर्स की प्रथम बैठक के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता

**उदयपुर** चिंतन शिविर के संकल्प के आधार पर कांग्रेस ने मंगलवार को 2024 के लोकसभा और गुजरात सहित महत्वपूर्ण विधानसभा चुनावों में भाजपा को हराने की रणनीति तैयार करने के लिए राजनीतिक मामलों के समूह और टास्क फोर्स का गठन किया है। इन महत्वपूर्ण समितियों में जी-23 समूह के प्रमुख सदस्य गुलाम नबी आजाद और आनंद शर्मा को भी शामिल किया गया है, जिन्होंने पार्टी में संगठनात्मक सुधार की मांग करते हुए सोनिया गांधी और राहुल गांधी के नेतृत्व पर सवाल उठाया था। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने तीन समूहों का गठन किया है।

प्रमुख मुद्दों पर मार्गदर्शन के लिए राजनीतिक मामलों पर उदयपुर नव संकल्प घोषणा को लागू करने के लिए टास्क फोर्स-2024 बनाई गई है जबकि 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी की रणनीति बनाने को भी समिति बनी है। एक अन्य समिति 2 अक्टूबर से शुरू होने वाली कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा को समन्वयित करने के लिए बनी है। देशभर के कांग्रेस नेताओं ने संगठन में संरचनात्मक परिवर्तन लाने और युवाओं के लिए कांग्रेस में केंद्रीय भूमिका निभाने का मार्ग प्रशस्त करने के लिए मई के मध्य में उदयपुर में तीन दिवसीय विचार-मंथन सत्र आयोजित किया था, जिसे नव संकल्प चिंतन शिविर नाम दिया गया। मंगलवार को अस्तित्व में आई राजनीति मामलों की समिति में राहुल गांधी, गुलाम नबी आजाद और आनंद शर्मा होंगे, जबकि वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम और प्रियंका गांधी वाड्रा टास्क फोर्स-2024 का हिस्सा होंगे।

टास्क फोर्स-2024 के सदस्यों की सूची में दिलचस्प नाम प्रशांत किशोर के पूर्व सहयोगी चुनावी रणनीतिकार सुनील कानूनगोलू का है। कनुगोलू को पार्टी की भविष्य की चुनावी रणनीति तैयार करने और उदयपुर सम्मेलन के फैसलों को लागू करने का काम सौंपा गया है, जबकि किशोर ने ( शेष पेज 4 )

# आतंकी हमले में श्रीनगर में एक और कांस्टेबल शहीद

**मोहित कंधारी।** जम्मू

● बेटी के साथ घर से बाहर निकलते समय हुआ हमला, बच्ची भी घायल

**जम्मू-कश्मीर** के पुलिसकर्मी पर लक्षित हमलों की कड़ी में मंगलवार को एक अज्ञात आतंकवादी ने श्रीनगर के सौरा के मलिक साब इलाके में नाबालिग बेटी के साथ घर के बाहर जा रहे कांस्टेबल की हत्या कर दी। हमले में सात साल की बच्ची को भी चोटें आईं और उसे पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत स्थिर बताई गई है। रिपोर्ट के अनुसार घर से बाहर जाते समय पुलिसकर्मी को एक आतंकवादी ने संभवतः पिस्तौल से निशाना बनाया।

हमले के बाद कांस्टेबल अत्यधिक खून बहने से अपनी बेटी के साथ जमीन पर गिर गया, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। मौके से पुलिस कर्मियों ने खाली कारतूस बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, पुलिसकर्मी सैफुल्ला कादरी पुत्र मोहम्मद सैयद कादरी, निवासी मलिक साब पर आतंकवादी ने सौरा (एंचर) क्षेत्र में गोलियां चलाईं। इस हमले में वह गंभीर रूप से और बेटी भी घायल हो गई। पुलिस प्रवक्ता के एक अन्य ट्वीट में बताया गया कि घायल पुलिसकर्मी ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया और शहीद हो गए। इस साल कश्मीर घाटी में लक्षित हत्याओं की विभिन्न घटनाओं में अब तक 15 सुरक्षाकर्मी और 14 नागरिक मारे गए हैं, जबकि सुरक्षा बलों ने विभिन्न आतंकवादी संगठनों से जुड़े लगभग 80 आतंकवादियों को मार गिराया है।

आतंकी हमले की निंदा करते हुए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि मैं श्रीनगर के सौरा में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता हूं। मैं लोगों को विश्वास दिलाता हूं कि इस घृणित हमले के लिए जिम्मेदार लोग बख्शा नहीं जाएंगे। मैं शहीद पुलिसकर्मी सार्जेंट सैफुल्ला कादरी को सलाम करता हूं। उनकी सेवा ( शेष पेज 4 )

## जम्मू-कश्मीर के पुलिस मेडल से शेख अब्दुल्ला का चित्र हटाया गया

**भाषा।** श्रीनगर

**जम्मू-कश्मीर** सरकार ने घोषणा की है कि जम्मू-कश्मीर पुलिस वीरता एवं सराहनीय सेवा पदकों पर से शेर-ए-कश्मीर के नाम से मशहूर नेशनल कांफ्रेंस के संस्थापक शेख अब्दुल्ला की तस्वीर हटाकर उसकी जगह राष्ट्रीय प्रतीक उकेरा जाएगा। गृह विभाग की तरफ से इस संबंध में एक आदेश भी जारी किया गया। इससे पहले सरकार ने पहले शेर-ए-कश्मीर पुलिस पदक का नाम बदलकर जम्मू-कश्मीर पुलिस पदक कर दिया था। वहीं नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) ने जम्मू-कश्मीर पुलिस पदक से पार्टी के संस्थापक शेख अब्दुल्ला की तस्वीर हटाए जाने को इतिहास मिटाने का कुटिल प्रयास करार दिया और कहा कि वह लोगों के दिलों पर राज करते रहेंगे। नेशनल कांफ्रेंस प्रदेश प्रवक्ता इमरान नबी डार ने यहां कहा, हम राष्ट्रीय प्रतीकों का पूरा सम्मान करते हैं, हमारे इतिहास, पहचान और प्रतीक को मिटाने का ए प्रयास कुटिलता को दर्शाता है। डार ने कहा कि नाम बदलने से कुछ नहीं बदलेगा और नेशनल ( शेष पेज 4 )

# पंजाब में आप सरकार के मंत्री घूस खोरी में पकड़े गए

● बर्खास्त कर जेल भेजे गए स्वास्थ्य मंत्री विजय सिंगला

● अधिकारी ने लगाया था निविदाओं और खरीद में 1% कमीशन मांगने का आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/चंडीगढ़

**पंजाब** के स्वास्थ्य मंत्री विजय सिंगला को मंगलवार को भ्रष्टाचार के आरोप में पद से बर्खास्त कर दिया गया तथा कुछ देर बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि उनकी सरकार का रुख भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं करने का है।

मुख्यमंत्री ने खुद सिंगला को मंत्रिमंडल से हटाए जाने की घोषणा की। आम आदमी पार्टी (आप) भ्रष्टाचार मुक्त शासन के एजेंडे के साथ करीब दो महीने पहले ही प्रचंड बहुत से सत्ता में आई है। मान ने कहा कि उन्होंने यह फैसला, सिंगला द्वारा अपने विभाग ( शेष पेज 4 )



विजय सिंगला

## अधीक्षण अभियंता ने खोला काला चिट्ठा

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**पंजाब** के एक सरकारी अधिकारी ने धमकी के बावजूद बर्खास्त मंत्री विजय सिंगला और उनके विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) का काला चिट्ठा खोल दिया। अपनी शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया था कि मंत्री सिंगला ने परियोजनाओं के आवंटन ( शेष पेज 4 )

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 54,052 | ↓ 236 | |
| निफ्टी | 16,125 | ↓ 89 | |
| सोना | 51,027 | ↑ 25 | /10g |
| चांदी | 61,557 | ↓ 428 | /kg |

## क्विक न्यूज

### दस अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थाई करने को मंजूरी

**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश एन. वी. रमण की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने इलाहबाद उच्च न्यायालय के 10 अतिरिक्त न्यायाधीशों को स्थाई न्यायाधीश नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। जिन न्यायाधीशों को पदोन्नति देने की अनुशंसा की गई है, उनमें न्यायमूर्ति संजय कुमार पचौरी, न्यायमूर्ति सुभाष चंद्र शर्मा, न्यायमूर्ति सुभाष चंद (वर्तमान में स्थानांतरण पर झारखंड उच्च न्यायालय मे कार्यरत), न्यायमूर्ति सरोज यादव, न्यायमूर्ति मो. असलम, न्यायमूर्ति अनिल कुमार ओझा, न्यामूर्ति साधना रानी (ठाकुर), न्यायमूर्ति सैयद आफताब हुसैन रिजवी, न्यायमूर्ति अजय त्यागी, और न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव शामिल है।

## आज सीबीआई के सामने पेश हो सकते हैं कार्ति चिदंबरम

**नई दिल्ली ( भाषा )।** कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम कथित वीजा घोटाले के मामले में जांच में सहयोग के लिए बुधवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के सामने पेश हो सकते हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मामला 2011 का है जब कार्ति चिदंबरम के पिता पी. चिदंबरम के गृह मंत्री रहते 263 चीनी नागरिकों को कथित तौर पर वीजा जारी किया गया था। उच्चतम न्यायालय और सीबीआई की विशेष अदालत की अनुमति से ब्रिटेन और यूरोप की यात्रा पर गए कार्ति मंगलवार को वापस आने वाले हैं। सीबीआई विशेष अदालत के आदेश के अनुसार, कार्ति को वापस आने के 16 घंटे के भीतर सीबीआई जांच में शामिल होना है। सीबीआई की प्राथमिकी के अनुसार, कार्ति और उनके नजदीकी सहयोगी एस. भास्कररमन को वेदांत समूह की एक कंपनी ( शेष पेज 4 )

# कुतुब मीनार परिसर में मूर्तियों की पुनः स्थापना के विरोध में एएसआई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

● एएसआई ने अदालत में कहा- यह उपासना स्थल नहीं, केवल स्मारक है, इसकी मौजूदा स्थिति में बदलाव संभव नहीं

● आप ऐसी किसी चीज की बहाली के लिए कानूनी अधिकार का दावा कैसे कर सकते हैं, जो 800 साल पहले हुईः जज

**भारतीय** पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने मंगलवार को दिल्ली की एक अदालत में कुतुब मीनार परिसर के अंदर हिंदू और जैन देवताओं की मूर्तियों को पुनर्स्थापित करने के अनुरोध वाली याचिका का विरोध करते हुए कहा कि यह उपासना स्थल नहीं, एक स्मारक स्थल है और इसकी मौजूदा स्थिति को बदला नहीं जा सकता। एएसआई ने यह भी कहा कि केंद्र संरक्षित इस स्मारक में उपासना के मौलिक अधिकार का दावा करने वाले किसी भी व्यक्ति की दलील से सहमत होना कानून के विपरीत होगा।

हालांकि, एएसआई ने यह भी कहा कि कुतुब परिसर के निर्माण में हिंदू और जैन देवताओं की स्थापत्य सामग्री और उत्कीर्ण छवियों का पुनः उपयोग किया गया था। इस मामले में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश निखिल चोपड़ा ने याचिका पर फैसला नौ जून के लिए सुरक्षित रख लिया। एएसआई ने कहा कि भूमि की स्थिति का किसी भी तरह से उल्लंघन करते हुए मौलिक अधिकार का लाभ नहीं उठाया जा सकता। संरक्षण का मूल सिद्धांत उस स्मारक में कोई नई प्रथा शुरू करने की अनुमति नहीं देना है, जिसे कानून के तहत संरक्षित और अधिसूचित स्मारक घोषित किया गया है। एएसआई ने कहा कि ऐसे किसी स्थान पर उपासना फिर से शुरू करने की अनुमति नहीं दी गई, जहां स्मारक को संरक्षण में लेने के दौरान यह नहीं किया जाता था। उसने कहा कि कुतुब मीनार उपासना का स्थान नहीं है और केंद्र सरकार द्वारा इसके संरक्षण के समय से, कुतुब मीनार या कुतुब मीनार का कोई भी हिस्सा किसी भी समुदाय द्वारा उपासना के अधीन नहीं था। एएसआई के वकील ने कहा कि कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद में फारसी शिलालेख से यह बहुत स्पष्ट है कि उसे 27 मंदिरों से नक्काशीदार स्तंभों और अन्य वास्तुशिल्प से बनाया गया ( शेष पेज 4 )



## ज्ञानवापी मामले में कल सुनवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**ज्ञानवापी** मस्जिद-श्रृंगार गौरी मामले में मुकदमे की पोषणीयता से संबंधित मामले पर सुनवाई के लिए वाराणसी जिला अदालत ने 26 मई की तारीख नियत की है। इस बीच, वाराणसी के सिविल जज (सीनियर डिविजन) रवि कुमार दिवाकर की अदालत में विश्व वैदिक सनातन संघ की महामंत्री किरण सिंह की तरफ से एक याचिका दाखिल की गई है, जिसमें ज्ञानवापी परिसर में मुसलमानों का प्रवेश रोकने, परिसर को हिंदुओं को सौंपने तथा आदि विश्वेश्वर का नियमित पूजन अर्चन करने के अधिकार की मांग की गई है। शासकीय अधिवक्ता राणा संजीव सिंह ने बताया कि जनपद न्यायाधीश ए. के. विश्वेश्वर की अदालत ने उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार मुकदमे की पोषणीयता पर सुनवाई के लिए 26 मई की तारीख मुकर्र की है। उन्होंने बताया कि यह मुकदमा चलाने लायक ( शेष पेज 4 )

## सर्वोच्च न्यायालय में नई याचिका

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय में एक नई याचिका दाखिल कर ज्ञानवापी मस्जिद विवाद में हस्तक्षेप का अनुरोध किया गया है। इसमें दलील दी गई है कि मुसलमान किसी भूखंड पर मस्जिद का दावा करते हुए कोई अधिकार नहीं जता सकते, जब तक कि इसका निर्माण कानूनी रूप से स्वामित्व और नियंत्रण वाली पवित्र जमीन पर नहीं किया गया हो। याचिकाकर्ता ने कहा कि देवों में निहित संपत्ति देवों की होती है, भले ही किसी व्यक्ति ने उस पर अवैध कब्जा किया हो और उस पर नमाज अदा की जा रही हो। वकील अश्विनी कुमार उपाध्याय ने अधिवक्ता अश्विनी कुमार दुबे के माध्यम से दाखिल याचिका में कहा कि केवल उन्हीं जगहों को संरक्षित किया जा सकता है, जिन्हें उन्हें बनाने वाले व्यक्ति के पर्सनल लॉ के अनुरूप बनाया गया है, लेकिन पर्सनल लॉ की अवज्ञा करते हुए निर्मित स्थानों को उपासना स्थल नहीं कहा जा सकता। याचिका में कहा गया है कि मस्जिद ( शेष पेज 4 )

# विधान सभा में गूंजा नमामि गंगे का घोटाला

## ब्लैक लिस्टेड कंपनी को पाइप सप्लाई का ठेका देने के सपा के आरोप को सरकार ने किया खारिज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**विधान** सभा में प्रश्नकाल के दौरान नमामि गंगे ग्रामीण विकास विभाग में घोटाले का मामला उठा। जिस पर सरकार ने कहा कि वित्त वर्ष 2016-17 से 31 मार्च, 2022 तक जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत कार्यों के लिए 17,411.90 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित की गई है। सरकार ने दावा किया कि यह कार्य किसी ब्लैक लिस्टेड कंपनी को नहीं दिया गया है जबकि सपा सदस्य रविदास मेहरोत्रा ने कहा कि 9 राज्यों में और सेना द्वारा ब्लैक लिस्टेड कंपनी को यह काम दिया गया है और कंपनी का नाम वह विधान सभा में खोलेंगे।

विधानसभा में मंगलवार को समाजवादी पार्टी के सदस्य रविदास मेहरोत्रा के प्रश्न के जवाब में सरकार की तरफ से उत्तर देते हुए मंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि इस सवाल के जवाब में जल शक्ति मंत्री के लिखित वक्तव्य में कहा कि वित्त वर्ष 2016-17 से 31 मार्च 2022 तक जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत कार्यों के लिए 17,411.90 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित की गई। सरकार ने इस कार्य में किसी भी ब्लैक लिस्टेड कंपनी के होने से इनकार किया है। सरकार ने कहा है कि इसमें किसी भी तरह की कार्यवाई का सवाल नहीं उठता है। रविदास मेहरोत्रा ने यह पूछा था कि क्या जल जीवन मिशन का कार्य किसी ब्लैक लिस्टेड कंपनी को दिया गया है। उन्होंने सरकार से जानना चाहा कि प्रदेश में वर्ष 2017 से वर्ष 30 मार्च 2022 तक जल मिशन योजना के अंतर्गत कार्यों के लिए कितनी धनराशि का आवंटन किया गया है और क्या सरकार को जानकारी है कि उक्त कार्य में कतिपय कंपनी ब्लैक लिस्टेड हैं? सदन में रविदास मेहरोत्रा ने आरोप लगाया कि नौ प्रांतों में काली सूची में दर्ज और सेना द्वारा ब्लैक लिस्टेड एक कंपनी को जल मिशन योजना के तहत 17 हजार 411 करोड़ रुपए का कार्य दिया गया। उन्होंने कहा कि यह गंभीर विषय है।

## अपराध रोकने के सरकारी दावे झूठेः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**कार्य** स्थगन के प्रस्ताव के पर नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था का उल्लेख करते हुए कहा कि जीरों टालरेंस की बात करने वाली सरकार में जितनी आपराधिक घटनाएं हो रही हैं वह सरकार के दावे को खोखला साबित करने के लिए काफी है। उन्होंने कहा कि सदन में राज्यपाल के अभिभाषण करने से एक दिन पूर्व ही 19 साल की एक लड़की के साथ दुष्कर्म जैसी घटना हुई महिला अपराधों में इस समय यूपी नंबर वन है गंभीर घटनाओं में भी सरकार संवेदनशील नही है। कानून-व्यवस्था की दुहाई देने वाली सरकार में दो दिन पूर्व रामपुर के एक थाने में बीजेपी कार्यकर्ता की पिटाई कर दी गई। अपने भाषण के दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उस वक्तव्य का भी उल्लेख किया जिसमें उन्होंने कहा था कि कार्यकर्ता दलाली बंद कर दें अधिकारियों को मैं सुधार दूंगा, नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री की इस स्वीकारोक्ति से स्पष्ट है कि पिछले पांच साल से यूपी में दलाली चल रही थी नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पुलिस प्रशासन को खुली छूट दे दी गई है जो दबिश के नाम पर दबंगई दिखा रही है।

उच्च सदन में सपा के आक्रामक तेवर

# बढ़ते अपराधों व महंगाई पर सरकार को घेरा

● सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए सपा का सदन से वाकआउट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य** की प्रमुख विपक्षी पार्टी सपा मंगलवार को विधान परिषद में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार के खिलाफ काफी आक्रामक दिखी। सपा सदस्यों ने राज्य में बढ़ते अपराध और महंगाई के मुद्दे को पूरी जोर-शोर से उठाया। नेता विरोधी दल संजय लाठर ने कहा कि जबसे भाजपा सत्ता में आई है राज्य में अपराध तेजी से बढ़े हैं और शासन व पुलिस प्रशासन का इकाबल पूरी तरह से खत्म हो चुका है। प्रदेश की जनता पुलिस के भय और आतंक के माहौल में जीने को विवश है। उदाहरण के तौर पर सपा सदस्यों ने चंदौली में पुलिस दबिश के दौरान की मारपीट में एक युवती के मामले सहित अन्य कई घटनाओं का उल्लेख किया। नेता सदन स्वतंत्र देव सिंह की ओर से पेश की गई सफाई से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने विरोध में नारेबाजी करते हुए सदन से वाकआउट किया।

शून्य प्रहार में नियम 105 के तहत कार्य स्थगन प्रस्ताव के रूप में सपा के डॉ. राज्यपाल कश्यप ने कानून व्यवस्था और बढ़ते अपराधों के संबंध में अपनी सूचना दी और सदन की कार्यवाही रोककर चर्चा कराए जाने की मांग की। कश्यप ने कहा कि प्रदेश में इस समय अपराध का डंगा बज रहा है। प्रदेश में जंगलराज कायम है। पुलिस द्वारा महिलाओं पर उत्पीड़न की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। उदाहरण के लिए चंदौली जिले में पहली मई 2022 को शाम पांच बजे सैयद राजा सैय्यद राजा थाना क्षेत्र के मनराजपुर गांव में थानाध्यक्ष भारी पुलिस बल के साथ जिला बदर आरोपी के घर पहुंची। दबिश के दौरान जब उसे कोई नहीं मिला तो पुलिस द्वारा वहां घर पर मौजूद दो लड़कियां जिनकी उम्र 17 साल और 21 साल थी उनके साथ घर में घुसकर मारपीट व गाली गलौज किया। मारपीट के दौरान गंभीर चोटें लगने से एक युवती की मौत हो गई। जिसके बाद थानाध्यक्ष पुलिस के साथ फरार हो गया। इस मामले में पुलिस ने लीपापोती करके घटना को दबाने का प्रयास किया। हत्यारोपित पुलिस वालों के खिलाफ अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

# परिषदीय विद्यालयों की पोशाक का जिम्मा प्रबंध समितियों को नहीं देगी सरकार

प्रश्नकाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधानसभा** में मंगलवार को सरकार ने बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को पोशाक वितरित करने की जिम्मेदारी प्रबंध समितियों को सौंपे जाने से इनकार किया है।

विधानसभा सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान समाजवादी पार्टी के वीरेंद्र यादव ने बेसिक शिक्षा मंत्री से यह पूछा कि क्या प्रदेश में बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों को पोाशाक, बैग, जूतामोजा तथा स्वेटर क्रय के लिए उनके अभिभावकों को डीबीटी के माध्यम से प्रेषित धनराशि का लाभ छात्र प्राप्त नहीं कर पा रहे है? यदि हां, तो क्या सरकार पहले की भांति विद्यालयों में प्रबन्ध समितियों के माध्यम से इसके वितरित कराने पर विचार करेगी। उन्होंने यह भी पूछा कि सरकार यदि विचार नहीं करेगी तो क्यों। बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने जवाब में कहा कि सरकार अभिभावकों के सीधे खाते में प्रति छात्र 1100 रुपए की दर से पोशाक और जूतेमोजे, बैग आदि के लिए धनराशि देती है। सपा के वरिष्ठ सदस्य लालजी वर्मा ने पूरक प्रश्न करते हुए पूछा कि क्या 1100 रुपए में एक बच्चे को दो सेट पोशाक, जूता- मोजा, स्वेटर और बैग मिल जाएगा। मंत्री ने जवाब दिया कि इतने रुपए में बच्चों को दुकानों पर ड्रेस मिल जाएगा। वीरेंद्र यादव ने कहा कि सरकार के जवाब से स्पष्ट है कि उसका ध्यान गुणवत्ता पर नहीं है। उन्होंने मंत्री से सवाल किया कि वह उस दुकान का नाम बता दें जो 1100 रुपए में बच्चों को ड्रेस, जूतामोजा, स्वेटर उपलब्ध करा रही है। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि पहले की व्यवस्था में जब बच्चों को पोशाक दिए जाते थे तो नाप की समस्या रहती थी लेकिन इससे बच्चे अपनी नाप और पसंद से पोशाक खरीद लेते हैं।

नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने भी जोर देकर कहा कि मंत्री जी उस दुकान का नाम बता दें जहां 1100 रुपए में दो सेट पोशाक, बैग, जूते, स्वेटर सब मिल जाएंगे। खन्ना ने कहा कि हर जिले में मिल जाएगा लेकिन कोई एक हजार रुपए मीटर कपड़े चाहेगा तो नहीं मिलेगा। अखिलेश यादव ने कहा कि डबल इंजन की सरकार है तो बच्चों को एक हजार रुपए मीटर के ड्रेस देने चाहिए। सपा के सदस्य महबूब अली ने माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी से प्रश्न किया कि क्या माध्यमिक शिक्षा मंत्री बताने की कृपा करेंगी कि प्रदेश में प्राइवेट स्कूलों द्वारा कोर्स की किताबें तयशुदा बुक स्टोर से खरीदे जाने के लिए छात्रों को बाध्य करने की शिकायत सरकार को प्राप्त हुई हैं?

## कम अवधि के बजट सत्र पर सपा को आपत्ति

**लखनऊ।** विधान सभा में आज बजट सत्र की समयअवधि कम किए जाने का मामला सपा सदस्य मनोज पांडे व लालजी वर्मा ने उठाते हुए कहा कि बजट सत्र के दिन कम करके लोगों को अपनी बात रखने से वंचित कर रही है। उन्होंने कहा कि बजट सत्र कम से कम 30 दिवस चलाया जाना चाहिए। पूर्व में भी 1994 में 33 दिन, 1999 में 27 दिन, 2005 में 22 दिन, 2010 में 15 दिन, 2013 में 22 दिन, 2015 दिन में 28 दिन, और 2018 में 16 दिन सत्र चलाया गया। किन्तु 18 वीं विधान सभा में प्रथम सत्र में नियामें का उल्लंघन किया जा रहा है। इस पर संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि बजट सत्र की अवधि कम किए जाने का मुद्दा उठाने वाले दलों को याद रखना चाहिए कि उन्होंने अपनी सरकारों में कितने दिन बजट सत्र चलाया था। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि अभी तक कार्य मंत्रणा समिति की बैठक के अनुसार आगामी 28 जून तक सदन की कार्यवाही चलने का कार्यक्रम निर्धारित है लिहाजा विपक्ष के सदस्यों का अभी से बजट सत्र कम किए जाने की शंका निर्मूल है।

# वित्तविहीन शिक्षकों के मुद्दे पर वाकआउट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**शिक्षक** दल ने प्रदेश के लगभग 22 हजार वित्तविहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को सेवा शर्तों से आच्छादित कर समान कार्य के लिए समान वेतन की व्यवस्था न होने तक 25 हजार रुपए प्रतिमाह मासिक वेतन दिए जाने की मांग उठाई। इस मामले में नेता सदन स्वतंत्र देव सिंह द्वारा दिए गए जवाब से असंतुष्ट होकर शिक्षक दल के सदस्यों ने सदन से वाकआउट किया। इसके अलावा निर्दल समूह के सदस्यों ने प्रदेश के तदर्थ शिक्षकों को विनियमित न किए जाने का मामला भी प्रमुखता से उठाया। उन्होंने अपर मुख्य सचिव द्वारा मौखिक आदेश से इन तदर्थ शिक्षकों का मई माह का वेतन रोके जाने का आदेश किए जाने पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कार्रवाई की मांग की। शिक्षक दल के सुरेश कुमार त्रिपाठी एवं ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने वित्तविहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को समान कार्य के लिये समान वेतन दिए जाने के संबंध में सूचना दी। सूचना की ग्राहय्ता पर सुरेश कुमार त्रिपाठी एवं ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने विचार व्यक्त किए। नेता सदन ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। सरकार के उत्तर से संतुष्ट न होने के कारण शिक्षक दल के सभी सदस्यों ने सदन का त्याग किया। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर सरकार को आवश्यक कार्यवाही के लिए संदर्भित किए जाने के निर्देश दिए। वहीं निर्दलीय समूह के राजबहादुर सिंह चन्देल एवं डॉ.आकाश अग्रवाल ने अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत तदर्थ शिक्षकों को विनियमित किए जाने के संबंध में सूचना दी। इसी विषय से संबन्धित नियम-111 की सूचना को उक्त सूचना के साथ सम्बद्ध किया गया।

# जिलाधिकारी के खिलाफ उठा विशेषाधिकार हनन का मामला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भाजपा** सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह ने महाराजगंज डीएम द्वारा फोन पर अभद्रता किए जाने का मामला विशेषाधिकार हनन के रूप में उठाते हुए उन्हें सदन में बुलाकर जवाब तलब करने की मांग की। सपा सहित अन्य दलों के सदस्यों ने भी उनकी मांग का समर्थन किया। सभापति ने विशेषाधिकार हनन की सूचना को अस्वीकार करते हुए इस मामले में आवश्यक कार्रवाई के सरकार को आदेश दिए। देवेंद्र प्रताप सिंह ने नियम 223 के तहत विशेषाधिकार हनन की सूचना देते हुए सदन का जानकारी दी कि मैने 12 मई 2022 को अपने मोबाइल फोन से महाराजगंज के जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार के सीयूजी नंबर पर फोन किया। उन्हें अपना परिचय देते हुए यह जानकारी दी कि सभी क्षेत्र पंचायतों के प्रस्तावों पर एक समान नीति अपनानी चाहिए एवं भेद-भाव नहीं किया जाना चाहिए। इस पर जिलाधिकारी ने अपना आपा खो दिया और कहने लगे कि आपने पहले ही दिन फोन करके आरोप लगा दिया। देवेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि उनकी भाषा और तल्ख हो गई और मुझे आतंकित करने का प्रयास किया। उन्होंने सत्येन्द्र कुमार सिंह द्वारा किए गए अभद्र व्यवहार को लेकर उन्हें तलब कर सदन को न्यायालय में तब्दील कर कटघरे में खड़ा करने के बाद सवाल-जवाब किए जाने की मांग की। नेता प्रतिपक्ष संजय लाठर, कांग्रेस नेता दीपक सिंह, शिक्षक दल के सुरेश त्रिपाठी और ध्रुव कुमार त्रिपाठी, निर्दल समूह के राज बहादुर सिंह चंदेल आदि ने भी देवेंद्र प्रताप सिंह की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि पूर्व में भी इस सदन में होता आया है कि किसी माननीय सदस्य के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले अधिकारी को कटघरे में खड़ा करके उसे पूरा सदन जवाब तलब करता है। इस मामले में भी इन नेताओं ने महाराजगंज के डीएम को तलब करने की मांग की। नेता सदन स्वतंत्र देव सिंह ने सदन को जानकारी कि इस प्रकरण में गोरखपुर के आयुक्त से आख्या मांगी गई है। सभापति मानवेंद्र प्रताप ने देवेंद्र प्रताप सिंह के प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए नेता सदन को यह भी निर्देश दिया कि यह कड़ाई से सुनिश्चित करें कि जनप्रतिनिधियों से अधिकारी दूरभाष पर शिष्टाचार पूर्वक बात करे साथ ही सदस्य को जो कष्ट पहुंचा है वह भविष्य में न हो इसकी भी चिंता करें।

## निधन की सूचना एक माह के भीतर दें डीएम

**लखनऊ।** विधान परिषद के सभापति ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि मुख्य सचिव के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों को आदेशित किया जाए कि वह सदन के किसी भी माननीय सदस्य के निधन की सूचना के संबंध में एक माह के भीतर सदन को सूचित करना सुनिश्चित करें। विधान परिषद के सभापति मानवेंद्र सिंह ने सदन को जानकारी दी कि सदन के सदस्य रहे डॉ. दाऊ जी गुप्ता और वीना दुग्गल की मृत्यु की सूचना विधान परिषद को काफी विलंब से मिली। सभापति ने कहा कि सदस्यों के निधन की सूचना जिलों से देर से मिलने के कारण उन्हें श्रदाजंलि अर्पित करने में भी विलम्ब हो जाता है। उन्होंने नेता सदन को निर्देशित किया कि वह मुख्य सचिव के माध्यम से सभी जिलाधिकारियों को आदेश जारी करवाएं कि उनके जिले में सदन के किसी भी सदस्य की मृत्यु होने की सूचना एक माह के अंदर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही मंडलायुक्त को भी निर्देश जारी करें कि वह अपने मंडल के जिलों में इस बिंदु पर समीक्षा कर लें और समय से सूचना सदन को उलब्ध हो ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं।

## बिजली को लेकर प्रदेश में हाहाकारः कांग्रेस

**लखनऊ।** विधान परिषद में कांग्रेस नेता दीपक सिंह ने बिजली के मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हुए कहा कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी चुनाव में जनता से बिजली के मुद्दे पर बड़े-बड़े वादे किय थे कि सत्ता में आते ही 24 घंटे निर्वाध बिजली पुरे प्रदेश वासियों को मिलेगी परन्तु वर्तमान में बिजली संकट को लेकर प्रदेश में हाहाकार मचा हुआ है।

## लता मंगेशकर सहित और दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधानसभा** सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को संपूर्ण सदन ने स्वर कोकिला लता मंगेशकर के निधन पर दुख प्रकट करते हुए उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और दो मिनट का मौन रखा। विधानसभा में हाल में दिवंगत 11 पूर्व सदस्यों के निधन पर भी शोक प्रकट करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने स्वर कोकिला लता मंगेशकर के निधन पर शोक प्रस्ताव रखा। नेता सदन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लता मंगेशकर के निधन पर दुख प्रकट करते हुए कहा कि छह फरवरी 2022 को स्वर कोकिला के नाम से विख्यात लता मंगेशकर का निधन हो गया। उन्होंने सदन की ओर से संवेदना प्रकट करते हुए लता मंगेशकर के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। सीएम ने कहा कि 25 से अधिक भारतीय व विदेशी भाषाओं में 50 हजार से अधिक गीत लता जी ने गाए। उन्होंने कहा कि लता जी के निधन से कला व संगीत जगत की अपूरणीय क्षति हुई है। योगी ने ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की। नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने लता मंगेशकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत के सभी प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें मिले और उनके निधन से सिनेमा जगत के साथसाथ संपूर्ण समाज की क्षति हुई है। यादव ने अपनी पार्टी, सहयोगी दलों की ओर से मंगेशकर के निधन पर शोक प्रकट किया और अपनी श्रद्धांजलि दी।

# मायावती ने उठाये राज्यपाल के अभिभाषण पर सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**बसपा** सुप्रीमो मायावती ने राज्यपाल के अभिभाषण पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा है कि विधानसभा के संयुक्त सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण में सरकार को हर प्रकार की क्लीन चिट कितना उचित है। जनहित व विकास आदि के भारी-भरकम सरकारी दावों की सार्थकता एवं उपयोगिता तभी होती जब वे ज़मीनी हकीकत से थोड़ा भी मेल खाते हुए जनता को दिखाई पड़ते। इस कारण यह अभिभाषण क्या जन उपेक्षा जैसा नहीं।

मंगलवार को एक बयान जारी करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि अगर यूपी सरकार राज्यपाल के माध्यम से जनहित, जनकल्याण तथा जनसुरक्षा आदि से जुड़ी कड़वी जमीनी वास्तविकताओं का भी थोड़ा नोट लेती तो लोंगों को आगे के लिए थोड़े अच्छे दिन की उम्मीद बंधती, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। वैसे कुछ लोगों के अच्छे दिन जरूर आ गए हैं और उनके लिए कानून के राज का कोई मायने नहीं रखता है। वे चाहे रेत माफिया हों या थाना में घुसकर पुलिस की पिटाई ही का मामला ही क्यों न हो जिसकी खबरें आम हैं, किन्तु आमजनता का हर मामले में काफी ज्यादा बुरा हाल लगातार ही बना हुआ है। विकास व गर्वनेन्स के नाम पर स्थिति कोई खास अच्छी नहीं है, जिस कारण आम लोगों का भला नहीं हुआ है। मायावती ने कहा कि राज्यपाल वापस जाओ का नारा लगाना उचित नहीं, क्योंकि राज्यपाल को वही लिखा हुआ पढ़ना था जो सरकार ने उन्हें पढ़ने के लिए दिया है।

# भाजपा सरकार किसी के साथ भेदभाव नहीं करतीः आचार्य

● व्यवसाय संघ संशोधन विधेयक बना वर्ष 2022 का यूपी का पहला अधिनियम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भाजपा** के लक्ष्मण प्रसाद ने राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञतापूर्वक धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि हमारी सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीति अपनाने वाली सरकार है। यह सरकार किसी के साथ भेद-भाव नहीं करती है। यह सरकार सभी धर्मों का सम्मान करती है। इस सरकार ने गरीब एवं दलित वर्गों के कल्याण हेतु सदैव प्रयास किया है। पर्यटन एवं रोजगार को बढ़ावा देने के लिये काषी, मथुरा, अयोध्या जैसे धार्मिक स्थलों का सौन्दर्यीकरण किया है।


राज्यपाल के अभिभाषण पर कृतज्ञतापूर्वक धन्यवाद प्रस्ताव का समर्थन करते हुए शतरूद्र प्रकाश ने कहा कि काशी-विश्वनाथ हम सब के लिए वरदान है। यह पौराणिक सांस्कृतिक इतिहास भारतीय संस्कृति का आधार है। इस सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों के लिये 15 हजार पेंशन की धनराशि बढ़ाकर 20 हजार रुपए कर दी है। मंदिरों और मस्जिदों से लाउड स्पीकरों को हटाए जाने का इस सरकार द्वारा जो फैसला लिया गया है सराहनीय है। हम सब बहुत सौभाग्यषाली है कि आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। इससे पहले भोजनावकाश के पश्चात सदन की बैठक अपराह्न 4 बजे अधिष्ठाता सुरेश कुमार त्रिपाठी के सभापतित्व में प्रारम्भ हुई।

प्रमुख सचिव विधान परिषद् ने उत्तर प्रदेश का सन् 2021 ई. का 31 वां से 40 वे बने अधिनियम की घोषणा की। व्यवसाय संघ (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2020 पर राष्ट्रपति अनुमति 3 दिसम्बर, 2021 को प्राप्त हो गयी है और वह उत्तर प्रदेश का सन् 2022 ई. का पहला अधिनियम बना। इसके बाद संस्कृति मंत्री ने भातखण्डे राज्य संस्कृति विश्वविद्यालय अध्यादेश, 2022, उच्च शिक्षा मंत्री ने उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय (संशोधन) अध्यादेश, 2022, औद्योगिक विकास मंत्री ने उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र विकास (संशोधन) अध्यादेश, 2022 और उच्च शिक्षा मंत्री ने उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय अध्यादेश, 2022 को सदन की मेज पर रखा। अंत में नेता प्रतिपक्ष डॉ.संजय लाठर ने राज्यपाल के अभिभाषण पर प्रस्तुत धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलना प्रारंभ किया। अधिष्ठाता सुरेश कुमार त्रिपाठी ने नेता प्रतिपक्ष की चर्चा जारी रहते हुए 5 बजे सदन की बैठक 25 मई, 2022 को पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

# बदला-बदला सा दिखा उच्च सदन का नजारा

## नयी भूमिका में आये नेताओं में दिखा जोश तो पुराने दिग्गजों के चेहरों पर मायूसी

**विवेक श्रीवास्तव।** लखनऊ



**कल** तक जो उच्च सदन की शान हुआ करते थे आज वही चेहरे पूरी तरह से साइड लाइन नजर आ रहे थे। 18वीं विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को विधान परिषद का नजारा बदला हुआ दिखा।

पिछली सरकार में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पद के साथ ही नेता सदन की भूमिका में अपनी तर्कपूर्ण शैली से विपक्षी दलों के सदस्यों को पूरी बेबाकी के साथ जवाब देने वाले डॉ. दिनेश शर्मा आज पूरी तरह से खामोश नजर आए। सदन में सत्ता पक्ष के सदस्यों की पहली पंक्ति में बैठने वाले डॉ. दिनेश शर्मा दूसरी पंक्ति में बैठे दिखायी पड़े। आगे की पंक्ति में मौजूदा नेता सदन और जलशक्ति मंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह विराजमान थे। उनके बगल में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, पुलिस अफसर से विधायक और फिर समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) बने असीम अरुण और औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी बैठे थे। विरोधी दलों के सदस्य विभिन्न मामलों में सवाल उठाने के बाद अपनी बहस में जब पुरानी बातों का उल्लेख करते थे वह बार-बार तत्कालीन नेता सदन डॉ. दिनेश शर्मा का हवाला देते। वह कहते कि उस समय के नेता सदन डॉ. दिनेश शर्मा ने अमुक मुद्दे पर सदन को यह आश्वासन दिया था। विशेषकर तर्दथ और वित्तविहीन शिक्षकों के मुद्दे पर तो कई बार डॉ. शर्मा का जिक्र आया। कहा गया कि डॉ.शर्मा जो कि उस समय नेता सदन और शिक्षा मंत्री भी थे उन्होंने सदन को स्पष्ट आश्वासन दिया था कि किसी भी तदर्थ शिक्षक की नौकरी नहीं जाएगी और अब मौजूदा सरकार में विभाग की अपर मुख्य सचिव ने मौखिक आदेश से उनका वेतन रुकवा दिया है। उनकी नौकरी भी जाने वाली है। भाजपा के सदस्य डॉ.देवेंद्र प्रताप सिंह ने तो कई बार डॉ. शर्मा द्वारा नेता सदन के रूप में दिए बयान का हवाला देते हुए मौजूदा नेता सदन स्वतंत्रदेव सिंह से अनुरोध किया कि वह पूर्व नेता सदन की ओर से दिए गए आश्वासन की लाज रखेंगे और तदर्थ शिक्षकों के हित में कोई बड़ा फैसला लेंगे। अपने नाम का बार-बार जिक्र होने के बावजूद डॉ.शर्मा शांत ही रहे। प्रश्न प्रहर समाप्त होने के बाद जब मंत्री लोग उठकर चले गए तो डॉ.शर्मा पीछे वाली पंक्ति से उठकर पहली पंक्ति में जरूर स्वतंत्र देव सिंह के बगल में बैठ गए। कुछ समय रुकने के बाद फिर वह उठकर चले गए।

योगी आदित्यनाथ की पहली सरकार में काफी रुतबा रखने वाले तत्कालीन जलशक्ति मंत्री डॉ.महेंद्र सिंह आज सदन में तो आए लेकिन चुपचाप पीछे की सीट पर बैठे रहे और फिर उठकर चले गए। उस वक्त वह मंत्री होने के नाते न सिर्फ आगे की पंक्ति में बैठते थे बल्कि अपनी ओजस्वी वाणी से विपक्ष के सवालों का पूरी तत्परता के साथ जवाब देते थे। यही नहीं जब कोई अन्य मंत्री किसी सवाल का जवाब देने में अगर फंस जाता था तो महेन्द्र सिंह तुरंत बीच में उठकर बात को संभाल लेते थे। इसी प्रकार योगी सरकार के पहले कार्यकाल के दौरान विधानसभा से लेकर विधान परिषद तक में सत्तारूढ़ दल का पक्ष मजबूती से उठाते हुए अपनी बात रखने वाले राज्यमंत्री मोहसिन रजा भी इस सरकार में मंत्री नहीं बनाए गए हैं। मोहसिन रजा भी आज सदन में मौजूद रहे। शिक्षक दल के एक सवाल के जवाब में उन्होंने भाजपा सरकार की तारीफ में बोलने का प्रयास किया तो सदस्यों ने उनका विरोध कर दिया। कहा कि अब वह मंत्री नहीं हैं। उनके सवालों का जवाब मंत्री ही दे सकते हैं। जिसके बाद वह चुप होकर बैठ गए।

अब अगर मुख्य विपक्षी दल सपा की बात की जाए तो पूर्व नेता विरोधी दल अहमद हसन के देहान्त के बाद इस पद पर बिठाए गए डॉ.संजय लाठर पूरी तरह से आक्रामक भूमिका में नजर आ रहे थे। बतौर नेता विरोधी दल यह उनका पहला सदन था।

पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मैं जाकिर हुसैन पुत्र स्व0 जाफर हुसैन यह सूचित करता हूँ कि मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम इशतियाक अहमद दर्ज हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मुझे जाकिर हुसैन पुत्र जाफर हुसैन के नाम से जाना व पहचाना जाये। जाकिर हुसैन पुत्र स्व0 जाफर हुसैन निवासी 16/229, इन्दिरानगर, लखनऊ

कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन–8, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक : 105/EE-8/2022-23 दिनांक : 24.05.2022

(अति–अल्पकालीन निविदा–सूचना)

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 31.5.2022 को अपराह्न 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन–8 के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते हैं। सील्ड निविदाएं दिनांक 31.5.2022 तक अधिशासी अभियन्ता, जोन–8 के कार्यालय में अपराह्न 3:30 बजे तक सील्ड टेन्डर बॉक्स में प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदाएं दिनांक 31.5.2022 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे जोन–8 के कार्यालय में खोली जायेंगी।

1. कानपुर रोड स्थित विद्यावती वार्ड–प्रथम, वार्ड–द्वितीय, वार्ड–तृतीय, हिन्दनगर आदि क्षेत्र में कुल 23 नग क्षतिग्रस्त मेनहोलों की मरम्मत कराकर कवर लगाने का कार्य, धरोहर राशि रु0 6400/– एवं निविदा मूल्य रु० 350/–

अधिशासी अभियन्ता, जोन–8
जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

ट्रांसपोर्टनगर मामले में बड़ी कार्रवाई

# कर अधीक्षक सहित चार निलंबित

- चार अन्य के खिलाफ बर्खास्तगी की कार्रवाई के निर्देश
- सील तोड़कर पार्किंग बिना अनुमति के देने पर चार के खिलाफ एफआईआर कराई
- ट्रांसपोर्ट नगर की पार्किंग में एक और कर अधीक्षकपर मिली गड़बड़ी



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ट्रांसपोर्ट नगर** में नगर आयुक्त का दूसरे दिन भी निरीक्षण जारी रहा। निरीक्षण के दौरान पार्किंग का जायजा लिया। पार्किंग को संचालित करने के लिए अधिकारियों और कर्मियों की तैनाती आदेश दिए हैं। दुकानों को किराए पर देने के लिए आवंटित की जाएंगी। साथ ही ट्रांसपोर्ट नगर में मिल अनियमितता से नाराज नगर आयुक्त ने एक और कर अधीक्षक, तीन कर निरीक्षकों को निलंबित कर दिया। इसके अलावा चार तैनात कर्मचारियों को निलंबित कर बर्खास्तगी के दिए है। वहीं, सील पार्किंग को तोड़ने पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

मंगलवार को ट्रांसपोर्ट नगर पार्किंग स्थलों का दूसरे दिन भी नगर आयुक्त अजय द्विवेदी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पार्किंग के संचालन का जायजा लिया। नगर आयुक्त ने अधिकारियों को पार्किंग की व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कर्मियों और अधिकारियों की तैनाती के आदेश दिया है। अधिकारियों और कर्मियों को अपने दायित्वों का निर्वहन न करने और अनियमितता करने पर कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए हैं। ट्रांसपोर्ट नगर में पार्किंग व्यवस्था को लागू करने के लिए पार्किंग नंबर एक और 9 को मरम्मत योग्य वाहनों के लिए संचालित की जाएगी। इसके लिए बकायदा दुकानें भी किराए के लिए आवंटित की जाएंगी।

पार्किंग नं 9 में निष्प्रयोज्य एवं निर्माणाधीन, रिपेयर वाहनों को वाहन स्वामी ने हाइड्रा मशीन से खड़ा किया जाएगा। पार्किंग नंबर 7 को बस अड्डे के तौर पर विकसित किया जाएगा, जिसमें बसों का संचालन हो सके, सवारियां उतर और चढ़ सकें। बसों से पार्किंग शुल्क के रुप में 300 रुपए प्रतिदिन का किराया लिया जाएगा। बसों की बुकिंग के लिए काउंटर भी स्थापित किए जाएंगे।

वहीं, अनियमितता से नाराज नगर आयुक्त ने जोनल अधिकारी संगीता कुमारी को कारण बताओ नोटिस देकर मुख्यालय से सबद्ध किया गया है। कर अधीक्षक सुनील त्रिपाठी सहित केशव कुमार और कर निरीक्षक श्रेणी एक पीयूष तिवारी और धनीराम तिवारी के निलंबन के लिए आरोप पत्र नगर विकास निदेशालय को भेजा गया है। कर निरीक्षक श्रेणी दो राजेश पटेल और इसरार अहमद को निलंबित करने का आरोप पत्र भेज दिया गया है।

इसके साथ कर्मचारी विनय दूबे, अशोक कुमार, रावेंद्र कुमार, राजेश कुमार की तैनाती इस पार्किँग पर की गयी थी, इन्हें निलंबित कर दिया गया है। वहीं चारों की बर्खास्तगी की कार्रवाई की नोटिस भी जारी कर दी गयी है। यही नही बिना अनुमति के पार्किंग नंबर एक की सील को तोड़कर अज्ञात लोगों को देने पर अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करायी गयी है। गौरतलब है कि नगर आयुक्त ने सोमवार को ट्रांसपोर्ट नगर में गड़बड़ी मिलने पर कर अधीक्षक सुनील त्रिपाठी, कर निरीक्षक इसरार अहमद को निलंबित कर दिया था। इसके अतिरिक्त जोनल अधिकारी संगीता कुमारी को कारण बताओ नोटिस दी थी।

### मौरंग मंडी को शहर से बाहर व्यवस्था की तैयारी

नगर आयुक्त अजय द्विवेदी ने पार्किंग नम्बर 6 और 8 में तात्कालिक रूप से मौरंग गाडियों को खड़ा कराए जाने के आदेश दिये। जल्दी ही मौरंग मंडी अन्य स्थान शहर के बाहर चिन्हित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त पार्किंग नम्बर 2, 3, 4, 5 और 10 को साधारण पार्किंग में संचालित किया जाएगा। सड़क पर अव्यवस्थित खड़े वाहनों को माइकिंग अनाउंसमेन्ट कर व नोटिस से चेतावनी दी जाएगी। अपने वाहनों को पार्किंग स्थलों में खड़ा नहीं करने पर गाड़ियों को सीज कर जुर्माना वसूला जाएगा। पार्किंग को सुरक्षित रखने के लिए गार्डों की तैनाती की जाएगी। वाहनों से पार्किंग शुल्क वसूलने के लिए कर्मियोंको हैंड हेल्ड मशीन दी जाएगी। पार्किंग की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से की जाएगी, जिसके आदेश दिए जा चुके हैं। पार्किंग के कार्य से संबंधित होर्डिंग लगाने के निर्देश दिए हैं।

# हर तरफ भंडारों की धूम, भक्तों ने चखा प्रसाद

- लविवि में भंडारे में शामिल हुए कुलपति



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहर में** जेष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगल पर सुंदरकांड के पाठ कर भंडारे किए गए। इंदिरानगर, अलीगंज, विकास नगर में आम जनता के साथ व्यापारियों द्वारा भव्य भंडारा किया गया। भंडारे में भक्तों को पूड़ी, सब्जी के साथ छोला और चावल वितरित किया। लविवि में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भंडारे का प्रसाद विततरण हुआ, जिसमें कुलपति शामिल हुए। भंडारे से पूर्व पूजा कर इस दौरान बजरंगबली के जयकारे से पंडाल गुंजाएमान हुआ।

मंगलवार को पूरा शहर बजरंगबली की भक्ति में डूबा दिखा। घंटे और घड़ियाल के साथ बजरंगबली के जयकारे से पंडाल गूंज उ ठा। इंदिरानगर में पिकनिक स्पाट रोड, सेक्टर 14 और 17 में सुंदरकांड का पाठ कर भंडारे का आयोजन किया। कुकरैल गेट के पास तीन आयोजकों ने एक साथ भंडारा कराया। भंडारे के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद लेने में बच्चों से लेकर बड़े तक शामिल हुए। फैजाबाद रोड और अलीगंज के कपूरथला मार्केट में गाड़ियां पार्क करके लोगों ने दिव्य भंडारे के प्रसाद को ग्रहण किया। इसी बीच कुर्सी रोड पर भंडारे में छोला चावल और कोल्ड ड्रिंक बाटते दिखे। लखनऊ विश्वविद्यालय में पूर्व परंपरा की भांति गेट नंबर 2 पर जेष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगल को भंडारे का आयोजन किया गया। लखनऊ विश्वविद्यालय में पारंपरिक रूप से इस प्रकार का आयोजन विगत कई वर्षों से होता आ रहा है। इसमें परीक्षा विभाग, लेखा विभागए कुलसचिव कार्यालय, हिंदी विभाग, भौतिक शास्त्र विभाग, रसायन विज्ञान विभाग आदि सहयोग करते हैं और भंडारे का आयोजन करते हैं। आज बड़े मंगल पर विश्वविद्यालय में सुंदरकाण्ड, हनुमान चालीसा व बजरंगबाण का पाठ तथा भंडारा आयोजित हुआए जिसमें माननीय कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने भंडारे से पूर्व हुए पूजा में प्रतिभाग किया और अपने हाथों से प्रसाद वितरण किया।

## छात्रवृत्ति योजना के तहत 50 छात्रों का चयन

**लखनऊ।** लखनऊ विवि की तरफ से छात्र कल्याण छात्रवृत्ति योजना के तहत 50 छात्रों का चयन किया है। मंगलवार को कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने इन सभी को 15-15 हजार रुपए की आर्थिक मदद देने के साथ प्रमाण पत्र भी वितरित किया। विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन की दिशा में विवि ने पिछले दो वर्षों मे छात्र कल्याण के लिए छात्रवृत्ति सहित कई कदम उठाए हैं। विवि की तरफ छात्र कल्याण छात्रवृत्ति के तहत उन जरूरतमंद विद्यार्थियों को एक सत्र में 15000 रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय तीन लाख से कम हो। किसी अन्य स्रोत से कोई छात्रवृत्ति न मिल रही हो। इसी क्रम में 50 विद्यार्थियों को यह लाभ दिया गया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर पूनम टंडन ने बताया कि लखनऊ विवि में छात्र कल्याण छात्रवृत्ति के लिए 50 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है।

एक्सपायर दवाओं का मामला

# जांच कमेटी आज सौपेगी अंतरिम रिपोर्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ट्रांसपोर्टनगर** स्थित उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाई कार्पोरेशन के वेयर हाउस में 16 करोड़ से उपर की एक्सपायर दवाओं के मामले बुधवार को जांच कमेटी अपनी अंतरिम रिपोर्ट सरकार को दे सकती है। जांच समिति द्वारा कारपोरेशन से दवाओं को लेकर कुछ बिन्दुओं पर मांगी गयी जानकारी मिल गयी है।

गत 20 मई को डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाई कार्पोरेशन के गोदाम का औचक निरीक्षण स्वास्थ्य सचिव प्रांजल यादव के साथ किया था। वेयर हाउस में मौके पर डिप्टी सीएम को 16,40,33,033 रुपये की एक्सपायर्ड दवाओं की सूची मिली थी। जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताते हुए प्रकरण की जांच के लिए जांच समिति गठित कर दिया था। स्वास्थ्य सचिव प्रांजल यादव की अध्यक्षता में गठित समिति में स्वास्थ्य महानिदेशालय के अधिशासी विद्युत अभियंता डीके सिंह, संयुक्त निदेशक चिकित्सा उपचार बीके सिंह, लोकबंधु अस्पताल की निदेशक डॉ दीपा त्यागी को शामिल किया गया था। गठन के बाद समिति की तरफ से कारपोरेशन से कुछ बिन्दुओं पर जानकारी मांगी गयी थी, जिसे कारपोरेशन ने समिति को उपलब्ध करा दिया है। सूत्रों का कहना है कि उपलब्ध तथ्यों के आधार पर समिति रिपोर्ट तैयार कर रही है। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि बुधवार को कमेटी अपनी अंतरिम रिपोर्ट सरकार को दे सकती है।

# सूचना निदेशालय में सुन्दरकांड पाठ व भंडारा



**लखनऊ।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के परिसर में ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगल के अवसर पर अखंड सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के निदेशक शिशिर ने विधि विधान से पूजा पाठ करने के उपरान्त किया। इस अवसर पर उन्होंने भक्तजनों एवं श्रद्धालूओं को प्रसाद का वितरण भी किया और प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से समाज में आपसी भाईचारा व सौहार्द को बढ़ावा मिलता है। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु व भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया। सूचना निदेशक शिशिर ने सूचना परिसर में इस भव्य आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रदेश में सुख शांति और समृद्धि की प्रार्थना की तथा सभी के कल्याण की कामना की। अपर निदेशक सूचना अंशुमान राम त्रिपाठी, वरिष्ठ एवं लेखाधिकारी रजनीकान्त वर्मा, संयुक्त निदेशक सर्वेश कुमार दुबे व भूपेंद्र सिंह यादव, उप निदेशक पीके सिंह, कुमकुम शर्मा, दिनेश सहगल, सहायक निदेशक ऋषि कुमार सक्सेना, सतीश चंद्र भारती व गोकुल दुबे तथा विभाग के अशोक सिंह, परशुराम मौर्या, शालिनी तोमर, राजीव सिंह, प्रमोद कुमार, संजय कुमार निर्मल, कपिल सिंह सहित विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

### इस्माईलगंज में भण्डारा

**लखनऊ।** इस्माईलगंज द्वितीय वार्ड स्थित रतन बिहार कालोनी में सुन्दरकांड व भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री आशुतोष टण्डन गोपालजी ने किया। इस मौंके पर आशुतोष टण्डन ने बड़ी संख्या में एकत्र लोगों को अपने हाथों से प्रसाद भी दिया। इसके साथ ही लखनऊ पूर्व से विधायक होने के नाते क्षेत्र की जनता को आश्वासन भी दिया कि यदि क्षेत्र के निवासियों को किसी भी प्रकार की समस्या होती है तो वे सीधे संपर्क कर सकतें हैं। तुहिन चतुर्वेदी, डीके श्रीवास्तव, राजबहादुर सिंह, अधिवक्ता मनोज पाठक, कृष्णा सिंह गोलू, रमेश यादव, पुप्पेन्द्र वर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। बड़ी संख्या में लोगों ने सुन्दरकांड का पाठ करने के साथ ही भण्डारे में शामिल होकर प्रसाद भी ग्रहण किया।

# भाषा यूनिवर्सिटी में विदेशी भाषाओं को मिली अनिवार्य एलिमेंटरी में जगह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती** भाषा विश्वविद्यालय प्रशासन ने विदेशी भाषाओं को भी अनिवार्य एलिमेंटरी विषयों में शामिल कर लिया है। अब यहां पर छात्र उर्दू, अरबी-फारसी के अलावा विदेशी भाषाओं में से किसी एक का एलिमेंटरी विषयों के रूप में चयन कर सकेंगे। छात्रों को इस विषय को उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा। इसके बिना उन्हें डिग्री नहीं मिलेगी। भाषा विश्वविद्यालय की शुरूआत से ही उर्दू अरबी-फारसी एवं संस्कृत भाषाओं में से किसी एक भाषा को एलिमेंटरी विषय के रूप में पढ़ना अनिवार्य था। स्नातक के हर एक छात्र को अपनी पढ़ाई पूरी करने तक इसे उत्तीर्ण करना भी जरूरी है। अगर छात्र इसे उत्तीर्ण नहीं करता है तो उसे डिग्री नहीं मिलती है। विश्वविद्यालय की प्रवक्ता डॉ तनु डंग ने बताया कि पिछले वर्षो में देखा गया है कि छात्रों के लिए उर्दू अरबी-फ़ारसी एवं संस्कृत भाषाओं को उत्तीर्ण करने में काफी परेशानियां होती थी। छात्रों की मांग थी कि एलिमेंटरी विषयों में विदेशी भाषाओं को भी शामिल किया जाए।

### अंग्रेज़ी, फ्रेंच, जर्मन व जापानी सहित अन्य विदेशी भाषा शामिल

उन्होंने बताया कि छात्रों के रुझान को देखते हुए एवं भाषाओं की प्रोन्नति के उद्देश्य से अब भारतीय भाषाओं के साथ ही अंग्रेज़ी, फ्रेंच, जर्मन, जापानी एवं अन्य विदेशी भाषाओं और इंट्रोडक्शन टू हिस्ट्री एंड कल्चर ऑफ़ लैंग्वेजेज विषय को एलिमेंटरी विषय में शामिल कर लिया गया है। अब छात्र इसमें से किसी एक भाषा का चयन एलिमेंटरी विषय के रूप में चुन सकेंगे। पहले की तरह छात्रों को इसको उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा, लेकिन इसके अंकों की गणना परिणाम के प्रतिशत में नहीं की जाएगी।

### नहीं हटाई गई उर्दू, अरबी-फारसी और संस्कृत

डॉ तनु ने बताया कि यह गलत फहमी फैलाई जा रही है कि विवि ने एलिमेंटरी विषय में से उर्दू, अरबी-फारसी और संस्कृत को हटा दिया गया है। उन्होंने बताया कि पहले की तरह यह सभी भाषाएं एलिमेंटरी विषय में शामिल हैं। उन्हें हटाया नहीं गया है।

# सरकारी इंटर कालेजों की छात्राओं को जागरूक करेगा लविवि

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**महिला स्वास्थ्य** को लेकर लखनऊ जनपद के 41 सरकारी इंटर कालेजों की छात्राओं को लखनऊ विश्वविद्यालय ने जागरूक करने का निर्णय लिया है। इसके लिए जिला विद्यालय निरीक्षक से मांगी गयी सूची विवि को प्राप्त हो गयी है। महिलाओं का स्वास्थ्य एक ऐसा विषय है जिसके लिये जागरूकता फैलाना एवं उनके अच्छे स्वास्थ्य के लिए आधारभूत संरचना तैयार करना एक स्वस्थ देश की प्रथम आवश्यकताओं में से एक है।

लखनऊ विश्वविद्यालय ने उनके इस विचार को गति देते हुए सभी महिला छात्रावासों में ओपन जिम की स्थापना, सभी महिला छात्रावासों में माहवारी की भ्रांतियों पर जागरूकता अभियान एवं सेनेटरी वेंडिग मशीन तथा इन्सिनरेटर लगवाया, निश्चित अन्तराल पर नियमित रूप से छात्राओं के हीमोग्लोबिन जाँच तथा स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, छात्राओं के खान पान सम्बंधित काउंसिलिंग, स्वच्छता इनसुलेशन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर उल्लेखनीय कार्य किया है। इसी क्रम में हॉस्टल एवं परिसर के बाद विश्वविद्यालय ने लखनऊ के निकट के ग्रामीण क्षेत्र सरोजनीनगर, माल, मोहनलालगंज, गोसाईंगंज, बीकेटी, चिनहट, मलिहाबाद तथा काकोरी ब्लॉक के 41 सरकारी इंटर कॉलेज में माहवारी के प्रति जागरूकता अभियान एवं उन छात्राओं में इस विषय पर खुल कर बात करने का साहस देने जैसे अहम विषयों पर काम करने का निर्णय लिया है। कार्यक्रम की शुरुआत सरोजनीनगर ब्लॉक की राजकीय यूपी सैनिक इंटर कॉलेज से 27 मई को की जाएगी। जिसमें आसपास के 10 सरकारी कॉलेज की छात्राएँ भागीदारी करेंगी। प्रथम चरण में 28,30,31 मई तथा 1 जून को माहवारी जागरूकता कार्यक्रम वीरांगना उदादेवी राजकीय कालेज माल, सत्यनारायण तिवारी इंटर कालेज मोहनलालगंज, बक्शी का तालाब इंटर कालेज, राजकीय बाइका सरोसा. भरोसा ककोरी में आयोजित किया जाएगा।

# एकेटीयू में टॉप-3 फार्माप्रेन्योर्स सम्मानित

- टॉप 5 आइडिया स्टार्टअप में होंगे तब्दील

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**फार्मा क्षेत्र** में छात्रों को नवाचार के लिए प्रोत्साहित करने के उदेश्य से डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के इनोवेशन हब की ओर से फार्माप्रेन्योर्स का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत पिछले दिनों संबद्ध फॉर्मेसी संस्थानों के छात्रों से फार्मा में नये आइडिया के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गये थे। विवि को प्राप्त 80 से अधिक आइडिया में से मंगलवार को जूरी ने 20 का चयन किया। जिसमें से टॉप थ्री आइडिया देने वाली टीम को लैपटॉप और टैबलेट देकर सम्मानित किया गया। साथ ही टॉप फाइव को विश्वविद्यालय की ओर से उनके आइडिया को स्टार्टअप में बदलने में सहयोग के लिए भी चुना गया। इस मौके पर विवि के कुलपति प्रो प्रदीप कुमार मिश्र ने छात्रों को जीवन में सफल होने के लिए पांच सिद्धांत बताया। मुख्य अतिथि सदस्य के रूप में शामिल विधान परिषद सदस्य अवनीश कुमार सिंह ने अपने संबोधन में प्रो प्रदीप कुमार मिश्रा को फार्मेसी छात्रों के लिए फार्माप्रेन्योर्स कार्यक्रम की अवधारणा के लिए बधाई दी। कहा कि छात्रों के भीतर उद्यमिता के प्रति प्रेरणा देने के लिए यह आयोजन निश्चित ही महत्वपूर्ण है। इससे छात्रों के भीतर कुछ नया और अलग करने की सोच विकसित होगी।

### जूरी के सामने प्रस्तुत किया आइडिया, यह रहे टॉप थ्री

प्रथम स्थान पर आरकेजीआईटी गाजियाबाद की सारिका सिंह और उनके टीम मेंबर्स अंकित शर्मा, निखिल कुमार और परिक्षित सचदेवा रहे। जिन्हें इनाम के तौर पर लैपटॉप दिया गया। जबकि दूसरे स्थान पर रहने एसआरएमएस सेट फॉर्मेसी बरेली की कृति सक्सेना और उनके सहयोगी अक्सा नदीम शौर्या ठाकुर को टैबलेट और इसी तरह तीसरे नंबर पर आने वाले गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मासियुटिकल साइंस के दीपक कुमार व उनके सहयोगी शिखा यादव, हबीबुल्लाह और कैफअनवर को भी टैबलेट दिया गया। वहीं पीएसआईटी कानपुर के प्रभाकर शाक्य और अभिषेक सिंह राठौर को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

### टॉप फाइव को इन्क्युबेट की मिलेगी सुविधा

चयनित टॉप फाइव फार्मा इन्क्युबेटीज को कलाम इनोवेशन सेंटर की ओर से कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी। उनके आइडिया को स्टार्टअप तक तब्दील करने में सेंटर की ओर से विशेषज्ञ मेंटॉर करेंगे। वहीं इन्क्युबेटीज सेंटर स्थित लैब का भी लाभ प्रयोग कर सकेंगे। इसके अलावा चयनित इन्क्युबेटीज को अपने आइडिया और स्टार्टअप के लिए सेंटर में कोवर्किंग स्थान भी दिया जाएगा।

# रेलवे के विजिलेंस इंसपेक्टर की जमानत अर्जी खारिज

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** सीबीआई के विशेष जज अजय विक्रम सिंह ने 20 हजार की ऑनलाइन रिश्वत लेने के मामले में निरुद्ध रेलवे के विजिलेंस इंसपेक्टर गगन जायसवाल की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने प्रथम दृष्टया इसके अपराध को गंभीर करार दिया है। 29 जनवरी 2022 को इस मामले की शिकायत लखनऊ में तैनात टीटीई आशाराम ने नई दिल्ली में नार्दन रेलवे के चीफ विजिलेंस आफीसर अश्वनी कुमार के समक्ष दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक 26 जनवरी 2022 को लखनऊ से दिल्ली तक चलने वाली गोमती एक्सप्रेस मे उनकी ड्यूटी थी। कानपुर से ट्रैफिक नार्थ सेंट्रल रेलवे, प्रयागराज के विजिलेंस इंसपेक्टर गगन जायसवाल व प्रवीण आनंद उनके पास आए। उनकी तलाशी ली। उनसे कोच संख्या डी1ए डी2 व डी3 चेक कराने को कहा। इन डिब्बों में पुलिस के जवान यात्रा कर रहे थे। जिनके पास टिकट नहीं था। इन दोनों इंसपेक्टरों ने पुलिस वालों का टिकट बनाने को कहा। लेकिन पुलिस वाले किराया देने को तैयार नहीं थे। इस पर इन दोनों विजिलेंस इंसपेक्टरों ने उसकी नौकरी जाने की धमकी दी। फिर कहा कि यदि इससे बचना चाहते होए तो तुरंत 25 हजार का इंतजाम कर दो। मेरे पास पैसे नहीं थे। मैंने मना कर दिया। इस पर विजिलेंस इंसपेक्टर प्रवीण आनंद ने एक मोबाइल नंबर दिया और उस पर ऑनलाइन पेमेंट करने को कहा। मैने यह बात अपने बेटे रोहित को बताई। उसने गुगल.पे के जरिए उस नंबर पर 10 हजार स्थानांतरित कर दिए। 27 जनवरीए 2022 को दिल्ली से लखनऊ लौटते समय विजिलेंस इंसपेक्टर गगन जायसवाल ने कहा कि शेष 15 हजार भी दो। वरना नौकरी से हाथ धो बैठोगे। काफी मान.मनौव्वल के बाद 10 हजार और लेने पर राजी हो गए। मैने पुन: अपने बेटे से उनके द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर ऑनलाइन 10 हजार जमा करा दिए। बीते छह अप्रैल को सीबीआई की विशेष अदालत ने मुल्जिम को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा था।

### ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारियों का निरीक्षण

**लखनऊ।** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी थ्री का शुभारम्भ आगामी 3 जून को प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तावित है। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी-थ्री के आयोजन स्थल इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान का स्थलीय निरीक्षण किया। इससे पूर्व, मुख्य सचिव ने आयोजन स्थल इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान परिसर में मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट अतिथियों, विशिष्ट अतिथियों एवं उद्योगपतियों के आवागमन, बैठने की व्यवस्था, डायस प्लान, पत्र-प्रतिनिधियों के कवरेज, पार्किंग स्थल तथा अन्य महत्वपूर्ण बिन्दुओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुख्य सचिव ने कहा कि इस ऐतिहासिक सेरेमनी में औद्योगिक घरानों के उद्योगपति बड़ी संख्या में शिरकत करेंगे। इसके अलावा प्रदेश के मंत्री, सांसद एवं विधायक भी इसमें शामिल होंगे। कार्यक्रम की विशिष्टता और भव्यता का पूरा ध्यान रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि सेरेमनी में आने वाले अतिथियों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिये।

# सरोजनीनगर में खुलेगी एनसीडीसी की यूनिट

- बांदा में खुलेगी देश की पहली बीएसएल फ़ोर प्रयोगशाला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य सरकार** की पहल पर एनसीडीसी की एक यूनिट राजधानी के सरोजनीनगर इलाके में खोली जाएगी। सेंटर के लिए करीब ढाई एकड़ जमीन आवंटित है। मंगलवार को उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक की अध्यक्षता में एनेक्सी में भारत सरकार के अधिकारियों एवं राज्य स्तरीय अधिकारियों द्वारा लखनऊ में एनसीडीसी, नई दिल्ली की शाखा स्थापित किये जाने के लिए भूमि हस्तान्तरण किये जाने के सम्बन्ध में एमओयू तथा लीज डीड पर हस्ताक्षर किये गये।

एमओयू पर राज्य सरकार की ओर से संयुक्त सचिव प्रणेश चंद्र शुक्ल तथा भारत सरकार की ओर से एनसीडीसी के डिप्टी डायरेक्टर अनिल डी पाटिल एवं एनसीडीसी ब्रांचेज की प्रमुख व संयुक्त निदेशक डॉ शिखा वर्धन ने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर पाठक ने बताया कि एनसीडीसी की शाखा स्थापित किये जाने का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में वेक्टर जनित रोगों, संचारी रोगों, गैर संचारी रोगों के प्रकोप की जांच, निगरानी प्रणाली का मूल्यांकन एवं सर्वेक्षण करने तथा किसी भी प्रकार की आपदा के लिए तैयारी व चल रही आपदा और आपदा के बाद की रोकथाम और नियंत्रण उपायों के लिए चिकित्सा अधिकारियों और पैरामेडिकल स्टाफ की क्षमता निर्माण करना है।

एनसीडीसी भारत सरकारए अन्य इच्छुक संस्थानों व गैर सरकारी संगठनों के समन्वय के साथ चिकित्सा अधिकारियों और पैरामेडिकल स्टाफ के लिए अल्पकालिक पाठ्यक्रम शुरू करना व यूपीपीएमएचएस और अन्य राज्यों के चिकित्सा अधिकारियों की क्षमता निर्माण के लिए 2 वर्षीय ईआईएस पाठ्यक्रम की शुरुआत करना भी इस शाखा की स्थापना के उद्देश्यों में है। इसके अतिरिक्त महामारी संभावित बीमारियों और आने वाले खतरों के लिए मौजूदा निगरानी प्रणाली में वृद्धि शाखा की स्थापना का मुख्य उद्देश्य है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि एनसीडीसी के द्वारा देश की एकमात्र बीएसएल फ़ोर प्रयोगशाला की स्थापना बाँदा मे की जाएगी, जिसके लिए जिसके लिए शिमोमी धाम ट्रस्ट, बाँदा के द्वारा 100 एकड़ भूमि उपलब्ध कराई जा रही है।

SBI भारतीय स्टेट बैंक
आर.ए.सी.पी.सी.- सेक्टर बी, निकट राम राम बैंक चौराहा, अलीगंज, लखनऊ

कब्ज़ा नोटिस {नियम 6 (1) के तहत चल सम्पत्ति}

यद्यपि प्राधिकृत अधिकारी **भारतीय स्टेट बैंक, आर.ए.सी.पी.सी.** द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण व पुनः संरचना तथा प्रतिभूति हित का प्रभावीकरण अधिनियम 2002 (अधिनियम नं. 54, 2002) के अन्तर्गत प्राप्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए उक्त अधिनियम की धारा-13(2) एवं 13(12) सहपठित नियम 8 व 9 के अर्न्तगत निम्नलिखित खातेदार को उनके सम्मुख अंकित तिथि को नोटिस जारी कर उनसे 60 दिनों के अन्दर नोटिस में वर्णित राशि अदा करने की मांग की थी। ऋणी/ज़मानतदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि प्राधिकृत अधिकारी द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) एवं सहपठित नियम 9 के अन्तर्गत प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्न वर्णित खातों में बंधक सम्पत्ति/वाहन का उनके सम्मुख अंकित तिथि को सांकेतिक कब्जा प्राप्त कर लिया है। अतः इस सम्पत्ति के सम्बंध में किसी भी प्रकार का सौदा/व्यवहार **भारतीय स्टेट बैंक, आर.ए.सी.पी.सी.** के अतिरिक्त किसी अन्य से न करें। ऐसा कोई भी सौदा व्यवहार **भारतीय स्टेट बैंक** को देय राशि व तत्सम्बंधित ब्याज, जैसा कि खाते में उल्लिखित किया गया है, के अधीन हो। **ऋणी को सुरक्षित परिसम्पत्ति के आधार पर धारा 13 के उपधारा (8) के प्रावधान के अन्तर्गत दिये गये समय में आमंत्रित कर रहें हैं। सम्पत्तियों का विवरण जिसका सांकेतिक कब्जा लिया गया है:**

| ऋण-ग्रहिता का नाम एवं पता/खाता संख्या/शाखा | बंधक चल सम्पत्ति का विवरण | बकाया धनराशि 13(2) के अनुसार | मांग सूचना की तिथि / कब्ज़ा तिथि |
|---|---|---|---|
| ऋणी का नामः- श्री राहुल कुमार वाल्मीकी, मोहन मीकिंस, डालीगंज वाल्मीकी पुरी, इरादतगंज, लखनऊ खाता सं.- 36782607858 (कार लोन) शाखा: कैसरबाग, लखनऊ | Vehicle Regn. No.- UP32 HV 5836 Asset/Vehicle Make- MAHINDRA XUV 500 Engine No.- HHH4C13312 Chasis No.- MA1YU2HHUH6C16837 | रू. 8,68,778/- दिनांक 28.05.2021 तक + ब्याज व अन्य खर्चे | 06.09.2019 / 20.05.2022 |

दिनांक: 25.05.2022 स्थानः लखनऊ प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

## जालसाजों ने रिटायर्ड इंस्पेक्टर के खाते से उड़ाए आठ लाख

**लखनऊ।** साइबर जालसाजों ने सेवानिवृत्त दरोगा के खाते से 8-40 लाख रुपये पार कर दिए। शिकायत पर साइबर क्राइम सेल ने जालसाज के खाते में ट्रांसफर होने से पहले रुपये फ्रीज करा दिया। कुछ समय बाद वापस रुपये पीड़ित के खाते में आ गए। एडीसीपी नॉर्थ क्राइम प्राची सिंह ने बताया कि पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त दरोगा रामानंद राय विकासनगर में परिवार संग रहते हैं। 22 मई को उनके पास एक अनजान नंबर से फोन आया। फोन कर्ता ने खुद को ट्रेजरी कर्मचारी बताते हुए उनकी पेंशन रुकने की बात कही

**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन–8, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक : 101/EE-8/2022-23 दिनांक : 23.05.2022

(अति–अल्पकालीन निविदा–सूचना)

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 30.5.2022 को अपराह्न 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन–8 के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते हैं। सील्ड निविदाएं दिनांक 30.5.2022 तक अधिशासी अभियन्ता, जोन–8 के कार्यालय में अपराह्न 3:30 बजे तक सील्ड टेन्डर बॉक्स में प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदाएं दिनांक 30.5.2022 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे जोन–8 के कार्यालय में खोली जायेंगी।

1. कानपुर रोड स्थित ट्रान्सपोर्ट नगर में 90 एमएम/110एमएम डाया की लीकेजों की मरम्मत व पाइप लाइन बदलने संबंधी कार्य, धरोहर राशि रु0 2500/– एवं निविदा मूल्य रु0 150/–

**अधिशासी अभियन्ता, जोन–8**
**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

# हर हाथ को काम देगी प्रदेश सरकार



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को पूरा करने के लिए योगी सरकार ने हर हाथ को काम देने का संकल्प लिया है। सेवायोजन विभाग की ओर से उत्तर प्रदेश के 18 मंडल मुख्यालयों पर प्रति माह एक बड़े रोजगार मेले को आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही विभाग की ओर से यूपी के हर जिले में प्रत्येक सप्ताह रोजगार मेला आयोजित होगा। योगी सरकार की इस मुहिम से रोजगार मेले में सभी रोजगार-स्वरोजगार सृजन करने वाले विभागों के भाग लेने से एक ही स्थल पर बेरोजगार युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अधिक अवसर मिल सकेंगे। औद्योगिक क्षेत्र की विशिष्टता के आधार पर इस आयोजन के लिए नोएडा और गाजियाबाद को अलग से चुना गया है। यूपी में एक अप्रैल से 23 मई तक 197 लघु एवं वृहद रोजगार मेले में 13,811 बेरोजगारों को रोजगार दिया गया। विभाग की ओर से 31 मई तक 20,204 बेरोजगारों को रोजगार दिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रदेश में 265 कंपनियां प्रतिभाग कर रही हैं। इस वृहद रोजगार मेले का आयोजन लखनऊ, आजमगढ़, अलीगढ़, सहारनपुर, अयोध्या, बस्ती, गाजियाबाद, झांसी, बांदा, आगरा, वाराणसी, प्रयागराज और गौतमबुद्धनगर में किया जा रहा है।

## आंधी-तूफान से पीड़ितों को मदद दें: सीएम

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आला अधिकारियों को आंधी और बारिश से हुई क्षति से प्रभावित परिवारों को सहायता देने के निर्देश दिए हैं। यूपी में सोमवार को आंधी और बारिश से हुई क्षति को लेकर सीएम ने बैठक में उन परिवारों को आर्थिक मदद देने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश में आंधी तूफान से 22, डूबने से 12 एवं आकाशीय विद्युत से 5 जनहानि हुई हैं। प्रदेश में कुल 39 जनहानि हुई हैं। इसके अतिरिक्त आकाशीय विद्युत से 3 व्यक्तियों की घायल होने तथा जनपद शाहजहांपुर एवं बांदा से 3 पशुहानि की सूचना मिली है। सीएम ने प्रदेश में आंधी तूफान, आकाशीय विद्युत व डूबने से हुई जनहानि से प्रभावित परिवारों को 24 घण्टे के अंदर अनुमन्य सहायता दिये जाने के निर्देश दिये हैं।

## योगी ने राजेश्वर सिंह की माताजी के निधन पर शोक व्यक्त किया

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने विधायक राजेश्वर सिंह की माताजी तारा सिंह के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री जी ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।

### परिषदीय विद्यालयों का होगा कायाकल्प

## छात्रों को खुले में पढ़ने से मिलेगी निजात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**परिषदीय** विद्यालयों के कायाकल्प में जुटी योगी सरकार ने इन विद्यालयों के आधारभूत ढांचे में व्यापक सुधार करने की तैयारी मे है। सरकार अगले पांच वर्षों में प्रत्येक कक्षा के लिए न्यूनतम एक क्लास रूम की स्थापना करेगी। इससे एक साथ सभी कक्षाओं का शुचारु रूप से संचालन हो सकेगा। विद्यार्थियों को कैंपस में पेड़ के नीचे अथवा खुले में पढ़ने से निजात मिलेगी। साथ ही विद्यालय और छात्र-छात्राओं की सुरक्षा के लिए मनरेगा के बाउंड्री वाल का निर्माण कराया जाएगा। अभी तक अधिकांश परिषदीय के विद्यालयों में दो से लेकर तीन क्लास रूस ही होते हैं। जबकि उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में यह संख्या थोड़ी अधिक होती है। इनमें एक कक्ष तो प्रधानाध्यापक/प्रशासनिक कार्यों और उच्चतर में एक कमरा लिपिकीय कार्यों के लिए इस्तेमाल होते हैं। ऐसे में सभी कक्षाओं के लिए रूम उपलब्ध न होने से कक्षाएं सुचारु रूप से नही चल पातीं हैं। ज्यादातर प्राथमिक विद्यालयों में उपलब्ध एक या दो कमरों में ही सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों को बैठाने की मजबूरी होती है। लिहाजा शिक्षक खुले में अथवा पेड़ के नीचे कक्षाएं लेते हैं। प्रतिकूल और खराब मौसम में तो खुले में कक्षाएं भी संभव नही होती हैं। योगी सरकार ने अगले पांच सालों में प्रत्येक कक्षा के लिए न्यूनतम एक कमरा बनाने की कार्ययोजना तैयार की है। सभी कक्षाओं के लिए अलग अलग कमरों की व्यवस्था के बाद पठन-पाठन की सुविधा में व्यापक सुधार आएगा।

## गीडा बना उद्यमियों की पहली पसंद

**लखनऊ।** बेहतरीन बुनियादी सुविधाओं की वजह से गोरखपुर इंडस्ट्रियल डेवलपमेन्ट अथॉरिटी (गीडा) निवेशकों की पसंद बन रहा है। यहां आ रहे निवेश, निवेशों के प्रस्ताव और जिन प्रस्तावों पर काम हो रहा है, वह इसके सबूत हैं। सब कुछ इसी तरह रहा तो प्लास्टिक पार्क, आईटी पार्क, गारमेंट पार्क, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे के दोनों ओर बनने वाले औद्योगिक गलियारे, धुरियापार की औद्योगिक टाऊनशिप समेत अन्य योजनाओं के जरिए अगले पांच साल में यह उत्तर भारत का दूसरा नोएडा बनने की राह पर होगा। मालूम हो कि बहुत पहले से गोरखपुर पूर्वोत्तर रेलवे का मुख्यालय है। इस नाते यह रेल सेवा के जरिये पूरे देश से जुड़ा है। गीडा के बीचोबीच गोरखपुर से लखनऊ जाने वाली फोरलेन सड़क है। इसके जरिए गीडा पूर्वोत्तर भारत और देश के अन्य हिस्सों से जुड़ता है। इसको 6 लेन का बनाने का प्रस्ताव है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस वे के जरिए पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से जुड़ने के बाद इसकी रोड कनेक्टिविटी और बेहतर हो जाएगी। गोरखपुर में पहले से ही एयरपोर्ट है।

**विद्युत वितरण मण्डल, मध्यॉचल विद्युत वितरण निगम लि0 गोला–खीरी**

अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, गोला के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु अनुभवी निविदाकारों से दो अलग–अलग भागों में निविदाएं ई–टेंडरिंग के माध्यम से अति–अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है, विवरण निम्नवत है–निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय 31.05.2022 समय 17:00 बजे निविदा के भाग–1 खोलने की तिथि एवं समय 01.06.2022 समय 12:00 बजे **01–निविदा संख्या 19/वि0वि0म0 गो0/ 2022–23** विद्युत वितरण मंडल गोला के कार्यक्षेत्र में विद्युत् वितरण खंड मोहम्मदी के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र मोहम्मदी ग्रामीण से निकलने वाले 11 के0वी0 बरवर पोषक जिसकी लम्बाई लगभग 10 कि0मी0 है, पर लाइन के सम्पर्क में आने वाली टहनियो की कटाई–छटाई एवं टेढ़े पोलों को सीधा करने ग्राउटिंग, लकड़ी के क्रास आर्म को बदलने आदि का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 2000.00 मात्र। निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 1180.00 मात्र। **02–निविदा संख्या 20/ वि0वि0म0गो0/2022–23** विद्युत वितरण मंडल गोला के कार्यक्षेत्र में विद्युत वितरण खंड मोहम्मदी के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र मोहम्मदी ग्रामीण से निकलने वाले 11 के0वी0 हरैया पोषक जिसकी लम्बाई लगभग 09 कि0मी0 है, पर लाइन के सम्पर्क में आने वाली टहनियो की कटाई–छटाई एवं टेढ़े पोलों को सीधा करने ग्राउटिंग, लकड़ी के क्रास आर्म को बदलने आदि का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 2000.00 मात्र। निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 1180.00 मात्र। **03–निविदा संख्या 21/ वि0वि0म0 गो0/2022–23** विद्युत वितरण मंडल गोला के कार्यक्षेत्र में विद्युत् परीक्षण खंड गोला के अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड गोला, मोहम्मदी एवं पलिया में राजकीय नलकूपों पर स्थापित खराब मीटरों एवं जले मीटरों को बदलने का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 2000.00 मात्र। निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 1180.00 मात्र। **04–निविदा संख्या 22/ वि0वि0म0गो0/2022–23** विद्युत वितरण मंडल गोला के कार्यक्षेत्र में विद्युत् परीक्षण खंड गोला के अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड गोला, मोहम्मदी एवं पलिया के अन्तर्गत पूर्ण जमा योजना एवं सामान्य योजना के अन्तर्गत उर्जीकृत होने वाले निजी नलकूपों पर मीटर लगाने का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 2000.00 मात्र। निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 1180.00 मात्र। **05–निविदा संख्या 23/ वि0वि0म0गो0/2022–23** विद्युत वितरण मंडल गोला के कार्यक्षेत्र में विद्युत वितरण खंड मोहम्मदी के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र मोहम्मदी ग्रामीण से निकलने वाले 11 के0वी0 राजेपुर बेनी फीडर के अन्तर्गत किसी घटना/दुर्घटना से बचाव हेतु रास्ते/खेतों बस्तियों में सड़क पर गुजरने वाली तथा सड़क क्रासिंग से गुजरने वाली 11 के0वी0 एवं एल0टी0 लाइनों के सुदृढ़ीकरण हेतु लाइन के ढीले तारों को टाइट कराने का, टेढ़े पोलों को सीधा कराने का, क्रास आर्म, लाइनों की गार्डिंग ठीक कराने, स्पेसर्स लगाने एवं अन्य सहवर्ती कार्य। धरोहर धनराशि रू0 2000.00 मात्र। निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 1180.00 मात्र। **06–निविदा संख्या 24/ वि0वि0म0गो0/2022–23** विद्युत वितरण मंडल गोला के कार्यक्षेत्र में विद्युत वितरण खंड पलिया के अन्तर्गत उपखण्ड अधिकारी प्रथम पलिया के उपयोगार्थ हेतु एक अदद डीजल चलित वाहन (मय चालक) उपलब्ध कराने का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 2640.00 मात्र। निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 1180.00 मात्र। **07–निविदा संख्या 25/वि0वि0म0 गो0/2022–23** विद्युत वितरण मंडल गोला के कार्यक्षेत्र में विद्युत वितरण खंड पलिया के अन्तर्गत उपखण्ड अधिकारी द्वितीय पलिया के उपयोगार्थ हेतु एक अदद डीजल चलित वाहन (मय चालक) उपलब्ध कराने का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 2640.00 मात्र। निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 1180.00 मात्र। अधोहस्ताक्षरी द्वारा विद्युत वितरण मण्डल, गोला के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु अनुभवी निविदाकारों से दो अलग–अलग भागों में निविदाएं ई–टेंडरिंग के माध्यम से अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रित की जाती है, विवरण निम्नवत है– निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय 09.06.2022 समय 13:00 बजे निविदा के भाग–1 खोलने की तिथि एवं समय 09.06.2022 समय 14:00 बजे **01–निविदा संख्या 26/वि0वि0म0 गो0/2022–23** विद्युत वितरण मंडल गोला के कार्यक्षेत्र में विद्युत् परीक्षण खंड गोला के अन्तर्गत स्थापित 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्रों के प्रोटेक्शन कार्य को उचित प्रकार से संचालन करने एवं विद्युत उपकरणों की सुरक्षा हेतु नयी रिले 11KV Relay Crompton Greaves Make Type 14 N 24 VCB- 09 नग की आपूर्ति एवं Repairing of Relay In Different 33/11 KV Sub-station Under the area of Electricity Test Division Gola-09 नग की मरम्मत का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 2000.00 मात्र। निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 1180.00 मात्र। **02–निविदा संख्या 27/वि0वि0म0गो0/ 2022–23** विद्युत वितरण मंडल गोला के कार्यक्षेत्र में विद्युत वितरण खंड गोला के अन्तर्गत ग्रीष्मकाल में आंधी–तूफान व विभिन्न कारणों से पोल/लाइन क्षतिग्रस्त होते रहते है। शासन की मंशा के अनुसार क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुचारू रखने हेतु पोल/लाइन को तत्काल सही कराने का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 5000.00 मात्र। निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 1180.00 मात्र। 03–निविदा संख्या 28/ वि0वि0म0गो0/2022–23 विद्युत वितरण मंडल गोला के कार्यक्षेत्र में विद्युत वितरण खंड मोहम्मदी के अन्तर्गत ग्रीष्मकाल में आंधी–तूफान व विभिन्न कारणों से पोल/लाइन क्षतिग्रस्त होते रहते है, जिससे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है, उक्त क्षतिग्रस्त पोल/लाइन आदि को तत्काल सही कराकर विद्युत आपूर्ति बहाल कराने का कार्य। धरोहर धनराशि रू0 5000.00 मात्र। निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 1180.00 मात्र। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश सरकार की ई–टेण्डर वेबसाइट https://etender.up.nic.in डाउनलोड/देखे जा सकते हैं। निविदा के प्रथम भाग में निम्नलिखित अभिलेख सिर्फ ऑनलाइन जमा करने होंगे:– उपरोक्त कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है, जिसे http://etender.up.nic.in पर प्रकाशित 25.05.2022 को प्रकाशित कर दिया गया है। निविदा कार्य की कुल मात्रा, निविदा विशिष्टीकरण व अन्य नियम एवं शर्तें ई–निविदा पोर्टल पर उपलब्ध रहेंगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा। नोट :– निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से सम्बन्धित सूचना यदि कोई होगी तो केवल वेबवसाइट पर डाली जाएगी। अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेबसाइट को नियमित देखें। अधीक्षण अभियन्ता, वितरण मण्डल गोला पत्रांक 413 दिनांक 24.5.2022 राष्ट्रहित में बिजली बचाएं

## एलडीए ने पारा में तीन अवैध निर्माण सील किये गये

**लखनऊ।** एलडीए द्वारा पारा में तीन अवैध निर्माण सील किए गए। एलडीए उपाध्यक्ष के आदेश पर नरपतखेड़ा में अवैध निर्माणाधीन निर्माण पर कार्रवाई की गयी। विहित प्राधिकारी ने साक्ष्य न देने पर प्रवर्तन टीम ने कुल तीन निर्माण को सील किया। मंगलवार को प्रवर्तन जोन-3 के जोनल अधिकारी एवं विहित प्राधिकारी कमलजीत सिंह ने बताया कि गोविन्द सिंह द्वारा पारा में राजकीय प्राइमरी विद्यालयए नरपतखेड़ा के बगल में बिना प्राधिकरण से नक्शा स्वीकृत कराए लगभग 200 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर निर्माण किया। इसमें भूतल पर 16 कॉलम की कास्टिंग करके छत ढालने का कार्य किये जाने पर इस अवैध निर्माण के खिलाफ विहित न्यायालय में वाद संख्या-457/2021 योजित किया गया था। वाद पक्ष द्वारा निर्माण के सम्बन्ध में कोई स्वीकृत मानचित्र न प्रस्तुत किये जाने पर निर्माण को सील किये जाने के आदेश दिये गये। यही पंर राम प्रताप द्वारा नरपतखेड़ा स्थित राजकीय प्राइमरी स्कूल के निकट बिना प्राधिकरण से नक्शा स्वीकृत कराए लगभग 150 वर्ग मीटर क्षेत्रफ्ल के भूखण्ड पर पूर्व में निर्मित 2 दुकानों के बगल में 2 और दुकानों की छत ढालने का कार्य किये जाने जाने पर सीलिंग की कार्रवाई की गयी। तीसरी कार्रवाई हंस खेड़ा रोड पर गुड्डु, अनीस और अन्य द्वारा नरपतखेड़ा, नारायण होम्योपैथिक क्लीनिकट निकट बिना प्राधिकरण से नक्शा स्वीकृत कराए लगभग 21 वर्ग फीट क्षेत्रफल के भूखण्ड में लोवर ग्राउण्ड की छत का निर्माण किया जा चुका था।

### गूगलपे के जरिए टीटीई से ऑनलाइन रिश्वत लेने का मामला

# रेलवे के विजिलेंस इंसपेक्टर की जमानत अर्जी खारिज

विधि संवाददाता। लखनऊ

**सीबीआई** के विशेष जज अजय विक्रम सिंह ने 20 हजार की ऑनलाइन रिश्वत लेने के मामले में निरुद्ध रेलवे के विजिलेंस इंसपेक्टर गगन जायसवाल की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने प्रथम दृष्टया इसके अपराध को गंभीर करार दिया है।

29 जनवरी 2022 को इस मामले की शिकायत लखनऊ में तैनात टीटीई आशाराम ने नई दिल्ली में नार्दन रेलवे के चीफ विजिलेंस आफीसर अश्वनी कुमार के समक्ष दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक 26 जनवरी 2022 को लखनऊ से दिल्ली तक चलने वाली गोमती एक्सप्रेस मे उनकी ड्यूटी थी। कानपुर से ट्रैफिक नार्थ सेंट्रल रेलवे प्रयागराज के विजिलेंस इंसपेक्टर गगन जायसवाल व प्रवीण आनंद उनके पास आए। उनकी तलाशी ली। उनसे कोच संख्या डी1ए डी2 व डी3 चेक कराने को कहा। इन डिब्बों में पुलिस के जवान यात्रा कर रहे थे। जिनके पास टिकट नहीं था। इन दोनों इंसपेक्टरों ने पुलिस वालों का टिकट बनाने को कहा। लेकिन पुलिस वाले किराया देने को तैयार नहीं थे। इस पर इन दोनों विजिलेंस इंसपेक्टरों ने उसकी नौकरी जाने की धमकी दी। फिर कहा कि यदि इससे बचना चाहते हो तो तुरंत 25 हजार का इंतजाम कर दो। मेरे पास पैसे नहीं थे। मैने मना कर दिया। इस पर विजिलेंस इंसपेक्टर प्रवीण आनंद ने एक मोबाइल नंबर दिया और उस पर ऑनलाइन पेमेंट करने को कहा। मैने यह बात अपने बेटे रोहित को बताई। उसने गुगल-पे के जरिए उस नंबर पर 10 हजार स्थानांतरित कर दिए। 27 जनवरी 2022 को दिल्ली से लखनऊ लौटते समय विजिलेंस इंसपेक्टर गगन जायसवाल ने कहा कि शेष 15 हजार भी दो। वरना नौकरी से हाथ धो बैठोगे। काफी मान-मनौव्वल के बाद 10 हजार और लेने पर राजी हो गए। मैने पुन: अपने बेटे से उनके द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर पर ऑनलाइन 10 हजार जमा करा दिए। बीते छह अप्रैल को सीबीआई की विशेष अदालत ने मुल्जिम को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा था।

## शिविर में बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निस्तारण



**लखनऊ।** ऊर्जा मंत्री एके शर्मा एवं उच्चाधिकारियों के निर्देशों के अनुपालन में मंगलवार को अधीक्षण अभियंता नगरीय वितरण (मंडल प्रथम) लेसा द्वारा जनसुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में अधीक्षण अभियंता राम नरेश सरोज ने उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनीं व संबंधित अधिकारियों को शीघ्र शिकायतों के निस्तारण हेतु निर्देश दिए। यह जनसुनवाई शिविर 'संभव' नामक कार्यक्रम व पोर्टल के अंतर्गत आयोजित किया गया। इसमें कुछ उपभोक्ताओं की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस दौरान उपभोक्ताओं की बिलिंग, मीटर खराब, विद्युत आपूर्ति, लोबोल्टेज, ज्यादा बिल आने तथा कनेक्शन आदि से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की गई।

## सपा मुखिया ने व्यक्त किया शोक

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केदारनाथ दर्शन के लिए जा रहे एक ही परिवार के 11 लोगों के दुर्घटनाग्रस्त होने की खबर पर गहरा दुःख जताया है। दुर्घटना में एक ही परिवार के 5 लोगों की मृत्यु हो गई। 6 घायलों में 3 की हालत गम्भीर है। अखिलेश यादव ने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए मृतक आश्रितों को पर्याप्त मुआवजा और घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था करने की भाजपा सरकार से मांग की है।


## सपा का प्रतिनिधिमण्डल कल जाएगा कन्नौज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशनुसार 26 मई को सपा का प्रतिनिधि मण्डल जनपद कन्नौज जायेगा। कन्नौज के ग्राम अरूहो ब्लाक हसेरन विधान सभा क्षेत्र तिर्वा की 10 वर्षीय बालिका की 18/19 मई को रात्रि में बलात्कार के बाद की गई हत्या की जांच एवं पीड़ित परिवार से मिलने हेतु प्रतिनिधि मण्डल ग्राम अरूहो ब्लाक हसेरन जनपद कन्नौज पहुंचेगा। प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यगण है। अनिल दोहरे पूर्व विधायक समाजवादी पार्टी, मो. कलीम खान जिलाध्यक्ष सपा कन्नौज, अनिल पाल पूर्व प्रत्याशी सपा तिर्वा, शशिमा सिंह प्रदेश सचिव सपा महिला सभा, कंचन कनौजिया जिलाध्यक्ष समाजवादी महिला सभा, शरद यादव अध्यक्ष विधान सभा क्षेत्र तिर्वा।

## ज्वैलर्स की दुकान का शटर उठाकर लाखों के जेवरात चोरी

**लखनऊ।** राजधानी के सरोजनीनगर इलाके में स्थित चोरों ने एक ज्वैलर्स की दुकान का ताला तोड़कर लाखों कीमत के जेवरात नकदी व महत्वपूण कागजात चोरी कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन फानन में सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार नयी बस्ती सरोजनीनगर निवासी प्रतीक मिश्रा ने बताया कि गंगानगर अमौसी में उनकी प्रतीक ज्वैलर्स के नाम से दुकान है जहां चोरों ने बीती रात दुकान का शटर उठाकर उसमें रखी आठ किलो ग्राम चांदी दो सौ ग्राम सोना नकदी व अन्य जरुरी कागजात चोरी कर लिए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## सीएमएस छात्रा वैभवी को 30,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप



**लखनऊ।** अमेरिका के कोलम्बिया कालेज ने उच्चशिक्षा हेतु सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) के इण्टरनेशनल कैम्ब्रिज सेक्शन की छात्रा वैभवी मित्तल को 30,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप से नवाजा है। वैभवी को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। उक्त जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि वैभवी ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सीएमएस संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने छात्रा की सफलता पर हार्दिक प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## रोड किनारे शव फेंककर फरार हो गया ई रिक्शा चालक

**लखनऊ।** राजधानी के कृष्णानगर इलाके में ई रिक्शा ड्राइवर शव फेंक कर भाग निकला। राहगीरों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी थी। इसके बाद युवक को लोकबंधु अस्पताल ले जाया गया था। जहां डॉक्टरा ने मौत होने की पुष्टि की थी। इंस्पेक्टर आलोक राय के मुताबिक सोमवार देर शाम वीआईपी रोड के पास शव पड़ा मिला था। सीसीटीवी चेक करने पर ई रिक्शा ड्राइवर युवक को फेंक कर जाता हुआ दिखाई पड़ा है। उनके मुताबिक ड्राइवर ने चेहरे पर मास्क पहने था। वहींए ई रिक्शे पर कोई नम्बर भी नहीं पड़ा था। इंस्पेक्टर ने बताया कि शव की पहचान कराने का प्रयास पुलिस कर रही है। इसके साथ ही शव मिलने के स्थान पर लगे सीसी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

# दिल्ली से लायी जा रही शराब की धरपकड़ के निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आबकारी** आयुक्त, सेंथिल पांडियन सी, द्वारा अवगत कराया गया है कि शासन के निर्देशों के क्रम में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी पर रोक लगाये जाने हेतु जनपदों में लगातार प्रवर्तन एवं वाहनों की चेकिंग की कार्रवाई की जा रही है।

आबकारी आयुक्त द्वारा गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर के दौरा के दौरान एनसीआर के जिला आबकारी अधिकारियों की बैठक कर समीक्षा करते हुए दिल्ली बॉर्डर पर चौकसी बरतने के कड़े निर्देश दिए गए है। उनके द्वारा अवगत कराया गया कि बार्डर पर और अधिक निगरानी रखने के उद्देश्य से जनपदीय टीमों के साथ 5 नवनियुक्त आबकारी निरीक्षकों को भी तैनात किया गया है, जिनके द्वारा सीमा क्षेत्रों में पूरी सक्रियता बरती जा रही है और टीमें दिल्ली बॉर्डर से मदिरा लेकर आने वाले हर संदिग्ध व्यक्ति और वाहनों की गहन चेकिंग कर रही हैं तथा उन पर पैनी नजर रखी हुई है। चेकिंग के क्रम में गत दिवस जनपद गाजियाबाद की विभिन्न टीमों द्वारा दिल्ली बॉर्डर, ट्रांसपोर्ट नगर, भोपुरा, लोनी बार्डर पर चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान टीम द्वारा होंडा एक्टिवा से दिल्ली राज्य से मदिरा लेकर आते हुए 2 अभियुक्तों को 9 बोतल के साथ गिरफ्तार किया गया, जबकि दूसरी टीम द्वारा खोड़ा में एक व्यक्ति को 9 बोतल बीयर (फार सेल इन दिल्ली) के साथ पकड़ा।

तीनों गिरफ्तार व्यक्तियों तथा साथ ही दिल्ली स्थित विदेशी मदिरा की सैनिक फूड प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी के डायरेक्टर के विरुद्ध को भी थाना खोड़ा में आबकारी अधिनियम एवं आईपीसी की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कराया गया।

### कार्रवाई के बाद जल संचयन में जुटा एलडीए

# मानसून से पहले बिल्डिगों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग जांचेगा एलडीए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहर** में 300 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफल वाले सभी सरकारी व निजी भवनों में एलडीए रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जांच करेगा। इसमें कॉमर्शियल इमारतें, ग्रुप हाउसिंग भवन और पार्क आदि भी शामिल रहेंगी। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष ने मंगलवार को रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के सम्बंध में समीक्षा बैठक करके अधिकारियों को दिशा.निर्देश जारी किये। वीसी ने मॉनसून से पहले इस कार्य को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। मंगलवार को बैठक के दौरान एलडीए उपाध्यक्ष अक्षय त्रिपाठी ने 300 वर्गमीटर से अधिक क्षेत्रफ्ल वाले सरकारी और निजी भवनों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का सत्यापन का निर्देश दिया। अधिकारियों को प्राधिकरण की सभी बिल्डिंग का डाटाबेस बनाकर वहां रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एलडीए की जिन बिल्डिंगों का अनुरक्षण प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है, उनमें रेन वॉटर हार्वेस्टिंग से सम्बंधित कार्य प्राधिकरण द्वारा करवाया जाए। वहीं, जो बिल्डिंग रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को हैंडओवर हो चुकी हैंए उनमें आरडब्ल्यू के पैसे से रेन वॉटर हार्वेस्टिंग उपकरणों को सुचारू कराने का काम कराया जाए। इसके अलावा सभी सरकारी बिल्डिंगों का भी सर्वे करके उनमें रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की जांच करायी जाए। इसी तरह निजी इमारतों में भी रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की जांच की जाए। उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पार्क एवं भवनों में अगर कहीं नया स्ट्रक्चर बनाया गया है, तो वहां भी रेन वॉटर हार्वेस्टिंग का कार्य तुरंत पूरा करा लिया जाए।

# पेज एक का शेष

## कानून व्यवस्था...

बातें उनके सामने साफ होती। अभिभाषण का जब जवाब देंगे तो आप को स्पष्ट रूप से बताएंगे कि अपराधों में कितनी गिरावट आई है। उन्होंने कहा कि पहले विधानसभा के चुनाव होते थे या कोई चुनाव होता था तो चुनाव के दौरान या उसके बाद व्यापक हिंसा होती थी। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों ने इस विधानसभा चुनाव के दौरान भी या उसके बाद कुछ हरकत की थी लेकिन उस हरकत को कुछ ही घंटों में हम लोगों ने नियंत्रित भी किया। योगी ने कहा, उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था देश के अंदर आज नजीर बनी हुई है। पांच वर्षों में कोई दंगा नहीं हुआ।

## हिंद-प्रशांत...

में मोदी ने कहा कि क्वाड सदस्य देशों के बीच आपसी विश्वास और दृढ़ संकल्प लोकतांत्रिक ताकतों को नई ऊर्जा दे रहा है और इस समूह का काम स्वतंत्र, खुले और समावेशी हिंद-प्रशांत को प्रोत्साहित कर रहा है। चीन हमेशा से इस समूह की आलोचना करता रहा है। वह दावा करता है कि क्वाड हिंद-प्रशांत क्षेत्र का सैन्यीकरण करेगा। मोदी ने कहा कि क्वाड हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए एक रचनात्मक एजेंडे पर काम कर रहा है।

## रिश्तों को...

भेंट की। सूत्रों के मुताबिक बाइडन ने कोविड महामारी को लोकतांत्रिक तौर तरीके से सफलापूर्वक संभालने के लिए मोदी की सराहना की। उन्होंने महामारी को संभालने में चीन की नाकामी और भारत की सफलता की तुलना की। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ने बंद कमरे में क्वाड शिखर बैठक के दौरान ये टिप्पणियां की। बाइडन ने मोदी से कहा कि वे अमेरिका के भारत के रिश्तों को धरती सबसे करीबी रिश्तों में से एक बनाना चाहते हैं।

## कांग्रेस की...

ऐसा करने की पेशकश के बाद कांग्रेस में शामिल होने से इनकार कर दिया था। कनुगोलू अब कांग्रेस के सदस्य बन गए हैं। पार्टी के संगठन महासचिव के. सी. वेणुगोपाल द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष ने इन महत्वपूर्ण समूहों का गठन किया। कार्यबल के गठन के कुछ घंटों के भीतर ही कांग्रेस के मुख्यालय में इसकी पहली बैठक भी हुई जिसमें प्रियंका गांधी, पी चिदंबरम, जयराम रमेश और कुछ अन्य नेता शामिल हुए।

## आतंकी हमले...

राष्ट्र और सर्वोच्च बलिदान को हमेशा याद किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने भी पुलिसकर्मी पर हमले की निंदा की। उमर अब्दुल्ला ने ट्वीट किया कि मैं जम्मू-कश्मीर पुलिस के कांस्टेबल सैफुल्ला कादरी पर इस हमले की स्पष्ट रूप से निंदा करता हूं जिसमें उन्होंने अपनी जान गंवा दी।

## जम्मू-कश्मीर...

कांफ्रेंस के संस्थापक व पूर्व मुख्यमंत्री शेख अब्दुल्ला जम्मू-कश्मीर के लोगों के दिलों पर राज करते रहेंगे।प्रवक्ता ने कहा, जम्मू-कश्मीर के लोग जहां खड़े हैं, वहां तक पहुंचने के लिए उन्होंने कई मोर्चों पर संघर्ष किया है।

## पंजाब में...

की निविदाओं और खरीद में कथित रूप से एक प्रतिशत कमीशन की मांग किए जाने की जानकारी मिलने के बाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने पुलिस को उनके खिलाफ मामला दर्ज करने का निर्देश दिया। सूत्रों ने बताया कि इसके कुछ देर बाद ही पंजाब पुलिस ने 52 वर्षीय सिंगला को गिरफ्तार कर लिया। सिंगला मानसा विधानसभा सीट से विधायक हैं।

## अधीक्षण अभियंता...

से 1.16 करोड़ रुपए की रिश्वत और भविष्य के सभी ठेकों में एक प्रतिशत कमीशन की मांग की थी। पंजाब स्वास्थ्य प्रणाली निगम में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत अधीक्षण अभियंता राजिंदर सिंह ने यह आरोप भी लगाया प्राथमिकी के अनुसार उन्होंने कहा कि मंत्री के ओएसडी प्रदीप कुमार ने पिछले महीने उन्हें पंजाब भवन बुलाया और कहा कि उन्होंने 41 करोड़ रुपए की निर्माण परियोजनाओं का आवंटन किया और मार्च में ठेकेदारों को 17 करोड़ रुपए का भुगतान किया।

## आज सीबीआई...

के एक उच्च अधिकारी ने 50 लाख रुपए की रिश्वत दी थी। वेदांत समूह की कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) पंजाब में एक संयंत्र लगा रही थी और इसके लिए एक चीनी कम्पनी को जिम्मा दिया गया था। प्राथमिकी के अनुसार, टीएसपीएल के अधिकारी ने 263 चीनी श्रमिकों के लिए फिर से वीजा जारी करने के एवज में कथित तौर पर 50 लाख रुपए की रिश्वत दी थी।

## कुतुब मीनार...

था। अधिवक्ता ने कहा कि शिलालेख से स्पष्ट है कि इन मंदिरों के अवशेषों से मस्जिद का निर्माण किया गया था, लेकिन कहीं भी यह उल्लेख नहीं है कि मंदिरों को ध्वस्त करके सामग्री प्राप्त की गई थी। साथ ही, यह भी स्पष्ट नहीं है कि उन्हें उसी स्थल से हासिल किया गया था या बाहर से लाया गया था। यह ध्वस्तीकरण नहीं बल्कि निर्माण के लिए मंदिरों के अवशेष प्रयोग किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्राचीन स्मारक तथा पुरातात्विक स्थल और अवशेष (एएमएएसआर) अधिनियम के तहत ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जिसके तहत किसी स्मारक में उपासना शुरू की जा सके।

## ज्ञानवापी मामले...

है या नहीं, इस पर अदालत 26 मई को सुनवाई करेगी। सिंह ने बताया कि इसके साथ ही अदालत ने कमीशन की कार्यवाही पर आपत्ति दाखिल करने के लिए दोनों पक्षों को एक सप्ताह का समय दिया है। मुस्लिम पक्ष के वकील अभय नाथ यादव ने बताया कि उन्होंने सोमवार को मामले की सुनवाई के दौरान कहा था कि उन्होंने अदालत में प्रार्थना पत्र देकर यह कहा है कि यह मुकदमा सुनने लायक नहीं है क्योंकि ज्ञानवापी प्रकरण की सुनवाई करना उपासना स्थल अधिनियम-1991 का उल्लंघन है।

## सर्वोच्च न्यायालय...

का दर्जा केवल उन्हीं ढांचों को दिया जा सकता है जो इस्लाम के सिद्धांतों के अनुसार बनाए गए हैं और इस्लामी कानून में निहित प्रावधानों के खिलाफ बनाई गई मस्जिदों को मस्जिद नहीं कहा जा सकता। ज्ञानवापी मस्जिद की प्रबंधन समिति अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद ने परिसर के सर्वेक्षण पर रोक लगाने के लिए शीर्ष अदालत का रुख किया था। शीर्ष अदालत ने 20 मई को ज्ञानवापी मस्जिद पर हिंदू भक्तों द्वारा दायर दीवानी मुकदमे को दीवानी न्यायाधीश (वरिष्ठ संभाग) से जिला न्यायाधीश, वाराणसी को यह कहते हुए स्थानांतरित कर दिया था।

# कमिश्नर ने योग कर दिया स्वच्छता व पर्यावरण का संदेश





**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**स्वच्छ** वरुणा ,हरित वरुणा सृजन अभियान के दौरान वरुणा तट स्थित शास्त्री घाट पर मंगलवार को सुबह 6:30 बजे आयोजित योग कार्यक्रम में सनबीम ग्रुप की योग टीचर पुष्पांजलि तथा साधक आशुतोष पांडेय के सहयोग से योगाचार्य रितेश दुबे ने योगाभ्यास कराया। योग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कमिश्नर दीपक अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि सनबीम ग्रुप के चेयरमैन दीपक मधोक, सृजन सामाजिक विकास न्यास के चेयरमैन अनिल सिंह, 95 बटालियन सीआरपीएफ के कमांडेंट अनिल वृक्ष,137 बटालियन गंगा टास्क फोर्स के लेफ्टिनेंट कर्नल हेमंत गंभीर, पर्यावरण के क्षेत्रीय निदेशक कालिका सिंह तथा मत्स्य विभाग के डिप्टी डायरेक्टर रहमानी इत्यादि लोगों के साथ-साथ सनबीम स्कूल के छात्र-छात्राओं ने योग कर स्वच्छता एवं पर्यावरण का संदेश दिया। योग कार्यक्रम में आए हुए मुख्य अतिथि तथा विशिष्ट अतिथियों को सनबीम ग्रुप के चेयरमैन दीपक मधोक द्वारा अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर तथा पर्यावरणविद अनिल सिंह द्वारा पौधा देकर सम्मानित किया गया। जिसके दौरान मुख्य अतिथि कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने अपनी पूरी टीम के साथ योग कर काशी के जन-जन को आवाहन किया कि योग कर अपने को स्वस्थ रखें तथा स्वच्छता एवं पर्यावरण का संरक्षण करें। और उन्होंने सृजन सामाजिक विकास न्यास के चेयरमैन अनिल सिंह व 95 बटालियन सीआरपीएफ तथा 134 बटालियन गंगा टास्क फोर्स द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों का सराहना किया। कार्यक्रम के अंत में वरुणा नदी व शास्त्री घाट पर किए गए साफ-सफाई का अवलोकन किया।कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सनबीम ग्रुप के चेयरमैन दीपक मधोक ने कहा कि स्वच्छता एवं पर्यावरण से संबंधित कार्यों के लिए हम तथा हमारा सनबीम ग्रुप सदैव तैयार रहेगा। कार्यक्रम के अंत में पर्यावरणविद अनिल सिंह ने पर्यावरण संरक्षण ,वर्षा जल संचयन तथा स्वच्छता व गंगा तथा उससे संबंधित नदियों को तथा तालाबों को स्वच्छ रखने तथा नए अमृत तालाब बनवाने हेतु सभी को जागरूक करते हुए शपथ दिलाया।

### छात्रवृत्ति खातों में नहीं आने से छात्रों में आक्रोश

# एवीबीपी के कार्यकर्ताओं ने समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय पर किया प्रदर्शन




**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**अखिल भारतीय** विद्यार्थी परिषद काशी जिला द्वारा जिला संयोजक अश्वनी कुमार सिंह के नेतृत्व में छात्रों का छात्रवृत्ति नहीं पर मंगलवार को समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय पर दो दर्जन से ज्यादा एवीबीपी के छात्रों ने धरना-प्रदर्शन किया। धरना-प्रदर्शन स्थल पर संयोजक अश्वनी कुमार सिंह ने कहा कि समाज कल्याण अधिकारी द्वारा छात्रों का वैरिफिकेशन कर दिया गया है उसके बावजूद छात्रों के खातों में छात्तवृत्ति नहीं आ रहा है यह अधिकारियों की निकम्मापन है। जिससे छात्रों का हनन हो रहा है। छात्रों ने अधिकारियों को चेतावनी देते कहा कि एक सप्ताह के अंदर छात्रों की छात्रवृत्ति उनके खातों में नहीं आया तो एवीबीपी के समस्त छात्र सड़क पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगें।

## जगतपुर पीजी कालेज के विभिन्न विषय के आठ अध्यापक प्रोन्नत

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**जगतपुर** पोस्ट ग्रेजुएट कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर अनिल प्रताप सिंह के नेतृत्व में महाविद्यालय के आठ एसोसिएट प्रोफेसर, प्रोफेसर के पद पर स्क्रीनिंग कमेटी/चयन समिति द्वारा पदोन्नत किए गये। जिनमें डॉ. निलय कुमार(समाजशास्त्र), डॉ. ज्योति मिश्रा(समाजशास्त्र), डॉ. अशोक सिंह(समाजशास्त्र),डॉ. रमेशचन्द (हिन्दी), डॉ. संगीता गुप्ता (अंग्रेजी), डॉ. निरंजन कुमार सिंह(अर्थशास्त्र), डॉ. ओमप्रकाश उपाध्याय (राजनीतिशास्त्र) एवं डॉ. पुष्पा सिंह का संस्कृत में चयन किया गया। चयन समिति में निदेशक उच्च शिक्षा उप्र के नामिनी उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. ज्ञान प्रकाश वर्मा व प्रबंध समिति के अध्यक्ष डॉ.अनिरूद्ध नारायण सिंह सहित विषय विशेषज्ञ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर उपस्थित रहे।

# पांच वर्षों में खर्च की गयी 19 करोड़ की धनराशि

- आयुष्मान योजना के तहत बनाए गए तीन लाख चार हजार छत्तीस कार्ड
- जिले को प्रदेश में मिली 14 वीं रैंक

**संवाददाता।** मिर्जापुर

**आयुष्मान योजना** में अब तक 19 करोड़ से अधिक धनराशि खर्च की जा चुकी है। योजना के तहत तीन लाख चार हजार छत्तीस कार्ड बनाये कार्ड बनाये जा चुके हैं। इस आशय की जानकारी एक बैठक के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजीव सिंधल ने दी। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि आयुष्मान योजना में जिले के 20 निजी चिकित्सालय व 16 सरकारी चिकित्सालयों को सम्बद्ध किया गया है। इन चिकित्सालयों में उपचार के दौरान 19 करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च किया जा चुका है। अप्रैल 2018 से मई 2022 तक जिले में तीन लाख चार हजार छत्तीस हजार कार्ड बनाये गये है। कार्ड जिले के मण्डलीय चिकित्सालय के अलावा 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व 53 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर आरोग्य मित्र के माध्यम से बिल्कुल निशुल्क बनाया जा रहा है। प्रदेश स्तर से जिले के 14 वां रैंक मिलने पर सभी स्वास्थ्य कर्मियों के कार्यो की प्रशंसा की जाए उतनी कम है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व नोडल अधिकारी डॉक्टर गुलाब का कहना है कि आयुष्मान योजना को लेकर विभाग समय.समय पर अभियान चलाकर ब्लाक स्तर पर शिविर लगाकर कोटेदारों व कॉमन सर्विस सेंटर के सहयोग से कैम्प लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाया जाता रहा है।

## छह स्वास्थ केंद्रों पर आयोजित हुआ प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व क्लीनिक

**गाजीपुर।** सुरक्षित मातृत्व अभियान भारत सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है। जिसके माध्यम से गर्भवती महिलाओं और आने वाला उनका शिशु स्वस्थ हो। इसी उद्देश्य्य को लेकर कर प्रत्येक माह की 9 तारीख को पूरे जनपद में मनाया जाता है। वहीं 24 तारीख को जनपद के समस्त फर्स्ट रेफरल यूनिट पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व क्लीनिक का आयोजन करके स्त्री रोग विशेषज्ञ की देखरेख में एएनसी जांच एवं एवं उपचार से अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं को आच्छादित किया जाना है।

जिस के क्रम में मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद पर प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व क्लीनिक का आयोजन किया गया। इसके अलावा सैदपुर जखनिया कासिमाबाद भदौराबरुइन जमानिया में इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही मोहमदाबाद में महिला डॉ नीरज कुमारी ने गर्भवती महिलाओं की जांच एवं उपचार किया।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद, रायबरेली

पत्रांक : 327 / न0पा0परि0रा0 / पी0डब्लू0(ईओ)–ई–टेन्डरिंग / 15वॉ वित्त / 2022–23 दिनांक : 23.05.2022

## "अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना"

15हवें वित्त आयोग (निर्दिष्ट अनुदान / बुनियादी अनुदान) के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना पत्र संख्या 1230 / एल0बी0सी0–15वें वि0आ0–कार्ययोजना / 2021 दिनांक 22 दिसम्बर, 2021 के क्रम में निम्नलिखित निर्माण कार्यों की निविदायें पालिका के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों / यू0पी0 इलेक्ट्रानिक्स कार्पोरेशन लिमिटेड में रजिस्टर्ड बिल्डर्स / कान्ट्रैक्टर्स / बेन्डर्स से निविदायें दिनांक 25.05.2022 से दिनांक 31.05.2022 को सायं 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जिसकी समस्त कार्यवाही www.e-tender.up.nic.in पर ही की जायेगी। अपलोड की गयी निविदायें दिनांक 01.06.2022 को पूर्वान्ह 11.00 बजे खोली जायेगी। टेण्डर स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। जी0एस0टी0 शासन के निर्देशानुसार मान्य होगी। ई–निविदा से सम्बन्धित समस्त जानकारी कार्यालय के निर्माण अनुभाग से किसी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

**टेण्डर शेड्यूल (www.e-tender.up.nic.in पर)**

| क्र0सं0 | नगरपालिका परिषद रायबरेली। | ठेकेदार | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1- | Tender Release | Tender upload | 24-05-2022, 11.00 AM | 25-05-2022, 5.00 PM |
| 2- | | Tender Download | 26-05-2022, 10.00 AM | 01-06-2022, 5.00 PM |
| 3- | | Bid Submission | 26-05-2022, 10.00 AM | 01-06-2022, 5.00 PM |
| 4- | Bid Opening | | 02-06-2022, 11.00 AM | |

**"कार्य का विवरण"**

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आंगणन धनराशि (GST सहित) | अर्नेस्टमनी | निविदा मूल्य +18%GST | कार्य पूर्ण की अवधि | कार्य की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | | | 6 |
| 1 | वार्ड नं0 33, 34 व 30 के अन्तर्गत मो0 कहारों का अड्डा में अलीमियां चौक से गुलाब रोड मोड़ तक हाटमिक्स प्लान्ट से डामर रोड का सुधार कार्य | 2192388.00 | 43848 | 2587 | 2 माह | डी0 |
| 2 | वार्ड नं0 33, 34 व 30 के अन्तर्गत मो0 कहारों का अड्डा में बक्कन ट्रान्सपोर्ट से किला बाजार ढाल एवं सरीफ चाय वाले के सामने तक हाटमिक्स प्लान्ट से डामर रोड का सुधार कार्य | 2133888.00 | 42678 | 2518 | 2 माह | डी0 |
| 3 | मोहल्ला नया पुरवा में डिग्री कालेज चौराहे के पास से आर्युवैदिक हास्पिटल होते हुए मस्जिद तक हाटमिक्स प्लान्ट से डामर रोड का सुधार कार्य | 1388909.00 | 27778 | 1639 | 2 माह | डी0 |
| 4 | मोहल्ला अमृत नगर में रेलवे स्टेशन के सामने से पुराना इलाहाबाद बैंक होते हुए पुरानी इण्टरलाकिंग रोड तक डामर रोड का सुधार कार्य | 643791.00 | 12876 | 760 | 2 माह | डी0 |
| 5 | वार्ड नं0 13 व 18 के अन्तर्गत मो0 जवाहर विहार कालोनी में जैतूपुर सम्पर्क मार्ग से अजय कुमार खरे के मकान से होते हुए आर0के0 यादव के मकान एवं सीवर पम्प स्टेशन के सामने तक हाटमिक्स प्लान्ट से डामर रोड का सुधार कार्य | 1187327.00 | 23747 | 1401 | 2 माह | डी0 |
| 6 | मोहल्ला बरवारीपुर में रायबरेली सुल्तानपुर मुख्य मार्ग से राजीव गॉधी आवास होते हुए राकेश कुमार गुप्ता के मकान तक हाटमिक्स प्लान्ट से डामर रोड व नाली .का निर्माण कार्य। | 2192964.00 | 43859 | 2588 | 2 माह | डी0 |
| 7 | वार्ड नं0 7 के अन्तर्गत मो0 हनुमन्तपुरम में रघुकुल कैम्पस से मयंक ट्रेडर्स के सामने तक गहरा नाला का निर्माण कार्य। | 2045916.00 | 40918 | 2414 | 2 माह | डी0 |
| 8 | वार्ड नं0 के अन्तर्गत मो0 नया पुरवा मस्जिद के सामने से समद गैरेज मोड़ के समीप तक गहरा नाला का निर्माण कार्य। | 2226727.00 | 44535 | 2628 | 2 माह | डी0 |
| 9 | मोहल्ला शिवपुरम में अमन सिंह के मकान से कंचन सिंह के मकान तक नाली व रिटर्निंगवाल एवं रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग सड़क का निर्माण कार्य। | 1712014.00 | 34240 | 2020 | 2 माह | डी0 |
| 10 | मोहल्ला शिवाजी नगर में ओम प्रकाश अवस्थी के मकान से एस0पी0 सिंह के मकान तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व नाली का निर्माण कार्य। | 1441117.00 | 28822 | 1701 | 2 माह | डी0 |
| 11 | मोहल्ला रतापुर में बाल विद्या मन्दिर एन०एच0 के पास से अनूप जायसवाल व लखपति के मकान व वंशीलाल के मकान के निकट तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व नाली मरम्मत का निर्माण कार्य। | 999766.00 | 19995 | 1180 | 2 माह | डी0 |
| 12 | मोहल्ला रतापुर राम नरेश यादव के घर के आगे से कृष्णानन्द के घर होते हुए भगवान स्वरूप व श्री सत गुरू आश्रम होते हुए वंशीलाल के घर के आगे तक रबरमोल्ड व नाली मरम्मत का निर्माण कार्य। | 1182438.00 | 23649 | 1395 | 2 माह | डी0 |
| 13 | वार्ड नं0 14 के अन्तर्गत मो0 तिलक नगर में बजरंग बहादुर के घर से अंकुर श्रीवास्तव के घर के आगे तक रबरमोल्ड इंटरलाकिंग व नाली का निर्माण कार्य। | 628943.00 | 12579 | 742 | 2 माह | डी0 |
| 14 | वार्ड नं0 7 के अन्तर्गत मो0 शीतला विहार में राजकुमार के मकान से शिव शंकर पटेल के मकान एवं अनूप तिवारी के मकान से शिव सेवक सिंह के मकान तक नाली व रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग सड़क का निर्माण कार्य। | 716664.00 | 14333 | 846 | 2 माह | डी0 |
| 15 | मोहल्ला राना नगर में संजय सिंह के मकान सुषमा सिंह व कब्रिस्तान बाउण्ड्री तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व नाली का निर्माण कार्य। | 523929.00 | 10479 | 618 | 2 माह | डी0 |
| 16 | वार्ड नं0 17 मो0 तुलसी नगर नहरिया में भूपेन्द्र सिंह के भवन से आर०बी0 सोनकर व उपासना पाण्डेय व नीशू अग्रवाल के मकान तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व नाली का निर्माण कार्य। | 1643241.00 | 32865 | 1939 | 2 माह | डी0 |
| 17 | वार्ड नं० 11 के अन्तर्गत सिद्धार्थ विहार में दुष्यन्त कुमार वर्मा के मकान से जगमोहन के मकान व पुलिया तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व नाली का निर्माण कार्य। | 980666.00 | 19613 | 1157 | 2 माह | डी0 |
| 18 | वार्ड नं0 9 के अन्तर्गत खटिकाना (बगियाटोला) में राम चन्दर सोनकर के घर से श्याम बाबू व धर्मेन्द्र सोनकर के घर से होते हुए प्रेम सोनकर के घर तक नाली व रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग का निर्माण कार्य। | 420210.00 | 8404 | 495 | 2 माह | डी0 |
| 19 | वार्ड नं0 10 के अन्तर्गत शिवाजी नगर में भूपेश सिंह के मकान से जितेन्द्र पाल के मकान तक नाली व रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग सड़क का निर्माण कार्य। | 1127708.00 | 22554 | 1331 | 2 माह | डी0 |
| 20 | वार्ड नं0 9 के अन्तर्गत मो0 बस्तेपुर में बिशुन चन्द्र मौर्या के मकान से श्रीमती कमला सरोज के मकान होते हुए शैलेश सिंह एडवोकेट के मकान तक रबरमोल्ड इण्टरलाकिंग व नाली का निर्माण कार्य। | 1364028.00 | 27281 | 1610 | 2 माह | डी0 |
| 21 | वार्ड नं0 के अन्तर्गत मो0 गुलाबरोड से एकता सदन से प्रेम कुमार व बाला जी मन्दिर के सामने तक हाटमिक्स प्लान्ट से डामर रोड का सुधार कार्य। | 427059.00 | 8541 | 504 | 2 माह | डी0 |

(डा0 आशीष कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, रायबरेली।

(पूर्णिमा श्रीवास्तव)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, रायबरेली।


# सुधाकर दूबे के हुई मृत्यु की होगी मजिस्ट्रियल जांच

**सोनभद्र।** जिला मजिस्ट्रेट चन्द्र विजय सिंह ने बाकीदार सुधाकर प्रसाद दूबे के मृत्यु की जॉच हेतु उप जिलाधिकारी मुख्यालय प्रमोद कुमार तिवारी को जॉच हेतु मजिस्ट्रेट नामित किया है जो बाकीदार सुधाकर प्रसाद दूबे पुत्र राधेश्याम दूबे की मृत्यु के प्रत्येक पहलुओं की संघनता से जॉच करते हुए सुस्पष्ट मजिस्ट्रियल जॉच उपलब्ध करायेंगें। उन्होंने बताया कि में0 दूबे इलेक्ट्रानिक के प्रोपराइटर सुधाकर प्रसाद दूबे ने यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया से 10 लाख 21 हजार 351 रूपये का वसूली प्रमाण पत्र तहसील को प्राप्त हुआ था, उक्त बकाये की वसूली के क्रम में तहसीलदा द्वारा बाकीदार के विरूद्ध गिरफ्तारी करते हुए दिनांक 12 मई, 2022 के राजस्व हवालात में निरूद्ध किया गया था। नजारत के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हरेराम ने लगभग 5 बजे सूचना दिया कि बाकीदार सुधाकर प्रसाद दूबे की तबीयत खराब है। इस पर तत्काल संज्ञान लेकर तहसीलदार द्वारा बाकीदार को राजस्व हवालात से अवमुक्त किया गया तथा मानवीय आधार पर बाकीदार को जिला संयुक्त चिकित्सालय में भेजवाया गया। जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेन्टर के लिए रेफर कर दिया गया, जिससे तहसीलदार द्वारा बाकीदार के परिजनों को सूचित किया गया। बाकीदार के परिजन उसे वाराणसी ईलाज हेतु लेकर जा रहे थे, जिसके उपरान्त बाकीदार सुधाकर प्रसाद दूबे की मृत्यु हो जाने की सूचना प्राप्त हुई। उक्त के क्रम में उप जिलाधिकारी राबर्ट्सगंज तहसीलदार राबर्ट्सगंज ने सूचनार्थ आख्या उपलब्ध करायी गयी। उपरोक्त प्राप्त आख्या के सम्बन्ध में बाकीदार की मृत्यु होने पर संज्ञान लेते हुए इसकी मजिस्ट्रियल जॉच कराया जाना अपेक्षित है, जिससे मृत्यु के कारणों व अन्य आवश्यक पहलुओं की विधिवत निष्पक्ष जॉच की जा सके।

# अपर जिलाधिकारी ने किया सिंचाई विभाग के विभिन्न कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण

**मीरजापुर ।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल द्वारा सिचाई विभाग के विभिन्न प्रखण्डो के कार्यालयो का आकस्मिक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अभियन्ता बांध प्रखण्ड कार्यालय में 02 कर्मचारी तथा अधिशाषी अभियन्ता अनुसंधान एवं नियोजन खण्ड कार्यालय के एक कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये जिनका स्पष्टीकरण मांगते हुये एक दिन का वेतन रोकने की अपर जिलाधिकारी द्वारा संस्तुति की गयी। निरीक्षणोपरान्त अपर जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिरसी बांध प्रखण्ड का प्रातः 10.15 बजे निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता श्री रामशकर राजपूत अनुपस्थित मिले। इसी प्रकार कार्यालय अधिशासी अभियन्ता एम0सी0डी0 मीरजापुर के निरीक्षण दौरान अधिशासी अभियन्ता श्री वैभव सिंह सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, सिचाई खण्ड चुनार मीरजापुर के निरीक्षण निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता श्री हरिशंकर प्रसाद सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। नियोजन खण्ड, मीरजापुर का निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता श्री कमर अहमद से वार्ता करने पर बताया गया कि वह लखनऊ में तैनात है। मीरजापुर का उनके पास अतिरिक्त प्रभार है। आज वह लखनऊ कार्यालय में उपस्थित है। निरीक्षण के दौरान श्री रामपति वरिष्ठ सहायक अनुपस्थित पाये गये। सहायक अभियन्ता द्वारा बताया गया कि अधिशासी अभियन्ता लखनऊ मीटिंग में गये हैं। निरीक्षण के दौरान श्री जयप्रकाश सिंह, वरिष्ठ सहायक श्री राधेश्याम सोनकर, मुंशी अनुपस्थित पाये गये।अपर जिलाधिकारी द्वारा जिलाधिकारी को प्रेषित निरीक्षण आख्या में अनुपस्थित कर्मचारियों का स्पष्टीकरण प्राप्त करते हुए एक दिन का वेतन रोकने की संस्तुति की गयी है।

# ढेकुलियाघाट पर देहलूदास अखाड़े का हुआ शिलान्यास

**संवाददाता।** मऊ

**सर्वेश्वरी मुक्तिधाम** ढेकुलियाघाट स्थित हनुमान मंदिर पर आयोजित संकीर्तन और भंडारा के पल में आस्था और भक्ति अपने चरम पर रही। सिद्ध संगीत साधकों के भक्तिमय स्वर प्रवाह से तमसा तट दो दिन निनादित होता रहा। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रसिद्ध चिकित्सक डाण् संजय सिंह व जगतनारायण सिंह ने नये अखाडा निर्माण की आधारशिला रखकर भूमि पूजन किया। इस बीच आये हुए सभी संतों व कलाकारों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। भंडारा में नगर सहित जिले के सभी क्षेत्रों के तीन हजार लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। डाण् संजय सिंह ने अपने उदबोधन में कहा कि नगर के इस गौरवशाली धरोहर को पूर्णतया संरक्षित किया जाएगा। जन सहयोग से पार्क का सुंदरीकरणए अखाडा निर्माण के साथ सुविधाओं का विकास किया जाएगा। नगरपालिका अध्यक्ष तैयब पालकी ने स्थल के सुंदरीकरण की प्रतिबद्धता जताई। व्यवस्थापक पुरुषार्थ सिंह ने आगंतुकों को स्वागत करते हुए स्थल को विकसित करने में सबका सहयोग मांगा। संरक्षक राम अवध मौर्या ने कहा कि अखाडा का निर्माण होते ही सैक ?ों वर्ष पुरानी परंपरा पुनरू आरंभ हो जाएगी।



समाजसेवी प्रबंधक मडैयाघाट रामाश्रय सिंह अध्यक्ष ब्राह्मण विकास परिषद राम जी उपाध्याय भाजपा नेत्री डा सीता राय गनेश सिंह विजय कुमार सिंह डा नम्रता श्रीवास्तव डा अरविंद श्रीवास्तव शैलेंद्र सिंह पिंटू आनंद प्रताप सिंह सत्यमित्र सिंह ने संबोधित किया। दो दिन चलने वाले इस आयोजन में बाल गोविंद रामरुप राजमुनि राम गोविंद राजेश गिहार मान सिंह शशिकांत कुशवाहा रमेश मौर्या रिंकू राय प्रकाश आदि तत्परता के साथ लगे रहे।

## लोगों की समस्याओं को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष ने की अधिकारियों से वार्ता

**गाजीपुर।** जनपद की जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने नियमित साप्ताहिक जन सुनवाई के तहत लगातार 6 वें तथा इस माह के चौथे मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय पर स्वयं उपस्थित रही। उन्होंने लोगों के समस्याओं के समाधान के प्रति संबंधित अधिकारियों से वार्ता किया और समस्याओं के प्रति समाधान की अपेक्षा जताई। उन्होंने कहा कि समाज मे समानता और सुरक्षा के साथ सबको जीवन जीने का अधिकार है। हमारी समाज के प्रति अपने नैतिक कर्तव्यों का पालन समाज के प्रति मूल्य आधारित इमानदार जबाबदेही है। इस जनसुनवाई के दौरान अच्छेलाल गुप्ताए सुरेश बिंद जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा विजय सिंह मयंक जायसवाल राजन प्रजापति कार्तिक गुप्ता विनीत शर्मा दीलिप गुप्ता एवं अजय राय दारा सहित आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

# आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री

## कठिन चुनौतियां

**लगता** है कि आस्ट्रेलिया के नए प्रधानमंत्री ने क्वाड में अपनी भूमिका तथा चीन के संबंध में दृष्टिकोण तय कर लिया है। चीन को लगता है कि प्रधानमंत्री के रूप में स्काट मोरीसन के बाद पद पर आने वाले आस्ट्रेलिया लेबर पार्टी नेता एंथनी एल्बानीज़ उसके प्रति कम शत्रुतापूर्ण दृष्टिकोण अपनाएंगे। इस सोच का क्वाड पर क्या असर पड़ेगा? अमेरिका की पहल पर गठित सुरक्षा संवाद का संबंध हिंद-प्रशांत में चीनी शक्ति प्रदर्शन का मुकाबला करना है। यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि इस चतुष्कोणीय गठबंधन में समान साझीदार एल्बानीज़ के नेतृत्व वाला आस्ट्रेलिया चीन और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव को किस दृष्टिकोण से देखता है। क्वाड का पहला चरण बहुत उथलपुथल वाला रहा जब लिबरल नेता जान हावर्ड के नेतृत्व में आस्ट्रेलिया इस संवाद से बाहर चला गया था और उनके बाद आने वाले लेबर के केविन रड भी इसमें शामिल नहीं हुए थे। इस रणनीतिक पहल को 2017 में नया जीवन मिला और अब चारों सदस्य पहले के किसी समय की तुलना में क्वाड को सुरक्षित रखना चाहते हैं। इसी कारण क्वाड स्वयं को आश्वस्त करना चाहेगा कि हाल ही में समाप्त आस्ट्रेलियाई चुनाव अभियान की कड़वाहट, खासकर लिबरल-लेबर टकराव का उस पर कोई असर न पड़े जो दूसरे की तुलना में स्वयं को चीन के निकट प्रदर्शित करने पर तुले थे। उम्मीद करनी चाहिए कि एल्बानीज़ के सत्ता में आने के बाद इसकी प्रतिध्वनि नहीं सुनाई देगी।



क्वाड व आस्ट्रेलिया की जनता जानना चाहेगी कि क्या एल्बानीज़ मोरीसन की नीतियों की समीक्षा करेंगे या उनको जारी रखेंगे। चीन-आस्ट्रेलिया संबंध मोरीसन के कार्यकाल में सबसे खराब स्थिति में थे। हालिया चुनाव अभियान में लेबर पर चीन नीति की समीक्षा का भारी दबाव था। मोरीसन के नेतृत्व में लिबरल ने एल्बानीज़ पर चीन के प्रति नरम होने का आरोप लगाया था। उनका दावा था कि 'चीन सरकार ने उनका घोड़ा पकड़ लिया है और वे खामोश बैठे हैं।' पुनः प्रचारित एक वीडियो में दिखाया गया था कि 2018 में आस्ट्रेलिया-चीन व्यापार असोसियेशन के रात्रिभोज में एल्बानीज़ मैंडारिन बोलने का प्रयास कर रहे थे।

लेकिन एल्बानीज़ ने स्पष्ट किया है कि ताइवान व दक्षिण चीन सागर जैसे विवादास्पद मुद्दों पर कोई बड़ा परिवर्तन नहीं होगा। उन्होंने कहा था कि चीन के साथ आस्ट्रेलिया के संबंध 'चुनौतीपूर्ण होंगे' तथा अमेरिका के साथ दोस्ती आस्ट्रेलियाई विदेश नीति का 'पहला स्तंभ' बनी रहेगी। चुनाव के पहले लेबर पार्टी ने चीन के प्रति कठोर दृष्टिकोण प्रदर्शित किया था। नई विदेश मंत्री लेबर की पेनी वोंग ने अपने अभियान में कहा था कि वे चीन के साथ आस्ट्रेलिया के वर्तमान तनावों में 'पीछे कदम नहीं उठाएंगी।' हालांकि, वोंग ने एक साल पहले कहा था कि द्विपक्षीय टकराव का यह अर्थ नहीं कि 'हमारी कार्रवाइयों में सुधार का कोई स्थान नहीं बचा है।' वोंग ने फ्रांसीसी पनडुब्बियों की तुलना में आकुस से जुड़ी नाभिकीय पनडुब्बियां पसंद करने के लिए मोरीसन की आलोचना भी की थी। उस समय लेबर चाहते थे कि सैनिक व सुरक्षा मामलों में आस्ट्रेलिया का दृष्टिकोण अमेरिका से अलग हो। ऐसे में यह सोचना उचित नहीं होगा कि अंतरराष्ट्रीय राजनय में नए एल्बानीज़ अमेरिका-प्रथम नीति अपनाएंगे और साथ-साथ चीन से संबंधों को तार्किक रूप देंगे। अपनी ओर से चीन सारे प्रयास कर रहा है कि स्वस्थ संबंध दोनों देशों के हित में हैं। बीजिंग क्वाड में दरार पैदा करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। ऐसे में देखना होगा कि वास्तव में एल्बानीज़ क्या दृष्टिकोण अपनाते हैं।

# बिजली क्षेत्र के समक्ष चुनौतियां

डिस्काम को राज्य नियंत्रण से मुक्त कर उनको सभी उपभोक्ताओं के लिए दरें तय करने व निजी फर्मों को वितरण में आने की अनुमति मिलनी चाहिए।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक हैं)



मोदी सरकार वर्तमान समय में गंभीर बिजली संकट का सामना करने के लिए सभी प्रयास कर रही है। इसके अनेक अन्य कारणों के साथ वर्तमान मौसम में मांग बढ़ना भी शामिल है। सरकार इस क्षेत्र की बाधायें दूर करने का प्रयास कर रही है जिनमें कोयले की सप्लाई भी शामिल है जो देश में कुल बिजली उत्पादन में 52 प्रतिशत का जिम्मेदार है। अप्रैल-मई, 2022 में केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने सरकार को बिजली अधिनियम 2003 की धारा 11 के अंतर्गत मिली शक्तियों का प्रयोग करते हुए महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। उसने सभी आयातित कोयला-आधारित प्लांटों-आईसीबी को पूरी क्षमता से काम करने और बिजली पैदा करने तथा घरेलू कोयला प्रयोग करने वाली सभी उत्पादन कंपनियों-जेनकोज़ को अपनी ईंधन आवश्यकताओं का कम से कम 10 प्रतिशत कोयला आयात करने का निर्देश दिया। इसे 30 प्रतिशत तक बढ़ाने पर विचार किया जा रहा है। अन्य उपायों में सभी जेनकोज़ से कहा गया है कि वे अपनी कैप्टिव कोयला खानों की व्यवस्था करें ताकि उन खानों से अधिकतम उत्पादन सुनिश्चित हो सके। केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम-सीपीएसयू कोल इंडिया लिमिटेड-सीआईएल का योगदान घरेलू कोयला उत्पादन में 85 प्रतिशत है।

उसे अपनी 'प्रयोग न होने वाली' खानें निजी कंपनियों को नीलाम करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही रेलवे का ढांचा मजबूत करने के प्रयास किए जा रहे हैं ताकि वह खानों से अधिकाधिक कोयला ताप बिजलीघरों तक पहुंचाने में अपना योगदान करे। सरकार ने जेनकोज़ को वित्तीय व मूल्य सहायता उपायों की घोषणा भी की है ताकि वे जमीनी स्थितियों का यथार्थ समझ सकें। उसने ऊर्जा वित्त निगम-पीएफसी तथा ग्रामीण विद्युतीकरण निगम-आरईसी को निर्देश दिए हैं कि वे 'उपयुक्त सुरक्षा उपायों के साथ भारी दबावों का सामना कर रहे आईसीबी प्लांटों के लिए 6 महीने का अल्पकालीन कर्ज की व्यवस्था करें।' उसने बिजली वितरण कंपनियों-डिस्काम के साथ जेनकोज़ के बिजली खरीद समझौतों-पीपीए का दायरा बढ़ा कर उसमें आयातित कोयले की कीमत जोड़ने का अनुरोध किया है।

सरकार का इरादा घरेलू व विदेशी स्रोतों से कोयले की उपलब्धता बढ़ाना तथा जेनकोज़ के हाथ में ज्यादा पैसा देना है ताकि वे आयातित ईंधन की अधिक कीमत अदा कर सकें। कठिन भू-राजनीतिक स्थिति के कारण केवल दो महीने में इसकी कीमतों में 100 डालर प्रति टन वृद्धि हुई है। उसने उच्च कीमत की भरपाई के लिए डिस्काम से ज्यादा पैसे लेने की अनुमति भी दी है। लेकिन चीजों का इच्छानुसार चलना जरूरी नहीं है। अधिकांशतः राज्य सरकारों के स्वामित्व व नियंत्रण वाली डिस्काम दरें बढ़ाने पर तैयार नहीं हो सकती हैं, इसके साथ ही दरों में संशोधन को अदालतों में चुनौती भी दी जा सकती है। ऐसे में वर्तमान नियमों के अंतर्गत 'ऊर्जा एक्सचेंज' दाम बढ़ाने को तैयार नहीं होंगी तथा दरों की एक सीमा है। अतिरिक्त उत्पादन के प्रयासों के नजीजे तत्काल आने की संभावना नहीं है। यदि सरकार डिस्काम पर अधिक कीमतें अदा करने का दबाव डाले और वे एक्सचेंज को बिक्री में सीमा हटाने पर तैयार हो जाएं तो भी इससे पहले से ही संकट का सामना कर रही डिस्काम और गंभीर संकट में फंस जाएंगी। डिस्काम के संकट का कारण यह है कि वे राज्य सरकारों द्वारा बिजली का बड़ा हिस्सा घरेलू उपभोक्ताओं व किसानों को कम कीमत पर देने को मजबूर हैं। यह खरीद कीमत का एक छोटा सा हिस्सा या मुफ्त होता है। कुछ राज्यों में डिस्काम के राजस्व में सब्सिडी का हिस्सा 30-40 प्रतिशत है। हालांकि, राज्य डिस्काम को बिक्री में होने वाला घाटा पूरा करने का आश्वासन देती हैं, पर अधिकांश मामलों में वे इसका आंशिक भुगतान करती हैं या बिल्कुल नहीं देती हैं। आंशिक भुगतान भी बहुत विलम्ब से होता है। इसके कारण घरेलू उपभोक्ताओं व किसानों को दी गई बिजली की कीमत अदा नहीं होती है। उच्च एग्रीगेट व कामर्शियल-एटीएंडसी नुकसान के कारण डिस्काम का घाटा और बढ़ जाता है जो बिजली चोरी का पर्याय है। इसकी पूर्ति के लिए वे उद्योगों और बिजनेसों से अधिक दरों पर वसूली करती हैं। लेकिन इस क्रास-सब्सिडाइजेशन के बावजूद डिस्काम को भारी घाटा उठाना पड़ता है। लगातार नुकसान के कारण 31 मार्च, 2022 तक वे 600,000 करोड़ से अधिक के भारी कर्ज में डूब गई थीं। उन पर स्वतंत्र बिजली उत्पादकों-आईपीपी का 100,000 करोड़ से अधिक बाकी है जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र की एनटीपीसी के साथ अन्य उत्पादक भी शामिल हैं। दो दशकों से डिस्काम की स्थिति सुधारने के प्रयास जारी हैं जिसके लिए 2002, 2012, 2015 व 2021 में चार बड़ी योजनायें बनाई गईं, लेकिन इनके कोई नतीजे नहीं निकले। मोदी सरकार के अंतर्गत लाई गई अंतिम दो योजनायें उल्लेखनीय हैं। नवंबर, 2015 में लाई उज्ज्वल डिस्काम बीमा योजना-उदय में केन्द्र ने एटीसी नुकसान घटाने के लिए डिस्काम को 400,000 करोड़ का वित्तीय पुनर्गठन पैकेज-एफआरपी दिया। इसके अंतर्गत नुकसान को 20.7 प्रतिशत से घटा कर 2018-19 में 15 प्रतिशत पर लाना था। बिजली बिक्री से प्राप्त औसत राजस्व प्राप्ति-एआरआर व सप्लाई की औसत लागत-एसीएस के बीच अंतर भी 2015-16 में 0.59 प्रतिशत से घटा कर 2018-19 में 'शून्य' पर लाना था। लेकिन ये लक्ष्य पूरे नहीं हो सके। 2021-22 के केन्द्रीय बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 'रिफार्म-लिंक्ड, रेजल्ट-बेस्ड डिस्ट्रीब्यूशन'-आरएलआरबीएसडी योजना शुरू की जिसके लिए 310,000 करोड़ की घोषणा की गई। इस योजना के अंतर्गत डिस्काम को समर्थन देने के लिए सरकार ने एटीएंडसी नुकसान को 12-15 प्रतिशत लाने तथा एसीएस-एआरआर अंतर को 2025 तक 'शून्य' करने का लक्ष्य रखा है। इस योजना के अंतर्गत पैसा जारी करने को सुधार लक्ष्य के विभिन्न चरण पूरा करने से जोड़ा गया है।

लेकिन अतीत की तरह ये खोखली घोषणायें हैं। उदय के अंतर्गत डिस्काम से अपनी व्यवस्था ठीक करने को कहा गया था, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। वर्तमान एटीएंडसी नुकसान कम होने के बजाय योजना शुरू करने के समय से अधिक होकर 25 प्रतिशत हो गए हैं। इसलिए आरएलआरबीएसडी के अंतर्गत किए जाने वाले दावों का भी कोई खास महत्व नहीं है। देखना होगा कि सरकार कोयला संकट से निपटने के जो प्रयास कर रही है उनका डिस्काम पर क्या प्रभाव पड़ेगा? आईसीबी प्लांटों को दिए निर्देशों के परिणामस्वरूप डिस्काम द्वारा खरीदी जाने वाली बिजली की कीमतों में भारी वृद्धि होगी। चूंकि हमारे राजनेता घरेलू उपभोक्ताओं व किसानों से एक पैसा भी अधिक नहीं लेना चाहते हैं और उद्योग पहले से ही भारी दरों का शिकार हैं इसलिए उसमें वृद्धि संभव नहीं है। इस कारण घाटा और बढ़ेगा। 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2019-20 के लिए कोयला उत्पादन लक्ष्य 1500 मिलियन टन रखा था, लेकिन भारत का उस समय उत्पादन लगभग 730 मिलियन टन था। 2020-21 में कोविड के कारण उत्पादन घट कर 716 मीट्रिक टन रह गया। हालांकि, यह 2021-22 में बढ़ कर 777 मिलियन टन हो गया जो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक था, पर यह लक्ष्य का केवल 50 प्रतिशत था।

यदि उत्पादन लक्ष्य के निकट होता तो वर्तमान संकट से बचा जा सकता था। इससे निपटने के लिए बेहतर नियोजन तथा परियोजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन जरूरी है। मोदी को नवीकरणीय स्रोतों की ओर तेजी से हस्तांतरण भी सुनिश्चित करना होगा तथा इसमें आने वाली बाधायें दूर करनी होंगी। लेकिन हमारे राजनेता वर्ग के लिए सबसे जरूरी है कि वह ऊर्जा क्षेत्र में सुधारों को जमीनी स्तर तक ले जाएं। इसके लिए डिस्काम को राज्य नियंत्रण से मुक्त कर उनको किसानों व घरेलू उपभोक्ताओं समेत सभी उपभोक्ताओं के लिए दरें तय करने व निजी फर्मों को वितरण में आने की अनुमति मिलनी चाहिए। इसके साथ ही बिजली वितरण क्षेत्र से निहित स्वार्थी तत्वों को हटाने के लिए एक स्वतंत्र अधिकरण की स्थापना होनी चाहिए जो 'कामन कॅरियर' सिद्धान्त पर पारदर्शी व बिना भेदभाव के काम कर सके। यदि कोई राज्य सरकार किसानों व घरेलू उपभोक्ताओं को सब्सिडी देना चाहती है तो उसे यह काम लाभार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण-डीबीटी के माध्यम से करना चाहिए।

# जीवाश्म ईंधन के हानिकारक प्रभाव

**प्रीतम सिंह**
(लेखक शिक्षक व विश्लेषक हैं)



अधिकांश लोगों को शायद अनुमान भी नहीं होगा कि एक मोमबत्ती एक पटाखे की तुलना में ज्यादा कार्बन डाईआक्साइड-सीओ2 पैदा करती है। पिछले 4-5 दशकों में 95 प्रतिशत से अधिक मानवी गतिविधियां, हमारी जीवन-प्रणाली को ग्रहण लगाते हुए, धरती के साल-दर-साल गर्म होते जाने के लिए जिम्मेदार हैं। स्टीफन हॉकिंग ने स्पष्ट रूप से भविष्यवाणी (एक अप्रत्यक्ष चेतावनी) की थी कि हमारा ग्रह धीरे-धीरे अपना तापमान बढ़ाएगा और अगली छह शताब्दियों में 'गर्म आग का गोला' बन जाएगा; और इसे बचाने के लिए - इससे पहले कि बहुत देर हो जाए- हमें अभी कार्य करने की आवश्यकता है।

अपने वाहनों व उद्योग के लिए जीवाश्म ईंधन से अधिक शक्ति प्राप्त करने की इंसानी लालसा वैज्ञानिकों और पर्यावरण विशेषज्ञों की चिंताओं का एक गंभीर कारण है और मोम जिसका कि हम अपने दैनिक जीवन में बहुत बार उपयोग करते हैं, इस सच्चाई की स्पष्ट प्रमाण प्रस्तुत करता है। हम हर साल सांस्कृतिक और धार्मिक अवसरों पर तीन अरब से अधिक मोमबत्तियां जलाते हैं। ये मानव स्वास्थ्य के लिए नए खतरों को आमंत्रित करते हुए 'ग्रीनहाउस गैसों' के स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि करते हैं। अधिकांश मोमबत्तियां 'पैराफिन मोम' से बनाई जाती हैं, जोकि पेट्रोलियम से उत्पन्न उत्पाद है, जिसे आईसी इंजन में डीजल जलाने से आम कार्सिनोजेनिक विषाक्त पदार्थ निकलते हैं। उदाहरण के लिए, प्रत्येक 50 ग्राम घरेलू मोमबत्ती लगभग चार घंटे तक जलती है। यह लगभग 39 ग्राम कार्बन डाइऑक्साइड पैदा करती है। इस प्रकार एक अकेली मोमबत्ती एक पटाखे की तुलना में लगभग 30 गुना अधिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्पन्न करती है जबकि एक पटाखा मात्र 0.4 ग्राम उत्पन्न करता है।



पृथ्वी के धीरे-धीरे जलने की सामूहिक लपटें अंटार्कटिका के सबसे ठंडे क्षेत्र में पहुंच रही हैं, जो अंटार्कटिका के उत्तरी व दक्षिणी ध्रुवों से लेकर पारिस्थितिक रूप से कमजोर व नाजुक-बिंदुओं, जिन्हें कि धरती के तीसरे केन्द्र के रूप में जाना जाता है, यानी हिमालय पर्वतमाला तक, मानवता के विनाश के द्वार खोल रही है। यह हिमालय पर्वतमाला के कीमती 'बर्फीले क्षेत्रों' को पिघला रही है। ये बर्फीले क्षेत्र ठोस जल (बर्फ) हैं जो हमारी 'पृथ्वी पर जीवन रेखा' की महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं - हमारे रहने की स्थिति के अनुकूल पृथ्वी के तापमान को ठंडा करते हैं। क्या पृथ्वी पर बढ़ते तापमान के लिए सूर्य जिम्मेदार है? नहीं। पृथ्वी की जलवायु सूर्य से प्रभावित होती है और जीवन दाता के रूप में कार्य करती है। नए रिकार्ड को छूती हुई चिलचिलाती धूप सूर्य की गतिविधियों के कारण नहीं है। सबसे प्रचुर मात्रा में 'ग्रीनहाउस गैसें' भौतिक या रासायनिक रूप से जिम्मेदार हैं। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के पर्यावरण वैज्ञानिकों ने कहा है कि जब तक इंसान जीवाश्म ईंधन को जलाना बंद नहीं कर देते, तब तक यह और अधिक गर्म और उग्र होती रहेगी।

उपग्रहों के एक विश्लेषणात्मक डेटा ने पाया है कि पिछले 40 वर्षों में सूर्य के ऊर्जा उत्पादन में 0.1प्रतिशत से भी कम परिवर्तन हुआ है जबकि पृथ्वी के ताप में 142 वर्षों में कम से कम 1.1 डिग्री सेल्सियस (1.9 डिग्री फ़ारेनहाइट) की वृद्धि हुई है। 1975 के बाद से प्रति दशक लगभग 0.15 से 0.20 डिग्री सेल्सियस की दर से उष्णता में वृद्धि हुई है। शुक्र जैसे ग्रहों में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा पृथ्वी की तुलना में 1,54,000 गुना अधिक है (मंगल पर लगभग 19000 गुना)। यह ऐसे ग्रीन हाउस गैसों का प्रभाव पैदा करता है कि सतह का तापमान 475 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो जाता है, जो सीसा को पिघलाने के लिए पर्याप्त है।

स्टीफन हॉकिंग की चेतावनी किसी भी कीमत पर इस परिघटना पर लगाम लगाने के लिए गंभीर उपाय करती है। उत्तरी कैरोलिना विश्वविद्यालय के कुछ अध्ययनों का अनुमान है कि अगर जीएचजी को नियंत्रित किया जाए तो वर्ष 2030 तक पांच लाख लोगों की जान बचाई जा सकती है। जलवायु खतरों की गुमनाम छाया के प्रभाव को कम करने के लिए, सभी देशों को सर्वसम्मति से अपनी प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाना चाहिए और केवल अपनी 'न्यूनतम जरूरतों' को पूरा करने के लिए 'जीवाश्म ईंधन और इसके उत्पादों का उपयोग' के पूरे मसले पर पुनः विचार करना चाहिए।

तदनुसार, प्रदूषण से संबंधित मसलों के संबंध में भारत के अधिक संवेदनशील होने के कारण, यह उचित समय है कि नियामक प्राधिकरणों ने अधिक कड़े दिशा-निर्देश तैयार किए और हमारी भावी पीढ़ियों की बेहतरी के लिए देश भर में बड़े पैमाने पर जन-जागरुकता अभियान शुरू किए।

## आप की बात

### मंकी पोक्स का खतरा

**कोरोना** का कहर थमा भी नहीं कि एक् और खतरे की आहट देश को धीमे-धीमे सुनाई देने लगी है। जिसका नाम मंकी पोक्स बताया जा रहा है। गौरतलब है कि कोरोना की भी आहट इसी मंद स्वरुप में देश नें सुनी गई थी, पर देश की भोली जनता को उसके भयानक रूप का कतई अंदाजा नहीं था। जब कोरोना नें अपना रौद्र रूप दिखाना शुरू किया तब जाकर लोगों को स्थिति की गंभीरता का पता चला। नई बीमारी की ऐसी ही मंद आहट फिर सुनाई दे रही है और अभी लोग इसे गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। कहीं लापरवाही फिर से किसी नए खतरे को जन्म न दे देए इसके लिए मंकी पोक्स के बारे में देश को जागरूक कर देने की आवश्यकता है। ताकि कोरोना वायरस वैश्विक महामारी जैसी भयावह पुनरावृति न हो। नई बीमारियों के बारे में यही कहा जा सकता है कि सावधानी ही बचाव कर सकती है। वैसे उपलब्ध जानकारियों के अनुसार यह बीमारी 14 देशों में फैल गई है और भारत सरकार ने विदेश से आने वाले लोगों की हवाईअड्डों पर जांच की व्यवस्था करने की दिशा में कदम उठाए हैं। खासकर मुंबई के हवाईअड्डों पर इसकी जांच कठोरता से की जा रही है।

– **मनोज**, मेरठ

### महंगाई से थोड़ी राहत

**लगातार** रिकॉर्ड महंगाई का सामना कर रही जनता को सरकार ने पेट्रोलियम पदार्थों पर उत्पाद शुल्क घटाकर राहत देने की कोशिश की है। इससे आम चीजों के भाव में भी कटौती का अनुमान है। इससे आम आदमी की क्रय शक्ति कुछ बढ़ेगी। अब राज्य सरकारों का दायित्व बनता है कि वह अपने हिस्से की राहत भी दें ताकि लोग महंगाई के बोझ से थोड़े और हल्के हों। लगातार बढ़ती महंगाई ने छोटे से बड़े सभी वर्ग के लोगों का जीना मुहाल कर रखा है। नमक से लेकर चाय, दूध, घी, तेल जैसी घर के लिए उपयोगी वस्तुओं के अलावा सामान्य उपयोग की चीजों की कीमतों में भी बेइंतेहा बढ़ोतरी हुई है इससे आम आदमी की क्रय शक्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है। महंगाई की एक वजह चीजों की ढुलाई रही है जो पेट्रोलियम पदार्थों के ऊंचे दामों के कारण सर्वाधिक ऊंचाई पर है। जनता के आक्रोश के चलते सरकार ने पेट्रोल और डीजल के उत्पाद शुल्क में कटौती की है जिससे लोगों को फौरी राहत तो मिलेगी ही आम आवश्यकता की चीजों के दाम भी कम होने से रसोई का बजट भी सुधरेगा। अब राज्य सरकारों को भी लोगों की परेशानी समझ कर अपनी हिस्सेदारी में से राहत देना चाहिए।

– **अमृतलाल मारू,** दसई धार


### पर्यावरण संरक्षण

**इंटरनेशनल** यूनियन फार कंजर्वेशन आफनेचर की वर्ष 2021 की रिपोर्ट के अनुसार दुनियाभर में वन्यजीवों और वनस्पतियों की हजारों प्रजातियां संकट में हैं और आने वाले वक्त में इनके विलुप्त होने की संख्या और दर अप्रत्याशित वृद्धि हो सकती है। आइयूसीएन ने सैंतीस हजार चार सौ प्रजातियों को विलुप्ति के कगार पर मानते हुए खतरे की सूची में शामिल किया है। इंसानों ने न सिर्फ अपनी भूख मिटाने के लिए बल्कि मनोरंजन के लिए हजारों जीव जातियों का अस्तित्व खत्म कर दिया है। हरे-भरे वन सीमेंट कंक्रीट के जंगलों में बदल दिए हैं। यदि देश में प्रत्येक व्यक्ति अपने परिवार के सदस्यों की संख्या के अनुरूप ही 2-2 पेड़ लगा दे तो आगामी 15 वर्षों में देश का कोना कोना हरियाली से लहलहा उठेगा। और अब तो टेरेस गार्डन जैसे आधुनिक विकल्प भी उपलब्ध है। जिससे व्यक्ति को अपने ही गार्डन में उगाए फल और सब्जियों के साथ ही ताजा हवा बिना कुछ खर्च किए मिलती रहेगी। पर्यावरण संरक्षण में यही हमारा महत्वपूर्ण योगदान हो सकता है।

– **सुभाष बुड़ावन वाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



जनता मेरे लिए पहले स्थान पर है। तेल मूल्य घटाने के निर्णय का विभिन्न तबकों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

– **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



भारतीय विदेश सेवा पूरी तरह बदल गई है। वे कुछ भी नहीं सुनते हैं। वे घमंडी हैं।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



हां, भारतीय सेवा बदल गई है। हां, वह सरकार के आदेशों का पालन करती है। नहीं, इसे घमंडी नहीं कहते हैं।

– **एस. जयशंकर**
विदेश मंत्री

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 25 मई, 2022



# पूर्व प्रधान के पुत्र पर जानलेवा हमले के आधा दर्जन आरोपी भेजे गए जेल

● ग्रामीणों एवं व्यापारियों ने आधा दर्जन युवकों को रंगे हाथ पकड़ कर पुलिस के किया था सुपुर्द, पुलिस बता रही अपना गुडवर्क



**मिल्कीपुर अयोध्या।** इनायत नगर थाना क्षेत्र के पलिया प्रताप शाह गांव के दिवंगत प्रधान जय प्रकाश सिंह के सुपुत्र पर जानलेवा हमले के आरोपियों में से आधा दर्जन युवकों को हैरिंगटन गंज बाजार के व्यापारियों एवं आसपास के ग्रामीणों द्वारा अस्त्र शस्त्र सहित रंगे हाथ पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द किए जाने के मामले में अब इनायत नगर पुलिस हमलावर युवकों को गिरफ्तार किए जाने का दावा करते हुए स्वयं अपनी पीठ थपथपा रही है। फिलहाल पकड़े गए युवकों को थाने में दर्ज गंभीर आपराधिक धाराओं के आरोप में पुलिस ने जेल भेज दिया है। बताते चलें कि इनायत नगर थाना क्षेत्र के पलिया प्रताप शाह गांव निवासी ग्राम प्रधान जयप्रकाश सिंह कि बीते 18 मई 2020 को एक पंचायत के दौरान गोली मारकर नृशंस हत्या कर दी गई थी। बीते 18 मई 2022 को मृतक स्वर्गीय जयप्रकाश सिंह का द्वितीय पुण्यतिथि समारोह उनके पुत्रों द्वारा आवास पर आयोजित किया गया था। इस दौरान प्रधान स्वर्गीय जय प्रकाश सिंह की फोटो लगी हार्डिंग समूचे गांव और गलियों में उनके पुत्रों द्वारा लगाई गई थी। किंतु यह होर्डिंग लगाना ग्राम प्रधान के हत्याभित्तों को नागवार लगी थी और उन्होंने होल्डिंग्स को फाड़ डाला था तथा कुछ होल्डिंग्स पर कीचड़ और गोबर पोत दिए थे। इसकी शिकायत किए जाने के बावजूद भी इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह एवं हैरिंग्टनगंज चौकी प्रभारी यशवंत द्विवेदी ने मामले में कार्यवाही करना मुनासिब नहीं समझा था। जिसके चलते ग्राम प्रधान जयप्रकाश सिंह के हत्यारों के मनोबल बढ़ गए और उन्होंने प्रधान पुत्र को ही रास्ते से हटाने की जुगत बना ली थी। प्रधान पुत्र सुशील सिंह पर बीते 22 मई की रात करीब 9 बजे हैरिंगटनगंज पुलिस चौकी के पहले से ही पलिया लोहानी गांव के चौराहे के दक्षिण शिव मंदिर के करीब घात लगाकर बैठे आलोक कुमार पुत्र राम नवल, प्रदीप यादव पुत्र केशव राम, शिवम पुत्र केसरी प्रसाद, सुनील कुमार पुत्र विजय कुमार, राम सजन पुत्र जयराम, सतेंद्र पुत्र माता बदल, धर्मेंद्र पुत्र अमरनाथ, दिलीप कुमार पुत्र रोंघई व सौरभ कुमार पुत्र केशव राम ने कट्टे से फायर कर जानलेवा हमला कर दिया था। मामले में पीड़ित प्रधान पुत्र की गुहार पर हैरिंगटन गंज बाजार के व्यापारी एवं आसपास के गांव के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए थे आधा दर्जन युवकों को रंगे हाथ पकड़ कर हैरिंगटन गंज चौकी प्रभारी के सुपुर्द कर दिया था। मामले में पीड़ित सुशील सिंह पुत्र स्वर्गीय जय प्रकाश सिंह की तहरीर पर इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने काफी जद्दोजहद के बाद उपरोक्त 9 आरोपीगणों के विरुद्ध धारा 147, 148, 149, 307, 352, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। व्यापारियों एवं ग्रामीणों द्वारा आधा दर्जन हमलावर युवकों को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द किए जाने क बाद अब इनायत नगर पुलिस अपना गुड वर्क बनाने में जुट गई है। इनायत नगर थाने के प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने जारी किए गए एक प्रेस नोट में बताया है कि प्रधान पुत्र पर जानलेवा हमले के आरोपी प्रदीप कुमार यादव, सौरभ यादव, शिवम यादव, धर्मेंद्र कुमार यादव, सत्येंद्र यादव एवं दिलीप कुमार को मंगलवार को थाना क्षेत्र के ही सागर पट्टी गांव स्थित पंचायत भवन के पास से गिरफ्तार किए जाने का दावा किया है। यही नहीं प्रभारी निरीक्षक ने युवकों की गिरफ्तारी किए जाने में चौकी प्रभारी हैरिंग्टनगंज उप निरीक्षक यशोदा द्विवेदी के साथ कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार, विजय सिंह, शुभम तिवारी एवं शुभम गुप्ता के भी शामिल होने की बात बताई है।

# महापौर ने जोन तीन में नालों का किया निरीक्षण

● बिना मानक के अनुरूप उपकरणों के नाला सफाई का कार्य श्रमिकों से न कराया जाएः अभिलाषा गुप्ता नंदी

**प्रयागराज।** महापौर प्रयागराज अभिलाषा गुप्ता नन्दी ने वर्षा ऋतु में वर्षा होने के उपरान्त नगर में जल प्लावन की समस्या के दृष्टिगत जोन तीन का निरीक्षण किया। जोन तीन स्थित नालों लोकसेवा आयोग के पास का नाला सेंट मैरी स्कूल के बाहर का नाला संगम पेट्रोल पंप के सामने एलआईसी कॉलोनी का नाला मम्फोर्डगंज पम्पिंग स्टेशन के सामने का नाला हनुमान बाग का नाला हनुमान मंदिर से हाथी पार्क तक का नाला का निरीक्षण किया। सभी नालों में सफाई का कार्य चल रहा था। ठेकेदार द्वारा गमबूट तो उपलब्ध कराया गया था। लेकिन श्रमिकों के पास ग्लव्स नही थे। उनको ठेकेदार द्वारा सर्जिकल दस्ताना उपलब्ध कराया गया था। महापौर ने तत्काल श्रमिकों को मोटे हैंड ग्लव्स उपलब्ध करवाने के लिए कहा। नाराजगी व्यक्त करते हुए नगर अभियंता और अभियंतागणों को आदेशित किया कि बिना मानक के अनुरूप उपकरणों के नाला सफाई का कार्य श्रमिकों से न कराया जाए।

ठेकेदार यदि आदेश कि अनदेखी करता है तो उसके भुगतान से कटौती कर आप द्वारा स्वयं संबंधित उपकरण उपलब्ध कराया जाए। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जो भी नाला सफाई करवाये जा रहे थे। वहां पर सभी उपकरणों सहित कर्मचारी कार्य करते हुए पाए गए कार्य संतोषजनक ढंग से संपादित किया जा रहा था। परंतु सभी नालों पर निकली हुई सिल्ट सड़क के किनारे डंप पाई गयी। जिसे हटाने हेतु जोनल अधिकारी एवं सफाई निरीक्षकों को त्वरित कार्यवाही हेतु कहा गया। उन्हें यह संज्ञान में दिया गया वर्तमान में वर्षा संभावित है जिस कारण डंप सिल्ट फिर से नालों में भर जाएगी। यश हॉस्पिटल के पास सिविल लाइन्स के पास कल हुई वर्षा के दौरान जल प्लावन की समस्या उत्पन्न हुई थी। क्षेत्र के निवासियों द्वारा पूर्व में भी यह अवगत कराया गया था कि प्रत्येक वर्ष वर्षा ऋतु में विगत तीन वर्षो से जल प्लावन की समस्या बनी रहती है।

महापौर द्वारा संबंधित नगर अभियंता व अभियंतागण को आदेशित किया कि विकास प्राधिकरण व अपने क्षेत्रीय सफाई इंस्पेक्टर से समन्वय स्थापित कर पानी निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित करे ताकि आगामी आने वाले दिनों में होने वाली वर्षा के उपरांत जल प्लावन की समस्या न उत्पन्न हो ।निरीक्षण में जोनल अधिकारी रविन्द्र कुमार नगर अभियंता अनिल मौर्य हेमंत रस्तोगी आर के मिश्रा अवर अभियंता आर के गांधी मुख्य सफाई निरीक्षक सफाई निरीक्षक डी पी सिंह रंजन श्रीवास्तव अरविंद कुमार पार्षद रतन दीक्षित नन्दलाल आदि लोग उपस्थित रहे।

# टाण्डा में भी अतिक्रमण हटाने के लिए गरजा बुल्डोजर



**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** नगर पालिका परिषद टाण्डा की सरकारी भूमि पर ईट की दिवाल पर टीन सेड निर्माण कर पावर लूम की चौगजी बना कर कब्जा करने के विरुद्ध मगलवार को प्रशासन का चला बुलडोजर, ध्वस्त हुआ निर्माण। औधोगिक बुनकर नगरी टाण्डा केकस्बा पूरब मोहल्ले मेनगर पालिका परिषद टाण्डा की सरकारी भूमि है। मोहम्मद शाकिर व मोहम्मद नासिर पुत्र गण स्व मोहम्मद हासिम निवासी गण मोहल्ला कस्बा पूरब ने अवैध कब्जा कर केईट की दिवाल पर टीन सेड बना कर पावर लूम की चौगजी बनाकर तथा पेड पौधा लगाकर कब्जा कर लिया था उक्त अवैध कब्जे के विरुद्ध नपाप टाण्डा द्वारा सन 2017 मे अवैध कब्जा हटवाया गया और उनके विरुद्ध कार्यवाही भी हुई थी। उसके बाद पुन: उक्त भूमि पर अवैध कब्जा करलिया गया जिससे नगर पालिका परिषद टाण्डा ने मंगलवार को राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के साथ मौके बुलडोजर ले जाकर सारा निर्माण ध्वस्त करा कर अवैध कब्जा हटवा कर मलवा उठवा ले गये। अवैध कब्जा हटवाने मेनायब तहसीलदार टाण्डा राहुल कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक गुलाब सिह, लेखपाल छोटेलाल, कोतवाल। टाण्डा विजेन्द्र शर्मा, नपाप टाण्डा के कर अधीक्षक तारकेन्दु, राकेश कुमार गौरव, सलमान, राम बाबू, सफाई नायक द्वारिका नाथ नजूल लिपिक मोहम्मद अरसद मोहम्मद अहमद तथा सफाई कर्मीयो की टीम के साथ बुलडोजर रहा।

# स्व. राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने हमेशा अपनी लेखनी को निष्पक्ष रखाः लल्लू सिंह




**अयोध्या।** वरिष्ठ पत्रकार स्व राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय की आठवीं पुण्यतिथि पर प्रेस क्लब पर वर्तमान संदर्भ में मीडिया विषय पर आयोजित गोष्ठी के दौरान मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि स्व. राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने हमेशा अपनी लेखनी को निष्पक्ष रखा। सत्य को हमेशा सत्य की तरह ही परिभाषित किया। युवा पीढ़ी को उनका अनुसरण करने की आवश्यकता है। उन्होने पत्रकारिता को एक नयी दिशा दी। मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार राज खन्ना ने कहा कि बदलते दौर मीडिया पर काफी परिवर्तन हो गया है। पहले मीडिया के पास संसाधनों की कमी थी। पाठकों का भरोसा उसे हासिल था। परन्तु आज मीडिया के पास संसाधन पर्याप्त है। परन्तु पाठकों व दर्शकों के भरोसे में कमी आयी है।

संसाधन तो जुटाये जा सकते है। परन्तु पाठकों व दर्शकों का भरोसा कायम रखना मीडिया के समक्ष चुनौती है। विशिष्ट अतिथि मनोविज्ञान विशेषज्ञ डा वसुधा मिश्रा ने कहा कि वर्तमान पत्रकारिता जनता के मनौवैज्ञानिक पहलू पर आधारित हो गयी है। मीडिया वहीं दिखाना चाहती है जिसे जनता देखना चाहती है। मीडिया उसको ज्यादा सनसनीखेज बनाकर प्रस्तुत करती है। अध्यक्षता कर रहे महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि वर्तमान दौर में पत्रकारों को स्व राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय से सीख लेनी चाहिए। उनके विचार आज भी हमारी स्मृतियों में कैद है। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल, वरिष्ठ पत्रकार सुरेश पाठक, कम्यूनिष्ट नेता सूर्यकांत पाण्डेय, विशाल मिश्रा ने सम्बोधित किया। संचालन वरिष्ठ पत्रकार इन्दुभूषण पाण्डेय ने किया। प्रेस क्लब के सचिव त्रियुग नारायन तिवारी ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। आभार वरिष्ठ पत्रकार रमाशरण अवस्थी ने व्यक्त किया। जिला शासकीय अधिवक्ता सिविल रामकुमार राय, जिला शासकीय अधिवक्ता राजस्व अनिल अग्रवाल, भाजपा महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, कांग्रेस नेता राजेन्द्र प्रताप सिंह, उग्रसेन मिश्रा, व्यापारी नेता सुशील जायसवाल मौजूद रहे।

# मार्ग का निर्माण अधूरा छोड़ ठेकेदार फरार

**अयोध्या, जाना बाजार।** ग्राम पंचायत भदार के दर्जनों गांव के लिए महीनों से लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्माणाधीन संपर्क मार्ग का कार्य पूर्ण तरह ठप है। सड़क पर बड़े बड़े बोल्डर डालने के बाद से निर्माण कार्य करने वाली कार्यदाई संस्था का ठेकेदार फरार है । राहगीरों का इन सड़कों पर चलना दुश्वार कार्य साबित हो रहा है। इन मार्गो पर चलने से कई लोग चोटहिल भी हो गए हैं। आक्रोशित ग्रामीणों ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए शीघ्र निर्माण कार्य कराने की मांग की है। विकासखंड तारुन की ग्राम पंचायत भदार से केरालाल खां संपर्क मार्ग निर्माण योजना भाजपा के पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी के प्रस्ताव पर 7 किलोमीटर की सड़क निर्माण की शासन ने स्वीकृत की थी। प्रमुख सचिव नितिन रमेश गोकर्ण लोक निर्माण विभाग के पत्रांक संख्या 4737 के माध्यम से सड़क निर्माण के लिए 445.30 लाख रुपए स्वीकृत कर विभाग को सड़क निर्माण के लिए आदेश दे दिया। इस 7 किलोमीटर लंबी सड़क से भदार केरालाल खां संपर्क मार्ग विश्व बैंक से केवटहिया, गडेरिया का पुरवा, दहलवा, पंडित का पुरवा, कुर्मी का पुरवा, तिवारी का पुरवा होते हुए जाना धंसा मार्ग के बीच स्थित चपरघटा तक निर्माण कार्य के लिए प्रमुख सचिव ने जनपद अयोध्या को राज्य सड़क निधि योजना से निर्माण के लिए आदेश दिया था। जिस पर लोक निर्माण विभाग की देखरेख में कई महीनों से निर्माण कार्य चल भी रहा था। शुरु में हुए कार्य के तहत सड़क की पटरियों पर अगल बगल के खेतों से मिट्टी खुदाई भी की गई और जगह.जगह पत्थर की गिट्टियों के बोल्डर तक डाल दिए गये। इतने के बाद से निर्माण कार्य महीनों से बंद हो जाने से ग्रामीणों राहगीरों का आवागमन बाधित हो गया है। इससे आक्रोशित ग्रामवासियों रामकुमार, मंत राम, सुरेंद्र कुमार, राम नरेश, चंद्रबली, क्षेत्र पंचायत सदस्य राम कुमार, ग्राम प्रधान वेद प्रकाश ने गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण कराने की मांग की है। इस संबंध में निर्माण कार्य को देख रहे लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता आर एस त्रिपाठी ने फोन पर बताया कि कार्य ठप है । कार्य कराने वाली एजेंसी का ठेकेदार फरार है।

# कार्यक्रम में कोविड योद्धाओं को किया गया सम्मानित

प्रयागराज। सामाजिक संगठन विश्वास की ओर से हाल ही में मानवता की मिसाल विश्वास पुरस्कार 2022 का आयोजन किया गया। इसमें जिन लोगों ने अपनी जान खतरे में डालकर कोरोना महामारी के दौरान लोगों की मदद की। ऐसे कोरोना योद्धाओं को सम्मानित किया गया। कोविड योद्धाओं को सम्मानित करने के अभियान में अभिनेत्री जीनत अमान और रजनीश दुग्गल गायक मधुश्री डिजाइनर रोहित वर्मा गौरी टोंक राकेश कुकरेती और सोनम अरोड़ा जैसे शहर के कई व्यक्तियों और हस्तियों ने शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के बाद मेहमानों और पुरस्कार प्राप्त करने वालों के लिए एक संगीतमय शाम का आयोजन किया गया था। पुरस्कार पाने वालों में डॉक्टर और अन्य हेल्थकेयर वर्कर पुलिस कार्मिक शोधकर्ता काउंसलर एंटर प्रेन्योर और कई अन्य व्यक्ति शामिल थे। जो लोकप्रिय नहीं हो सकते हैं लेकिन निश्चित रूप से अपने उत्कृष्ट योगदान और मानवतावादी के साथ कई लोगों के जीवन को बचाया है।

## युवाओं के जुनून और सकारात्मकता पर कार्यक्रम आज

**प्रयागराज।** प्रमुख यूथ एंटरटेनमेंट चैनल ज़िंग ने अपना नया अवतार लांच किया। जिसमें एक नया लोगो चैनल पैकेजिंग ब्रांड एंबेसडर और एक ब्रांड कैंपेन शामिल है। ज़िंग का ब्रांड पर्पज उद्देश्य जेन जेड को खुद को नहीं समझे जाने की सोच से उपजा है। जिसे आमतौर पर उनके द्वारा इस तरह बयां किया जाता है कि आप नहीं समझोगे। आज के युवाओं को समझने सेलीब्रेट करने और वाइब करने वाला माहौल तैयार करने के लिए चैनल ने जेन जेड आइकन सिद्धांत चतुर्वेदी स्टारर कैंपेन अपनी वाइब अपनी ट्राइब के माध्यम से अपने नए रूप को लांच किया। ज़िंग की रीब्रांडिंग उसे शानदार प्रोग्राम्स प्रस्तुत करते हुए देखेगी जो म्यूजिक फिल्म्स और सीरीज के माध्यम से आधुनिक कहानियों को बयां करती है। नया लोगो और पैकेजिंग एक फ्रेश वाइब्रेंट और डायनामिक मूड को रिफ्लेक्ट करता है जो युवाओं के जुनून और सकारात्मकता को सेलीब्रेट करता है।

# खाद्य सुरक्षा टीम ने दस दुकानों से लिया सामानों का नमूना, भेजा प्रयोगशाला

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर



**खाद्य सुरक्षा विभाग** द्वारा 10 दुकानों से खाद्य पदार्थ के नमूने प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे गए जिसमें प्रयोगशाला द्वारा जांच में खाद्य पदार्थ फेल पाए गए हैं। आरोपित दुकानदारों के खिलाफअपर जिलाधिकारी के न्यायालय में मुकदमा दर्ज कराया गया है। सुनवाई के उपरांत एडीएम इनपर अर्थदंड अधिरोपित करेंगे। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने संदिग्ध खाद्य पदार्थों का नमूना आलापुर, जलालपुर और अकबरपुर तहसील की बाजारों से लिया था।

जिलाधिकारी सैमुअल पॉल के निर्देश पर सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव और मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी केके उपाध्याय के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी गुलाब चंद्र गुप्त, रत्नाकर पांडेय, चित्रसेन सिंह आदि की टीम ने विभिन्न बाजारों से संदिग्ध लगे खाद्य पदार्थों का नमूना संकलित कर प्रयोगशाला जांच में भेजा था। रिपोर्ट मिलने पर 10 खाद्य पदार्थ मानक के विपरीत मिले हैं। इनके उपयोग से स्वास्थ्य को कोई खतरा नहीं पाया गया है। अकबरपुर तहसील के गांधीनगर मुहल्ले में इल्तिफातगंज मार्ग पर राकेश उपाध्याय की दुकान से लिए गए मिल्ककेक में मिलावट पकड़ी गई है। हिसामुद्दीन पिपरा टड़वा में उमेश यादव की दुकान से मिश्रित दूध का नमूना जांच में अधोमानक मिला है। हजपुरा में ओम प्रकाश की दुकान से लिया गया लड्डू और सिकंदरपुर में रामलाल की दुकान से लिया गया दूध का नमूना अधोमानक मिला है। बस स्टैंड बसखारी में विनय कुमार की दुकान से मिल्ककेक तथा रामपुर सकरवारी में जगदीश की दुकान से लिया गया पेड़ा मिठाई का नमूना अधोमानक और मिलावटी मिला है। अकबरपुर के गांधीनगर में दीनदयाल गौड़ की दुकान से लिया गया छेना मिठाई के नमूने में मिलावट पकड़ी गई। इससे इतर अछती में राजितराम पाल से मिश्रित दूध और मदर डेयरी का डेयरी के दूध का नमूना राकेश चंद्र सोनी की बंसी डेयरी से लिया गया था। प्रयोगशाला जांच में से लिया गया दूध अधोमानक मिला है। जलालपुर में मालीपुर मार्ग पर प्रमोद सोनी की दुकान से लिया गया बादाम का नमूना मिथ्याछाप और अधोमानक मिला है।

# आर्थिक विकास के लिए नई सूचना व्यवस्था को अपनायाः डा. सुधा


कार्यक्रम में अपनी बात रखते वक्ता।

**प्रयागराज।** भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार नई दिल्ली के सहयोग से भू स्थानिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी विषय पर आयोजित समर स्कूल की शुरुआत सोमवार को झलवा परिसर में हुई। डीएसटी नई दिल्ली की वरिष्ठ वैज्ञानिक डा सुधा पांडे ने कहा कि भारत ने अपने डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के माध्यम से सुशासन सतत विकास लक्ष्यों और अपने नागरिकों के सशक्तिकरण का समर्थन करने के लिए सतत आर्थिक विकास के लिए एक नई सूचना व्यवस्था को अपनाया है। पिछले तीन दशकों में विभिन्न क्षेत्रों में भू स्थानिक प्रौद्योगिकियों को व्यापक रूप से अपनाना इन चुनौतियों का सामना करने के लिए एक प्रभावी प्रवर्तक साबित हुआ है। त्रिलोकी पंत कार्यक्रम समन्वयक ने कहा कि यह इक्कीस दिनी क्षमता निर्माण कार्यक्रम राष्ट्रीय भू स्थानिक कार्यक्रम एनजीपी की पहल है। जो विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से भू स्थानिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अनुकूलन के लिए राष्ट्रीय क्षमता विकसित करता है। उद्देश्य अकादमिक और उपयोगकर्ता एजेंसियों के सहयोग से ज्ञान और शासन के विभिन्न स्तरों का निर्माण करना है। प्रोफेसर अनुपम अग्रवाल प्रोफेसर ओ पी व्यास और प्रोफेसर पवन चक्रवर्ती ने भी अपने विचार व्यक्त किए। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के सह समन्वयक के पी सिंह ने किया।

## क्विक न्यूज

### दरगाह आये 15 वर्षीय बालक का मिला शव

**किछौछा, अम्बेडकरनगर।** बसखारी थानाक्षेत्र अन्तर्गत किछौछा दरगाह में मानसिक इलाज कराने आये 15 वर्षीय विकास पुत्र वीरेंद्र प्रजापति की लाश दरगाह के टैक्सी स्टैंड के पीछे तालाब में उतराती मिली। मानसिक रूप से बीमार 4 दिन से लापता युवक की खोज अभिभावकों द्वारा किया जा रहा था कि मंगलवार दो बार लगभग 3 बजे के पास लोगों ने टैक्सी स्टैंड के पीछे स्थित तालाब में एक लाश देखी। मृतक की मां सरोज निधि ने पहुंचकर लाश अपने पुत्र विकास पुत्र वीरेंद्र प्रजापति निवासी झारखंड मायापुर कला जनपद चतुरा के रूप में करते हुए बताया कि मानसिक इलाज के लिए दरगाह रह रही थी।शनिवार शाम को कहीं गायब हो गया। मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक ने लाश को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

### ज्येष्ठ माह के द्वितीय मंगलवार को उमड़ा आस्था का सैलाब

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** ज्येष्ठ माहके द्वितीय मंगलवार को नगर के हनुमान मन्दिरों मे श्रद्धालुओ की भीड उमड़ी। भोर से ही श्रद्धालु स्नान आदि कर बडी आस्था के साथ हनुमान मन्दिर जा विधि विधान से बजरंग बली को चोला चढा कर हनुमान चालिसा, हनुमान बाहुक, सुन्दर काण्डका पाठ कर आरती पूजन के साथ प्रसाद चढाया। नगर के प्राचीन सिद्ध हनुमान गढी मन्दिर, उदासीन हनुमान मन्दिर, उदाशीन आश्रम स्थित हनुमानजी, हनुमत मन्दिर झारखण्डी व राम जानकी मन्दिर आदि मे बजरंग बली का भव्य श्रगार एव मन्दिर की सजावट रहा। इस बर्ष ज्येष्ठ माह का शुभारम्भ एव समापन मगंलवार से हो रहा है जो अत्यन्त शुभ है। श्रद्धा के साथ मगंलवार को हनुमान जी पर चोला चढा कर विधि विधान से पूजन कर हनुमान चालिसा, हनुमान बाहुक व सुन्दर काण्ड का पाठ करने से कष्ट दूर होता है।

### मंडलीय समीक्षा बैठक 26 मई को

**अयोध्या ।** शासन के महत्वपूर्ण प्राथमिकता कार्यक्रमों की महा अप्रैल 2022 की प्रगति रिपोर्ट पर मंडलायुक्त नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में मंडलीय समीक्षा बैठक का आयोजन आयुक्त कार्यालय सभाकक्ष में दिनांक 26 मई 2022 को पूर्वाहन 10 बजे से किया गया है जिसमें विकास प्राथमिकता कार्यक्रम प्रत्येक सप्ताह मुख्य सचिव महोदय द्वारा हो रही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिए गए निर्णय के अनुपालन पर समीक्षा 10 बजे से 1:30 बजे तक, कानून व्यवस्था की समीक्षा 2:30 बजे से 3:30 बजे तकए राजस्व कार्यक्रमों की समीक्षा 3:30 बजे से 5:30 बजे तक आयोजित की गई है। बैठक में अधिकारीगण स्वयं प्रतिभाग करेंगे अपने सहयोग हेतु अधीनस्थ अधिकारी को बैठक में साथ ना लाएं। उक्त जानकारी संयुक्त विकास आयुक्त श्री अरविंद चंद्र जैन ने दी है।

### होमगार्डस जवानों का फायरिंग अभ्यास 25 मई को

**अयोध्या।** मण्डलीय कमान्डेन्ट मण्डलीय प्रशिक्षण केन्द्र होमगार्डस अयोध्या ने बताया कि मण्डलीय प्रशिक्षण केन्द्र होमगार्डस अयोध्या पर प्रशिक्षणरत 148 होमगार्डस जवानों का फायरिंग अभ्यास दिनांक 25 मई 2022 को डोगरा रेजीमेंट में होनी है जिसमें आसपास के निवासियों को हिदायत दी गयी है कि फायरिंग बट के आसपास कोई जानवर व्यक्ति न आये, जिससे कोई अप्रिय घटना न हों। उक्त के सम्बंध में जिलाधिकारी ने थानाध्यक्ष थाना कैंट को निर्देशित किया है कि दिनांक 25 मई 2022 के पूर्व फायरिंग बट के आसपास के क्षेत्रों में एनाउन्स कराये, जिससे उक्त तिथि को बट के आसपास कोई व्यक्तिध्जानवर न आयें।

### विशेष लोक अदालत 29 मई को

**अयोध्या।** उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं चन्द्रशीला प्रभारी जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फैजाबाद की अध्यक्षता में विशेष लोक अदालत 29 मई दिन रविवार को प्रातः 10 बजे से दीवानी न्यायालय कचेहरी परिसर फैजाबाद में आयोजन किया जायेगा। विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में आर्बिट्रेशन के निष्पादन वादों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर विशेष लोक अदालत के दिन करा सकते है। उक्त जानकारी प्रभारी सचिव सिविल जज संजीव कुमार त्रिपाठी के द्वारा दिया गया।

### सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें, सुरक्षित रहें

**अम्बेडकरनगर।** सड़क सुरक्षा माह 19 मई से 18 जून, 2022 तक मनाया जा रहा है। इस हेतु शासन ने सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें जिम्मेदार बने, सुरक्षित रहें के नारे के साथ आम जनमानस से अपील की है कि सभी लोग अपने नैतिक जिम्मेदारियों का पालन करते हुए सड़क सुरक्षा संबंधित नियमों का पालन करें। पैदल चलने वाले व्यक्ति सड़क पर हमेशा बाई ओर चले, स्टॉप लाइन पर रुके। स्कूली बच्चे निर्धारित बस स्टॉप से ही चढ़े व उतरें, उतरने के बाद दोनों तरफ देखकर सावधानी से आगे बढ़े। वाहन शराब पीकर कतई ना चलाएं, दो पहिया वाहन चालक हेलमेट एवं चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट का अवश्य प्रयोग करें।

## पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने दुकानदारों से भारत बंद का किया आवाहन

**किछौछा, अम्बेडकरनगर।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी विकास पटेल के आवाह्न पर 25 मई को भारत बंद आवाहन को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं ने बसखारी, किछौछा बाजार, मसडा, भूलेपुर, हसवर,कटोखर,हीरापुर, सलेमपुर में दुकानदारों तथा नागरिको के साथ पढ़े-लिखे नौजवानों से आंदोलन में भाग लेने की अपील की। पिछड़ा वर्ग के हितों यह आनंद के विरोध में भारत मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष वामन मेश्राम ने भी भारत बंद मे अपना समर्थन दिया है। भारत बंद के प्रमुख मागे जाति आधारित जनगणना, ईवीएम घोटाले के विरोध, निजी क्षेत्रों में एससी, एसटी, ओबीसी को आरक्षण, एमएसपी की गारंटी कानून बनाकर किसानों को लाभ दिया जाना, पुरानी पेंशन स्कीम के साथ पर मप्र, उड़ीसा और झारखंड में त्रिस्तरीय चुनाव में आरक्षण व्यवस्था लागू करना जैसे मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार को घेरने के लिए राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा भारत बंद का आवाहन किया गया है।

## नवयुवकों के लिए सुनहरा मौका, रोजगार मेला 25 को

**अयोध्या।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय अयोध्या राजकीय आईटीआई कौशल विकास मिशन जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र एवं श्रम विभाग अयोध्या के संयुक्त तत्वाधान में एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन दिनांक 25 मई 2022 को प्रात: 10 बजे राजकीय आईटीआई परिसर बेनीगंज अयोध्या में किया जा रहा है। जिसमें निजी क्षेत्र की लगभग 20 से 25 प्रतिष्ठित कम्पनियां प्रतिभाग कर लगभग 4334 पदों पर चयन करेगी। ऐसे अभ्यर्थी जिनकी आयु सीमा 18 से 40 वर्ष एवं शैक्षणिक योग्यता हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक, आईटीआई एवं डिप्लोमाधारी के लिए भी अवसर उपलब्ध है। सेवायोजन कार्यालय के वेबसाइट पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराकर रोजगार मेला आईडी 5399 पर ऑनलाइन आवेदन कर प्रतिभाग कर सकते हैं। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों के साथ उक्त दिनांक को राजकीय आईटीआई परिसर में उपस्थित हो। इस हेतु किसी भी प्रकार का मार्ग व्यय आदि देय नहीं है। उक्त जानकारी सहायक निदेशक सेवायोजन अयोध्या ने दी है।

# उत्कृष्ट काम करने वाले 57 रेलकर्मी हुए पुरस्कृत


महिला कर्मचारी को सम्मानित करते रेल अधिकारी।

**प्रयागराज।** निर्माण संगठन उमरे मुख्यालय में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण उत्तर मध्य रेलवे शरद मेहता की अध्यक्षता में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम स्थल आगमन पर शरद मेहता मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण का मुकेश कुमार कुलश्रेष्ठ उप मुख्य कार्मिक अधिकारी निर्माण एवं औद्योगिक संबंध द्वारा स्वागत किया गया। शुभारंभ मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण उत्तर मध्य रेलवे शरद मेहता द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उत्कृष्ट करने वाले 57 रेलकर्मियों को पुरस्कृत कर प्रशस्ति पत्र दिये गए। एक अधिकारी एवं 56 कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण ने कहा इस वर्ष निर्माण संगठन के अधिकारियों कर्मचारियों को जिन्होनें संगठन के लक्ष्यों को प्राप्त करने में या अपने अभिनव विचारों या प्रणाली सुधार से संगठन के लिये महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी उपलब्धियों के लिये रेलवे बोर्ड एवं महाप्रबंधक स्तर पर पुरस्कार प्राप्त हुये हैं। पिछला वित्त वर्ष काफी चुनौतियों से भरा रहा। कोविड महामारी मानसून समयावधि लंबी होने के बावजूद सभी के सामूहिक प्रयासों से उत्तर मध्य रेलवे के निर्माण संगठन ने कई उपलब्धियाँ दर्ज की हैं। अब तक की सबसे बढ़िया दोहरीकरण और तीसरी और चौथी लाइनो के सेक्शनों को चालू कर सफलता दर्ज की है। बरहन ऐटा सेक्शन के विद्युतीकरण को भी पूर्ण किया और कई महत्वपूर्ण रेल उपरिगामी पुलों तथा अंडर ब्रिज और यार्ड रिमॉडलिंग के कार्यों को पूर्ण किया है। इस वर्ष के अप्रैल मई माह में निर्माण विभाग ने दो महत्वपूर्ण कमीशनिंग तथा एक मेजर यार्ड की रिमॉडलिंग करने में सफलता पाई है। उत्तर मध्य रेलवे के निर्माण संगठन ने प्रणाली सुधार की दिशा में पिछले वर्ष पहली बार 30 किलोमीटर प्रति घंटा पर चौथी लाईन में एनआई वर्किंग छाता भूतेश्वर सेक्शन पर की है। आशा व्यक्त की कि टीम के बाकी सदस्य भी प्रेरित होंगे और जल्द ही पुरस्कारों से सम्मानित होंगे। मुख्य प्रशासनिक अधिकारी निर्माण ने कहा कि उत्तर मध्य रेलवे के निर्माण संगठन में पिछले डेढ़ साल का अनुभव रहा है कि आप सभी में काफी क्षमता है तथा आप सभी लक्ष्य प्राप्ति करने के लिए जुझारू रहते हैं लेकिन कई क्षेत्रों में में हम सभी को अपनी क्षमता बढ़ाने की जरूरत है। पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान ए पी शर्मा प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर निर्माण संतोष शुक्ला नरेन्द्र सिंह ए के सिंह सौरभ सिंह पटेल सभी मुख्य इंजीनियर निर्माण एन के वर्मा मुख्य सिगनल व दूरसंचार इंजीनियर निर्माण डी वी सिंह मुख्य विद्युत इंजीनियर निर्माण चंदन वर्मा मुख्य वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी सहित उप विभागाध्यक्षों में जीतेन्द्र कुमार एस एस सिंह आर के जैन प्रमोद कुमार बी श्रीधर एवं निर्माण संगठन के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। संचालन आर पी वर्मा एएक्सईएन निर्माण और धन्यवाद ज्ञापन मुकेश कुमार कुलश्रेष्ठ उप मुख्य कार्मिक अधिकारी निर्माण एवं औद्योगिक संबंध ने किया।

अभिमुखीकरण कार्यशाला का सीडीओ ने किया शुभारम्भ

# शिव नाडर फाउंडेशन ने शुरू किया 'शिक्षा संकल्प' कार्यक्रम

संवाददाता। सीतापुर



**शिव नाडर** फाउण्डेशन के द्वारा नये इनीशिएटिव के रूप में शिक्षा संकल्प कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। शिक्षा संकल्प अभिमुखीकरण कार्यशाला का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सीडीओ अक्षत वर्मा ने किया। मुख्य अतिथि ने सभी उपस्थित ग्राम प्रधानों को इस कार्यक्रम के महत्व को बताते हुये आगे सक्रियता से कार्य करने हेतु सभी को प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम विकास भवन प्रेक्षागृह, सीतापुर में सम्पन्न हुआ। विशेष अतिथि के रूप में जिला विकास अधिकारी राकेश पाण्डेय ने शिक्षा की महत्ता को समाज एवं विकास से जोड़ते हुये इस पुनीत कार्य में सभी के द्वारा अपना योगदान देने को कहा। इस अवसर पर डी.पी.आर.ओ. मनोज कुमार, जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) आर्य दीक्षित, भी उपस्थित थे। सत्र के आरम्भ में शिव नाडर फाउण्डेशन के ए.जी.एम.मंयक सिन्हा ने शिव नाडर फाउण्डेशन के द्वारा संचालित कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्वक बताते हुये शिक्षा संकल्प कार्यक्रम की पृष्ठभूमि एवं उद्देश्यों पर चर्चा की। उन्होने बताया कि शिव नाडर फाउण्डेशन के द्वारा नया इनीशिएटिव शुरू किया गया जिसका नाम शिक्षा संकल्प है। प्रायोगिक तौर पर यह कार्यक्रम कसमण्डा विकास खण्ड के 05 परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों यथा गोविन्दापुर, खैरन्देशनगर, दुलारपुर, ज्योतिशाह आलमपुर एवं कसमण्डा द्वितीय में चलाया जायेगा। जिसमें विद्यालय शिक्षण समयावधि के पश्चात चयनित पंचायत सहायक गाँव के 15 वर्ष से ऊपर के असाक्षर व्यस्कों को विद्यालय में उपलब्ध आई.टी. उपकरणों (लैपटाप, प्रोजेक्टर आदि) की सहायता से पढ़ाने का कार्य करेंगें। उप परियोजना प्रबंधक शिशिर पुरोहित ने बताया कि चयनित सभी विद्यालयों में फाउण्डेशन के द्वारा प्रदत्त आई.टी. उपकरणों की सहायता से पूर्व से ही स्मार्ट क्लास पर आधारित शिक्षण कार्य विद्यार्थियों में मध्य चल रहा है। उन्होंने यह भी जोड़ा कि चयनित विद्यालयों में अब बच्चों के साथ साथ प्रौढ़ भी एक ही छत के नीचें अलग अलग समयाधि में आई.सी.टी. पर आधारित शिक्षा ग्रहण करके लाभान्वित होगें। यह ऐसा केन्द्र होगा जहॉ बच्चों के साथ साथ व्यस्क भी सीखने सीखाने प्रक्रिया एवं शैक्षिक गतिविधियों में शामिल होगें। उपरोक्त के क्रम में चयनित ग्राम पंचायतों के समस्त ग्राम प्रधान, पंचायत सहायक सदस्य, संबधित प्राथमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने औपचारिक प्रशिक्षण को प्राप्त किया एवं उन्होंने आई.सी.टी. पर आधारित शिक्षण, पठन पाठन, लेखन क्रियाविधियों, संसाधन सामग्री, शैक्षिक गतिविधियों, अधिगम स्तर जानने हेतु मूल्यांकन एवं अन्य बारीकियों को जाना समझा। उक्त प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों के मध्य शिक्षण योजना, कार्यपुस्तिका, टी.एल.एम. का बेहतर उपयोग, शिक्षा प्लस डिजिटल कॉटेन्ट, हिन्दी लेखन, साधारण अंकगणतीय ज्ञान, विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं विषयों एवं आदि पर अपनी क्षमता वृद्धि किया। प्रशिक्षणार्थियों ने आई.सी.टी. पद्धति आधारित शिक्षण की विशेषताओं का जानते हुये समस्त बारिकियों को सीखा। ताकि चयनित व्यस्कों को विभिन्न पठन पाठन सामग्री की सहायता से उन्हें साक्षर किया जा सके ताकि ये साक्षर होकर अपने दैनिक जीवन के कठिनाइयों से निजात पा सकें और नये आत्मविश्वास के साथ समाज की मुख्यधारा में शामिल हो सकें। प्रशिक्षण के अतिम सत्र में प्रीति एम. शाह ने साक्षर कौशल का दैनिक जीवन में महत्य पर प्रकाश डालते हुये सभी को इस कार्यक्रम से जुड़ने का आहवान किया। इस अवसर पर फाउण्डेशन की ओर से मनोज शुक्ला, कमलेश मौर्य, उमेश तिवारी, सोबरन सिंह, नन्दनी चौहान, भरत किशोर, रीमा शुक्ला आदि ने भी प्रतिभागिता निभायी।

# ओटी टेक्नीशियन की संदिग्ध हालात में मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

संवाददाता। बरेली

**पीलीभीत बाईपास** रोड पर न्यू भारत हॉस्पिटल में ओटी टेक्नीशियन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप मौके पर पहुंची थाना बारादरी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। पुलिस जांच में जुटी।थाना कैंट के गांव चनहेटी निवासी दिलीप कुमार राठौर पुत्र रामबाबू राठौर न्यू भारत हॉस्पिटल में ओटी टेक्नीशियन के पद पर काम करता था सुबह अस्पताल में उसकी मौत हो गई । मृतक दिलीप कुमार राठौर की पत्नी छाया ने बताया न्यू भारत हॉस्पिटल बनाने में 20 लाख रुपए दिए थे जिससे उनकी पार्टनरशप थी रात 10रू00 बजे ड्यूटी पर गए थे इनकी डियूटी रात 10 बजे से सुबह 8 बजे तक थी सुबह फोन किया दिलीप का फोन उठा नही तभी अस्पताल के नम्बर पर फोन किया बताया कि दिलीप कुमार फोन नहीं उठा रहे हैं अस्पताल कर्मचारी ने 5 मिनट के बाद जवाब दिया उनकी तबीयत खराब है और आप लोग आसपाल आ जाइए परिवार वाले जब अस्पताल पहुंचे दिलीप कुमार की मौत हो चुकी थी और जमीन पर पड़े हुए थे पत्नी छाया राठौर का आरोप है अस्पताल में उनके पति दिलीप कुमार राठौर ने 20 लाख रुपए दिए थे अस्पताल में पार्टनरशिप थी इसीलिए घटना को अंजाम दिया गया है मेरे पति की किसी ने हत्या कर दी दिलीप की पत्नी छाया और एक लड़का एक लड़की है पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा परिवार वालों ने अस्पताल बालो के खिलाफ तहरीर थाना प्रेम नगर में दी। मौत का कारण क्या है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चल सकेगा। वहीं पर अस्पताल के डायरेक्टर तहसीन खान ने बताया दिलीप कुमार राठौर ने 8 मई को आसपाल को ज्वाइन किया था अस्पताल का उद्घाटन 12 मई को हुआ था उसके बाद से दिलीप कुमार राठौर रात में 10रू00 बजे आते थे और 8रू00 बजे सुबह चले जाते थे रात में कोई मरीज नहीं था इसलिए दिलीप कुमार चेंबर में जाकर सो गए सुबह जब परिवार वालों का फोन आया दिलीप कुमार का फोन उठा नहीं उन्होंने अस्पताल के फोन से फोन बात करी जब जाकर देखा दिलीप कुमार जमीन पर पड़े हुए थे। परिवार वालों का फोन कर के बुलाया आया परिवार बालो के सामने जमीन पर पड़े हुए थे उनकी मौत हो चुकी थी ।

# छापा मारकर बालू भरे दो ट्राले व जेसीबी पकड़ी

● अवैध खनन के खिलाफ प्रशासन ने की कड़ी कार्रवाई

संवाददाता। हरगांव सीतापुर



**नगर पंचायत** हरगांव की सीमा में बीतीरात लगभग 12.00 बजे नहर की पटरी पर हो रहे अवैध बालू खनन की सूचना पाकर जिला अधिकारी के निर्देश पर खनन विभाग ने छापामार कार्रवाई की। जिसमें जिला खनन अधिकारी द्वारा खनन करते समय बालू भरे दो ट्राले, व एक जेसीबी मशीन को कब्जे में लिया गया। दोनो टैक्टर और ट्राली, व,जेसीबी मशीन को थाने के सुपुर्द किया गया। जिला खनन अधिकारी के अनुसार पुलिस टीम को देखकर खनन में लिप्त लोग भाग खड़े हुए। पकड़ी गई टैक्टर ट्रालीयों, व जेसीबी के विरूद्ध सीज करने की कार्यवाही की जा रही है अवैध खनन किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, लिप्त लोगो पर सरकार की मंशा अनुरूप कठोर कार्यवाही की जाएगी।उक्त खनन कर रहे लोगों ने नगर पंचायत का काम नगर पंचायत के द्वारा वर्क आर्डर पर होना बताया गया। जबकि अधिशाषी अधिकारी अरविंद कुमार सिंह से इस संबंध में जानकारी ली गयी तो उन्होंने बताया की यह खनन के साथ साथ चार सौ बीसी का मामला भी है क्योंकि संबन्धित को कोई भी वर्क आर्डर हमारे द्वारा नहीं दिया गया है।यह लोग नगर पंचायत कार्यालय को बदनाम कर रहे हैं किसी भी प्रकार के खनन से नगर पंचायत का कोई लेना देना नहीं है। थाना प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि टैक्टर और ट्राली तथा जेसीबी को सीज करने की कार्रवाई की जा रही है।

## क्विक न्यूज

### जनहित के मुद्दों पर भाजपा नेता ने डीएम को सौंपा पत्र

**सीतापुर।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्र ने कल जिलाधिकारी से भेंट कर जनहित से जुड़े सुझावों से संबंधित एक मांग पत्र सौंपकर नगर के विकास को गति देने हेतु सुझावों पर अमल करने की मांग की है। जिला उपाध्यक्ष संजय मिश्र ने बताया कि जिलाधिकारी ने बात को गंभीरता से सुनकर जनहित में सुझावों को लागू कराए जाने का आश्वासन दिया। मांग पत्र में प्रमुख रूप से शहर के ऐतिहासिक शहीद लालबाग पार्क का जीर्णोद्धार कराए जाने, विजय लक्ष्मी नगर क्षेत्र के पंजाबी माता मंदिर के निकट सड़क का पुनरुत्थान तथा पुलिया निर्माण कराने,शहर के प्रमुख चौराहों पर लगी ट्रैफिक सिग्नल व्यवस्था को सुव्यवस्थित कराने, नगर में साफसफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिए डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की व्यवस्था पुनः चालू कराने, शहर में प्रमुख स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था कराने व बेतरतीब ढंग से चल रहे ई-रिक्शा को रूट प्लान बनाकर व्यवस्थित ढंग से चलाये जाने आदि सुझावों से संबंधित मांग पत्र जिलाधिकारी को सौंपा गया।इस अवसर पर चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला संयोजक डॉक्टर यू सी दीक्षित, डॉक्टर प्रदीप पांडे, रामबाबू श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### जमीन कब्जाने का बुजुर्ग ने लगाया आरोप, जिलाधिकारी से मुलाकात कर दिया प्रार्थना पत्र



सीतापुर। जहां एक ओर अवैध अतिक्रमण को लेकर योगी सरकार का बुलडोजर गरज रहा है, वहीं एक पीड़ित बुजुर्ग अपनी ही जमीन पाने को लेकर चार साल से अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर है और उसे न्याय नहीं मिल पा रहा है। मंगलवार को वह जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। सीतापुर के थाना संदना के गांव रसूलपुर के रहने वाले अशर्फी पुत्र गिरधारी की जमीन पर गांव के ही विमलेश राठौर अवैध कब्जा करके उसपर निर्माण करा रहा है, पीड़ित की शिकायत करने के बावजूद भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई जिसको लेकर पीड़ित द्वारा जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### बालिकाएं अपनी शक्ति को पहचानें और आगे बढ़ें: राजेन्द्र सिंह

**सीतापुर।** बालिकाएं अपने शक्ति को पहचाने, जिससे कि उनका मनोबल कभी गिरने न पाए और वह हमेशा अपने आगे कार्य में बढ़ती ही जाएं। बालिकाएं खुद स्वालम्बन बने। यह बात विश्व हिंदू परिषद अवध प्रांत के संगठन मंत्री राजेश सिंह 'पंकज' ने दुर्गा वाहिनी के प्रशिक्षण शिविर को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि दुर्गा वाहिनी प्रशिक्षण का उद्देश्य लड़कियों में अनुशासित जीवन एवं राष्ट्र के प्रति निष्ठा जागृत करना एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों के प्रति जागृत रहना साथ ही साथ हिंदू समाज के विरोध में जो गतिविधियां चलाई जा रही हैं उससे वह सावधान रहें एवं अन्य लड़कियों को भी जागृत करें। कार्यक्रम का आयोजन आनंदी देवी इंटर कॉलेज नैपालापुर में किया गया जो 30 मई तक चलेगा। इस शिविर में 350 बालिकाएं अवध प्रान्त की है जो प्रशिक्षण लेंगी। दुर्गावाहिनी प्रशिक्षण शिविर में मौजूद विपुल सिंह, कमलेश सिंह, उत्तम सिंह, विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष नवीन अग्रवाल, महेश तिवारी, उपकार, त्रिपुरेश बाजपेयी, मुकेश कनौजिया, प्रमोद सिंह, दीपक त्रिवेदी, मुद्रा सिंह, विमल मिश्रा, सरिता त्रिपाठी, सरिता त्रिपाठी, साक्षी सिंह चौहान सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 300 बेड के अस्पताल से एसी का कॉपर तार चोरी

**बरेली।** चोरों के हौसले बुलंद 300 बेड के अस्पताल की आवासीय परिसर से ए सी के कॉपर तार चोरी पुलिस से की शिकायत । बरेली के 300 बेड के कोविड हॉस्पिटल की आवासीय कॉलोनी में चिकित्सा प्रभारी डॉ सतीश चंद्रा के आवास के ऊपर लगे ए सी से कॉपर और बायर को चोर काट कर ले गए चिकित्सा प्रभारी अधिकारी ने बताया ए सी की कॉपर तार काट कर चोर ले गए है इससे पहले भी इस तरह घटना को अंजाम दिया जा चुका है अब सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और गेट पर एंट्री के लिए गार्ड बैठाया जाएगा जो भी परिसर में जाएगा अंदर उसकी एंट्री होगी और इसकी थाना बारादरी पुलिस के द्वारा जांच कराई जाएगी । कॉपर की कीमत हजारो रुपये की बताई जा रही है।

# कोतवाली मोहम्मदी ने बड़े मंगल पर किया प्रसाद व शर्बत का वितरण



**मोहम्मदी-खीरी।** मोहम्मदी कोतवाली के परिवार की ओर से कोतवाली के पड़ोस में दूसरे बड़े मंगल पर बड़े पैमाने पर भोजन सहित फल और शरबत का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में बूढ़े, बच्चे और महिलाओं सहित अन्य लोगों ने बड़े मंगल पर आयोजित इस भंडारे मे प्रसाद ग्रहण किया। प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह ने भंडारे पर पूजा अर्चना के बाद छोटे-छोटे बच्चों को प्रसाद देकर इस भंडारे की शुरुआत की। उन्होंने बताया कि धार्मिक दृष्टिकोण से बड़ा मंगल पर शरबत सहित अन्य भंडारे आयोजित किए जाते हैं जिसकी मान्यताएं भी हैं। उन्होंने कहा हम सभी को किसी न किसी बहाने ईश्वर को याद करना चाहिए। इस भंडारे में प्रमुख रूप से कोतवाली के पंकज शर्मा, रेहरिया चौकी इंचार्ज पवन सिंह, एसआई रुद्र प्रकाश पांडे, एसआई प्रशांत कुमार श्रीवास्तव, आरक्षी करन शर्मा, नितिन गुर्जर, मोनू पांडे व किशन निषाद का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# ई-संजीवनी से गांव-गांव मिलेंगी बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं

● प्रशिक्षण के दौरान हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर तैनात सीएचओ को बताए गए उनके कार्य एवं दायित्व

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**ई-संजीवनी** पोर्टल के जरिए गांव.गांव तक बेहतर और उच्च स्तरीय चिकित्सा पहुंचाने की तैयारी स्वास्थ्य विभाग ने कर ली है। इसके लिए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के अंतर्गत सीएचसी व पीएचसी प्रभारियों सहित नवीन सीएचओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता सीएमओ डा. शैलेंद्र भटनागर ने की। इस दौरान उन्होंने सभी नवीन सीएचओ को बधाई देते हुए कहा कि यह एक नौकरी नहीं बल्कि आप सभी को समाज सेवा करने का एक मौका मिला है। जिसे आप पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से निभाए।

कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. बीसी पंत ने जानकारी देते हुए बताया कि और अधिक बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर गांव.गांव तक स्थापित किए गए हैं। इन्हीं के माध्यम से अब ई.संजीवनी पोर्टल और एनसीडी पोर्टल के माध्यम से न सिर्फ लोगों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी रखी जाएगी बल्कि उनके बेहतर और उच्च स्तरीय चिकित्सा की भी व्यवस्था की जाएगी। पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन चिकित्सक परामर्श की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इसी के साथ सीएचओ के कार्य दायित्व और 15 इंडिकेटर की विस्तृत जानकारी उन्हें दी गई है।

साप्ताहिक मासिक रिपोर्टिंग, आभा आईडी क्रिएशन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। एसीएमओ डा. अश्वनी कुमार ने बताया कि एक कदम सुरक्षित मातृत्व अभियान को भी और अधिक गति मिल सकेगी। यह सभी सीएचओ हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर आने वाली गर्भवती माताओं और बच्चों का नियमित टीकाकरण कर उनके स्वास्थ्य संबंधी जानकारी को भी इकट्ठा करेंगे।

डीपीएम अनिल यादव ने बताया कि जन आरोग्य समिति अब एएनएम के स्थान पर सीएचओ व ग्राम प्रधान के संयुक्त हस्ताक्षर से संचालित होगी। इसी के साथ सभी चीजों को वित्तीय दिशा निर्देश और उनके परफारमेंस बेस्ड इंसेंटिव के बारे में भी बताया गया है। रीजनल मैनेजर अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि एक जून से एनसीडी अभियान चलाया जाएगा और यह अभियान 30 जून तक चलेगा। उसकी तैयारी के बारे में सभी को बताया गया है इस अभियान के अंतर्गत फैमिली फोल्डर और सीबेक फार्म भरे जाएंगे। जिसकी जानकारी भी प्रशिक्षण में दी गई है। इस दौरान टाटा ट्रस्ट के प्रतिनिधि अब्दुल कादिर सहित एनसीडी सेल से एपिडेमियोलॉजिस्ट डा. राकेश गुप्ता, फाइनेंस कम लॉजिस्टिक विजय वर्मा व डीएमएचसी लल्ला सिंह आदि उपस्थित रहे।

# कुपोषित व अति कुपोषित बच्चों के लिए बांटी सामग्री



**मोहम्मदी-खीरी।** कुपोषण की रोकथाम और कुपोषण की दर में कमी लाने के लिए कुपोषित और अति कुपोषित बच्चों के परिवारों तथा जन समुदाय को जागरूक करने के लिए उप जिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने गदमापुर और बलमिया गांव विकास खंड मोहम्मदी के छह अति कुपोषित बच्चों के परिवार से मुलाकात की। वहीं बलमिया गांव के अतिकुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए लव कुश, सुभ, दिव्यांशी, सबनम और गदमापुर गांव में सोनाली ऊषा के यहां जाकर मूंगफली दाना सत्तू गुड़ सोयाबड़ी साबुन आदि के पैकेट भी दिए गए।

# सफाई के लिए हटवाए गए नाले-नालियों से पत्थर, आगे की कार्रवाई भूली नगर पंचायत

● खुले नालों से बढ़ा लोगों के घायल होने का खतरा

संवाददाता। सिंगाही-खीरी




तो किया कस्बे में बाबा का बुल्डोजर अवैध कब्जाधारियों को हटाने के लिए नहीं बल्कि लोगों को परेशान करने के लिए चलाया गया था। नालों और नालियों से बुलडोजर के जरिये हटाये गए पत्थरों को देख कर ऐसा ही लगता है। उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत प्रशासन द्वारा अवैध कब्जाधारियों को हटाने के दौरान नालों पर पड़े पत्थरों को हटा दिया गया था।

बतातें चले कि 14 मई को कस्बे में एसडीएम व नगर पंचायत की मौजूदगी में नगर पंचायत के कर्मचारियों ने कथित तौर पर अवैध कब्जाधारियों को हटाने के लिए बाबा का बुलडोजर चलाया था। इस अभियान के दौरान सिंगाही बेलरायां मार्ग के दोनों ओर नालों के ऊपर पड़ेगा। पत्थर को तो नगर पंचायत ने हटाया था पर हटाने के बाद न तो नाले की सफाई हुई और न तो पत्थरों को दोबारा नालों पर रखा गया। जिससे आने जाने वाले राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पत्थरों को हटाने के बाद अब नाला खुल गया है। जो कोई भी नाला में गिरता है वह न केवल लोगों को परेशानी होती बल्कि नाले के किनारे पड़े पत्थरों से घायल हो सकता है नगर पंचायत प्रशासन की इस लापरवाह कार्रवाई का खामियाजा कस्बे के सैकड़ों लोगों को भुगतना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि नालों से पत्थर हटाने के बाद न सिर्फ आने-जाने में परेशानी होती है बल्कि उनमें गंदगी फैलाने और फिर सड़न भी होती है। देखना होगा कि नालों और नालों को हटाने के बाद क्या नगर पंचायत प्रशासन बेपरवाही में रहेगा। या कस्बे के लोगों की परेशानियों का भी इसका कोई एहसास होगा। इस मामले में नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी अवधेश मिश्रा ने बताया के कुछ लोगों ने आगे पत्थर हटाने के लिए कहा था पर उन्होंने नहीं हटाया। इसी वजह से सफाई नहीं हो पाई जल्दी सफाई करवा कर पत्थरों को पुन: नालियों पर डलवा दिया जाएगा।

# नहीं होने दिया जाएगा मिट्टी व बालू का अवैध खनन

**लखीमपुर-खीरी।** प्रभारी निरीक्षक पसगवां अरुण कुमार सिंह से पायनियर संवाददाता ने एक शिष्टाचार भेट की। उन्होंने बताया कि मैं मूल रुप से बलिया का निवासी हूं। इलाहाबाद, प्रतापगढ़, उन्नाव, कौशांबी जैसे जनपद पर प्रभारी निरीक्षक के पद पर रहा हूं। सदर कोतवाली के बाद पसगवां कोतवाली का दायित्व दिया गया। उन्होंने एक प्रश्न के जवाब में बताया कि किसी भी हाल में मिट्टी या बालू का खनन नहीं होने दिया जाएगा। कहा कि प्रशासन द्वारा 10 ट्राली मिट्टी की स्वीकृत दी जा रही है परंतु यह केवल किसानों के लिए है जो अपने खेत से खोदकर अपना निजी काम में ला सकते हैं। अरुण कुमार सिंह ने कहा कि अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार पुलिस टीमें क्षेत्र में सक्रिय भूमिका पर रहती है। उन्होंने कहा कोई भी फरियादी किसी भी समय मेरे कार्यालय या फोन से अपनी समस्या अवगत करा सकता है, निश्चित तौर उसकी समस्या का समाधान किया जाएगा।

# नीमगांव पुलिस ने दो हत्यारों को पकड़ा

● पारिवारिक झगड़े में गई थी जान

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**पुलिस अधीक्षक** संजीव सुमन के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत 24 मई को थाना नीमगांव पुलिस द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 161/22 धारा 302 व 307 भादवि में वांछित अभियुक्त मुकेश पुत्र राधे व सर्वेश उर्फ शर्मा पुत्र दाताराम को आलाकत्ल चाकू व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर गिरफ्तार किया गया। 20 मई को थाना नीमगांव क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बरहोई निवासी पुत्र फकीरे व उनकी पत्नी शांति देवी पर उनके दामाद मुकेश द्वारा पारिवारिक झगड़े के कारण अपने साथी सर्वेश उर्फ शर्मा के साथ मिलकर चाकू से हमला कर दिया था। जिसमें शांति देवी की मौके पर ही मृत्यु हो गई थी और रामदुलारे को गम्भीर चोटें लगी थी। पकड़े गए हत्यारोपियों की पहचान मुकेश पुत्र राधे व सर्वेश उर्फ शर्मा पुत्र दाताराम निवासीगण मोहम्मदपुर थाना मोहम्मदी के रूप में हुई। पुलिस ने इनके कब्जे से आलाकत्ल एक चाकू, घटना के समय अभियुक्तों द्वारा पहनी गई दो खूनालूद शर्ट व घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नीमगांव देवेन्द्र कुमार, उप निरीक्षक सुनील कुमार, कांस्टेबल अंकित चौधरी, कांस्टेबल सुमित जैन व कांस्टेबल संजय यादव शामिल रहे।

## चेयरमैन ने जन जागरूकता रैली का किया स्वागत

**ओयल-खीरी।** सेव अर्थ सेव लाइफसुरक्षित और खुशहाल भविष्य के लिए जन जागरण अभियान के तहत आज एक साइकिल यात्रा कस्बा ओयल मे पहुंची। वहां पर ओयल हनुमान मंदिर के पास में नगर पंचायत ओयल ढकवा अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ने माला पहनाकर उनका जोरदार स्वागत किया। यह यात्रा 24 मई से प्रारंभ की गई है। प्रात: 6 सौजन्य चौक चौराहा लखीमपुर खीरी से लखनऊ तक इस साइकिल यात्रा को जाना है। इस जागरूकता अभियान के अंतर्गत हरे पेड़ों को न काटना उनका संरक्षण करना, जहां पर भी खाली जगह दिखाई पड़े जो किसी की निजी भूमि न हो। वहां पर पेड़ लगाना, पालिथीन का प्रयोग बंद करना, डिस्पोजल गिलास का प्रयोग बंद करना, मुख्य उद्देश हैं। इस मुहिम के मुख्य कर्ताधर्ता राजेश गुप्ता ने सभी को शपथ दिलाई इस मुहिम को सफल बनाने में सहयोग करें तथा पॉलिथीन का प्रयोग छोड़ें तथा पेड़ों को लगाएं। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता सोनू, मनीष मिश्रा, शगुन सिंह, बालू मिश्रा व देवेंद्र गुप्ता आदि कई लोग मौजूद रहे।

# भारत विरोधी कोरबिन से राहुल की मुलाकात पर भाजपा और कांग्रेस में आरोप-प्रत्यारोप

**भाषा।** नई दिल्ली



लंदन में कैंब्रिज विश्वविद्यालय में एक कार्यक्रम के दौरान बोलते राहुल गांधी

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) ने ब्रिटेन की लेबर पार्टी के नेता जेरेमी कोरबिन के साथ कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की मुलाकात को लेकर मंगलवार को उन पर निशाना साधते हुए कहा, कोई व्यक्ति कितने समय और कितना अपने खुद के देश के खिलाफ जा सकता है।

कांग्रेस ने पलटवार करते हुए कोरबिन के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुलाकात की तस्वीरें साझा की और सवाल किया कि क्या इस मुलाकात का यह मतलब है कि प्रधानमंत्री भी भारत के बारे में कोरबिन के विचारों का समर्थन करते हैं? मुख्य विपक्षी दल ने यह भी कहा कि अलग विचार रखने वाले विदेशी नेताओं से भारत के नेता पहले भी मिलते रहे हैं और आगे भी मिलते रहेंगे।केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू और भाजपा के आईटी प्रकोष्ठ के प्रमुख अमित मालवीय ने कोरबिन से राहुल गांधी की मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने एक ऐसे ब्रिटिश नेता से भेंट की है जो भारत से कश्मीर के अलगाव की पैरवी करता है। इस पर कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने प्रधानमंत्री मोदी और कोरबिन के बीच पहले हुई मुलाकात की तस्वीर साझा की और कहा कि अगर अलग विचार रखने वाले विदेशी नेताओं से मुलाकात नहीं करनी है, तो सरकार को इस बारे में स्पष्ट कर देना चाहिए। रीजीजू और मालवीय ने जो तस्वीर साझा की है, उसमें कोरबिन और राहुल गांधी के साथ इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा भी नजर आ रहे हैं। राहुल गांधी इन दिनों ब्रिटेन दौरे पर हैं, जहां वह सोमवार को कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के एक संवाद सत्र में भी शामिल हुए थे। रीजीजू ने ट्वीट किया, फिर... राहुल गांधी ने ब्रिटिश सांसद और लेबर नेता जेरेमी कोरबिन से मुलाकात की, जो भारत के लिए अपनी नफरत और नापसंदगी के लिए जाने जाते हैं। वह कश्मीर के अलगाव की पैरवी करते हैं। उन्होंने कांग्रेस नेता पर निशाना साधते हुए सवाल किया, कोई व्यक्ति कितने समय और कितना अपने खुद के देश के खिलाफ जा सकता है? भाजपा नेता मालवीय ने ट्वीट किया, ब्रिटिश सांसद और लेबर नेता जेरेमी कोरबिन के साथ राहुल गांधी। कोरबिन भारत के प्रति असीमित द्वेष रखने के लिए जाने जाते हैं, वह कश्मीर के अलगाव की पैरवी करते हैं और स्पष्ट रूप से हिंदू विरोधी हैं। राहुल गांधी को आखिरकार उनका वो विदेशी साथी मिल गया है, जो उनकी तरह खुलकर भारत को बदनाम करता है। इस पर सुरजेवाला ने मोदी और कोरबिन की मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए ट्वीट किया, मैं मीडिया के अपने मित्रों से पूछना चाहता हूं कि इस तस्वीर में मौजूद में दो व्यक्तियों को पहचानिए। क्या आप वही सवाल इनसे भी पूछ सकते हैं? क्या इस मुलाकात का मतलब यह है कि प्रधानमंत्री भारत के बारे में कोरबिन के विचारों का समर्थन करते हैं? कांग्रेस महासचिव ने कहा, नेता दूसरे नेताओं से पहले भी मिलते रहे हैं और आगे भी मिलते रहेंगे, जिनके विचार उनसे नहीं भी मिलते। राहुल गांधी जी का उस व्यक्ति के साथ तस्वीर लेना अपराध या आतंकवाद का कृत्य नहीं है, जिसकी राय हमसे अलग है। उन्होंने सवाल किया, अगर (मुलाकात नहीं करने का) यह आधार है तो फिर सवाल पूछा जाना चाहिए कि प्रधानमंत्री ने दावोस में नीरव मोदी के साथ तस्वीर क्यों खिंचवाई?उस वीडियो का क्या जिसमें प्रधानमंत्री मोदी, मेहुल चोकसी को हमारे मेहुल भाई कहते देखे जा सकते हैं? प्रधानमंत्री ने शी चिनफिंग से मुलाकात क्यों की, जब चीन ने हमारे क्षेत्र पर कब्जा कर रखा है? सुरजेवाला ने यह सवाल भी किया, प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान जाकर नवाज शरीफ से मुलाकात क्यों की? क्या सरकार यह वादा करेगी कि ऐसे किसी व्यक्ति के साथ मुलाकात नहीं होगी, जिसके हमसे अलग विचार हों? उन्होंने कहा, भाजपा के दुष्प्रचार पर नहीं, असल मुद्दों पर चर्चा करने का समय है।

# मेरे खिलाफ लगे आरोप हास्यास्पद, राजनीतिक प्रतिशोध के तहत हो रही है कार्रवाईः कार्ति चिदंबरम

**भाषा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस सांसद** कार्ति चिदंबरम ने अपने एक निकट सहयोगी की केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा पिछले दिनों की गई गिरफ्तारी के बाद मंगलवार को कहा कि उनके खिलाफ लगे आरोप हास्यपास्पद हैं तथा उन्हें राजनीतिक प्रतिशोध के तहत परेशान किया जा रहा है।

सीबीआई ने पंजाब स्थित तलवंडी साबो पावर लिमिटेड में कार्यरत चीन के 263 नागरिकों के वीजा मंजूर कराने के लिए 50 लाख रुपए की कथित रिश्वत के मामले में लोकसभा सदस्य कार्ति चिदंबरम के निकट सहयोगी एस. भास्कररमन को गत 18 मई को गिरफ्तार कर लिया था। रिश्वत का यह मामला 2011 का है, जब कार्ति के पिता पी. चिदंबरम केंद्रीय गृह मंत्री थे। कार्ति ने मंगलवार को एक बयान में कहा, मैं किसी भी तरह से वीजा के मामले से नहीं जुड़ा हूं। मेरे खिलाफ लगाए गए सीबीआई के आरोप हास्यास्पद हैं। मैं सभी आरोपों को खारिज करता हूं। उन्होंने यह भी कहा, प्राथमिकी में उल्लेखित किसी भी कारपोरेट इकाई के साथ मेरा कोई संबंध नहीं है। मैं इन कारपोरेट इकाइयों अथवा इनके प्रतिनिधियों के साथ किसी भी तरह से नहीं जुड़ा हूं। मैं स्पष्ट तौर पर कह सकता हूं कि मैं कभी भी किसी चीनी नागरिक की वीजा प्रक्रिया में मददगार नहीं रहा। उन्होंने दावा किया, पिछले सात वर्षों में केंद्रीय एजेंसियों द्वारा बिना किसी सबूत के मेरे खिलाफ छह बार छापेमारी की गई है। ए एजेंसियां एक राजनीतिक दल के राजनीतिक प्रतिशोध को पूरा करने की मशीनरी बन गई हैं। कार्ति ने आरोप लगाया, मेरे साथ जुड़े पेशेवर लोगों को परेशान किया जा रहा है। उनके जीवन में खलल डाला जा रहा है और उनकी आजादी छीन ली गई है, जैसा कि मेरे साथ हुआ है।

मेरे आनेजाने को नियंत्रित किया गया है। मुझे अपनी बेटी से मिलने जाने के लिए अदालतों के चक्कर काटने पड़ते हैं। उन्होंने कहा, मुझे अपने महान देश की न्यायपालिका पर पूरा विश्वास है। लेकिन यह उत्पीड़न करना, पीछे पड़ना नहीं है तो फिर क्या है?

## भारतीय नौसेना के टैंकर ने अरब सागर में जापानी पोतों में ईंधन भरा

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय नौसेना** के टैंकर आदित्य ने मंगलवार को जापानी नौसेना के दो पोतों – काशीमा और शिमाकाजे में ईंधन भरा। जापानी नौसेना के प्रमुख एडमिरल हिरोशी यामामुरा और भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर. हरि कुमार ने 25 फरवरी को दिल्ली में मुलाकात कर दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की थी।जापानी नौसेना को आधिकारिक तौर पर जापान मैरीटाइम सेल्फ डिफेंस फोर्स (जेएमएसडीएफ) के रूप में जाना जाता है। अधिकारियों ने कहा कि भारतीय नौसेना का टैंकर आईएनएस आदित्य मध्य अरब सागर में जेएमएसडीएफ के प्रशिक्षण पोतों जेएस काशिमा और जेएस शिमाकाजे में ईंधन भर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय नौसेना और जेएमएसडीएफ के बीच अंतर संचालन क्षमता बढ़ाने के लिए युद्धाभ्यास भी किए गए।

## क्विक न्यूज

### पुलवामा में जैश के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़, आतंकवादियों के आठ मददगार गिरफ्तार

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलों ने जम्मू कश्मीर के पुलवामा जिले में जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करने का दावा किया है और आतंकवादियों के आठ सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक प्रवक्ता ने मंगलवार को बताया कि विशिष्ट सूचना के आधार पर, कई संदिग्धो को गिरफ्तार किया गया और सुराग हासिल किए गए, जिसके बाद दक्षिण कश्मीर जिले के अवंतीपोरा इलाके में सक्रिय आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ हुआ। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों की पहचान मुश्ताक अहमद डार, इशफाक अहमद डार, मंजूर अहमद डार, फयाज़ अहमद राठेर, साबीर अहमद राठेर, मोहम्मद लतीफ राठेर, शीराज़ अहमद मीर और वसीम अहमद भट के तौर पर हुई है।

### औरंगाबाद में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से पांच लोगों की मौत

**औरंगाबाद (बिहार)।** पूर्ण शराबबंदी वाले बिहार के औरंगाबाद जिले में कथित तौर पर जहरीली शराब पीने से पांच लोगों की मौत हो गई। इस घटना के बाद पुलिस ने व्यापक कार्वाई करते हुए 67 लोगो को गिरफ्तार किया है। औरंगाबाद के पुलिस अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्रा ने मंगलवार को बताया, सभी मौतें मदनपुर प्रखंड से हुई है। सोमवार को तीन लोगों की मौत हुई थी जबकि एक दिन पहले दो लोगो की मौत हुई थी। उन्होंने बताया कि इसके अलावा कथित शराब पीने के बाद बीमार हुए दो लोगों का पड़ोसी जिले गया के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है।

### सात वर्षीय बच्ची के अंगदान से छह साल के लड़के को मिला नया जीवन

**नई दिल्ली।** कहते हैं अंगदान से बड़ा कोई दान नहीं और मौत के बाद भी अगर कोई जिंदा रहता है तो वह है दाता के अंग। यह कहावत एक सात वर्षीय नीलम और उसके परिवार पर एकदम सटीक बैठती है। गंभीर चोट के कारण नीलम को ब्रेन डेड घोषित कर दिया गया। इस दुख की घड़ी में भी परिजनों ने हिम्मत दिखाई और उसके अंगदान करने का फैसला लिया। परिवार ने बच्ची का लीवर और किडनी दान किया। इससे एक छह साल के बच्चे की जान बचाई जा सकी। डॉक्टरों ने उसे नया जीवन दिया है। नई दिल्ली स्थित इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में उत्तर प्रदेश के लखनऊ निवासी छह वर्षीय अर्णव का प्रत्यारोपण सफल रहा। दिल्ली में नीलम के परिजनों ने अंगदान किया। इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल्स के सीनियर पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट और मेडिकल डायरेक्टर डॉ अनुपम सिब्बल ने बताया कि अर्णव लैंगरहैंस जाइंट सेल हेमोफैगोसाइटोसिस से पीड़ित था।

# लश्कर के लिए आतंकियों की भर्ती करने वाला गिरफ्तार

**भाषा।** मुंबई, पुणे

**महाराष्ट्र आतंकवाद** निरोधी दस्ते (एटीएस) ने मंगलवार को पुणे के 28 वर्षीय एक व्यक्ति को प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा के लिए विभिन्न राज्यों से आतंकवादियों की भर्ती में कथित भूमिका के सिलसिले में गिरफ्तार किया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुणे के दापोडी इलाके से पकड़े गए आरोपी की पहचान जुनैद मोहम्मद अता मोहम्मद के रूप में हुई है। उसको शहर की एक अदालत में पेश किया गया, जिसने उसे तीन जून तक एटीएस की हिरासत में भेज दिया। अधिकारी ने कहा कि संदिग्ध पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा के सक्रिय सदस्यों के सोशल मीडिया मंचों के जरिए संपर्क में था। उन्होंने बताया कि मूल रूप से विदर्भ क्षेत्र के बुलढाणा जिले के खामगांव का रहने वाला जुनैद मोहम्मद हालांकि पिछले कुछ वर्षों से पश्चिमी महाराष्ट्र के पुणे में काम कर रहा था। उन्होंने आरोपी के पेशे का खुलासा नहीं किया।उन्होंने कहा कि लश्कर-ए-तैयबा के सदस्यों के साथ उसके कथित संबंध सामने आने के बाद एटीएस पुणे इकाई ने उसे गिरफ्तार कर लिया। अधिकारी ने कहा कि जुनैद मोहम्मद को विभिन्न राज्यों से लश्कर-ए-तैयबा के लिए नए सदस्यों की भर्ती का काम सौंपा गया था। उन्होंने कहा कि अपनी जिम्मेदारी के तहत उसने देश में आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए उन्हें प्रशिक्षित करने के वास्ते नए लोगों को जम्मू-कश्मीर ले जाने की कोशिश की। उन्होंने कहा कि दिए गए काम को पूरा करने के बदले उसे अपने संचालकों से धन प्राप्त होता। अधिकारी ने बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला कि संदिग्ध आतंकी को जम्मू-कश्मीर के एक बैंक खाते से 10,000 रुपए मिले थे। जुनैद मोहम्मद ने एटीएस को बताया कि उसने अपने आकाओं के साथ संपर्क स्थापित करने के लिए कम से कम 10 सिम कार्ड का इस्तेमाल किया था और हर बातचीत के बाद वह सिम कार्ड को नष्ट कर देता था। एटीएस ने एक बयान में कहा, आरोपी जुनैद लश्कर-ए-तैयबा के प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन के लिए सदस्यों की भर्ती में लगा हुआ था। उसे चुनिंदा युवाओं को गुमराह करने, ब्रेनवॉश करने और राष्ट्र विरोधी भावनाएं पैदा करने और उन्हें लश्कर के सदस्य के रूप में भर्ती करने का काम सौंपा गया था। इसमें कहा गया, उसने पांच सिम कार्ड का इस्तेमाल पांच फेसबुक अकाउंट बनाने के लिए किया जिससे वह राष्ट्र विरोधी पोस्ट साझा करता था। वह लश्कर में शामिल होने के लिए कट्टरपंथी युवाओं से संपर्क करेगा, जिससे सांप्रदायिक दुश्मनी को बढ़ावा मिलेगा और देश के खिलाफ युद्ध छेड़ा जाएगा।

## यासीन मलिक को आज सजा सुनाए जाने की संभावना

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत द्वारा दोषी करार दिए गए कश्मीरी अलगाववादी नेता यासीन मलिक की सजा की अवधि पर बुधवार को फैसला सुनाए जाने की संभावना है। जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट (जेकेएलएफ) के प्रमुख मलिक ने आतंकवाद के वित्त पोषण के एक मामले में सभी आरोप स्वीकार कर लिए थे, जिनमें गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून के तहत आरोप भी शामिल हैं। विशेष न्यायाधीश प्रवीण सिंह ने 19 मई को मलिक को दोषी करार दिया था और राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को उसकी वित्तीय स्थिति का आकलन करने को कहा था, ताकि उस पर लगाए जा सकने वाले जुर्माने को निर्धारित किया जा सके।

# गाजियाबाद में बिना तार वाले पहले पेसमेकर का सफल प्रत्यारोपण

## मरीज को इलाज के तीन दिन में मिली अस्पताल से छुट्टी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**गाजियाबाद के** कौशांबी स्थित यशोदा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में पैर की नस के जरिये बिना तार वाले पहले पेसमेकर का सफल प्रत्यारोपण किया गया। चिरंजीव विहार के 65 वर्षीय मरीज को प्रत्यारोपण के मात्र 3 दिन बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। इस सर्जरी को करने वाले यशोदा सुपरस्पेशियलिटी के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. असित खन्ना ने कहा कि अत्याधुनिक तकनीक में बिना तार वाले डिवाइस के इम्प्लांटेशन के लिए 65 वर्षीय मरीज के हार्ट में कोई चीरा नहीं लगाया गया और पैर की नस के जरिये बिना तार वाले पेसमेकर (लीडलेस) को हृदय में प्रत्यारोपित करने में 20 मिनट लगे और मरीज को 3 दिन बाद ही हॉस्पिटल से छुट्टी दे दी गयी। डॉ. असित खन्ना ने कहा कि मरीज पेसमेकर लगने के बाद पूरी तरह से स्वस्थ है। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया एंजियोग्राफी की तरह की जाती है। मरीज की जांघ के पास छोटा छेद किया जाता है, उसी के माध्यम से एक लीडलेस पेसमेकर शरीर में प्रवेश कराया जाता है और उसे हृदय में कैथलैब में मशीन में देखते हुए हृदय में प्रत्यारोपित कर दिया जाता है। इसमें जरा भी रक्तस्राव नहीं होता है। लीडलेस पेसमेकर पारंपरिक पेसमेकर से 90 फीसदी छोटा होता है। यह एक छोटा उपकरण है जिसे सीधे हृदय में भेजा जाता है। इसके लिए छाती में चीरा लगाने की भी जरूरत नहीं होती है। ये तकनीक चिकित्सा बाजार में अपेक्षाकृत नई है, जिसे 2018 में उतारा गया था।

# कश्मीरी हिन्दू कर्मचारियों का उपराज्यपाल के आश्वासन के बावजूद प्रदर्शन जारी

**भाषा।** श्रीनगर



कश्मीरी पंडित कर्मचारी अपने सहकर्मी राहुल भट की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए

**कश्मीरी पंडित** कर्मचारियों का उनके सहकर्मी राहुल भट की हत्या के खिलाफ चल रहा प्रदर्शन मंगलवार को 13 वें दिन में प्रवेश कर गया। प्रदर्शनकारी शेखपुर प्रवासी शिविर के दौरे के दौरान उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा दिए गए आश्वासन के बावजूद काम पर नहीं लौटे हैं।

प्रदर्शनकारी कर्मचारियों का कहना है कि वे तब तक अपना विरोध खत्म कर काम पर नहीं लौटेंगे, जबतक कि उन्हें कश्मीर घाटी से बाहर स्थानांतरित करने की मांग मान नहीं ली जाती। प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की और हमें न्याय चाहिए के नारे लगाए। उल्लेखनीय है कि सिन्हा ने सोमवार को शेखपुरा प्रवासी शिविर का दौरा किया था जहां कश्मीरी पंडित कर्मचारी राहुल भट की हत्या के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया था कि उनकी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। भट(35) को प्रवासियों के लिए विशेष रोजगार पैकेज 2010-11 के तहत लिपिक की नौकरी मिली थी।उनकी हत्या 12 मई को मध्य कश्मीर के बडगाम जिले के चाडूरा इलाके में लश्कर ए तैयबा के आतंकवादियों ने उनके कार्यालय में घुसकर कर दी थी। सिन्हा ने प्रदर्शनकारी कर्मचारियों से संवाद करते हुए स्वीकार किया कि उनके शिविर आने में देर हुई है। भट की पत्नी को सरकारी नौकरी देने की मांग का संदर्भ देते हुए राज्यपाल ने कहा कि उनकी योग्यता की जांच की जाएगी और जो संभव होगा वह दिया जाएगा। सिन्हा ने प्रदर्शनकारी कर्मचारियों से कहा कि भट की हत्या की उन्हें भी उतनी ही पीड़ा है जितना आप (कर्मचारी)महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन के मुखिया के तौर पर सरकारी कर्मचारी की हत्या से अधिक कुछ भी दुर्भाग्यपूर्ण नहीं हो सकता।

## बर्फबारी व बारिश से चारधाम यात्रा रुकी

**देहरादून।** बर्फबारी और बारिश से मंगलवार को चारधाम यात्रा रोक दी गई और हजारों तीर्थयात्रियों को एहतियातन केदारनाथ तथा यमुनोत्री के मार्गों में बीच में रोक दिया गया। केदारनाथ में मंगलवार सुबह बर्फ गिरनी शुरू हुई थी, वहीं निचले इलाकों में बारिश शुरू हो गई जिसके बाद अधिकारियो ने गौरीकुंड और सोनप्रयाग में यात्रियों को रोक लिया। यमुनोत्री जा रहे तीर्थयात्रियों को जानकीचट्टी में रोक लिया गया। बद्रीनाथ के आसपास के पहाड़ो पर भी बर्फ गिर रही है। बड़कोट की उप जिलाधिकारी (एसडीएम) शालिनी नेगी ने बताया कि जानकीचट्टी में रोके गए श्रद्धालुओं को मौसम साफ होने के बाद आगे जाने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि खराब मौसम के कारण सोमवार को रोके गए यात्रियों को मंगलवार सुबह यमुनोत्री मंदिर में दर्शन के लिए जाने दिया गया और वे दर्शन करके लौट आए हैं। रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि मौसम खराब होने की वजह से केदारनाथ जा रहे तीर्थयात्रियों को सोनप्रयाग तथा गौरीकुंड में रोक लिया गया। उन्होंने कहा कि मौसम साफ होने पर उन्हें दर्शन के लिए जाने दिया जाएगा।

# राज्य सरकारें नकली बीजों की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाएंः तोमर

**भाषा।** नई दिल्ली

**खरीफ फसलों** की बुवाई से पहले कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने मंगलवार को कहा कि किसानों को गुणवत्तापूर्ण बीज समय पर मिलने चाहिए और राज्य सरकारें नकली बीजों की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाएं।एक राष्ट्रीय वेबिनार को संबोधित करते हुए, तोमर ने कहा कि केंद्र के साथ राज्य सरकारों को बीज श्रृंखला बनाने को अगले 10-15 वर्षों के लिए एक रूपरेखा तैयार करनी चाहिए। एक सरकारी बयान में तोमर के हवाले से कहा गया है, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि किसानों को अच्छी गुणवत्ता वाले बीजों की समय पर आपूर्ति हो। राज्य सरकारों को कालाबाजारी और नकली बीज बेचने वालों पर सख्ती से रोक लगानी चाहिए। बीज अच्छा है, तो भविष्य भी अच्छा है। उन्होंने कहा कि कृषि के लिए अच्छी गुणवत्ता वाले बीजों की उपलब्धता से उत्पादन, उत्पादकता और किसानों की आय में वृद्धि होती है। मंत्री ने आगे कहा कि पूरी बीज श्रृंखला को व्यवस्थित किया जाए ताकि किसानों को कोई परेशानी न हो। कुछ फसलों में गुणवत्तापूर्ण बीजों की आपूर्ति की कमी को दूर करने और बेहतर योजना तैयार करने पर जोर देने की आवश्यकता है। केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे ने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा विकसित बीज जमीनी स्तर पर किसानों तक पहुंचने चाहिए।

# भाजपा ने एदियुरप्पा के बेटे को नहीं दिया टिकट



**भाषा।** बेंगलुरु

**भारतीय जनता** पार्टी (भाजपा) के केंद्रीय नेतृत्व ने तीन जून को कर्नाटक विधान परिषद की सात सीट पर होने वाले द्विवार्षिक चुनाव में पूर्व मुख्यमंत्री बी.एस. एदियुरप्पा के बेटे विजएंद्र को उम्मीदवार बनाने की पार्टी की राज्य इकाई की सिफारिश को नजरअंदाज कर दिया है। भाजपा ने मंगलवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री और पार्टी के उपाध्यक्ष लक्ष्मण सावदी, पार्टी की राज्य इकाई के सचिवों हेमलता नायक व एस. केशवप्रसाद और एससी मोर्चे की राज्य इकाई के अध्यक्ष सी. नारायणस्वामी को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की। प्रदेश भाजपा की कोर कमेटी ने केंद्रीय नेतृत्व को संभावित उम्मीदवार के रूप में राज्य भाजपा के उपाध्यक्ष बी. वाई. विजएंद्र के नाम की सिफारिश की थी।

पार्टी के सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय नेतृत्व ने विजएंद्र को टिकट नहीं देने का फैसला किया, क्योंकि वह उन्हें 2023 के विधानसभा चुनावों के दौरान उम्मीदवार बनाना चाहता है, और चुनाव से पहले उन्हें पार्टी में एक बड़ी भूमिका दिए जाने की संभावना है। कुछ ऐसी खबरें भी थीं कि एदियुरप्पा अपने बेटे को विधान पार्षद (एमएलसी) बनाना चाहते थे और फिर उन्हें मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई की कैबिनेट में मंत्री बनाने पर जोर देते। पिछले साल जुलाई में एदियुरप्पा के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद उनके समर्थक भी ऐसी ही मांग कर रहे थे।

कहा जा रहा है कि केंद्रीय नेतृत्व ने भी विजएंद्र को उम्मीदवार नहीं बनाने का फैसला किया, क्योंकि इससे 2023 विधानसभा चुनावों से पहले वंशवाद की राजनीति के खिलाफ भाजपा का रुख कमजोर हो जाता। एदियुरप्पा फिलहाल शिकारीपुरा विधानसभा सीट से विधायक हैं, जबकि उनके बड़े बेटे बी. वाई. राघवेंद्र शिवमोगा से सांसद हैं।

## राजनीति में सत्ता और पद ही अंतिम लक्ष्य नहीं : विजयेंद्र

**बेंगलुरु, भाषा**

**पूर्व मुख्यमंत्री** बी एस एदियुरप्पा के बेटे एवं पार्टी की प्रदेश इकाई के उपाध्यक्ष बी वाई विजएंद्र ने मंगलवार को कहा कि राजनीति में सत्ता और पद ही अंतिम लक्ष्य नहीं है। कर्नाटक में आगामी विधानपरिषद चुनाव के लिए विजएंद्र को उम्मीदवार नहीं बनाने के भारतीय जनता पार्टी के फैसले के बाद उनका यह बयान आया। उन्होंने अपने समर्थकों और शुभचिंतकों से पार्टी के फैसले का सम्मान करने का आग्रह किया। उन्होंने इस फैसले के बाद सोशल मीडिया पर या अन्यत्र कोई अनावश्यक टिप्पणी नहीं करने की भी अपील करते हुए कहा कि यह न सिर्फ पार्टी की छवि खराब करेगा, बल्कि एदियुरप्पा और उनकी भावनाओं को भी आहत करेगा। विजएंद्र ने एक अपील में कहा, जब से मैं राजनीति में आया हूं, मेरी पार्टी और हमारे नेतृत्व ने हमेशा ही मुझे प्रेरित किया और मेरे साथ खड़ी रही। मुझे पार्टी की प्रदेश इकाई के उपाध्यक्ष के तौर पर काम करने का अवसर दिया गया। मैं सभी कार्यकर्ताओं और अपने समर्थकों से यह समझने की अपील करता हूं कि सत्ता और पद राजनीति में अंतिम लक्ष्य नहीं है। कर्नाटक विधान परिषद की सात सीटों के लिए तीन जून को होने वाले द्विवार्षिक चुनाव में विजएंद्र को उम्मीदवार बनाने की पार्टी की प्रदेश इकाई की सिफारिश को नजरअंदाज कर भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने आज पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं पार्टी के उपाध्यक्ष लक्ष्मण सावदी, पार्टी की प्रदेश सचिव हेमलता नायक और एस केशवप्रसाद तथा एससी (अनुसूचित जाति) मोर्चा के अध्यक्ष सी नारायणस्वामी की उम्मीदवारी की घोषणा की। नामांकन पत्र भरने की समय सीमा मंगलवार को समाप्त होने से कुछ ही घंटे पहले चार उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, नेतृत्व ने विजएंद्र को टिकट नहीं देने का फैसला किया क्योंकि वह उन्हें 2023 के विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाना चाहता है। भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष नलिन कुमार कटील ने यहां संवाददाताओं से कहा, हमने (राज्य कोर कमेटी ने) आम सहमति से विजएंद्र के नाम की सिफारिश की थी। चूंकि उनके पास कई अवसर हैं इसलिए आलाकमान ने विभिन्न पहलुओं पर विचार करने के बाद यह फैसला लिया होगा।

# आप के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार रहे कर्नल कोठियाल भाजपा में शामिल



कर्नल (सेवानिवृत्त) अजय कोठियाल को भारतीय जनता पार्टी में शामिल कराने के दौरान सीएम पुष्कर सिंह धामी व अन्य भाजपा नेता

**देहरादून भाषा**

**उत्तराखंड में** फरवरी में हुए विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार रहे कर्नल (सेवानिवृत्त) अजय कोठियाल मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। कर्नल कोठियाल ने 18 मई को आम आदमी पार्टी (आप) से इस्तीफा दे दिया था। वह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और भाजपा की प्रदेश इकाई के प्रमुख मदन कौशिक की उपस्थिति में पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए। आप ने इस बार उत्तराखंड में बड़ा लक्ष्य रखा था और विधानसभा की सभी 70 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे थे तथा मतदाताओं को रिझाने के लिए कई चुनावी तोहफों का भी वादा किया था। हालांकि, पंजाब में अच्छा प्रदर्शन करने के बावजूद उत्तराखंड में आप का खाता तक नहीं खुला और आप के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार कोठियाल की गंगोत्री विधानसभा सीट पर जमानत जब्त हो गई। बताया जाता है कि उत्तराखंड चुनाव में आप को मिली हार के बाद कोठियाल पार्टी (आप) द्वारा अपने साथ किए गए बर्ताव से खुश नहीं थे।

# क्वाड का मकसद कई महत्वपूर्ण काम करना



भाषा। तोक्यो

**अमेरिका के राष्ट्रपति** जो बाइडन ने मंगलवार को कहा कि बहुपक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) केवल कुछ देर के लिए शुरू की गई पहल नहीं है, बल्कि इसका मकसद कई महत्वपूर्ण काम करना है। बाइडन ने कहा कि समूह के चार नेता हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए काम करने के मकसद से यहां आए हैं और वे मिलकर जो कोशिश कर रहे हैं, उन्हें उस पर गर्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और ऑस्ट्रेलिया के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस ने मंगलवार को यहां क्वाड नेताओं की सामने-सामने की दूसरी बैठक में हिस्सा लिया, जिसमें उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र के विकास तथा आपसी हित के वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया।

### मोदी ने जापान के पूर्व प्रधानमंत्रियों आबे, सुगा व मोरी से मुलाकात की

**तोक्यो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को यहां जापान के पूर्व प्रधानमंत्रियों योशिहिदे सुगा, योशिरो मोरी तथा शिंजो आबे से मुलाकात की और दोनों देशों के बीच विशेष रणनीतिक व वैश्विक साझेदारी को और मजबूत करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। मोरी फिलहाल जापान-भारत संघ (जेआईए) के अध्यक्ष हैं जबकि आबे जल्द ही यह पद संभालने वाले हैं। जेआईए की स्थापना 1903 में की गई थी और यह जापान में सबसे पुराने मैत्री संघों में से एक है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीतिक, आर्थिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में भारत व जापान के बीच आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में मोरी के नेतृत्व में जेआईए द्वारा किए गए महत्वपूर्ण योगदान की सराहना की। मोदी ने आबे को उनकी नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं और जेआईए द्वारा महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाना जारी रखने की उम्मीद जताई। नेताओं ने भारत-जापान विशेष रणनीतिक व वैश्विक साझेदारी के व्यापक परिदृश्य के साथ शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध हिंद-प्रशांत के लिए भारत और जापान के साझा दृष्टिकोण पर भी चर्चा की।

### चीन ने आईपीईएफ का विरोध किया

**बीजिंग।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने भारत समेत हिंद-प्रशांत क्षेत्र के 12 देशों के साथ नए व्यापार समझौते की शुरुआत की है, जिसका मकसद व्यापारिक, आर्थिक और निवेश अवसरों को बढ़ाना है। हालांकि इस समझौते को क्षेत्र में अपने प्रभुत्व के सामने चुनौती के तौर पर देख रहे चीन ने इसका विरोध किया और इसे आर्थिक उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (इकॉनोमिक नाटो) करार दिया है।

### समुद्री गतिविधियों की निगरानी में सुधार के लिए बड़ी पहल की शुरुआत

**तोक्यो।** भारत समेत चार देशों के संगठन क्वाड ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में पड़ने वाले अपने समुद्र तटों की पूरी तरह से निगरानी की अनुमति देते हुए मंगलवार को एक बड़ी पहल की शुरुआत की। चीन के बढ़ते दबदबे के बीच शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य इस क्षेत्र में शांति और स्थायित्व सुनिश्चित करना है।



कीव में एक कार्यकर्ता सेंट जेवलिन की एक वर्जिन मैरी को अमेरिकी-निर्मित एंटी टैंक मिसाइल पकड़े हुए चित्र को पेंट करते हुए

## और अधिक उच्च तकनीक वाले हथियार यूक्रेन भेजेंगे : अमेरिका के रक्षा सचिव

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने कहा कि दुनिया भर के लगभग 50 नेताओं ने सोमवार को मुलाकात के बाद यूक्रेन को और अधिक उन्नत हथियार भेजने पर सहमति जताई, जिसमें एक हारपून लांचर और कुछ मिसाइलें शामिल हैं। जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ के अध्यक्ष जनरल मार्क मिले ने कहा कि निम्न-स्तरीय चर्चा चल रही है कि कैसे अमेरिका को यूक्रेन की सेना के लिए अपने प्रशिक्षण के समायोजन की आवश्यकता हो सकती है और क्या कुछ अमेरिकी सैनिकों को यूक्रेन जाना चाहिए। अमेरिका ने युद्ध से पहले यूक्रेन में मौजूद अपने कुछ सैनिकों को वापस बुला लिया था और युद्ध क्षेत्र में अपने सैनिक भेजने की उसकी कोई योजना नहीं है।

### क्वाड समूह के देशों ने क्वाड फेलोशिप की शुरुआत की

**तोक्यो।** क्वाड देशों के नेताओं ने मंगलवार को क्वाड फेलोशिप कार्यक्रम की शुरुआत की, जो समूह के चार सदस्य देशों के अगली पीढ़ी के वैज्ञानिकों और प्रौद्योगिकी पेशेवरों के बीच संबंध स्थापित करने के लिए तैयार किया गया अपनी तरह का पहला छात्रवृत्ति कार्यक्रम है। क्वाड फेलोशिप की शुरुआत अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीस ने की। इस फेलोशिप कार्यक्रम के तहत हर साल क्वाड समूह के प्रत्एक देश के 25 छात्रों को प्रायोजित किया जाएगा, जो अमेरिका के विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग एवं गणित (स्टेम) विषयों से जुड़े शीर्ष विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर या डॉक्टरेट की डिग्री के लिए पढ़ाई करेंगे।

### डीसी ने कैम्ब्रिज एनालिटिका की निजता के हनन के आरोप में जुकरबर्ग के खिलाफ मुकदमा किया

**वाशिंगटन।** डिस्ट्रिक्ट ऑफ कोलंबिया (डीसी) ने कैम्ब्रिज एनालिटिका घोटाले में मेटा प्रमुख मार्क जुकरबर्ग को व्यक्तिगत रूप से जिम्मेदार ठहराए जाने का अनुरोध करते हुए उनके खिलाफ सोमवार को मुकदमा दायर किया। लाखों फेसबुक उपयोगकर्ताओं के निजी डेटा की निजता के हनन के इस मामले को एक बड़ा कॉरपोरेट और राजनीतिक घोटाला कहा जा रहा है।

## इमरान ने अमेरिकी राजनयिक को बर्खास्त करने की मांग की

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अमेरिका के मध्य एवं दक्षिण एशिया से जुड़े मामलों के सहायक विदेश सचिव डोनाल्ड लू को उनके अहंकार एवं बुरे व्यवहार के कारण पद से हटाने की मांग की है। मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है। पाकिस्तान में सत्ता परिवर्तन की कथित अमेरिका समर्थित साजिश में लू केंद्रीय भूमिका में थे, जिसके चलते पिछले महीने अविश्वास प्रस्ताव के जरिए उनकी सरकार को गिरा दिया गया। उन्होंने लू पर अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत रहे असद मजीद को धमकाने का आरोप लगाया। लू ने असद से कहा था कि यदि अविश्वास प्रस्ताव के जरिए उन्हें सत्ता से हटाने में कामयाबी नहीं मिली तो पाकिस्तान को इसके परिणाम भुगतने पड़ेंगे। इमरान ने यह आरोप भी लगाया कि अविश्वास प्रस्ताव पेश किए जाने से पहले धमकी दी गई थी और बाद में सिलसिलेवार घटनाएं शुरू हुईं, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें अपदस्थ कर दिया गया।

### अमेरिका के नए राजदूत ब्लोम ने पदभार ग्रहण किया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अमेरिका के नए राजदूत डोनाल्ड ब्लोम ने कहा कि वह इस्लामाबाद पहुंचकर रोमांचित महसूस कर रहे है। उन्होंने दोनों देशों के बीच मौजूदा संबंधों को मजबूती से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। सोमवार को नई जिम्मेदारी संभालने के बाद ब्लोम ने कहा, मै पाकिस्तान में आकर रोमांचित महसूस कर रहा हूं। मै इस खूबसूरत देश में अलग-अलग जगहों पर जाने और खुद को इसके लोगों व संस्कृति से रूबरू कराने को लेकर उत्सुक हूं।

## यूक्रेन की जीत के लिए सब कुछ करेंगे: यूरोपीय आयोग की प्रमुख

भाषा। दावोस

**यूरोपीय** आयोग की प्रमुख उर्सुला वोन डेर लेएन ने मंगलवार को कहा कि यूक्रेन में रूस के हमले का जवाब दिया जाना चाहिए और यूक्रेन को यह जंग जीतनी चाहिए और यह सुनिश्चित करने के लिए यूरोप सब कुछ करने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक 2022 को यहां संबोधित करते हुए लेएन ने कहा, यह यूक्रेन के अस्तित्व का मामला नहीं है। यह यूरोप के बारे में नहीं है। यह पूरे वैश्विक समुदाय के बारे में है। यूक्रेन को यह युद्ध जीतना चाहिए और पुतिन की आक्रामकता का मुकाबला करना चाहिए और हम यह सुनिश्चित करने के लिए सब कुछ करेंगे। हम यूक्रेन के लोगों की मदद के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। यूरोपीय संघ पहली बार हमले का सामना कर रहे किसी देश को सैन्य सहायता प्रदान कर रहा है। हमने सूक्ष्म-वित्तीय सहायता में 10 अरब यूरो से अधिक का प्रस्ताव रखा, जो यूरोपीय संघ द्वारा किसी तीसरे देश के लिए अब तक का सबसे बड़ा पैकेज है। लेएन ने यह भी कहा, हम रूसी सेना के वित्त पोषण को रोकने के लिए दृढ़ हैं। साथ ही यूक्रेन को अपनी अर्थव्यवस्था को चालू रखने के लिए सीधे वित्तीय सहायता की जरूरत है।

### देसना हमले में 87 लोग मारे गए: जेलेंस्की

भाषा। कीव

**यूक्रेन के** राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने दावा किया है कि राजधानी कीव से 55 किलोमीटर उत्तर में स्थित देसना शहर में पिछले हफ्ते हुए रूसी हमले में 87 लोग मारे गए हैं। उन्होंने कहा कि चेर्निहाइव क्षेत्र में आने वाले देसना में मलबा हटाने का काम पूरा कर लिया गया है और वहां महज चार मिसाइलों के कारण इतने बड़े पैमाने पर तबाही व मौतें हुई हैं। जेलेंस्की ने सोमवार को यूक्रेन पर रूसी आक्रमण के तीन महीने पूरे होने से पहले, राष्ट्र के नाम दिए संबोधन में यह टिप्पणी की।

### यमनः हूती विद्रोहियों ने किया ड्रोन गिरने से तीन की मौत का दावा

भाषा। काहिरा

यमन के हूती विद्रोहियों ने सोमवार को देश की राजधानी में अपनी वायु रक्षा प्रणाली से एक ड्रोन विमान को गिराने का दावा किया है। उनका कहना है कि इस विमान के गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई। हूतियों ने कहा कि उनकी वायु रक्षा प्रणाली ने निगरानी ड्रोन को मार गिराया। यह ड्रोन विमान सऊदी अरब के नेतृत्व वाले गठबंधन का था, जिसके साथ वह इस समय युद्ध कर रहे हैं।

## अधिनायकवादी शासन के साथ व्यापार संबंध में बड़े जोखिम हैं : नाटो प्रमुख

भाषा। दावोस

**स्वतंत्रता को मुक्त** व्यापार से अधिक महत्वपूर्ण करार देते हुए नाटो के महासचिव जेन्स स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि यूक्रेन युद्ध ने दुनिया को सिखाया है कि अधिनायकवादी शासन पर आर्थिक निर्भरता में बड़े जोखिम हैं। उन्होंने चीन को अधिनायकवादी सरकार का उदाहरण बताया। उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) यूक्रेन का समर्थन जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध है, लेकिन नाटो सैनिकों को वहां भेजकर युद्ध में अपनी प्रत्यक्ष भागीदारी से इंकार कर दिया। हमने 2014 से यूक्रेन को अपना समर्थन प्रदान किया है, जिसे अब बढ़ा दिया गया है। हम समर्थन जारी रखेंगे, लेकिन वहां नाटो सैनिकों को भेजकर हम सीधे युद्ध में शामिल नहीं होंगे। यह उकसाने के लिए नहीं बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए है कि हर सहयोगी सुरक्षित रहे। यूक्रेन युद्ध ने हमें सिखाया है कि अधिनायकवादी शासन पर आर्थिक निर्भरता के भारी जोखिम हो सकते हैं ।

# ईरान में इमारत ढहने से 11 लोगों ने गंवाई जान

● महापौर हिरासत में

भाषा। तेहरान

**दक्षिण-पश्चिमी** ईरान में मंगलवार को एक इमारत ढह गई, जिसके मलबे में दबने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई। मलबे के नीचे और भी लोगों के दबे हो सकने की आशंका है, जिसे ध्यान में रखते हुए बचाव अभियान चलाया जा रहा। अधिकारियों ने घटना की व्यापक जांच के तहत शहर के महापौर को गिरफ्तार कर लिया है। मेट्रोपोल बिल्डिंग में एक निर्माणाधीन 10 मंजिला टॉवर सोमवार को ढह गया। घटना ने ईरानी निर्माण परियोजनाओं में चल रहे संकट को भी रेखांकित किया है। सोमवार को इमारत के ढहने के शुरुआती वीडियो में इराक से लगी ईरान की सीमा के पास खुज़ेस्तान प्रांत के एक महत्वपूर्ण तेल उत्पादक शहर अबादान में धूल उड़ती दिखाई दे रही है। मेट्रोपोल इमारत में दो टावर थे, एक पहले बनाया गया था और दूसरा निर्माणाधीन था। हालांकि इसकी निचली मंजिलें बन चुकी थीं और वहां किराएदार रह रहे थे। इमारत के ढहने के समय लगभग 50 लोग इमारत के अंदर थे।

### श्रीलंका ने ईंधन खरीद के लिए भारत से 50 करोड़ डॉलर का कर्ज मांगा

**कोलंबो।** विदेशी मुद्रा संकट के बीच श्रीलंका के मंत्रिमंडल ने पेट्रोलियम उत्पादों की खरीद के लिए भारतीय एक्जिम बैंक से 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर का कर्ज मांगने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। श्रीलंका पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल खत्म होने से रोकने के सभी संभव उपाए कर रहे है। देश में विदेशी मुद्रा संकट के चलते आयात के लिए भुगतान करने में दिक्कत हो रही है। ऊर्जा मंत्री कंचना विजेसेकेरा ने मंगलवार को कहा कि सोमवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में, ईंधन खरीदने के लिए भारतीय एक्जिम बैंक से ऋण लेने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। श्रीलंका को पहले ही तेल खरीद के लिए भारतीय एक्जिम बैंक से 50 करोड़ डॉलर और भारतीय स्टेट बैंक से 20 करोड़ डॉलर मिल चुके है।

### श्रीलंका में पेट्रोल 420 रुपए प्रति लीटर, डीजल 400 रुपए प्रति लीटर के भाव पर

**कोलंबो।** आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका ने मंगलवार को पेट्रोल की कीमतों में 24.3 प्रतिशत और डीजल की कीमतों में 38.4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की। श्रीलंका विदेशी मुद्रा भंडार की कमी के कारण भीषण आर्थिक संकट का सामना कर रहा है, जिसके चलते यह बढ़ोतरी की गई। पड़ोसी देश में 19 अप्रैल के बाद ईंधन कीमतों में यह दूसरी बढ़ोतरी है। इसके साथ ही सबसे अधिक इस्तेमाल किए जाने वाले ऑक्टेन 92 पेट्रोल की कीमत 420 रुपए (1.17 डॉलर) प्रति लीटर और डीजल की कीमत 400 रुपए (1.11 डॉलर) प्रति लीटर होगी, जो अब तक का उच्चतम स्तर है।

### साफ पानी की कमी से निपटने के लिए नए 1.5 करोड़ डॉलर जुटाए

**दावोस।** जल की वैश्विक मांग वर्ष 2030 तक टिकाऊ आपूर्ति से 40 प्रतिशत अधिक होने के अनुमानों के बीच एक नए गठजोड़ ने स्वच्छ पानी के संकट से निपटने में नवाचार लाने के लिए जल क्षेत्र के उद्यमियों से 1.5 करोड़ डॉलर का वित्त पोषण जुटाया है। साफ पानी के संरक्षण और प्रबंधन के एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रमुख वैश्विक समूह एचसीएल ने विश्व आर्थिक मंच के नवाचारी मंच अपलिंक के साथ भागीदारी की है।

# आईटी शेयरों में बिकवाली से सेंसेक्स 236 अंक टूटा

● शेयर बाजारों ने शुरुआती लाभ गंवाया

भाषा। मुंबई







**महंगाई की चिंता** के बीच वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और सेंसेक्स 236 अंक टूटकर बंद हुआ।
कारोबारियों ने बताया कि घरेलू मुद्रा में कमजोरी और विदेशी निवेशकों की लगातार निकासी से भी बाजार धारणा पर असर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स मजबूती के साथ खुला लेकिन इस बढ़त को कायम नहीं रख सका और 236 अंक यानी 0.43 प्रतिशत गिरकर 54,052.61 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 89.55 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 16,125.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा के शेयर में सर्वाधिक 3.92 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई। हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एशियन पेंट्स, एनटीपीसी, टाटा स्टील, इन्फोसिस, एक्सिस बैंक और बजाज फिनसर्व के शेयर भी घाटे में रहे। वहीं, दूसरी तरफ डॉ रेड्डीज, एचडीएफसी, पावरग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, नेस्ले इंडिया और एमएंडएम के शेयरों में लाभ रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू मोर्चे पर लगभग सभी प्रमुख क्षेत्रों के शेयर दबाव में रहे। वहीं ईंधन की कीमतों में कटौती और इस्पात पर सीमा शुल्क में वृद्धि के कारण वाहन क्षेत्र का प्रदर्शन इस महीने अच्छा रहा है। इस दौरान बीएसई स्मॉलकैप में 1.14 प्रतिशत और मिडकैप में 0.85 प्रतिशत की गिरावट हुई। एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कंपोजिट, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए।

### आईएमडी ने मौसम के पूर्वानुमान मॉडल पर शोध के लिए हाथ मिलाया

**नई दिल्ली।** कृषि स्टार्टअप कंपनी फसल ने मौसम के पूर्वानुमान मॉडल पर शोध के लिए सहयोग करने को भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के साथ करार किया है। इस पहल का मकसद देश में खेती को जलवायु के अनुकूल बनाना है। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि इस गठजोड़ का उद्देश्य किसानों के लिए दिन-प्रतिदिन के अल्पकालिक मौसम पूर्वानुमानों को आसान बनाना है। बयान में कहा गया कि इन मौसम पूर्वानुमानों को प्रदान करने के लिए आईएमडी के कुल 23 रडार स्टेशनों और फसल के लगभग 600 सटीक कृषि उपकरणों का उपयोग किया जाएगा।

### एनआईआईटी का मुनाफा 45 प्रतिशत बढ़कर 67.4 करोड़ रुपए पर

**नई दिल्ली।** कौशल विकास कंपनी एनआईआईटी का संचई शुद्ध लाभ मार्च 2022 को समाप्त वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में 45 प्रतिशत बढ़कर 67.4 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कंपनी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एनआईआईटी ने वित्त वर्ष 2020-21 की इसी तिमाही में 46.5 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। बीती तिमाही के दौरान एनआईआईटी की संचई शुद्ध आय 35 प्रतिशत बढ़कर 375 करोड़ रुपए पर पहुंच गई, जो वित्त वर्ष 2020-21 की इसी तिमाही में 278.8 करोड़ रुपए थी। मार्च, 2022 को समाप्त समूचे वित्त वर्ष के लिए कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 58 प्रतिशत बढ़कर 226.2 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा 143 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी की शुद्ध आय 44 प्रतिशत बढ़कर।,377.5 करोड़ रुपए हो गई। यह आंकड़ा इससे पिछले वित्त वर्ष में 959.7 करोड़ रुपए था।

### बैंक ऑफ इंडिया का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में दोगुना बढ़कर 606 करोड़ रुपए

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने मंगलवार को बताया कि बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में उसका एकल शुद्ध लाभ दोगुने से अधिक बढ़कर 606 करोड़ रुपए हो गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में बीओआई ने 250 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था। बैंक की एकल आय 2021-22 की जनवरी-मार्च तिमाही में बढ़कर 11,443.46 करोड़ रुपए हो गई, जो इससे एक साल पहले की समान अवधि में 11,155.53 करोड़ रुपए थी। बीओआई ने शेयर बाजार को यह जानकारी दी। बैंक की सकल गैर-निष्पादित संपत्ति (एनपीए) मार्च 2022 तक सकल अग्रिमों के मुकाबले घटकर 9.98 प्रतिशत थी, जबकि एक साल पहले यह आंकड़ा 13.77 प्रतिशत था। शुद्ध एनपीए या बैड लोन भी एक साल पहले के 3.35 फीसदी से घटकर 2.34 फीसदी पर आ गया।

### निर्यात 21 प्रतिशत बढ़कर 23.7 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** विभिन्न क्षेत्रों में अच्छी वृद्धि होने के कारण।-21 मई के दौरान देश का निर्यात 21.1 प्रतिशत बढ़कर 23.7 अरब डॉलर हो गया। एक अधिकारी ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान पेट्रोलियम उत्पाद, इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक सामान जैसे खंड में खासतौर से अच्छी वृद्धि देखी गई। अधिकारी ने कहा कि चालू महीने के दूसरे सप्ताह (15-21 मई) के दौरान निर्यात लगभग 24 प्रतिशत बढ़कर 8.03 अरब डॉलर रहा। पेट्रोलियम उत्पादों, इंजीनियरिंग और इलेक्ट्रॉनिक सामानों के निर्यात में।-21 मई के दौरान क्रमशः 81.1 प्रतिशत, 17 प्रतिशत और 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

### इंडियन होटल्स वृद्धि के लिए रूट मैप बनाएगी

**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी हॉस्पिटैलिटी कंपनी द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड ने आह्वान 2025 की घोषणा की। इस योजना के तहत यह कंपनी अपने मार्जिन्स की नयी योजना बनाएगी। अपने ब्रांडस्केप की नयी परिकल्पना करेगी और अपने पोर्टफोलियो की नयी संरचना तैयार करेगी। 2025-26 वित्तीय वर्ष तक 300 होटल्स का पोर्टफोलियो बनाने नए व्यवसायों और मैनेजमेंट फीस से 35 प्रतिशत ईबीआईटीडीए शेयर योगदान के साथ 33 प्रतिशत ईबीआईटीडीए मार्जिन हासिल करने का आईएचसीएल का लक्ष्य है। मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर पुनीत छटवाल ने कहा कि वृद्धि को जारी रखते हुए आईएचसीएल ने पिछले पांच सालों में 100 से ज्यादा होटलों के करार किए हैं और 40 से ज्यादा होटल खोले हैं और इस तरह यह भारत की सबसे तेजी से आगे बढ़ती हुई हॉस्पिटैलिटी कंपनी बन गयी है। आह्वान 2025 आईएचसीएल के विविधतापूर्ण ब्रांड पोर्टफोलियो को पहले से चले आ रहे और नए व्यवसायों में बढ़ाकर कंपनी की लाभदायी वृद्धि की गति को और ज्यादा तेज करेगा। उनका प्रतिष्ठित और सबसे मजबूत ब्रांड ताज, उद्योग में अग्रणी ईएसजी फ्रेमवर्क पाथ्या और डिजिटल पर सबसे ज्यादा ध्यान यह इस वृद्धि यात्रा को सक्षम करने वाले महत्वपूर्ण पहलु होंगे। आईएचसीएल की तीन तरीकों वाली रणनीति बनाई गयी है। आय में स्थिर और टिकाऊ वृद्धि, लागत ऑप्टीमाइजेशन और सर्वोत्कृष्ट परिचालन पर जोर देते हुए आईएचसीएल ने मार्जिन्स को फिर से बनाना जारी रखा है।

### न्यायालय ने कोका कोला के जुर्माने के एनजीटी के आदेश पर रोक लगाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने अमेरिकी कंपनी कोका कोला की बॉटलिंग इकाई मून बेवरेजेज पर पर्यावरणीय उल्लंघन के मामले में एनजीटी द्वारा लगाए गए 15 करोड़ रुपए के जुर्माने पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की पीठ ने मून बेवरेजेज की तरफ से दायर याचिका पर गाजियाबाद के निवासी को नोटिस भी जारी किया है..... जिसकी शिकायत के आधार पर एनजीटी ने यह फैसला दिया था। एनजीटी की प्रधान पीठ के 25 फरवरी, 2022 को जारी आदेश को लागू करने पर रोक रहेगी। शीर्ष अदालत ने मून बेवरेजेज लिमिटेड की तरफ से एनजीटी के फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई के बाद यह रोक लगाई है। एनजीटी ने कंपनी की ग्रेटर नोएडा इकाई पर 1.85 करोड़, साहिबाबाद इकाई पर 13.24 करोड़ और वरुण बेवरेजेज लिमिटेड की ग्रेटर नोएडा इकाई पर 9.71 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया था। इसके अलावा एनजीटी ने एक संयुक्त समिति भी गठित की थी जिसमें पर्यावरण मंत्रालय, जल शक्ति मंत्रालय, सीजीडब्ल्यूए, यूपीजीडब्ल्यूडी और संबंधित जिलों के जिला मजिस्ट्रेट शामिल थे।

### घरेलू कंपनियों में विश्वास के मामले में भारत शीर्ष परः अध्ययन

**दावोस।** एक नए वैश्विक अध्ययन में यह बताया गया कि भारतीय कंपनियां घरेलू आबादी में सबसे भरोसेमंद बनकर उभरी हैं। इसके बाद दूसरे नंबर पर चीन, तीसरे पर कनाडा, फिर अमेरिका और पांचवें पायदान पर ब्रिटेन आता है। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की वार्षिक बैठक के मौके पर जारी एडेलमैन के ट्रस्ट बैरोमीटर की विशेष रिपोर्ट: द जियोपॉलिटिकल बिजनेस (भू-राजनीतिक व्यवसाय) के अनुसार अब व्यापार में विश्वास के लिए भू-राजनीति महत्वपूर्ण हो गई है। रूस-यूक्रेन सैन्य संघर्ष के बाद रूस से कंपनियों ने बाहर निकलने की एक मिसाल कायम की है।

# गोयल ने वैश्विक नेताओं से मुलाकात की, भारत को सर्वश्रेष्ठ निवेश गंतव्य बताया

भाषा। दावोस

**केंद्रीय वाणिज्य** एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने भारत को वैश्विक स्तर पर निवेश के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थलों में से एक बताते हुए वैश्विक कारोबारी नेताओं को भारत आने के लिए आमंत्रित किया है। उन्होंने मंगलवार को विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के मौके पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया के सबसे पसंदीदा निवेश स्थलों में से एक है और यहां वैश्विक निवेशकों के लिए बड़े पैमाने पर अवसर मौजूद हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने मंगलवार सुबह एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि यहां मौजूद लोगों में भारत को लेकर इतनी दिलचस्पी थी कि उन्हें अपनी समयसारिणी को समायोजित करने में मुश्किल हो रही थी। उन्होंने सोमवार शाम को अमेरिकी राष्ट्रपति के विशेष दूत जॉन केरी से भी मुलाकात की और भारत-अमेरिका जलवायु तथा स्वच्छ ऊर्जा एजेंडा-2030 साझेदारी पर चर्चा की।

### सेवा क्षेत्र के निर्यात पर अधिक ध्यान देने की जरूरत

**दावोस।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सेवा क्षेत्र के निर्यात पर अधिक ध्यान देने की बात कही है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि इससे देश के कुल निर्यात को और बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही उन्होंने सरकार और व्यवसायों से एक-दूसरे का समर्थन करने का भी आह्वान किया है। विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक, 2022 के मौके पर भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और डेलॉइट द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में गोयल ने कहा कि दावोस में इस बार भारत की उपस्थिति बहुत ही उल्लेखनीय रही है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोविड-19 महामारी से उत्पन्न चुनौतियों के बीच आपूर्ति श्रृंखलाओं के तनावपूर्ण होने के बावजूद भी हमने निर्यात और अन्य मापदंडों के मामले में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है।



### 20-20 लाख टन कच्चे सोयाबीन, सूरजमुखी तेल के शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति

**नई दिल्ली।** सरकार ने सालाना 20-20 लाख टन कच्चे सोयाबीन और सूरजमुखी तेल के आयात पर सीमा शुल्क तथा कृषि अवसंरचना उपकर को मार्च, 2024 तक हटाने की घोषणा की है। वित्त मंत्रालय की तरफ से मंगलवार को जारी अधिसूचना के अनुसार सालाना 20 लाख टन कच्चे सोयाबीन और सूरजमुखी तेल पर वित्त वर्ष 2022-23 और 2023-24 में आयात शुल्क नहीं लगाया जाएगा। सरकार का मानना है आयात शुल्क में इस छूट से घरलू कीमतों में नरमी आएगी और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने एक ट्वीट में लिखा, यह निर्णय उपभोक्ताओं को महत्वपूर्ण राहत प्रदान करेगा। इसका मतलब है कि 31 मार्च, 2024 तक कुल 80 लाख टन कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल का शुल्क मुक्त आयात किया जा सकेगा।

# दूसरे दिन भी पालिका ने सड़क किनारे से हटवाया अतिक्रमण

● **सख्ती को देख दुकानदार स्वतः अतिक्रमण हटाने में जुटे**

संवाददाता। जालौन (उरई)

**पुलिस** व प्रशासन की मौजूदगी में नगर में दूसरे दिन भी अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। जिसमें उरई रोड से दीन दयाल उपाध्याय चौराहा तक अतिक्रमण को हटाया गया। अतिक्रमण हटाओ अभियान को देखते हुए लोग स्वतः अपने अतिक्रमण हटाने में लगे।

नगर पालिका प्रशासन द्वारा चार दिन पूर्व नगर के व्यापारियों के साथ बैठक कर एवं नगर में मुनादी कराकर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए थे। बैठक और मुनादी का व्यापारियों पर कोई असर नजर नहीं आया। इन दिनों में लोगों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाए गए। जिसके बाद सोमवार से अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरूआत कर दी गई। जिसमें सोमवार की शाम देवनगर चौराहा से अतिक्रमण हटाया गया। दूसरे दिन मंगलवार को उरई रोड स्थित बंबा से अभियान की शुरूआत की गई। एसडीएम राजेश सिंह, नगर पालिका ईओ डीडी सिंह, सीओ संतोश कुमार, कोतवाल शैलेंद्र सिंह की मौजूदगी में घरों और दुकानों के बाहर लगे टिन शैड और छप्पर आदि को हटाया गया। जिन लोगों ने अतिक्रमण नहीं हटाया था। उनके और पक्के अतिक्रमण को जेसीबी मशीन से ढहा दिया गया। दो दिन से अतिक्रमण के खिलाफ चल रही कार्यवाही के बाद व्यापारी की नींद खुली है और अब लोग जल्दी जल्दी स्वयं ही अपने अतिक्रमण हटाने का प्रयास कर रहे हैं इस संदर्भ में ईओ डीडी सिंह ने बताया कि अभी अभियान की शुरूआत हुई है। जब तक नगर की सड़कों को अतिक्रमणमुक्त नहीं करा दिया जाता है तब तक अभियान जारी रहेगा। बताया कि नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाने पर अतिक्रमणकारियों से जुर्माना भी वसूला जाएगा। अतिक्रमण हटाओ अभियान के बाद भी यदि कोई व्यापारी अतिक्रमण करता है तो उसके खिलाफप्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी।



अतिक्रमण हटाती जेसीबी मशीन — पायनियर

## अतिक्रमण हटाने को लेकर दो पक्ष भिड़े, हुआ चालान

**मौदहा (हमीरपुर)।** प्रशासन द्वारा अभियान के तहत हटाए गए अतिक्रमण से नाराज कब्जा धारक ने पड़ोसी दुकानदार के साथ गाली गलौज व मारपीट की है पुलिस से लिखित शिकायत की गयी है। बड़े चौराहा में हटाए गए अतिक्रमण के क्रम में वहां स्थित एक अवैध दुकान के हटने से नाराज दुकानदार जितेंद्र पुत्र बृजेश ने अपने पड़ोसी दुकानदार रामबाबू किराना स्टोर के वृद्ध पिता सुखदेव प्रसाद के साथ अभद्रता करते हुए गाली गलौज कर उन पर खुराफात कर उसका अतिक्रमण के बहाने दुकान हटवाने का आरोप लगा गालियां देने लगा जिसका विरोध करने पर युवक ने अपने तमाम परिजनों को भी बुला लिया जिसमें उसकी पत्नी संतोषी भाई पुष्पेंद्र और धर्मेंद्र पुत्र गण बृजेश कुमार तथा पिता बृजेश पुत्र देवीदीन जोकि पास के ही दुर्गापुरी मेराज पुरवा के निवासी हैं सभी ने एक राय होकर प्रार्थी के वृद्ध पिता जोकि एक अवकाश प्राप्त शिक्षक भी हैं उनके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की।

# बैकुंठ धाम के सौंदर्यीकरण का आज लोकार्पण करेंगे मनोज सिन्हा

संवाददाता। गाजीपुर



**जनपद में** नगर के पूर्वी छोर के रजागंज मुहल्ले में स्थित शमशान घाट बैकुण्ठ धाम गंगा तट पर 4 करोड़ 10 लाख रुपये की लागत से हुए सुंदरीकरण का लोकार्पण 25 मई की शाम सात बजे जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज द्वारा वर्चुअली पट्ट अनावरण कर किया जाएगा। इसकी जानकारी भाजपा जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने दी। मंगलवार को उक्त कार्यक्रम की तैयारियों के निमित्त घाट पर पहुचें भाजपा आईटी सेल के जिलासंयोजक कार्तिक गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि एक सुंदर और समुचित व्यवस्था के साथ श्मशान घाट हो इसकी आवश्यकता जिले को बहुत लंबे समय से थी। चूंकि यहां गाजीपुर के अलावा अन्य जनपदों के लोग भी शवदाह करने आते है। जिसका संज्ञान लेते हुए तत्कालीन रेल राज्य एवं संचार राज्य मंत्री मनोज सिन्हा ने 29 नवंबर 2018 को इसके सुंदरीकरण कार्य का शिलान्यास एवं भूमि पूजन यही बैकुंठ धाम पर किया था।इस सम्बंध में जिला कार्यसमिति सदस्य रासबिहारी राय ने बताया कि बरसात के समय मे शव का दाह संस्कार करने में काफी दिक्कतें आती थी। जो इस सुंदरीकरण कार्य से नही होंगी। यहां आने वाले लोगों को शुद्ध पेयजल मिलें इसकी भी व्यवस्था की गई है। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त निशुल्क शौचालय का निर्माण मनोज सिन्हा के द्वारा ही पूर्व में ही कर के लोगों के उपयोग के लिए समर्पित कर दिया गया है। इस अवसर पर प्रमुख रुप से विधानसभा संयोजक सनी चौरसियाए राकेश जायसवाल और राहुल सिंह आदि अन्य लोग उपस्थित थे।

# सुलतानपुर में बेटे ने की डंडे से पीटकर मां की हत्या

● **पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार, आलाकत्ल बरामद**

भाषा। सुलतानपुर

**उत्तर प्रदेश** के सीतापुर जिले के मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में मंगलवार सुबह एक युवक ने कुछ कहासुनी होने के बाद अपनी मां की कथित तौर पर डंडे से पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त डंडा बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. विपिन मिश्र ने बताया कि बढौना डीह गांव की रहने वाली आशा देवी (50) को उनके बेटे सनी (22) ने डंडे से मारा-पीटा, जिससे उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि घटना के समय मृतका अपने घर के बाहर लगे नल पर बर्तन धो रही थी, तभी उसकी बेटे से कुछ कहासुनी हुई, जिससे गुस्साए बेटे ने पास पड़े लकड़ी के डंडे से अपनी मां को पीटा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मिश्र के मुताबिक, घटना के समय परिवार के अन्य सदस्य बाहर गए हुए थे। उन्होंने बताया कि लड़के के पिता ने सनी की मानसिक स्थिति ठीक न होने की बात कही है और उसका इलाज एक स्थानीय डॉक्टर से चल रहा है। मिश्र के अनुसार, पुलिस ने सनी को हिरासत में ले लिया है और हत्या में प्रयुक्त डंडा बरामद कर आरोपी के खिलाफ विधिक कार्वाई शुरू कर दी है।

## ट्रेन से युवक कटा

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मौहार के समीप रेलवे लाइन पाकर करते समय एक लगभग 40 वर्षीय अज्ञात युवक की ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

# सड़क सुरक्षा यातायात जागरूकता अभियान के तहत निकाली रैली

संवाददाता। फतेहपुर

**नेहरू** युवा केन्द्र, नमामि गंगे परियोजना में युवाओं की सहभागिता कार्यक्रम के अन्तर्गत आज चन्द्रा बालिका इण्टर कालेज में सड़क सुरक्षा यातायात जागरुकता अभियान के तहत रैली निकाली गई, जो विद्यालय चन्द्रा बालिका इण्टर कालेज चन्द्रनगर से सी0ओ0 सिटी द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर प्रारम्भ हुई और ज्वालागंज बस स्टॉप, कोतवाली रोड चौक से होते हुए वर्मा चौराह होते हुए पुनः विद्यालय में समाप्त हुई। इस अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र के नमामि गंगे जिला परियोजना अधिकारी ज्ञान प्रकाश तिवारी, सी0ओ0 सिटी, ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी, मुराइन टोला के चौकी इंचार्ज, विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश चन्द्र गुप्ता, नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक उपस्थिति रहें। बालिकाओं ने रैली में पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से लोगो को सड़क दुर्घटना के प्रति जागरूक किया और नारे के द्वारा जीवन को अनमोल बताते हुए गाडी चलते समय हेलमेट और सीटबेल्ट लगाने को कहा। और शराब पीकर गाडी न चलाने के कहा क्युकि सुरक्षा जीवन का अर्थ है जीवन बिना सब व्यर्थ है। सी0ओ0 सिटी ने कहा की यातायात के नियमो का पालन कर हम सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकता है इसलिए सभी लोग जागरूक होकर नियमों का पालन करें, और लोगों को भी जागरूक करते हुए नियमों का पालन करने को कहें। कभी भी वाहन चलाते समय मोबइल का उपयोग नहीं करना चाहिए। ज्ञान प्रकाश ने विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई। और उनके द्वारा अपने अभिभावकों को यातायात नियमों का पालन करनें के लिए जागरूक किया। साथ ही कहा की कही भी दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को अस्पताल तक पहुचाना भी हमारा फर्ज है। इस कार्यक्रम में विद्यालय के अध्यापक रजोल यादव, सन्तोष तिवारी जगतपाल,राहित श्रीवास्तव, निर्मल सिंह, प्रदीप सोनी, हनुमान सोनी, आरती गुप्ता, प्रीती गुप्ता, छाया यादव, हुस्नआरा एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक दिलीप पाल, श्वेता साहू, अकाशदीप, रूची देवी युवा मण्डल अध्यक्ष राम प्रकाश मौजूद रहे तथा उनके सहयोग से अभियान पूर्ण हुआ।



रैली निकालते छात्र — पायनियर

## क्विक न्यूज

### बाराबंकी में ईंट से प्रहार कर पुजारी को उतारा मौत के घाट

**बाराबंकी (भाषा)।** बाराबंकी जिले के कुर्सी क्षेत्र के ब्रह्मदेव मंदिर में एक पुजारी की ईंट से प्रहार कर हत्या कर दी गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अनुराग वत्स ने मंगलवार को बताया कि बाबूपुर मजरे दरांवा गांव स्थित ब्रह्मदेव में एक धार्मिक स्थल के बरामदे में पुजारी बालकराम यादव (62) की हत्या का मामला सामने आया है। मंगलवार सुबह पूजा करने पहुंचे भक्तों ने पुजारी का खून से लथपथ शव देखकर पुलिस को सूचना दी। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने जांच की। जांच में पता लगा कि मंदिर से एक घंटा गायब है। पुलिस ने पुजारी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि पुजारी यादव के परिवार में कोई नहीं है। दो बहनें थी, जिनकी शादी हो गई। उसके बाद से यादव ब्रह्मदेव के स्थल पर रहकर पूजा पाठ करते थे। उनके नाम दो बीघा जमीन भी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जीप के ट्रक से टकराने से पांच लोगों की मौत, छह जख्मी

**बुलंदशहर (भाषा)।** बुलंदशहर जिले के गुलावठी क्षेत्र में मंगलवार तड़के एक तेज रफ्तार जीप के सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराने से जीप में सवार दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई तथा छह अन्य घायल हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने बताया कि बुलंदशहर निवासी कुछ लोग तड़के चार बजे जीप में सवार होकर केदारनाथ के लिए निकले थे। रास्ते में बुलंदशहर-मेरठ राजमार्ग पर गुलावठी थाना इलाके में बराल के पास उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि गाड़ी के परखचे उड़ गए। उन्होंने बताया कि हादसे में दो बच्चों समेत पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गए। मरने वालों में बुलंदशहर के रहने वाले हार्दिक (छह), वंश (पांच), शालू (21) और हिमांशु (25) तथा शिकोहाबाद निवासी पारस (22) शामिल हैं। सिंह ने बताया कि हादसे में छह लोग घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### फर्जी दस्तावेज पर नौकरी करने वाले शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज

**मुजफ्फरनगर (भाषा)।** मुजफ्फरनगर जिले के एक इंटर कॉलेज में कार्यरत एक शिक्षक के खिलाफ फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नौकरी हासिल करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पूरा गांव के अरविंद इंटर कॉलेज में सहायक अध्यापक के पद पर कार्यरत विपिन सिंह ने कथित रूप से फर्जी दस्तावेज के आधार पर नौकरी हासिल की है। इस मामले में शिक्षक के खिलाफ सोमवार को मामला दर्ज किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक गजेंद्र कुमार ने बताया कि कुमार का स्नातक का अंकपत्र जांच में फर्जी पाया गया है। उन्होंने बताया कि नवंबर 2021 में कॉलेज में नौकरी हासिल करने वाले सिंह को अब तक भुगतान किया गया वेतन उससे वसूला जाएगा।

### एएमयू में शोध छात्रा के आत्महत्या के प्रयास के मामले की जांच के लिए समिति गठित

**अलीगढ़ (भाषा)।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में शोध पत्र जमा करने के नाम पर वरिष्ठ सुपरवाइजर द्वारा कथित रूप से प्रताड़ित किए जाने के कारण एक शोध छात्रा के आत्महत्या का प्रयास करने के मामले की जांच के लिए दो सदस्ईय समिति गठित की गई है। एएमयू के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एएमयू के प्रवक्ता उमर पीरजादा ने मंगलवार को पीटीआई-भाषा को बताया कि कुलपति तारिक मंसूर ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सांख्यिकी विभाग के प्रोफेसर काजी मजहर अली और गणित विभाग की प्रोफेसर सुबूही खान की सदस्यता वाली एक जांच समिति गठित कर उसे तीन दिन के अंदर अपनी रिपोर्ट देने को कहा है। एएमयू के अधिकारियों के मुताबिक नबीला खानम नामक एक शोध छात्रा ने पिछले रविवार को नींद की गोलियां खाकर कथित रूप से आत्महत्या का प्रयास किया था। उसे गंभीर हालत में जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। छात्रा की हालत अब खतरे से बाहर बताई जाती है। पीरजादा ने बताया कि खानम ने कुलपति से की गई शिकायत में आरोप लगाया है कि उसके शोध सुपरवाइजर और सह सुपरवाइजर शोध पत्र जमा करने के नाम पर उसे प्रताड़ित कर रहे थे।

### आईपीएल मैच पर सट्टा लगाने वाले गिरोह के चार लोग गिरफ्तार

**हापुड़।** हापुड़ जनपद में पुलिस दल ने आईपीएल मैचों पर सट्टा लगाने वाले गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 14 मोबाइल, दो कार व तीन लाख 90 हजार रुपए बरामद किए। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने बताया कि आईपीएल मैच पर सट्टा लगाने वाले गिरोह के चार सदस्यों को थाना हापुड़ देहात पुलिस तथा जनपदीय सर्विलांस की संयुक्त टीम ने ग्राम सैना से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सटोरियों के कब्जे से तीन लाख 90 हजार रुपए,14 मोबाइल फोन,दो कार तथा एक बहीखाता बरामद किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार सटोरियों के नाम आकाश गोयल, रविन्द्र कुमार नाजिम तथा तनवीर है।

### खाद्य सुरक्षा अधिकारी माह में तीस नमूने भरेंगे: डीएम

**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक खाद्य सुरक्षा अधिकारी माह में कम से कम 30 नमूने भरेंगे तथा जनपद की समस्त दुकानों का लाईसेंस, पंजीकरण अवश्य करायें। साथ ही जिलाधिकारी ने अभिहित अधिकारी को भी निर्देशित किया कि जनपद के सभी भोज्य स्थल का चुनाव करके उनको हाईजीन रेटिंग करायी जाये। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी निर्देशित किया कि सभी मिड-डे-मील स्कूलों के रजिस्ट्रेशन करवायें। साथ ही साथ आवासीय विद्यालयों के किचिन के रजिस्ट्रेशन करवायें।

# महायज्ञ व भागवत कथा की शोभायात्रा में हुई पुष्पवर्षा

● **इमलौरी में 16 कुंडीय महायज्ञ और श्रीमद्भागवत कथा का हुआ शुभारंभ**

● **तीन जून को होगा विवाह सम्मेलन**

संवाददाता। कोंच(जालौन)



**कोंच विकास** खंड के ग्राम इमलौरी में स्थित बड़ी माता मंदिर स्थल पर 24 मई से लेकर 3 जून तक होने वाले 16 कुंडीय महायज्ञ और श्रीमद्भागवत कथा सहित रामलीला की भव्य और विशाल शोभायात्रा मंगलवार को निकाली गई। शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत कर पुष्प वर्षा की गयी।

नगर में रामकुंड कॉलनी स्थित मंदिर से शोभायात्रा शुरू हुई।शोभायात्रा में सैकड़ों की संख्या में शामिल महिलाएं व युवतियां पीत वस्त्र धारण कर आम्रपत्तों, पुष्पों से सुसज्जित कलश सिर पर रखकर कतारबद्ध होकर चल रहीं थीं जबकि पुरुष श्रद्धालु माथे पर चंदन का लेप लगाकर ध्वज पट्टिकाएं फहराते हुए हरि नाम संकीर्तन गुनगुना कर साथ चल रहे थे।शोभायात्रा में युवाओं का हुजूम डीजे, बैंड बाजों व ढोल नगाड़ों के बीच बज रहे भजनों पर नृत्य करते हुए अपना अलग अंदाज दिखा रहे थे।शोभायात्रा में सुसज्जित रथ पर संत महात्मा विराजमान थे और पारीक्षत आनंद निरंजन सीता देवी सिर पर भागवत पुराण रखकर आगे आगे चल रहे थे।शोभायात्रा पर जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा की जबकि कई स्थानों पर शीतल पेयजल, शरबत, फल प्रसाद का वितरण किया गया।स्टेट बैंक पर युवा समाजसेवी माधव यादव ने साथियों के साथ मिलकर कलश यात्रा का स्वागत करते हुए शरबत बांटा। शोभायात्रा समूचे नगर का भ्रमण कर आयोजन स्थल ग्राम इमलौरी पहुंची जहां उच्चारित वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गणेश पूजन किया गया और फिर प्रथम दिवस की कथा का श्रवण कथावाचिका प्रियंका शास्त्री व्रन्दावन धाम ने उपस्थित क्षेत्रवासियों को कराया।प्रतिदिन अपरान्ह 3 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक कथा सुनाई जायेगी। जबकि प्रतिदिन सुबह 7 बजे से लेकर 10 बजे तक यज्ञ,दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक प्रवचन व रात्रि 8 बजे से 11 बजे तक रामलीला का मंचन किया जाएगा। 3जून को पूर्णाहुति के साथ महायज्ञ व कथा का समापन होगा तंदुपरांत उसी दिन सामूहिक विवाह सम्मेलन किया जाएगा और भंडारा प्रसाद वितरित किया जाएगा। शोभायात्रा में यज्ञ प्रबंधक चंद्रशेखर कुशवाहा भगत, यज्ञाचार्य राहुल शर्मा व शिवम कृष्ण वृंदावन धाम, मुख्य यजमान मनीष बंसल सपना सहित पूर्व जिपंस मंगल कुशवाहा पूंछ, अमित कुमार, राममिलन कुशवाहा, असित कुशवाहा, नवीन कुशवाहा, रामनरेश पटेल, गुलाब सिंह कुशवाहा फुलेला, जावीर खान, दशरथ पटेल दयाल, विपिन निरंजन सेता, अमर सिंह पटेल, राजीव पटेल, मानवेन्द्र सेता, महेंद्र सिंह लूटे, रामहरी निरंजन, सीताशरण आदि शामिल रहे।

# उरई-जालौन सीसी मार्ग में दरारें आने से दोपहिया चालक परेशान

संवाददाता। जालौन (उरई)

**उरई-जालौन** राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के 4 वर्ष बाद ही दरारें पड़ गयी है। सीसी मार्ग पर लम्बी लम्बी दरारें पड़ने के कारण राहगीर परेशान हैं। दरारों के बीच चलने में 2 पहिया वाहन चालकों को दिक्कत हो रही है। जब इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई तो अधिशासी अभियंता ने मरम्मत बताकर शिकायत का निस्तारण कर दिया जबकि समस्या का समाधान नहीं हुआ।

जनपद मुख्यालय से जोड़ने वाले उरई जालौन राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण लगभग 4 वर्ष पूर्व हुआ था। लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड के देखरेख में मार्ग का निर्माण कराया गया। निर्माण के दौरान मानकों की अनदेखी की गयी। मानकों की अनदेखी के चलते सड़क में 4 वर्ष से पहले ही दरारें पड़ गयी। सड़क मार्ग में जगह जगह पड़ी लम्बी लम्बी दरारें राहग के लिए परेशानी की सबब बनी हुई है। सबसे ज्यादा परेशानी 2 पहिया वाहन चालकों को हो रही है। दरारों में पहिया फसने से दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना बनी रहती है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर जगह जगह बनी दरारों की शिकायत जब मुख्यमंत्री पोर्टल पर की गई तथा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए भरवाने की मांग शिकायतकर्ता अनुराग कुमार ने की तो अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड ने सड़क पर मरम्मत का काम चलने की रिपोर्ट देकर शिकायत का निस्तारण कर दिया जबकि उरई से जालौन के बीच मरम्मत का काम नहीं चल रहा तथा पिछले वर्ष दरारें भरने के नाम डामर डाला गया था। वह भी गर्मी पिघल गया है जिससे दरारें फिर उभर आयी है तथा नयी दरारें बन गयी है।

# वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय सम्मेलन में जिले से होगी भागीदारी

● **वैश्य समाज को एकजुट होकर राजनीति के क्षेत्र में आगे आने की जरूरतः डॉ. सुमंत गुप्ता**



**फतेहपुर।** अखिल भारतीय वैश्य एकता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुमंत गुप्ता ने कहां की राष्ट्र के विकास में राजस्व के माध्यम से सर्वाधिक योगदान करने वाला वह समाज राजनीतिक क्षेत्र में अभी भी उपेक्षित है। सबसे ज्यादा आर्थिक शोषण और उत्पीड़न वैश्य समाज का हो रहा है, इसके लिए समाज को एकजुट होकर आगे आने की जरूरत है पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने बताया कि खुदरा व्यापार में वालमार्ट जैसी विदेशी कंपनियों के आने से रिटेल कारोबार प्रभावित हो रहा है। उन्होंने बताया कि 29 मई को मैरिज हॉल कटरा चौराहा बदनपुर प्रतापगढ़ में राष्ट्रीय एवं प्रांतीय प्रतिनिधि सम्मेलन एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया है। इस प्रतिनिधि सम्मेलन में देश व प्रदेश के सक्रिय एवं महत्वपूर्ण पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। बातचीत के दौरान उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार से जीएसटी प्रणाली में पेनल्टी के साथ सजा का प्रावधान होने पर नाराजगी जताई। साथ ही छोटे व्यापारियों को छापेमारी से मुक्त रखने की मांग की। साथ ही व्यापारी वृद्धावस्था पेंशन व्यापारियों को 65 वर्ष की आयु से प्रारंभ किए जाने, आयकर दाताओं को कोविड-19 महामारी को दृष्टिगत रखते हुए बीमा का लाभ दिलाने की मांग की। इस मौके पर महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष कविता रस्तोगी, राष्ट्रीय महासचिव विनोद गुप्ता ,जिलाध्यक्ष अरुण जायसवाल एडवोकेट, नरेंद्र गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शरण सिंपल, जिला महामंत्री चंद्र प्रकाश बबलू जनसेवक, संतोष गुप्ता, वेद प्रकाश गुप्ता ,ओम प्रकाश गुप्त आदि मौजूद रहे।

# सरकारी नीतियों का नहीं, कुरीतियों का विरोध रखेंगे जारीः प्रवीण

संवाददाता। फतेहपुर

● **दामपुर गांव स्थित अष्टभुजी देवी मंदिर में हुआ बुद्धि-शुद्धि यज्ञ**

**धाता** ब्लाक के दामपुर गांव स्थित अष्टभुजी देवी मंदिर में बुंदेलखंड राष्ट्र समिति के स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर बुद्धि-शुद्धि यज्ञ का आयोजन किया। हवन-पूजन करते हुए स्वयंसेवकों ने जिला प्रशासन के अधिकारियों का ध्यान अवैध खनन व ओवरलोडिंग की ओर दिलाया।

केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पांडेय ने कहा कि मौरंग -बालू, गिट्टी-मिट्टी के खनन से सरकार को प्रति वर्ष करोड़ों रुपये का राजस्व प्राप्त होता है। देश-प्रदेश की उन्नति में इस रकम का उपयोग किया जाता है। क्षेत्र में चल रही मोरंग खदानों से भी जिला प्रशासन के माध्यम से प्रदेश सरकार को करोड़ों रुपये की आय होती है। सरकार को राजस्व देने की आड़ में खनन कारोबारी जिस तरह से नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, उससे पतित-पावनी नदियों का पौराणिक स्वरूप बिगड़ रहा है। बड़ी बूम वाली मशीनों के प्रयोग से नदी की मुख्य धारा तक प्रभावित हो रही है। स्वयंसेवकों ने यज्ञ में आहुति देते हुए जिम्मेदारों के जागने तक कुरीतियों का विरोध जारी रखने का संकल्प लिया। कहा कि धाता थाने के रानीपुर व सलेमपुर, खखरेडू थाने के गाजीपुर, किशुनपुर थाने के संगोलीपुर मडइयन तथा गुरुवल खदान में जब तक नियमों का पालन करते हुए खनन नहीं किया जाएगा, बुद्धि-शुद्धि यज्ञ के जरिए जिम्मेदारों को कोसने का अभियान चलता रहेगा। प्रमुख शर्तें सुबह छह से शाम बजे तक ही नदियों में खनन किया जाए। मोरंग खदानों में लगे सीसीटीवी कैमरे चालू रखे जाएं। रवन्ना में दर्ज मात्रा के अनुरूप वाहनों पर उपखनिज की लोडिंग हो। ओवरलोड मिलने पर वाहन स्वामी के साथ ही खदान संचालक पर जुर्माना किया जाए। मोरंग-बालू, मिट्टी खनन में मशीनों के साथ ही श्रमिकों को रोजगार दिया जाए। खनन नीति का शत-प्रतिशत पालन किया जाए। नदियों की धारा से छेड़छाड़ करने पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हो। प्राकृतिक संरचना बिगाड़ने पर खनन की अनुमति रद्द की जाए। बरसात से पहले प्रति वर्ष सड़कों की मरम्मत की जाए। खागा-दामपुर, दामपुर-धाता, रानीपुर-परसिद्धपुर, सलेमपुर-लिहई मार्ग की मरम्मत अविलंब शुरु की जाए। आज महंत शिवशंकर स्वरूप बाजपाई जी उनके सहयोगी आचार्य शुशील मिश्र, आचार्य आदित्य मिश्र ने मंत्रोचार के साथ पूजन हवन आरती करवाया स मुख्यरूप से ग्राम प्रधान यादकेश्वर दयाल, जिला मंत्री नीरज बाजपाई, चंद्रभूषण मिश्रा, राजा नास्त्रोदमस त्रिपाठी, बीडी सी हिमांशु त्रिपाठी, पवन मिश्र, दुर्गाप्रसाद निषाद बीडीसी, मोहित तिवारी, सुजल दुबे, चेतन बाजपाई, श्रीपाल निषाद, बीडीसी हिमांशु त्रिपाठी, एबीवीपी के कपिल पारस, पप्पू बाजपाई आदि मुख्य रूप से रहे।

## गोल्डन ऑवर में सही इलाज मिलने से बचाई जा सकती जान

**कोंच (जालौन)।** भारत में सड़क हादसों में प्रतिवर्ष लाखों लोगों की मौत वक्त पर सही इलाज नहीं मिलने से हो जाती है। अगर उन्हें गोल्डन ऑवर में सही इलाज मिल जाए तो तमाम लोगों की जान बचाई जा सकती है। यह बात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नदीगांव के अधीक्षक डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया ने थाने में पुलिस जवानों को समझाते हुए कही।

सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत सीएचसी नदीगांव प्रभारी डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया ने थाना नदीगांव के पुलिस कर्मियों को गोल्डन ऑवर प्राथमिक चिकित्सा के संबंध में प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि अधिकतर घायलों को गोल्डन ऑवर में सही इलाज न मिलने से उनकी मौत हो जाती है। पुलिस कर्मचारियों को जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि किसी भी गंभीर परिस्थिति में मरीज के लिए दुर्घटना के बाद एक घंटा बेहद अहम् होता है, इस समय में दिया गया इलाज उसकी जिंदगी को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है इसलिए इसे गोल्डन ऑवर कहा जाता है।

# गुजरात टाइटंस शान से फाइनल में

● रॉयल्स को 7 विकेट से हराया

● मिलर का तूफानी अर्धशतक

**भाषा।** कोलकाता




**डेविड मिलर** के तूफानी अर्धशतक और कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ उनकी अटूट शतकीय साझेदारी से गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग के क्वालीफायर एक में मंगलवार को यहां राजस्थान रॉयल्स को सात विकेट से हराकर अपने पहले ही सत्र में फाइनल में जगह बनाई। रॉयल्स के 189 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए टाइटंस ने मिलर (नाबाद 68) और पंड्या (नाबाद 40) के बीच चौथे विकेट की 106 रन की अटूट साझेदारी की बदौलत तीन गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 191 रन बनाकर जीत दर्ज की। मिलर ने 38 गेंद की अपनी तेजतर्रार पारी में पांच छक्के और तीन चौके मारे। उन्होंने लगातार तीन छक्के जड़कर अपनी टीम को जीत दिलाई। पंड्या ने 27 गेंद का सामना करते हुए पांच चौके जड़े। टाइटंस की ओर से शुभमन मिल (35) और मैथ्यू वेड (35) ने भी उपयोगी पारियां खेली। रॉयल्स ने जोस बटलर (89) और कप्तान संजू सैमसन (47) की उम्दा पारियों से छह विकेट पर 188 रन बनाए थे। देवदत्त पडिक्कल ने 28 रन का योगदान दिया। बटलर ने 56 गेंद की अपनी पारी में 12 चौके और दो छक्के मारे। उनकी पारी की बदौलत रॉयल्स की टीम अंतिम चार ओवर में 61 रन जोड़ने में सफल रही। रॉयल्स को फाइनल के लिए क्वालीफाई करने का एक और मौका मिलेगा। शुक्रवार को होने वाले क्वालीफायर दो में उसकी भिड़ंत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और लखनऊ सुपर जाइंट्स के बीच बुधवार को यहां ईडन गार्डन्स पर होने वाले एलिमिनेटर की विजेता टीम से होगी। लक्ष्य का पीछा करने उतरे टाइटंस ने दूसरी ही गेंद पर रिद्धिमान साहा (00) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने ट्रेंट बोल्ट की गेंद पर विकेटकीपर सैमसन को कैच थमाया। मैथ्यू वेड (35) ने बोल्ट पर चौके से खाता खोला और फिर इस तेज गेंदबाज के अगले ओवर में भी लगातार दो चौके मारे। सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल (35) ने भी बोल्ट पर दो चौके जड़े और फिर रविचंद्रन अश्विन का स्वागत एक छक्के और दो चौकों के साथ किया। टाइटंस ने पावरप्ले में एक विकेट पर 64 रन बनाए। गिल हालांकि इसके बाद वेड के साथ गलतफहमी का शिकार होकर रन आउट हो गए। उन्होंने 21 गेंद का सामना करते हुए पांच चौके और एक छक्का मारा। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज ओबेद मैकॉय ने वेड को बटलर के हाथों कैच कराके टाइटंस का स्कोर तीन विकेट पर 85 रन किया। वेड ने 30 गेंद की अपनी पारी में छह चौके मारे। पंड्या ने हालांकि मैकॉय के इस ओवर में तीन चौके से 18 रन बटोरे। उन्होंने प्रसिद्ध कृष्णा पर चौके के साथ 11वें ओवर में टीम का स्कोर 100 रन के पार पहुंचाया। पंड्या को मिलर के रूप में उम्दा जोड़ीदार मिला। मिलर ने अश्विन पर चौका और फिर युजवेंद्र चहल पर छक्का जड़ा। टाइटंस को अंतिम पांच ओवर में जीत के लिए 50 रन की दरकार थी। बोल्ट के 16वें ओवर में सात जबकि मैकॉय के अगले ओवर में नौ रन बने।

### स्कोरबोर्ड

**राजस्थान रॉयल्सः** यशस्वी का साहा बो दयाल 03, बटलर रन आउट 89, सैमसन का जोसेफ बो साई किशोर 47, पडिक्कल बो पंड्या 28 हेटमायर का तेवतिया बो शमी 04, पराग रन आउट 04, अश्विन नाबाद 02, बोल्ट नाबाद 00, **अतिरिक्तः** 11, **कुलः** 20 ओवर मे छह विकेट पर: 188 रन, विकेट पतनः 1-11, 2-79, 3-117, 4-161, 5-185, 6-186, **गेंदबाजीः** शमी 4-0-43-1, दयाल 4-0-46-1, जोसेफ 2-0-27-0, राशिद 4-0-15-0, साई किशोर 4-0-43-1, पंड्या 2-0-14-1

**गुजरात टाइटंस :** साहा का सैमसन बो बोल्ट 00, शुभमन गिल रन आउट 35, वेड का बटलर बो मैकॉय 35, पंड्या नाबाद 40, मिलर नाबाद 68, **अतिरिक्तः** 13, **कुलः** 19.3 ओवर मे तीन विकेट पर: 191 रन, **विकेट पतनः** 1-0, 2-71, 3-85, गेंदबाजीः बोल्ट 4-0-38-1, कृष्णा 3.3-0-40-0, अश्विन 4-0-40-0, चहल 4-0-32-0, मैकॉय 4-0-40-1

# शेफाली, वुलवार्डट के खेल से वेलॉसिटी जीता

● सुपरनोवाज को 7 विकेट से हराया

**भाषा।** पुणे



**आक्रामक सलामी** बल्लेबाज शेफाली वर्मा (51) और लौरा वुलवार्डट (नाबाद 51) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर वेलॉसिटी ने मंगलवार को यहां महिला टी20 चैलेंज के दूसरे मैच सुपरनोवाज को सात विकेट से करारी शिकस्त दी। शेफाली ने 33 गेंद की पारी में एक छक्का और नौ चौके जड़े तो वहीं वुलवार्डट ने 35 गेंद की नाबाद पारी में सात चौकों के साथ एक छक्का लगाया।

कप्तान हरमनप्रीत कौर की 51 गेंदों में 71 रनों की तूफानी पारी से सुपरनोवाज ने पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर पांच विकेट पर 150 रन बनाए। वेलॉसिटी ने 10 गेंद शेष रहते तीन विकेट गंवाकर इस लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। टीम के लिए कप्तान दीप्ति शर्मा ने 25 गेंद में नाबाद 24 रन का योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए वेलॉसिटी ने दूसरे ओवर में ही नटकान चंथाम (एक रन) का विकेट गंवा दिया। शेफाली पर हालांकि इसका कोई असर नहीं हुआ और उन्होंने अपने अंदाज में आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी। उन्हें विकेटकीपर यास्तिका भाटिया (17 रन) का अच्छा साथ मिला और दोनों ने 29 गेंद में 63 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। डिएंड्रा डॉटिन (21 रन पर दो विकेट) की गेंद पर यास्तिका के आउट होने के बाद शेफाली ने नौवें ओवर में अलाना किंग के खिलाफ एक रन लेकर 28 गेंद में इस टूर्नामेंट का सबसे तेज अर्धशतक लगाया। अगले ओवर वह हालांकि डॉटिन का दूसरा शिकार बनीं। इसके बाद वुलवार्डट और दीप्ति की जोड़ी ने 71 रन की अटूट साझेदारी कर टीम को जीत दिला दी। इससे पहले वेलॉसिटी के गेंदबाजों ने शुरुआत में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन हरमनप्रीत की बेजोड़ पारी से सुपरनोवाज की टीम चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा करने में सफल रही। हरमनप्रीत ने अपनी पारी में सात चौके और तीन छक्के जड़े। उन्हें विकेटकीपर तानिया भाटिया (36 रन) का अच्छा साथ मिला और दोनों ने 18 रन पर तीन विकेट गिरने के बाद 82 रन की शानदार साझेदारी की। तानिया ने 32 गेंद की पारी में तीन चौके लगाए। आखिरी ओवरों में सुने लुस ने 14 गेंद में तीन चौकों की मदद से नाबाद 20 रन की पारी खेल टीम के स्कोर को 150 रन तक पहुंचाया।

**स्कोरबोर्डः सुपरनोवाज पारीः** प्रिया का खाका बो क्रॉस 04, डॉटिनका भाटिया बो दीप्ति 06, हरलीन का वुलफार्ट बो क्रॉस 07, तानिया रन आउट 36 हरमनप्रीत बो राधा 71, लूस नाबाद 20, वस्त्राकर नाबाद 02, **अतिरिक्तः** 04, **कुल योग** (20 ओवर मे पांच विकेट पर) 150 रन, विकेट पतनः 1-4, 2-12, 3-18, 4-100, 5-138, **गेंदबाजीः** क्रॉस 4-0-24-2, दीप्ति 4-0-31-1, खाका 3-0-28-0, राधा 3-0-22-1, स्नेह 4-0-25-0, सोनावणे 2-0-19-0

**वेलॉसिटी पारीः** शेफाली का हरमनप्रीत बो डॉटिन 51, चंथाम का हरमनप्रीत बो वस्त्राकर 01, भाटिया बो डॉटिन 17, वुलवार्डट नाबाद 51, दीप्ति नाबाद 24, **अतिरिक्तः** 07, कुल योगः (18.2 ओवर मे तीन विकेट पर) 151 रन, विकेट पतनः 1-6, 2-69, 3-80, **गेंदबाजीः** एक्लेस्टन 4-0-32-0, वस्त्राकर 3-0-27-1, मेघना 1-0-15-0, वी चंदू 2-0-23-0, किंग 4-0-20-0, डॉटिन .2-0-21-2, हरमनप्रीत 1-0-12-0

## बीसीसीआई से उत्तर प्रदेश की चार रणजी टीम बनाने की मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व राज्य मंत्री एवं रणजी क्रिकेट खिलाड़ी रहे मोहसिन रजा ने मंगलवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को पत्र लिखकर आबादी के लिहाज से सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की चार रणजी टीम बनाने का आग्रह किया है। रजा ने बीसीसीआई के सचिव जय शाह को लिखे गए पत्र मे कहा है कि उत्तर प्रदेश की आबादी लगभग 25 करोड़ है। मगर इस राज्य के पास रणजी ट्रॉफी टूर्नामेंट मे प्रतिनिधित्व के लिए सिर्फ एक ही टीम है जबकि अपेक्षाकृत कम आबादी वाले महाराष्ट्र और गुजरात की तीनतीन टीम रणजी ट्राफी मे हिस्सा लेती है।

## आईओसी ने भारत में ओलंपिक वैल्यू शिक्षा कार्यक्रम शुरू किया

**भुवनेश्वर।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने मंगलवार को भारत मे पहला ओलंपिक वैल्यू शिक्षा कार्यक्रम (ओवीईपी) शुरू किया, जिसमें ओलंपिक से जुड़े पाठ्यक्रम को ओडिशा के स्कूली शिक्षा प्रणाली मे शामिल किया गया है। ओवीईपी युवाओं को उत्कृष्टता, सम्मान और मित्रता के ओलंपिक मूल्यो से परिचित कराने के लिए आईओसी द्वारा तैयार किए गए संसाधनो का एक व्यावहारिक संग्रह है। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को सक्रिय, स्वस्थ और जिम्मेदार नागरिक बनने मे मदद करने के लिए मूल्य-आधारित पाठ्यक्रम का प्रसार करना है।

## आस्ट्रेलिया टीम के सहायक कोच बने विटोरी

**मेलबर्न।** न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान डेनियल विटोरी को आस्ट्रेलिया पुरूष क्रिकेट टीम का सहायक कोच बनाया गया है। न्यूजीलैंड के लिए 113 टेस्ट खेल चुके विटोरी को इंडियन प्रीमियर लीग, आस्ट्रेलिया की टी20 बिग बैश लीग, इंग्लैंड और वेस्टइंडीज मे कोचिंग का अनुभव है। वह बांग्लादेश के स्पिन गेंदबाजी सलाहकार रह चुकेहै। इसके अलावा मार्च मे पाकिस्तान मे टेस्ट श्रृंखला मे आस्ट्रेलिया के स्पिन गेंदबाजी सलाहकार थे।

## उम्र की पात्रता के लिए कट आफ तारीख तय करने संबंधी याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को वह याचिका खारिज कर दी जिसमे बीसीसीआई को घरेलू क्रिकेट टूर्नामेंटो मे उम्र संबंधी पात्रता के लिए कट आफ तारीख तय करने के निर्देश देने के लिए कहा गया था। यायमूर्ति एस ए नजीर और पी एस नरसिम्हा ने कहा कि इन मसलो पर फैसला बीसीसीआई लेगा। हम इस पर सुनवाई कैसे कर सकते है।यह हमारे हाथ मे नही है। हम क्रिकेट के बारे मे ज्यादा जानते भी नही है।

## माजिया को हराकर एटीकेएमबी नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई

**कोलकाता।** एटीके मोहन बागान (एटीकेएमबी) ने एएफसी कप के ग्रुप चरण के अपने आखिरी मैच मे मंगलवार को यहां मालदीव की टीम माजिया स्पोर्ट्स एंड रिक्रिएशन पर 5-2 की बड़ी जीत के साथ नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई किया। ग्रुप डी के इस मैच मे एटीकेएमबी के लिए जॉनी काउको (26वे और 37वे मिनट) ने दो गोल किए जबकि अनुभवी रॉय कृष्णा (56वां मिनट), सुभाशीष बोस (58वां मिनट) और कार्ल मैकह्यू (71वां मिनट) ने एक-एक गोल दागा।

# तेंदुलकर ने बेटे अर्जुन से कहा, डगर चुनौतीपूर्ण होगी, कड़ी मेहनत जारी रखो

**भाषा।** मुंबई



**सचिन तेंदुलकर** के बेटे अर्जुन को इंडियन प्रीमियर लीग के दो सत्र में मुंबई इंडियन्स के 28 मैच के दौरान एक बार भी खेलने का मौका नहीं मिला और इस पूर्व महान क्रिकेटर ने इस उभरते हुए आलराउंडर से कहा है कि उनके लिए राह चुनौतीपूर्ण होने वाली है और उन्हें कड़ी मेहनत जारी रखनी होगी। मुंबई इंडियन्स से जुड़े हुए तेंदुलकर ने साथ ही स्पष्ट किया कि वह चयन मामलों में हस्तक्षेप नहीं करते। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज और बाएं हाथ के बल्लेबाज अर्जुन को पांच बार के आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियन्स ने अपने साथ जोड़ा था लेकिन इस लुभावनी लीग के दो सत्र में उन्हें एक भी मैच में खेलने का मौका नहीं मिला। तेंदुलकर से जब यह पूछा गया कि क्या वह इस साल अर्जुन को खेलते हुए देखना पसंद करते तो उन्होंने शो सैचइनसाइट पर कहा, यह अलग सवाल है। मैं क्या सोच रहा हूं या मैं क्या महसूस कर रहा हूं यह महत्वपूर्ण नहीं है। सत्र खत्म हो चुका है (मुंबई इंडियन्स के लिए)। कई विश्व रिकॉर्ड अपने नाम करने वाले तेंदुलकर ने कहा, और अर्जुन के साथ हमेशा मेरी यही बात होती है कि डगर चुनौतीपूर्ण होगी, यह मुश्किल होगी। तुमने क्रिकेट खेलना शुरू किया क्योंकि तुम्हें क्रिकेट से प्यार है, ऐसा करना जारी रखो, कड़ी मेहनत जारी रखो और नतीजे मिलेंगे। दो सौ टेस्ट खेलने वाले एकमात्र क्रिकेटर तेंदुलकर ने कहा कि जहां तक चयन का सवाल है तो वह इसे टीम प्रबंधन पर छोड़ देते हैं। तेंदुलकर ने कहा, अगर हम चयन के बारे में बात करते हैं तो मैं कभी स्वयं को चयन में शामिल नहीं करता।

## जोर्डन के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच के लिए छेत्री की भारतीय टीम में वापसी


**नई दिल्ली।** करिश्माई फुटबॉलर सुनील छेत्री ने छह महीने बाद भारतीय टीम में वापसी की है जो जोर्डन के खिलाफ 28 मई को दोहा में होने वाले अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैच में खेलेंगे। उसके बाद से वह चोटों के कारण बाहर हैं। भारतीय टीम के कोच इगोर स्टिमक ने कोलकाता में अभ्यास शिविर के दौरान 25 सदर्स्य टीम की घोषणा की। छेत्री के अलावा ईशान पंडित ने भी टीम में वापसी की है जबकि वी पी सुहैर और चोटिल रहीम अली बाहर हैं। भारतीय टीम 25 मई को दोहा रवाना होगी जहां अभ्यास जारी रखेगी। मैत्री मैच के बाद टीम 30 मई को कोलकाता लौटकर एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर की तैयारी जारी रखेगी। टीम : गोलकीपर : गुरप्रीत सिंह संधू, लक्ष्मीकांत कट्टीमणि, अमरिंदर सिंह, डिफेंडर : राहुल भेके, आकाश मिश्रा, हरमनजोत सिंह खाबरा, रोशन सिंह, अनवर अली, संदेश झिंगन, शुभाशीष बोस, प्रितम कोटाल। मिडफील्डर : जैक्सन सिंह, अनिरूद्ध थापा, ग्लान मार्टिंस, ब्रेंडन फर्नांडिस, रित्विक दास, उदांता सिंह, यासिर मोहम्मद, सहल अब्दुल समाद, सुरेश वांगजाम, आशिक कुरूनियन, लिस्टन कोलासो। फॉरवर्ड : ईशान पंडित, सुनील छेत्री, मनवीर सिंह।

# लखनऊ को कड़ी टक्कर देगी आरसीबी

● कोहली के फॉर्म और किस्मत के साथ बेंगलोर जोश में

● एलिमिनेटर का अहम मुकाबला आज

**भाषा।** कोलकाता





**विराट कोहली** के फॉर्म में लौटने और किस्मत के दम पर आईपीएल प्लेआफ में नाटकीय ढंग से प्रवेश के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के हौसले बुलंद है और वह बुधवार को एलिमिनेटर में लखनऊ सुपर जाइंट्स को कड़ी चुनौती दे सकती है। शुरूआती मैचों में कम स्कोर के बाद कोहली ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ आखिरी लीग मैच में 54 गेंद में 73 रन बनाए। यह इस सत्र में उनका दूसरा अर्धशतक था लेकिन इसमें उन्होंने अपने चिर परिचित सुंदर शॉट खेले और आरसीबी की उम्मीदों को जीवंत रखा। आरसीबी के लिए यह जीत ही काफी नहीं थी और उसे दूसरे मैच में दिल्ली कैपिटल्स पर मुंबई इंडियंस की जीत की भी दुआ करनी थी। मुंबई ने दिल्ली को हराकर आरसीबी का प्लेआफ का रास्ता बनाया। कोहली के फॉर्म, दिनेश कार्तिक की एक फिनिशर के रूप में सफलता, जोश हेजलवुड, वानिंदु हसरंगा और हर्षल पटेल की तेज गेंदबाजों की तिकड़ी और सीम की मददगार ईडन गार्डन की पिच पर आरसीबी का जोश कई गुना बढा हुआ है। फाफ डु प्लेसी की शांतचित्त कप्तानी के दम पर टीम पहला आईपीएल खिताब जीतने की ओर अगला कदम रखना चाहेगी। तीन आईपीएल फाइनल खेल चुकी आरसीबी सितारों से सजी ऐसी टीम है जो बारंबार दर्शकों की अपेक्षाओं पर खरी नहीं उतर सकी है। इस बार उसके पास तीन बार के आईपीएल विजेता डु प्लेसी हैं जो उसका लकी चार्म साबित हो सकते हैं। भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (13 मैचों में आठ विकेट) इस सत्र में नहीं चल सके लेकिन हेजलवुड, हसरंगा और हर्षल ने मिलकर 57 विकेट चटकाए। नॉकआउट मैच में नई पिच पर ए फिर कहर बरपाने की तैयारी में होंगे। आरसीबी के लिए कार्तिक तुरूप का पत्ता साबित हुए हैं जिन्होंने कई करीबी मैच जिताकर टी20 विश्व कप से पहले भारतीय टीम में वापसी भी की। 36 वर्ष के कार्तिक को आरसीबी ने पांच करोड़ 50 लाख रूपए में खरीदा था। वह 14 पारियों में 287 रन बना चुके हैं जिनमें नौ बार नाबाद रहे और उनका स्ट्राइक रेट 191.33 है। आरसीबी के बल्लेबाजों का सामना लखनऊ के युवा तेज गेंदबाजों आवेश खान और मोहसिन खान से होगा।

## विश्व चैंपियनशिप की हार से अहम सबक सीखा : लवलीना

**भाषा।** नई दिल्ली

**ओलंपिक** पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों से पहले आईबीए विश्व चैम्पियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल से बाहर होने को एक बहुत जरूरी सीख मानती है। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता लवलीना का विश्व चैम्पियनशिप में अभियान 70 किग्रा वर्ग के प्री-क्वार्टर फाइनल में निराशाजनक हार के बाद समाप्त हुआ था। पिछले साल तोक्यो में पोडियम पर अपना अभियान खत्म करने के बाद अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में लवलीना को फेयर चांस टीम (देश छोड़ने के लिए मजबूर होने वाले खिलाड़ी) की सिंडी नगाम्बा ने 4-1 से हराया था। लवलीना ने विश्व चैंपियनशिप में देश के तीन पदक विजेता निकहत जरीन मनीषा मौन और परवीन हुड्डा के सम्मान समारोह में कहा, मेरी तैयारी (विश्व चैंपियनशिप के लिए) इतनी अच्छी नहीं थी।

# रोहित, कोहली को लेकर गांगुली चिंतित नहीं

**भाषा।** कोलकाता



**भारतीय क्रिकेट** बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष सौरव गांगुली ने मंगलवार को कहा कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व कप्तान विराट कोहली की आईपीएल में खराब लय चिंता का विषय नहीं है क्योंकि वह जल्द ही रन बनाने शुरु करेंगे। रिकॉर्ड पांच बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) जीतने वाली मुंबई इंडियंस टीम के कप्तान के लिए यह सत्र खराब रहा और उन्होंने 14 पारियों में 19.14 के औसत से 268 रन बनाए और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट महज 120.17 का रहा। उनकी टीम तालिका में सबसे निचले पायदान पर रही। गांगुली ने यहां एक कार्यक्रम में कहा, हर कोई इंसान है। गलतियाँ होंगी लेकिन कप्तान के रूप में रोहित का रिकॉर्ड उत्कृष्ट है। पाँच आईपीएल खिताब, एशिया कप विजेता, उसने जहां भी कप्तानी की है, वह जीता है। कप्तान के रूप में उसका रिकॉर्ड शानदार है। गलतियाँ होंगी क्योंकि वे सभी इंसान हैं। आईपीएल के लीग चरण के आखिरी मैच से पहले कोहली के लिए भी यह सत्र बेहद निराशाजनक रहा। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अर्धशतक लगाने से पहले उन्होंने 13 पारियों में महज 236 रन बनाए थे। इस दौरान तीन बार पहली गेंद पर खाता खोले बगैर आउट हुए। दोनों का समर्थन करते हुए, गांगुली ने कहा, वे बहुत अच्छे खिलाड़ी हैं। मुझे यकीन है कि वे रनों बनाना शुरू करेंगे। वे इतना क्रिकेट खेलते हैं कि कई बार वे फॉर्म गंवा बैठते है।

## ईस्ट बंगाल स्वामित्व के मामले पर बातचीत

**कोलकाता।** मैदान के अंदर और बाहर संघर्ष कर रही ईस्ट बंगाल फुटबॉल क्लब दुनिया की कई दिग्गज क्लबो के साथ स्वामित्व को लेकर बातचीत कर रही है जिसमे इंग्लिश प्रीमियर लीग की बड़ी टीम मैनचेस्टर युनाइटेड भी शामिल है। देश की सबसे पुरानी फुटबॉल क्लबों में से एक को अगर मैनचेस्टर युनाइटेड का साथ मिलता है तो यह भारतीय फुटबॉल मे बड़ा बदलाव होगा।

# फ्रेंच ओपनः मेदवेदेव आसान जीत के साथ दूसरे दौर में

**भाषा।** पेरिस

**रूस के** दूसरे वरीय दानिल मेदवेदेव ने आसान जीत के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। अमेरिकी ओपन चैंपियन मेदवेदेव ने अर्जेन्टीना के फाकुंडो बाग्निस को सीधे सेट में 6-2, 6-2, 6-2 से हराया। लगभग दो महीने पहले हर्निया की सर्जरी कराने के बाद मेदवेदेव की यह पहली जीत है। पिछले हफ्ते सर्जरी के बाद वापसी करते हुए उन्हें जिनेवा ओपन के पहले दौर में शिकस्त का सामना करना पड़ा था। फ्रेंच ओपन के पहले दौर में लगातार चार बार शिकस्त झेलने वाले मेदवेदेव पिछले साल रोलां गैरो पर क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहे थे।




## लोगों ने मेरा बोरिया बिस्तर बांध दिया था, इसलिए यह वापसी खास है : दिनेश कार्तिक

**कोलकाता।** विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक का मानना है कि इस बार भारतीय टीम में चयन पिछले 18 साल के उनके उतार चढ़ाव भरे कैरियर में उनकी सबसे खास वापसी है। कार्तिक को नौ जून से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू हो रही टी20 श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। 36 वर्ष के इस खिलाड़ी ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर की वेबसाइट पर कहा, यह सबसे खास वापसी है क्योंकि कई लोगों ने मेरा बोरिया बिस्तर बांध दिया था। मेरे लिए वापसी के मायने हैं कि मैं उसी तरह से खेलूंगा, वैसे ही अभ्यास करूंगा और उतनी ही मेहनत करूंगा। आईपीएल में कार्तिक के शानदार प्रदर्शन ने चयनकर्ताओं को उन्हें चुनने के लिए मजबूर कर दिया। ।

## योग और ध्यान से मिली एकाग्रता से अर्शदीप को मिली यॉर्कर डालने में महारत

**नई दिल्ली।** भारत के बाएं हाथ के युवा तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि योग और ध्यान के जरिए उन्होंने एकाग्रता पाई जिससे परफेक्ट यॉर्कर डालने में मदद मिली जिसके दम पर वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला के लिए भारत की टी20 टीम में जगह बना सके। 23 वर्ष के इस तेज गेंदबाज ने स्वीकार किया कि आईपीएल में उन्हें सफलता मिली लेकिन सब कुछ उन्हें अपनी मेहनत से अर्जित करना पड़ा। अपनी मर्जी के हिसाब से यॉर्कर डालने का हुनर कुदरती भले ही हो लेकिन आईपीएल से पहले अपने निजी कोच जसवंत राय के साथ उन्होंने इसे निखारा।

## अगले साल आईपीएल में जरूर लौटूंगा : एबी

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने कहा कि वह अगले साल रॉयल चैलेंजर्स टीम के साथ किसी ना किसी रूप में आईपीएल में जरूर लौटेंगे। डिविलियर्स आरसीबी का अभिन्न अंग रहे हैं। उन्होंने पिछले साल क्रिकेट के तमाम प्रारूपों को अलविदा कह दिया। आरसीबी के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने इस महीने कहा था कि उन्हें उम्मीद है कि डिविलियर्स अगले साल किसी नई भूमिका में आरसीबी के साथ होंगे। डिविलियर्स ने वीयू स्पोर्ट से कहा, मुझे खुशी है कि विराट ने इसकी पुष्टि कर दी। ईमानदारी से कहूं तो अभी कुछ तय नहीं किया है।

## जिस दिन प्रयोग करने का जुनून खत्म होगा उस दिन मेरा खेल खत्म हो जाएगाः अश्विन

**कोलकाता। भारतीय ऑफ** स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि वह खेल के मैदान में आलोचनाओं की परवाह किए बिना प्रयोग करना जारी रखेंगे और इसमें उन्हें जीवन में एक उद्देश्य मिल गया है। अश्विन इंडियन प्रीमियर लीग में अपने सबसे बेहतरीन सत्र में से एक का लुत्फ उठा रहे हैं। उन्होंने हालांकि इस दौरान महज 11 विकेट लिए हैं लेकिन उनका इकोनॉमी रेट काफी कम रहा है। उन्होंने इसके साथ ही बल्ले से 183 रन का शानदार योगदान दिया है। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ उन्होंने जिस चतुराई से आंद्रे रसेल को अपनी फिरकी में फंसाया उसे इस आईपीएल की सर्वश्रेष्ठ गेंदों में से एक माना जा रहा है।

# जापान ने भारत को 5-2 से रौंदा

● एशिया कप हॉकी : टीम टूर्नामेंट से बाहर होने के कगार पर

**भाषा।** जकार्ता



**भारत की** युवा टीम को पुरूष एशिया कप हॉकी चैम्पियनशिप में मंगलवार को यहां जापान के खिलाफ अनुभवहिनता का खामियाजा 2-5 की हार के साथ भुगतना पड़ा। अपने शुरूआती मैच में पाकिस्तान के खिलाफ ड्रॉ खेलने के बाद इस बड़ी हार से भारतीय टीम का आगे का सफर मुश्किल होगा। टीम अगर अगले मैच में इंडोनेशिया को हरा भी देती है तो उसके लिए नॉकआउट चरण का टिकट कटाना मुश्किल होगा। जापान के लिए केन नागायोशी, कोसी कावाबे (दो गोल), रयोमी ओका और कोजी यामासाकी ने गोल किए जबकि भारतीय टीम के लिए पवन राजभर और उत्तम सिंह ने गोल किया। कोच सरदार सिंह की युवा भारतीय टीम जापान की अधिक संगठित टीम के सामने लचर दिखी। टीम के दो सीनियर खिलाड़ी कप्तान बीरेंद्र लाकड़ा और एसवी सुनील का खेल उस स्तर का नहीं दिखा जिसके लिए वे जाने जाते हैं। लाकड़ा ने मैच के बाद कहा, हमारे लिए पहले दो क्वार्टर बहुत कठिन थे क्योंकि हम इसमें लय हासिल नहीं कर सके। बाद के दोनों क्वार्टर में हमने बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन ज्यादा मौके नहीं बना सके। भारत के पास पहले हाफ के पांचवें मिनट में ही बढ़त बनाने का मौका था। 20 वर्षीय कार्ती सेल्वम ने अनुभवी एसवी सुनील को अच्छा पास दिया लेकिन सुनील गेंद को ठीक से रोकने में सफल नहीं रहे। जापान के पास भी इस क्वार्टर में गोल करने का मौका था लेकिन टीम के पेनल्टी कार्नर को भारतीय गोलकीपर सूरज करकेरा ने विफल कर दिया।

## प्रज्ञानानंदा चेसेबल मास्टर्स के सेमीफाइनल में

**भाषा।** चेन्नई



भारत के युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने चीन के वेइ यि को 2.5 . 1.5 से हराकर मेल्टवाटर चैम्पियंस शतरंज टूर चेसेबल मास्टर्स 2022 आनलाइन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। सोलह वर्ष के प्रज्ञानानंदा का सामना अब नीदरलैंड के अनीश गिरी से होगा। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन दूसरे सेमीफाइनल में चीन के डिंग लिरेन से खेलेंगे। गिरी और कार्लसन ने क्रमशः नॉर्वे के आर्यन तोरी और स्पेन के डेविड एंतोन गुजारो को हराया। वहीं लिरेन ने अजरबैजान के शखरियार मामेदियारोव को मात दी। प्रज्ञानानंदा ने छठे दौर में कार्लसन को हराया था। वह अनीश, कार्लसन और लिरेन के बाद प्रारंभिक दौर में चौथे स्थान पर थे। भारत के पी हरिकृष्णा और विदित गुजराती शीर्ष आठ में जगह नहीं बना सके।

# मुख्य सचिव व डीजीपी ने परौंख पहुंच लिया व्यवस्थाओं का जायजा

● आगामी तीन जून को राष्ट्रपति, पीएम, राज्यपाल व मुख्यमंत्री के संभावित दौरे को लेकर समस्त व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने और चल रहे कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराए जाने के दिए निर्देश







संवाददाता। कानपुर देहात

**राष्ट्रपति,** प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के जनपद कानपुर देहात के डेरापुर तहसील क्षेत्र के गांव परौख मे संभावित 3 जून के आगमन के दृष्टिगत गांव में कराए जा रहे विकास कार्यों व अन्य व्यवस्थाओ का जायजा लेने हेतु मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, पुलिस महानिदेशक डीएस चौहान ने गांव का भ्रमण कियाए इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री के आगमन के संबंध मे व्यवस्थाओं हेतु अधिकारियो से जानकारी ली और सुरक्षा व्यवस्थाओं के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम में किसी प्रकार की लापरवाही ना होने पाए इसके लिए संपूर्ण व्यवस्था, पहले से ही दुरुस्त कर ले, इसके पश्चात मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, मंडल आयुक्त कानपुर, मंडल एडीजी कानपुर, आईजी कानपुर जोन नने पथरी देवी मंदिर, अंबेडकर पार्क, मिलन केंद्र, कार्यक्रम स्थल आदि का जायजा लिया और जो कमियां मिली है उन्हें अधिकारियों को सुधारने के निर्देश दिए। गांव में बन रही अमृत वाटिका में मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक ने आवले के पौधे रोपित किये। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से कोई चूक न हो जाए इस मामले में अधीनस्थों को कड़े निर्देश भी दिए। इस मौके पर कानपुर मंडलायुक्त डा. राजशेखर, एडीजी कानपुर जोन भानु भास्कर, आईजी कानपुर जोन प्रशांत कुमार, डीएम नेहा जैन, पुलिस अधीक्षक स्वप्निल ममगाई, सीडीओ सौम्या पांडेय, डीएफ्ओ अनिल द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी गण निरीक्षण के दौरान मौजूद रहे। वही पथरी देवी मंदिर निरीक्षण के दौरान मंदिर में रखे एक बॉक्स का परीक्षण करने एवं बगल के रास्ते को वैरीकेट करने के मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक ने निर्देश दिए, अंबेडकर पार्क में डॉ भीमराव अंबेडकर जी की नई प्रतिमा स्थापित होने से पूर्व लगी हुई अंबेडकर प्रतिमा को पहले दूसरे पार्क में व्यवस्थित तरीके से लगाए जाने के निर्देश दिए, वहीं गुम्मद के ऊपर लाइटिंग व्यवस्था को व्यवस्थित करने की बात कही, मिलन केंद्र में चल रहे एनएसजी द्वारा महिलाओं के प्रशिक्षण केंद्र का भी जायजा लिया और समूह की महिलाओं से वार्ता की। वहीं समूह की महिलाओं ने जनपद में तैयार हो रहे प्रोडक्ट भी मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक को भेंट किए, मुख्य सचिव ने जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा गांव में अच्छे कार्यों हेतु उनकी सराहना की। वही समूह की महिलाओं ने जनपद का मुख्य प्रोडक्ट्स बुकुनू के बारे में अधिकारियो को अवगत करायाए समूह की महिलाएं बकरी पालनए हैंड वॉसए कपड़ों की सिलाई आदि के कार्य भी महिलाएं कर रही हैं।

## दो सौ पथ विक्रेताओं को बांटे परिचय बोर्ड व पीएम का पत्र




संवाददाता। घाटमपुर

**पीएम** स्ट्रीट बेल्डर आत्मनिर्भर योजना के तहत नगर पालिका परिषद ने कार्यालय में एक कार्यक्रम आयोजित कर दो सौ पथ बिक्रेताओं को परिचय बोर्ड व प्रधान मंत्री नरेंन्द्र मोदी द्वारा भेजे गये पत्र को प्रदान किया। कर्यकारी ईओ शान्ति प्रकाश निगम ने गताया कि इस योजना के अर्न्तगत पथ बिक्रेताओं को प्रथ किश्त में 10 हजार रुपये और द्वितीय किश्त में 20 हजार रुपयों का कर्ज अल्प समय के लिये मिलता है। उन्होने बताया कि कोरोना काल में भुखमरी के कगार पर पंहुचे कामगारों की आर्थिक हालत पटरी पर लाने के लिये सरकार ने ये योजना चलायी है। इस मौके पर सभासद मिलेराम तिवारी, दलजीत सिंह, ज्ञानसिंह, बद्दरु,ीन और तैफीक पहलवान के अलावा पालिका कर्मी अनिल गुप्ता, प्रेम सिंह, आदित्य कुमार, अतुल कुमार,मोहित तिवारी, प्रदीप यादव अमरसिंह और पिंन्टू व श्रीमती उपासना सचान भी ।

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने मनाया अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**अंतरराष्ट्रीय** संस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय ओम निवास जटवारा जदीद अंगूरी बाग में बड़े ही धूमधाम से भाई दिवस मनाया गया इसमें लगभग 40 भाइयों का सम्मान करते हुए बी के शोभा बहन ने भाई बहन की शान बताते हुए कहा कि प्रसाद भरपेट नही खाया जाता है, परंतु प्रसाद में शक्ति भरपूर होती है, उन्होंने यह संदेश दिया कि भोजन को प्रसाद समझकर यूज करें प्रभु को अर्पण करके ही स्वीकार करें, इसमें सच में दान का बहुत बड़ा महत्व होता है जिससे से प्रत्येक व्यक्ति को सुख शांति की अनुभूति होती है और वो राजयोग की शिक्षा द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है बीके स्वतंत्र भाई जी ने कहा कि हम परमात्मा के साथ सर्व संबंध निभा सकते हैं उन्होंने यह भी संदेश दिया कि हम सब आत्मा के रूप में सब भाई भाई हैं परमात्मा भी हमारा भाई है योगा से शरीर स्वस्थ होता है और योग से ही मन निरोगी होता है उन्होंने यह संदेश दिया कि कुछ समय परमात्मा के लिए भी निकालें तो सभी आत्माओं को मन की शांति प्राप्त होगी, डॉ गंगा सिंह भाई , बीआर अंबेडकर जूनियर हाई स्कूल के प्रबंधक देव कुमार शर्मा ने भी संबोधन दिया । बीके पूनम बहन, ने संस्था का परिचय देते हुए सभी को संस्था की गतिविधियों के बारे में समझाया बीके एकता बहन बीके सौम्या बीके दीपा बीके रेखा आदि ने कार्य व्यवस्था देखते हुए सभी भाइयों को माला मुकुट एवं पटके से सब का सम्मान किया, इस मौके पर बीके शोभा बहन ने सभी भाइयों को ब्रह्मा भोजन खिलाने के बाद सभी को ईश्वरीय सौगात भी प्रदान की, इस मौके पर सैकड़ों भाई बहनों ने भाग लिया, हुकुम सिंह, रवी, अजीत मानसिंह जय वीर श्याम भाई अंगद भाई दीनदयाल भाई सुनील भाई प्रवीण भाई सुभाष भाई मगन भाई अजीत भाई कार्तिकेय भाई सत्यम भाई शिवम भाई कृष्णा भाई उमाशंकर भाई राघवेंद्र भाई राम किशोर भाई आतम देव भाई, तथा अन्य लोग भी शामिल रहे, सभी बहनो ने दिल से सम्मान किया ।

### जनप्रतिनिधियों ने आधा दर्जन विद्यालयों को लिया गोद

**फर्रुखाबाद।** जनपद के जनप्रतिनिधियों ने परिषदीय विद्यालय गोद लियें हैं। जिसमे सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष व विधायक शामिल हैं। सांसद मुकेश राजपूत ने बढ़पुर का कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय, सदर विधायक मेजर सुनीलदत्त द्विवेदी ने व्लाक बढ़पुर का कंपोजिट विद्यालय अर्रा पहाड़पुर, भोजपुर विधायक नागेन्द्र सिंह राठौर ने विकास खंड कमालगंज का ईसेपुर नवादा का प्राथमिक विद्यालय, विधायक कायमगंज डॉ0 सुरभि गंगवार ने प्राथमिक विद्यालय सिकंदरपुर महरोसा, अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने विकास खंड राजेपुर के कंपोजिट विद्यालय ईमादपुर सोमवंशी व जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव ने अपने गाँव कन्या प्राथमिक विद्यालय भूड़ नगरिया गोद लिया है। जिससे अब इन आधा दर्जन विद्यालयों की व्यवस्था के दिन बहुरेंगे। बीएसए लाल जी यादव ने बताया की आधा दर्जन विद्यालय जनप्रतिनिधियों ने गोद लियें हैं।

## आरोपः हाईकोर्ट से स्टे के बावजूद कब्रिस्तान की जमीन का कराया एग्रीमेंट

संवाददाता। फतेहपुर




**सदर तहसील** के थाना गाजीपुर निवासी एरिज खान पुत्र स्व. अजीज खान ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के नाम एक शिकायती पत्र सौंपा। उन्होंने बताया कि पिता अजीज खान गाटा संख्या 531 रकबा 5 बीघा 8 बिस्वा जो कि ग्राम गाजीपुर में कब्रिस्तान है, जिसके मुतवल्ली नियुक्त थे जिनकी मृत्यु उपरांत मुतवल्ली नियुक्त कर दिया गया। उपरोक्त भूमि जो कब्रिस्तान है उस पर लगभग 300 वर्ष पुरानी पूर्वजों द्वारा पेड़ भी लगाए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कब्रिस्तान में पूर्व मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी सिंह के पुत्र आदित्य प्रताप सिंह द्वारा उनके मैनेजर सतनाम सिंह द्वारा कब्रस्तान पर जबरन कब्जा किया जा रहा है। इस कब्रिस्तान की भूमि पर जबरन वा अवैध तरीके से महेंद्र प्रताप सिंह पुत्र लक्ष्मी कृपाल सिंह व योगेंद्र पाल सिंह एवं ज्ञानेंद्र पाल सिंह पुत्र गढ़ स्वर्गीय शिव प्रताप सिंह व श्रीमती कमला देवी पत्नी स्वर्गीय शिव प्रताप सिंह निवासी गढ़ ग्राम गाजीपुर द्वारा अपने पूर्वजों की भूमि जारी होने का दावा किया गया है, जिस पर यूपी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ द्वारा सुनवाई करते हुए 18 अप्रैल 2009 को इस आशय का एक आदेश पारित किया गया कि उपरोक्त भूमि वक्त की भूमि में वक्त अल खैर दर्ज है जिसमें मुख्य वल्ली अजीज खान नियुक्त किए जाते हैं तत्पश्चात उपरोक्त विपक्षी गढ़ द्वारा मूतवल्ली को परेशान करने की गरज से एक वाद रिफ्रेश सीडी फ्तेहपुर के यहां दाखिल किया गया, जिसके विरोध में अजीज खान द्वारा एक्रीडिटेशन संख्या 6404414 उच्च न्यायालय में योजित किया गया जिस पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश द्वारा 19 अगस्त 20 का इसको स्थगन आदेश पारित करते हुए कहा गया कि कब्रिस्तान की जमीन पर किसी प्रकार का हस्तक्षेप या दी मालिश नहीं करेंगे तदुपरांत उपरोक्त रिट याचिका को एलाऊ कर पुनः टीवी नल न्यायालय लखनऊ के समक्ष भेज दिया गया 6 जुलाई 20 21 को विपक्षी द्वारा अवैध तरीके से उपरोक्त कब्रिस्तान गाटा संख्या 531 का एग्रीमेंट पूर्व मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी सिंह के प्रतिष्ठान के मैनेजर सतनाम सिंह के पक्ष में कर दिया गया जो कि राजनीति से किया गया है उपरोक्त प्रकरण की सूचना प्राप्ति बराबर उच्च अधिकारियों को देता रहा है 21 मई 20-22 को 12 13 चार पहिया वाहनों के साथ पूर्व मंत्री के पुत्र अजीत प्रताप सिंह व उनके मैनेजर सतनाम सिंह और अन्य सहयोगी मैं असलम के साथ थाना गाजीपुर पहुंचे और प्रार्थी को नायब तहसीलदार के समक्ष बुलवाया गया जब जब तहसीलदार के पास पहुंचा तो उन्होंने कहा कि तुम उस कब्रिस्तान की जमीन से हट जाओ उसे महेंद्र प्रताप सिंह आदि द्वारा पूर्व मंत्री के प्रतिष्ठान के मैनेजर सतनाम सिंह के नाम विक्रय कर दिया गया है और खरीदने वालों को उस पर कब्जा दिलाया जाना है। उन्होंने बताया वह कब्रिस्तान उसके पूर्वजों के गांव के अन्य लोगों का कब्रिस्तान है तथा पूर्व कब्रिस्तान का वाद वर्तमान में न्यायालय ज्तपइनदंस लखनऊ में विचाराधीन है। उन्होंने कहा कि कुछ लोगों द्वारा जानकारी मिली है कि विपक्षीएवं क्रेता गढ़ द्वारा 30 व 30 मई को बलपूर्वक कब्रिस्तान पर कब्जा किया जाएगा। दबंग एवं शासन में अपनी पैठ बनाए हुए हैं, नेतागण उन्हीं का साथ दे रहे हैं, जिस कारण गांव के सभी लोग काफी भयभीत है।

## एंटी करप्शन टीम के हत्थे चढ़ा रिश्वतखोर बाबू

संवाददाता। फतेहपुर

**हथगांव** विकासखंड के एक सरकारी विद्यालय में तैनात शिक्षक देवेंद्र सिंह व राज कुमार सिंह की शिकायत पर मंगलवार को जनपद आई एंटी करप्शन टीम खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में तैनात वरिष्ठ लिपिक जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव को 12 हजार रुपए रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों दबोच लिया। मालूम हो कि पकड़े गए लिपिक के खिलाफ पूर्व में भी कई बार विभागीय स्तर पर शिकायत की जा चुकी थी, किंतु सेटिंग-गेटिंग के चलते हर बार वह बच निकलता था। इस बार जब शिक्षकों द्वारा इसकी शिकायत एंटी करप्शन विभाग में की गई तो टीम ने शिक्षकों की शिकायत गंभीरता से लेते हुए घूसखोर बाबू को रंगे हाथों पकड़ने का निर्णय लिया। शिकायतकर्ता शिक्षकों ने बताया कि उनका 02 लाख 68 हजार वेतन का एरियर उक्त बाबू की वजह से नहीं निकल पा रहा था। शिक्षकों ने बताया कि एरियर के भुगतान के लिए उनसे 14 हजार रूपए की मांग की गई थी और काफी कहने सुनने पर मामला 12 हजार में तय हुआ था जिसकी शिकायत उन लोगों ने एंटी करप्शन विभाग में की थी। एंटी करप्शन टीम में आए राकेश सिंह, जटाशंकर सिंह, अरविंद कुमार यादव, डीपी मिश्रा, राजेंद्र सिंह, शिव कुमार सिंह व अनिल कुमार सिंह ने बड़ी ही सक्रियता व सूझ-बूझ के साथ शिक्षकों को रिश्वत देने वाले नोट दिए। शिक्षकों ने उक्त नोट जैसे ही बाबू को जा कर दिए तो उसी समय एंटी करप्शन टीम पहुंच गई और घूसखोर बाबू को दबोच लिया। उधर खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में रिश्वतखोर बाबू के पकड़े जाने के बाद सरकारी विभागों एवं कार्यालयों में हड़कंप मचा रहा और तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म दिखा।

## जिलाधिकारी से की प्लाट में अवैध कब्जे की शिकायत

**फतेहपुर।** प्रदेश को अपराध मुक्त बनाने के लिए दिन-रात काम कर रही योगी सरकार की मंशा पर कहीं ना कहीं अपराधी व भूमाफिया किस्म के लोग चुनौती देते हुए नजर आ ही जाते हैं। शहर क्षेत्र के पीरनपुर इलाका निवासी प्रमोद कुमार शुक्ला पुत्र कमला प्रसाद शुक्ला एडवोकेट व सिविल लाइन इलाका निवासी रामनरेश तिवारी पुत्र चंद्रिका प्रसाद ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उन लोगों ने राममिलन शिवहरे व रामनरेश तिवारी पुत्र रामखेलावन निवासी कृष्ण बिहारी नगर से गाटा संख्या 181 मि. स्थित मौजा अबुल कासिमपुर में रकबा 0.1780 हे. 27 सितंबर 2003 को खरीदा था। जिसे उक्त लोगो ने चंद्रिका दास चेला श्री राम सरण दास अयोध्या कुटी से दिनांक 11 मई 1999 में क्रय किया था। बताया कि जिसका बाप बैनामा मालिक का बीज व दाखिल भी है तथा उतारा जी का विभाजन भी हो चुका है। बताया कि बंटवारे के आधार पर पक्ष कार काबिज व दाखिल हैं। बताया कि क्रय किए हुए भाग में मात्र एक प्लाट 25 बाई 50 वर्ग फुट अर्थात 117 वर्ग मीटर का विक्रय सरिता देवी पत्नी जय सिंह यादव निवासिनी पटेल नगर लेखपाल कॉलोनी को दिनांक 29 अक्टूबर 2011 को किया था। जिस पर सरिता देवी को कब्जा दखल भी दे दिया गया था। सरिता देवी ने प्लाट में नीव बना रखी है। बताया कि 21 मई की रात धीरेंद्र सिंह पुत्र करतार सिंह निवासी पीएसी रोड विष्णुपुरी कॉलोनी राधा नगर ने अपने दबंग भू माफिया साथी फ्रान आदि के साथ आकर जेसीबी से सरिता देवी के प्लाट की न्यूज तोड़ डाली तथा जबरन एक तारा जी को बिना किसी अधिकार के कब्जा कर रहे हैं। बताया कि उक्त मामले को लेकर जब वह लोग धीरेंद्र सिंह के पास पहुंचे तो धीरेंद्र सिंह ने बताया कि उनका नाम वसीयत में चल गया है और मैं पूरी जमीन पर कब्जा करूँगा। यह भी बताया कि चंद्रिका दास ने राममिलन व रामनरेश शिवहरे को जमीन बेची थी जिसे हम ने खरीदा है और इस जमीन पर तुम्हारा कोई अधिकार नहीं है, किंतु धीरेंद्र सिंह व उनके साथी मानने को तैयार नहीं है।

## पुलिस की दरियादिली से सुगम यातायात की कल्पना धड़ाम

संवाददाता। घाटमपुर

**सड़क** पर अवैध ढंग से संचालित डग्गामार वाहन स्टैण्ड और अतिक्रमण को 48 घंटे के भीतर हटाने का मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश के बावजूद घाटमपुर नौबस्ता तथा घाटमपुर-भोगनीपुर हाइवें पर डग्गामार वाहन स्टैण्ड बदश्तूर पर संचालित है। जहाँ से भोगनीपुर स्टेट हाइवे के साथ रेवना, चंवर-स्योढ़ारी, नंदना-गजनेर, तथा चंवर बबुरहा कानपुर रोड पर पतारा, भीतरगांव। हमीरपुर और जाहनाबाद रोड का कमवेश यही हाल है, नेशनल और स्टेट हाइवे के साथ कई जिला स्तरीय सम्पर्क मार्गो पर सैकड़ों की संख्या में दौड रहे डग्गामार वाहन सरकारी राजस्व का नुकसान और दुर्घटनाओं का सबब बन चुके हैं। इसके पीछे पुलिस की संजीवनी का असर मना जा रहा है।

बताया जाता है कि बीते दिनों मुख्य मंत्री ने सुगम यातायात के लिये सड़क पर संचालित वैधव अवैध स्टैण्ड तथा नेशनल व स्टेट हाइवे के साथ सम्पर्क मार्गो का अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था, और इसी के चलते पुलिस और प्रशासनिक आधिकारियों ने लाउड स्पीकर से खूब हल्ला मचाया लेकिन नतीज ढ़ाक के तीन पात वाला रहा, सड़क पर आटो टैम्पो और मैजिकों के साथ ई-रिक्सा पहले की तरह ही सड़क पर खड़े होकर सवारियॉ भरते नजर आ रहे है। नगर पालिका परिषद ने चौराहे के चारो रोड़ों के लिये पार्किग स्थल घोषित कर रखे हैं लेकिन डग्गामार वाहन संचालक कानपुर रोड पर बस स्टैंण्ड के सामने व घाटमपुर-भोगनीपुर रोड पर चौराहे से लेकर सीएचसी तक पग-पग पर स्टैंण्ड कायम किये हैं।



कानपुर रोड पर बस स्टाप के सामने सवारी बैठातीं डग्गामार मैजिक पायनियर

### अति व्यस्तम रोड है मूसानगर रोड

**घाटमपुर।** वैसे तो चौराहे के साथ-साथ चारो राष्ट्रीय कृत मार्गो पर अतिक्रमण का बोल बाला है पर मूसानगर रोड पर कुछ ज्यादा ही है। वन वे सड़क किनारे कोतवाली व तहसील मुख्यालय के अलावा सिविल न्यायलय, उप निबंधक कार्यालय, दूरभाष केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ केंद्र, नगर पालिका कार्यालय, बैंक आफ बडौदा, जीवन बीमा कार्यालय, दो महाबिद्यालय के साथ उच्य प्राथमिक व प्राथमिक बिद्यालय हैं, कई निजी इन्टर कालेज भी स्थित है। मूसानगर रोड पर ही कई नर्सिंग होम व कोचिंग सेंटर भी संचालित हैं। लेकिन वाहन पार्किग की ब्यवस्था शायद ही कहीं हो। नतीजा ये है कि दुपहिया व चौपहिया वाहनों की पार्किग सड़क बन चुकी है जिसके चलते पैदल और दुपहिया वाहन वाले जान जोखिम में डाल ट्रकों के आगे-आगे चलने को बिवश हैं।

### दस मिनट का रास्ता तय करने में लगते हैं तीन घंटे

**घाटमपुर।** कानपुर सागर नेशनल हाइवे पर चौराहे में बन रहे ओवर फ्लाई के निर्माण में सिथिलता से जहाँ 10 मिनट का रास्ता तीन घन्टे लग जाते हैं, नेशनल हाइवे पर 9 सौ मीटर का ओवर ब्रिज बनना है और इसी के चलत हमीरपुर रोड पर शुक्ला पेट्रोल पम्प तक तथा कानपुर की ओर कुष्माण्डा देवी मंदिर तक सडक खोद डाली गयी है, तीन कि0मी0 की ये देरी तय करने में वाहनों को तीन घटे तक लग जाते है। बताया जाता है कि वर्ष 2019 में लोक सभा चुनाव के पहले सांसद देवेंन्द्र सिंह भोले व तत्कालीन विधायक स्व0 कमलरानी वरुण ने बन रहे ओवर फ्लाई का शिलान्यास किया था तब से ओवर फ्लाई ब्रिज का निर्माण कच्छप गति से हो रहा है बिना सर्विस लान बनाये हो रहे निर्माण और जगह-जगह खोदी गयी सड़क से निकली मिट्टी ( धूल ) के उड़ने से लोग बेहाल हैं। ऊधर सड़क किनारे बनाया गयी नाली के ऊपर दुकानें सज गयी हैं जिसके चलते राहगीर यमदूतों के आगे चलने को मजबूर है।

## क्विक न्यूज

### झींझक को तहसील बनाने के लिये विधायक डिप्टी सीएम से मिलीं

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** झींझक को तहसील का दर्जा दिलाने के लिए और तहसील बनाने के लिए लगातार मेरा प्रयास जारी रहेगा। क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को देखते हुए यह कदम उठाया है। यह बात क्षेत्रीय विधायक पूनम संखवार ने फोन पर हुई वार्ता में बताई। इन दिनों लखनऊ में विधानसभा सदन चल रही है। जहां रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक पूनम संखवार झींझक को तहसील बनाने का मुद्दा उठाएंगी। हालाकि अगस्त माह से झींझक तहसील विकास खंड झींझक परिसर में संचालित होगी। स्थानीय लोगों की लंबे अरसे से मांग थी कि झींझक तहसील बने। वहीं क्षेत्रीय विधायक पूनम संखवार ने सीएमए डिप्टी सीएम सहित विभागीय मंत्रियों से से उक्त संदर्भ में वार्ता भी की।

### बारातियों से भरी बस पलटी, दुल्हे के चचेरे भाई की मौत, 14 घायल

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** बीती सोमवार की रात बारात लेकर जा रही बस अचानक पलट गयी। जिससे बस में बैठे दुल्हे के चचेरे भाई की मौत हो गयी। जबकि 14 सबारियों के घायल होंने की पुष्टि पुलिस अधिकारियों ने की है। सभी घायलों को सीएचसी कायमगंज में भर्ती किया गया। मऊदरवाजा थाना क्षेत्र के ग्राम चौरसिया मझोला निवासी बृजभूषण शाक्य के पुत्र अनुज शाक्य की बरात बीते सोमवार रात पड़ोसी जनपद मैनपुरी के मधुपुरी बिछुबा जा रही थी। बस में लगभग 40 बाराती सबार थे। जब बस अलीगंज मार्ग पर गांव ढमढेरा के निकट बस अचानक अनियंत्रित होकर पलट गयी। जिसमे दुल्हे के गाँव के ही उसके चचेरे भाई 40 वर्षीय अतर सिंह की मौत हो गयी। जबकि 14 बाराती घायल हो गये। अमरेश, रामवीर,राहुल, संजय, सनी शाक्य, और मोहम्मदाबाद के मदनपुर निवासी मुकेश का 8 वर्षीय पुत्र अंकित, जागेश्वर का 9 वर्षीय पुत्र पंकज, दीपक का 8 वर्षीय पुत्र आसिफ, हरीराम, रवि व निशांत जिसमे गंभीर घायल 11 बारातियों को सीएचसी में भर्ती किया गया। जबकि घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर एसडीएम गौरव शुक्ला, सीओ सोहराब आलम आदि फोर्स के साथ मौके पर पंहुचे। सीओ सोहराब आलम ने बताया कि 14 यात्री घायल हो गये। उनका उपचार सीएचसी में कराया जा रहा है। मामले में चालक की लापरवाही सामने आयी है। जाँच की जा रही है।

### बुलेरो की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**फर्रुखाबाद।** बीती रात तेज रफ्तार बुलेरो सबार ने बाइक सबार के टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहाँ से लोहिया अस्पताल को रिफर कर दिया गया।लोहिया अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया। कोतवाली कायमगंज के दोसपुर निवासी 22 वर्षीय नन्हे लाल पुत्र राकेश सिंह राजेपुर बाइक से जा रहे थे। उसी दौरान बदायूं मार्ग पर धर्मकांटे के निकट बोलेरो सबार ने नन्हे के जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार एक लिए सीएचसी भेजा गया। लेकिन हालत गंभीर होनें पर उसे सीएचसी से लोहिया जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। लोहिया अस्पताल में नन्हे को मृत घोषित कर दिया गया। थानाध्यक्ष दिनेश गौतम ने बताया कि चालक व बुलेरो को पकड़ लिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जायेगी।

### आधा दर्जन स्लीपर बसें सीज, बस माफियाओं में मचा हड़कंप

**फर्रुखाबाद।** बीती रात आधा दर्जन अबैध रूप से चल रहीं स्लीपर बसों को सीज किया गया। जिससे बस माफियाओं में खलबली मच गयी है। जनपद में बड़ी संख्या में अबैध रूप से स्लीपर बसें संचालित हैं। जिस पर अभी कार्यवाही होना बांकी है। दरअसल जिला प्रशासन अब डग्गामार बसों को लेकर बीते लगभग एक सप्ताह से सक्रिय है। लगातार अबैध रूप से संचालित बसों को सीज किया जा रहा है। कार्यवाही से बचनें के लिए बसें शहर में नही लायी जा रहीं थी। शहर से टैम्पों में सबारियां भरकर उन्हें शहर के बाहर स्लीपर बसों में दिल्ली व राजस्थान जानें के लिए शिफ्ट किया जा रहा था। जिसकी भनक लगते ही अधिकारी सक्रिय हो गये। पीटीओ (यात्री कर अधिकारी) वीके आनंद ने बीती रात ताबड़तोड़ कार्यवाही की। जिसमे दो बसें नवाबगंज, 1 बस शमसाबाद, 1 बस मऊदरवाजा, 1 बस राजेपुर आदि जगहों से कुल आधा दर्जन बसों पर कार्यवाही कर दी। अधिकतर बसें बिना अभिलेखों के संचालित हो रहीं थी। कुछ बसों में क्षमता से अधिक सबारियां होनें के चलते कार्यवाही हुई। थाना मऊदरवाजा के बीबीगंज चौकी के निकट बस पकड़ने पर यात्रियों ने हंगामा किया।

### चूड़ी वाली गली में हुआ 10 फिट का गड्ढा, लोगों में दहशत का माहौल

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ के चूड़ी वाली गली में अचानक मुख्य मार्ग पर सड़क धंस गय। जिससे दुकानदारों में दहशत है। पालिका अभी दो दिन होनें के बाद भी अंजान है। चूड़ी वाली गली महिलाओं का एक बड़ा बाजार मना जाता है। जिसमे हर समय चहल-कदमी रहती है। बड़ी संख्या में महिलाओं और उनके साथ बच्चों का आना जाना भी रहता है। अचानक चूड़ी वाली की मुख्य सड़क 5 फिट गहरी और 10 फिट लम्बी धस गयी। जिससे एक बड़ा गड्ढा हो गया। जिससे दुकानदार काफी चिंता ने हैं। नगर पालिका ने अभी तक अपने नाक-कान नही खोले। जिससे कोई हादसा होनें से इंकार नही किया जा सकता है। नगर पालिका फर्रुखाबाद के ईओ रविन्द्र कुमार ने बताया की मामला उनकी जानकारी में है। जल्द दुरस्त कराया जायेगा ।

### सड़क हादसे में जीजा साले की मौत

**फतेहपुर।** जाफरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम इटरा मोड़ के समीप मंगलवार की दोपहर अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से जीजा साला गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हें उपचार के लिये सदर अस्पताल लाया गया जहॉ चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार जाफरगंज थाने के सैबसी गांव निवासी स्व0 रामकिशोर सिंह का 30 वर्षीय पुत्र अनिल कुमार सिंह अपने साले शिवबचन सिंह पुत्र इन्दल सिंह निवासी लसड़ा थाना पैलानी जनपद बांदा के साथ मोटर साइकिल से किसी काम से जा रहा था, जैसे ही ये लोग थाने के इटरा मोड़ के समीप पहुंचे तभी अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। आनन-फानन उन्हें प्राइवेट वाहन से उपचार के लिये जिला चिकित्सालय लाया गया जहॉ इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने जीजा साले को मृत घोषित कर दिया। वही घटना की सूचना पाकर पुलिस ने दोनों शवों को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### मार्ग दुर्घटना में युवक की मौत

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के सात मील के समीप मंगलवार की दोपहर अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गढ़ी गांव निवासी रामकरन का पुत्र अंशु आज दोपहर किसी काम से जा रहा था। जब वह सड़क पार करने लगा तो उसी बीच अज्ञात वाहन उसे टक्कर मारते हुये निकल गया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे तत्काल उपचार के लिये जिला चिकित्सालय लाया गया। इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक ने अंशु को मृत घोषित कर दिया वही सूचना पाकर पुलिस ने जिला चिकित्सालय के मर्च्युरी हाउस में पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

# डीएम ने गो आश्रय स्थलों, अमृत सरोवर व पाइप पेयजल परियोजना का किया स्थलीय निरीक्षण

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** राकेश कुमार मिश्र ने आज तहसील अमेठी अंतर्गत गो आश्रय स्थलों, अमृत सरोवर व पाईप पेयजल परियोजना का स्थलीय निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मंगलवार को निरीक्षण करने पहुंचे जिलाधिकारी ने तहसील अमेठी अंतर्गत ग्राम पंचायत रतापुर तथा महमूदपुर के गो आश्रय स्थल, ग्राम पंचायत सोनारी तथा नरहरपुर में अमृत सरोवर तथा करौंदी में पाइप पेयजल परियोजना का निरीक्षण किया। गौशाला निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गायों को दी जा रही सुविधाओं तथा केयरटेकर के भुगतान आदि के संबंध में जानकारी ली। जिलाधिकारी ने कहा कि गो आश्रय स्थलों पर भूसा, चारा रखने हेतु पर्याप्त टीनशेड की व्यवस्था की जाए जिन गौशालाओं में टीन शेड की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है वहां पर टीन शेड का निर्माण कराया जाए। उन्होंने गायों के जियो टैगिंग के संबंध में जानकारी ली तथा मौजूद पशु चिकित्सकों से नियमित रूप से गायों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रतापुर में कुछ गायों के मुंह पर रस्सी बंधी पाई गई जिस पर डीएम ने तत्काल गायों के मुंह से रस्सी हटवाई तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को गायों के बांधने के लिए पगहा (रस्सी) इत्यादि खरीदने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने गायों के लिए हरे चारे की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिस पर ग्राम प्रधान द्वारा बताया गया कि हरे चारे की बुवाई की गई है। इस दौरान गो आश्रय स्थलों में मौजूद गायों को जिलाधिकारी ने गु? व लड्डू खिलाया। जिलाधिकारी ने गो आश्रय स्थलों में घना वृक्षारोपण करने के निर्देश खंड विकास अधिकारियों को दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायत नरहरपुर व सोनारी में मनरेगा से खुदवाए जा रहे अमृत सरोवर का स्थलीय निरीक्षण किया तथा अमृत सरोवर का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अमृत सरोवर के चारों ओर इंटरलॉकिंग, बैठने की व्यवस्था, सी ?ी, बेंच, वृक्षारोपण इत्यादि सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सोनारी गांव में अमृत सरोवर में खुदाई कर रहे मनरेगा के मजदूरों की जिलाधिकारी ने अचानक उपस्थिति लेना प्रारंभ किया जिसमें मौके पर रजिस्टर में 25 मजदूरों की उपस्थिति दिखाई गई जिसमें से 11 मजदूर अनुपस्थित पाए गए, जिस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए रोजगार सेवक व ग्राम प्रधान को कड़ी चेतावनी दी तथा संबंधित खंड विकास अधिकारी को नियमित जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में मनरेगा मजदूरों की फर्जी उपस्थिति ना दिखाई जाए जितने मजदूर कार्य में लगे हो उतने की उपस्थिति दिखाई जाए उन्होंने कहा कि दोबारा ऐसा करते पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसके उपरांत जिलाधिकारी में ग्राम करौंदी में 303.98 लाख की लागत से निर्माणाधीन पाइप पेयजल परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने पाया कि अभी मात्र बोरिंग का कार्य हुआ है, 12191 मीटर पाइप लाइन बिछाई जानी थी जिसके सापेक्ष अब तक 4200 मीटर पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है अवर अभियंता जल निगम ने बताया कि इस पेयजल परियोजना से 401 घरों में कनेक्शन दिया जाना है। जिलाधिकारी ने शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश संबंधित कार्यदाई संस्था को दिए एवं जल निगम के अधिकारियों को लगातार मॉनिटरिंग करने को कहा। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी अमेठी संजीव कुमार मौर्य, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी जेपी सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी अमेठी, डीसी मनरेगा, खंड विकास अधिकारी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।


गो आश्रय स्थल पर गौ माता को चारा खिलाते डीएम


अमृत सरोवर व पाइप पेयजल परियोजना का निरीक्षण करते हुए डीएम

# पौराणिक तीन माताएं ऐसी हैं जिन्होंने अपने पुत्रों को भगवान से जोड़ दिया: डा. अनिल पांडेय

**अमेठी।** टीकर माफी में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास भागवत रत्न मानस राजहंस डॉक्टर अनिल पांडे व्यास जी ने कहा कि संसार की सारी माताएं अपने बच्चों को संसार से जोड़ती हैं। उदर भरई सोई धर्म सिखावई किंतु पौराणिक तीन माताएं ऐसी हैं जो अपने पुत्रों को संसार से हटाकर भगवान से जोड़ दिया। भागवत कथा की सुनीति माता एवं मदालसा तथा रामायण की सुमित्रा माता, उन्होंने कहा कि ध्रुव की माता सुनीति ने कहा कि बेटा तुम जंगल में जाकर भगवान की गोद प्राप्त करो। ध्रुव ने कहा मैं जंगल में जाकर भगवान को कहां ढूंढूंगा। क्योंकि मुझे नहीं पता कि भगवान कहां रहते हैं। सुनीति ने कहा बेटा तुम्हें नहीं पता कि वह कहां है किंतु उन्हें पता है कि तुम कहां हो, तुम तो उनका नाम लेकर पुकारो वह जहां भी होंगे तुम्हारे सामने प्रकट हो जाएंगे। ध्रुव ने कहा मां भगवान का नाम क्या है, उनका कौन सा नाम लेकर पुकारूंगा। सुनीति ने कहा भगवान के अनंत नाम हैं उनमें तुमको कौन सा नाम लेकर पुकारना है। इसे संत सद्गुरु बताएंगे। ध्रुव ने कहा कि वे कहां मिलेंगे, तो माता ने कहा तुम तो वन में जाओ, उसकी व्यवस्था भगवान स्वयं करेंगे। कथा व्यास ने कहा कि माता की बातों पर विश्वास करके ध्रुव जी चल दिए। नारद की कृपा से उन्हें भगवान का दर्शन तथा अटल ध्रुव पद प्राप्त हुआ। ध्रुव सग लानी जपेउ हरि नाउ द्य पायहु आंचल अनुपम ठाऊं। कथा कार्यक्रम में आयोजक मंडल के संतोष श्रीवास्तव सुशील श्रीवास्तव डा शरद श्रीवास्तव ने आए हुए आगंतुकों का स्वागत किया। कार्यक्रम में संग्रामपुर थाना प्रभारी परशुराम ओझा पूरे दल बाल के साथ मौजूद रह कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए कथा का आनंद उठाया। भागवत कथा व्यास के तीसरे दिन मुख्य यजमान भगवंत किशोर लाल श्रीमती कृष्णा श्रीवास्तव, बिंदेश्वरी प्रसाद दुबे लाल शंकर सिंह, शिवनाथ तिवारी, शेरबहादुर सिंह सहित भारी संख्या में श्रोताओं ने संगीत में कथा का आनंद उठाया।


कथावाचक का पूजन करते यजमान दंपति

## शासन के आदेश का नहीं हो रहा असर कस्बा मे संचालित हो रहे अवैध टैक्सी स्टैंड

**सलोन रायबरेली ।** जहाँ उत्तर प्रदेश सरकार अवैध टैक्सी स्टैण्ड हटाने व हो रही वसूली को बन्द करने का शासनादेश जारी किया है। तथा अधिकारियों को इसके पालन के लिये बराबर दिशा निर्देश जारी हो रहे है। वही कस्बा सलोन में विभिन्न मार्गो पर लगभग आधा दर्जन अवैध टैक्सी स्टैंड संचालित हो रहे है। इन टैक्सी स्टैण्डों पर मैजिकए टेम्पोए मिनी बसए जैसे अनेक सवारी ढोने वाले वाहनों से अवैध वसूली धडल्ले से हो रही है। इस वसूली व अवैध स्टैण्ड पर यहां के अधिकारी चुप्पी साधे हुए है।नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ने बताया कि नगर पंचायत से टैक्सी स्टैण्ड का नीलामी नही हुई है और न ही नगर पंचायत वसूली करवा रहा है। कस्बा के मानिकपुर तिराहा बैंक आफ ब?ौदा के पासए पावर हाउस के निकटए जगतपुर रोड़ परसदेपुर रो?एमानिकपुर रोड़ ऊँचाहार रोड़ व रायबरेली प्रतापगढ़ मार्ग ऊँचाहार तिराहे पर अवैध टैक्सी स्टैंड संचालित हो रहे है। जो भी स्टैण्ड चल रहे है सभी मेन रोड पर दुर्घनाएं की संभावना अधिक बनी रहती है। सभी स्टैण्ड अपना मानक भी पूरा नही कर रहे है। लोगो के गले यह बात नही उत्तर रही है कि टैक्सी स्टैण्डों पर वसूली किसके द्वारा की जा रही है। नगर में अवैध टैक्सी स्टैण्ड का न बन्द होना अधिकारियों की तरफउंगली उठ रही है।

## दूसरे के हिस्से की बेच डाली जमीन

**ऊंचाहार रायबरेली।** छल कपट से एक हिस्सेदार ने अपने सहखातेदारों की भूमि का विक्रय कर दिया है । मामले में दो पीड़ितों ने कोतवाली में प्राथमिकी दर्ज करने की तहरीर दी है । मामला क्षेत्र के गांव रघुनाथपुर पटेरवा का है । गांव के मिश्रीलाल और पवन कुमार का कहना है कि गांव की भूमि संख्या 7ьо में वह तीन लोग सहखातेदार है। भूमि पर प्रत्येक खातेदार का हिस्सा 1ь3 है । किंतु एक खातेदार ने पूरी भूमि का आधा भाग विक्रय कर दिया है । इसके लिए उसने अपना गलत पता भी दर्ज कराया है । उसने जो दस्तावेज लगाए है ए वो कूट रचित है । दोनो पीड़ितों ने कोतवाली में तहरीर देकर मामले में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है । कोतवाल शिव शंकर सिंह का कहना है कि मामला राजस्व का है। सक्षम अधिकारी के पास शिकायत करनी चाहिए ।

## क्विक न्यूज

### मार्ग दुर्घटना में साइकिल सवार की मौत

**मुसाफिरखाना,अमेठी ।** ससुराल से वापस घर जा रहे अधेड़ की हाईवे पर दुर्घटना में मौत हो गई ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया । मंगलवार की दोपहर करीब में राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गुन्नौर मोड़ पर अज्ञात वाहन ने साईकल सवार को टक्कर मार दी जिससे साईकल सवार राम मिलन पुत्र राम नाथ उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम चूपी इमली गांव थाना जगदीशपुर अमेठी गंभीर रूप से घायल हो गए ।आसपास के लोग जब तक उसे अस्पताल पहुंचाते कि रास्ते में ही घायल ने दम तो? दिया ।मृतक क्षेत्र के मठाभुसुन्डा गांव स्थित अपनी ससुराल से अपने गांव वापस जा रहा था ।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजवाया ।

### आंधी में पेड़ गिरने से वृद्धा की मौत

**मुसाफिरखाना, अमेठी ।** सोमवार को दोपहर करीब में आई आंधी की चपेट में आने से घायल वृद्धा की मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हो गई । मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को दोपहर करीब में तेज आंधी व तूफान से पेड़ की डाल गिरने से क्षेत्र के गांव रामपुर उर्फ लोकराय निवासी 80 वर्षीय वृद्धा देवमती पत्नी राम भरोसे यादव जख्मी हो गई थी ।परिजनों ने उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया था जहां मंगलवार की सुबह देवमती ने दम तो? दिया ।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया ।

### दुष्टों के संहार के लिए होता है नारायण भगवान का अवतार

**ऊंचाहार रायबरेली।** महर्षि गोकर्ण ऋषि की तपोस्थली गोकना के गंगा तट स्थित चांदी बाबा की कुटी पर श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। कथावाचक आचार्य आशुतोष जी महाराज ने मंगलवार को भगवान वामन अवतार एवं भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की कथा सुनाई। आचार्य ने बताया कि जब पृथ्वी पर पाप व अनाचार ब? जाता है। तो आततायियों के विनाश के लिए भगवान विष्णु धरती पर विभिन्न रूपों में अवतरित होकर उनका संहार करते हैं। प्रत्येक मानव का धर्म व कर्म है मानवता की सेवा। लेकिन अहंकार वश जो लोग कमजोर पर अत्याचार करते हैंए उन्हें भगवान के कोप का दंड भुगतना प?ता है। कलियुग में प्रभु का नाम ही व्यक्ति को मोक्ष प्रदान करता है। इसलिए मनुष्य को सत्कर्म के साथ ईश्वर का ध्यान करते रहना चाहिए। श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन चांदी कुटी के महाराज पं० हरिशंकर तिवारी एवं उनकी धर्मपत्नी द्वारा किया जा रहा है। जिसमें कथा के रसपान के लिए ब?ी संख्या में श्रद्धालु व भक्तगण उपस्थित हो रहे हैं। जिनमें शशि प्रकाश त्रिपाठीए मीनाक्षी त्रिपाठीए ओमप्रकाशए रमाकांतए रजनीश मिश्रए मां गंगा गोकर्ण जनकल्याण समिति के सचिव पं० जितेन्द्र द्विवेदीए राहुल सिंहए कृष्ण कुमारए राम मूरतए अरविंद सिंहए शिव पूजन पांडेयए धर्मेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### ऊंचाहार कोतवाल के विरुद्ध एसपी ऑफिस में ग्रामीणों का धरना

**ऊंचाहार रायबरेली।** कोतवाल की विवादित कार्यशैली के कारण मंगलवार को जिला पुलिस मुख्यालय में उस समय बड़ी असहज स्थित उत्पन्न हो गई ए जब दर्जनों ग्रामीणों ने कोतवाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए नारेबाजी शुरू कर दी । ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के गांव किसूनी सराय मजरे गोकना निवासी दर्जनों ग्रामीणों ने एसपी ऑफिस में प्रदर्शन किया है । गांव के राम गुलाम ने आरोप लगाया कि उनके परिवार के साथ गांव के दबंगों में जमकर उत्पात मचाया था । घर में घुसकर महिलाओं के साथ मारपीट की गई । यही नहीं उनके आभूषण तक लूट लिए गए है। किंतु कोतवाल दबंगों से मिला हुआ है । कोतवाल ने मुकदमा तक दर्ज करने से इंकार कर दिया है । ग्रामीणों ने पुलिस अधिकारियों से कोतवाल के विरुद्ध कार्रवाई करने और उसे तत्काल हटाने की मांग की है । ज्ञात हो कि अभी हाल ही में ऊंचाहार कोतवाल ने क्षेत्र के गांव सरकपुर डिहवा गांव निवासी एक किशोर बच्चे की मार्ग दुर्घटना में मौत के मामले में भी मुकदमा दर्ज करने में हीला हवाली की थी और पीड़ितों को कोतवाली से भगा दिया था । अपर पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में जांच और कार्रवाई हेतु सीओ डलमऊ को निर्देशित किया गया है ।

### कमाल का कैंप समर कैंप का किया गया अनुश्रवण

**रायबरेली।** आज विकास क्षेत्र सताओ के ग्राम पंचायत गौरी सत्ता के ग्राम हुसेपुर निराशा पुर गौरी सताओ मैं प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के जिला समन्वयक श्री वीरेंद्र सिंह और शिक्षक संकुल शीलभद्र शेखर द्वारा कमाल का कैंप समर कैंप का अनुश्रवण किया गया जिसमें प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के जिला समन्वयक श्री वीरेन सिंह द्वारा बच्चों को खेल खेल में रोचक गतिविधियां कराई गई और आज के कैंप में 6 कक्षाओं का अनुश्रवण किया गया इस कैंप में सोयम सेवी दीपांशु ममता शन्नो वैशणवी रत्नप्रिया एवं गांव के गणमान्य अभिभावक गण मौजूद रहे।



### पोषण पाठशाला का आयोजन 26 मई को

**अमेठी ।** जिला कार्यक्रम अधिकारी अमेठी ने बताया कि विभाग द्वारा जन मानस एवं लाभार्थियों को विभाग की सेवाओं, पोषण प्रबन्धन, कुपोषण से बचाव के उपाय, पोषण शिक्षा आदि के सम्बन्ध में प्रमुख सचिव महोदय की अध्यक्षता में प्रथम 'पोषण पाठशाला का आयोजन 26 मई को दोपहर 12.00 से 02.00 बजे के मध्य एनआईसी के माध्यम से वीडियो कांन्फ्रेसिंग द्वारा किया जायेगा जिसकी थीम ''शीघ्र स्तनपान-केवल स्तनपान'' है। उन्होंने का कि उक्त कार्यक्रम विशेषज्ञों द्वारा शीघ्र स्तनपान-केवल स्तनपान की आवश्यकता, महत्व, उपयोगिता अदि के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा की जायेगी तथा वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से लाभार्थियों व अन्य व्यक्तियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर दिया जायेगा। कार्यक्रम का लाइव वेबकाष्ट किया जायेगा जिसका वेबलिंक है जिसके माध्यम से कोई भी लाभार्थी आम जनमानस इस कार्यक्रम से सीधे जुड सकता है साथ ही उक्त कार्यक्रम में लिंक के माध्यम से मुख्य सेविकाएं, आशा संगिनी, आंगनवाडी कार्यकत्री एवं मिनी आंगनवाडी कार्यकत्री जुडेंगी।

# नगर पंचायत ने चलाया अतिक्रमण अभियान

**सलोन रायबरेली ।** कस्बा सलोन में शासन के मंसा के अनुरूप नगरपंचायत ने चलाया अतिक्रमण अभियान। अतिक्रमण हटाने के लिये बिभिन्न मार्गो पर गरजा नगरपंचायत का बुलडोजर। मंगलवार को उपजिलाधिकारी आशा राम वर्मा द्वारा नामित अधिकारी नायब तहसील अभिजीत गौरव के नेतृत्व में कस्बा सलोन में पूरे दिन चला अतिक्रमण अभियान। इस अभियान में शामिल अधिशासी अधिकारी दिनेश प्रताप सिंह नगर पंचायत की टीम के साथ कोतवाल संजय त्यागी के नेतृत्व में पुलिस बल के सहयोग से चलाया अतिक्रमण अभियान। अतिक्रमण हटाने की शुरुआत तहसील रोड से शुरू हुई। अतिक्रमण हटाने वाली टीम को देखते ही दुकानदारों में भगदड़ मच गई ।लोग अपना अतिक्रमण स्वयं हटाने में जुट गए। नगर के रायबरेली प्रतापगढ़ मेन रोड ऊंचाहार रोड पर अतिक्रमण हटाने के लिए गरजा बुलडोजर तथा रोड़ के किनारे बनी नाली के इस पार से हटाया गया पूरी तरह से अतिक्रमण। अतिक्रमण हटाने के दौरान पटरी दुकानदारों व अधिकारियों से कई बार हुई नोक झोक।अधिशासी अधिकारी ने बताया कि शासन के आदेश पर चलाया गया अतिक्रमण अभियान । सभी पटरी दुकानदारों को निर्देश दिया गया कि नाली के उस पार दुकान लगाए। रोड की पटरी पर कतई दुकान न लगाएं हिदायत देते हुए उन्होंने कहा कि यदि दुबारा अतिक्रमण दुकानदारों द्वारा किया गया तो । कड़ी कार्यवाही करते हुए जुर्माना की कार्यवाही की जायेगी। नगर को स्वच्छ व अतिक्रमण मुक्त बनाया जाएगा। इस मौके पर राजेन्द्र यादव राजेन्द्र सोनकरएअमरेश मौर्य समेत नगर पंचायत के कर्मचारियों के साथ भारी पुलिस बल रहा।






# दूसरे बड़े मंगल पर क्षेत्र में आयोजित हुए भंडारे



**खीरों रायबरेली।** ज्येष्ठ मास के दूसरे बड़े मंगल पर खीरों कस्बा सहित क्षेत्र में कई स्थानों पर भक्तों ने धार्मिक आयोजन कर प्रसाद वितरित किया। जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। दो साल कोरोना की बंदिशों के बाद फिर बड़े मंगल पर भक्तों ने भंडारे और धार्मिक आयोजन बड़े धूम.धाम से शुरू किए। इस बार ज्येष्ठ के बड़े मंगल की खुशियां दोगुनी हैं। बीते 2 बरस से बड़ा मंगल कोरोना की बदिशों के बीच मनाया जा रहा था। जिसमें भक्त खुले मन से बाला जी सरकार की भक्ति में कार्यक्रम नहीं कर पा रहे थे। बड़े धार्मिक आयोजनों के न होने से सीमित रूप में प्रसाद आदि वितरित कर भंडारे हो रहे थे। 24 मई को दूसरे बड़े मंगल के मौके पर खीरों कस्बे के सीएचसी रोड पर स्थित बालाजी कंप्यूटर्स के संचालक आशीष त्रिवेदी ने भंडारे का आयोजन किया। जिसमें काफी संख्या में भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इसी क्रम में क्षेत्र के भीतर गांवए सेमरी चौराहाए पाहो समेत कई गांवों और बाजारों में बड़े मंगल पर भक्तों ने प्रसाद वितरित कर भंडारों का आयोजन किया।

# सुन लो मेरी पुकार, पवन सुत विनती बारम्बार

## दूसरे बड़े मंगल पर हुआ प्रसाद वितरण

संवाददाता। तिलोई,अमेठी

**ज्येष्ठ माह** के दूसरे बड़े मंगल पर जगह जगह सुंदर कांड का पाठ हुआ तत्पश्चात प्रसाद वितरण हुआ। ब्लाक क्षेत्र सिंहपुर में अलग लग जगहों पर ज्येष्ठ माह के दूसरे मंगल पर प्रसाद वितरण हुआ।ब्लाक क्षेत्र के महेशपुर में कुलदीप मिश्र का अगुवाई में वितरण हुआ ।जैतपुर ग्राम पंचायत के पूरे भवन स्थित हनुमान मंदिर पर भंडारा प्रसाद का आयोजन हुआ ।जिसमें अजय अवस्थी की अगुवाई में आयोजित भंडारा प्रसाद में भक्तों ने जमकर प्रसाद छका। सेमरौता के रामगंज चौराहे पर श्री बाला जी ट्रेडर्स पर बद्री मिश्रा,राम प्रकाश प्रजापति, दुर्गा मंदिर पर डॉ राम बरन प्रजापति, हनुमंतेश्वर धाम राम शंकर यादव ने प्रसाद वितरण कराया। इसी तरह अहोरवाभावनी,शिवरतनगंज, इंहौंना बसंतपुर सहित कई जगहों पर प्रसाद वितरण हुआ । इस अवसर पर बद्री मिश्र,दयानंद मिश्र,संजय अवस्थी,अनूप सिंह, आशुतोष, दयाराम अवस्थी,राम किशोर तिवारी, रतन सैनी, अरुण सोनी,मून त्रिवेदी,अरुण मिश्रा सहित तमाम भक्त मौजूद रहे।



# शादी के नाम पर युवती का शारीरिक शोषण कर हड़पे रुपये

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

**युवक ने अपने** साथियों के सहयोग से एक युवती को शादी का झांसा देकर उसका न सिर्फशोषण किया। बल्कि उसके खाते से चार लाख रूपये भी खर्च कर लिए। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम निवासी पीड़िता द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि तीन वर्ष पूर्व से 15 मई 2022 तक पड़ोसी जनपद एटा के थाना अलीगंज के ग्राम अफसरपुर निवासी अजय सिंह व उसके पिता रामनरेश ने जनपद फर्रुखाबाद के थाना मेरापुर के ग्राम बिजोरी निवासी मनोज कुमार पुत्र शिवराज सिंह ने उसके घर पर आकर उसे शादी का झांसा देकर उसके खाते से चार लाख 75 हजार रुपए खर्च कर लिए। जो कि वापस नहीं दिए और उसके साथ शारीरिक संबंध भी बनाया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## चोरी का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** बीते माह विद्युत कटौती के कारण छत पर परिजनों के साथ सो रहे गृह स्वामी की दुकान का चोरों ने ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया था। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी विनोद कुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय गंगा सरण द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 27 अप्रैल की देर रात अज्ञात चोरों ने किराना की दुकान का ताला तोड़कर कर 1 लाख 45 हजार रूपये का किराने का सामान चोरी कर लिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एम्बुलेंस संचालन में हो रहा फर्जीवाड़ा: विधायक अनिल प्रधान


सदर विधायक अनिल प्रधान

**चित्रकूट।** सदर विधायक अनिल प्रधान ने सूबे के विधानसभा अध्यक्ष को सौंपे पत्र मे कहा कि एम्बुलेंस सेवा 102 और 108 में बडे पैमाने पर फर्जीवाडा किया जा रहा है। सरकारी धन के बंदरबांट में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत है। मंगलवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने सूबे के विधानसभा अध्यक्ष को सौंपे पत्र में कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र कर्वी चित्रकूट में एम्बुलेंस सेवा के जिम्मेदार लोगों ने एम्बुलेंस चालकों को नौकरी से हटाने का भय दिखाकर प्रत्येक दिन प्रत्येक एम्बुलेंस चालक से फर्जी केस बनाने का लक्ष्य देते हैं। जनवरी 2022 से अब तक प्रत्येक दिन के केसों की जांच करा लें तो 102 अथवा 108 एम्बुलेंस सेवा से सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को ले जाने अथवा प्रसूताओं को प्रसव को अस्पताल ले जाने में फर्जी नाम-पता व मोबाइल नम्बर दर्शाकर फर्जी केस एवं जिला अस्पताल में भर्ती अथवा छुट्टी के प्रसूता महिलाओं की इंट्री के बारे में फर्जीवाडा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों की जांच कराने से बहुत बडा घोटाला सामने आयेगा। इस कृत्य की जानकारी एम्बुलेंस सेवा चालकों अथवा स्टाफने किसी से बताने अथवा फर्जी केस से मना करने पर महिला स्वास्थ्य कर्मियों से छेडछाड समेत अन्य धाराओं में फंसाकर फर्जी मामला दर्ज कराने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि जनहित के मद्देनजर सरकार का ध्यान इस ओर खींच रहे हैं, ताकि तत्काल कार्यवाही हो सके।

## शराब व मेडिकल स्टोर संचालकों को कराना होगा पंजीकरण

**हमीरपुर।** शराब कारोबारियों व मेडिकल स्टोर संचालकों को अभ खाद्य सुरक्षा विभाग में अब पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।यदि पंजीकरण नही कराया तो कार्यवाही की जायेगी। जानकारी के मुताबिक शराब व्यापारियों व मेडिकल स्टोर संचालको को जिनका बार्षिक टर्न ओवर 12 लाख रुपये है इस प्रकार व्यापारियों को दुकान का पंजीकरण कराना होगा। जिले मे करीब चार सौ अंग्रेजी व बियर शराब की दुकाने होगी उनका पंजीकरण कराना होगा।

## यौन शोषण सबूत संकलन किट का दिया प्रशिक्षण

संवाददाता। चित्रकूट

**जिले के सभी** थानों के दो-दो विवेचकों को पुलिस कार्यालय में यौन शोषण सबूत संकलन किट के उपयोग का प्रशिक्षण दिया गया। मंगलवार को एडीजी प्रयागराज जोन प्रेमप्रकाश के आदेशों के क्रम में पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर एएसपी शैलेन्द्र कुमार राय की अध्यक्षता में पुलिस कार्यालय स्थित राघव प्रेक्षागार में जिले के सभी थानों के दो-दो विवेचकों को यौन शोषण सबूत संकलन किट के उपयोग की बाबत कार्यशाला हुई। कार्यशाला में फील्ड यूनिट में तैनात आरक्षी उमेश कुमार ने यौन शोषण संकलन किट के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आरक्षी उमेश कुमार ने बताया कि यौन शोषण सबूत संकलन किट से सबूतों का वैज्ञानिक ढंग से कैसे सबूत एकत्र किये जायें, के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने यौन शोषण सबूत संकलन किट पहनकर भी दिखाया, ताकि विवेचक आसानी से सबूत संकलन के तौर-तरीके समझ सकें।

# जिला पंचायत ने बनायी सौ साल तक चलने वाली सड़क

**संवाददाता।** बस्ती

**अपने** अजूबे कारनामें कें कारण चर्चा में रहने वाले जिला पंचायत के इंजीनियर एक ऐसी सड़क बनवा कर चर्चा में जिसने कभी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। क्या कभी कोई यह सोच सकता है, कि कोई सड़क सौ साल तक भी चल सकती है। जीहां यह करिश्मा इंजीनियर देवेंद्र कुमार सिंह ने करके दिखाया है। इनका दावा है, कि पूरे हिंदुस्तान में न तो कभी ऐसी सड़क बनी होगी और न कभी बन सकती है। कहते हैं, कि इस सड़क को एक रोल माडल की तरह निर्माण करवाया जा रहा है। निर्माण करते समय इस सड़क की मजबूती का पूरा ख्याल रखा गया है। मानक से कई गुना अधिक गुणवत्ता इस सड़क में लोगों को दिखेगी। इस सड़क पर चाहें छोटे वाहन चले या फिर चाहें बड़े वाहन, सड़क पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। इस सड़क का निर्माण अभी चल रहा है, समाप्ति की ओर है। ग्राम मरवटिया बाबू के नगर पिच मार्ग से संदीप कुमार सिंह के घर तक 250 मी. सीसी रोड। इसकी लागत 17.41 लाख की है। इसके ठेकेदार राजदेव प्रसाद है। सड़क का निर्माण इंजीनियर और जेई मनीष कुमार की देखरेख में हो रहा है। सड़क को ऐतिहासिक बनाने में ठेकेदार का भी सहयोग हैं, जिन्होंने नुकसान उठा कर ऐसी सड़क बनाने में सहयोग किया जो जिले के लिए एक माडल साबित होगा। सुनने में अजीब लग रहा होगा, मगर यह सच है, कि जिला पंचायत में पहली बार ऐसी-ऐसी सड़कों का निर्माण हो रहा है, जिसकी कभी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। वर्तमान के सड़कों की गुणवत्ता को देख कोई कह नहीं सकता है, यह सड़क 20 से 25 फीसद कमीशन देकर लाई गई। इसे चाहें इंजीनियर की ईमानदारी कहें या फिर ठेकेदारों की मजबूरी। सड़क की मोटाई अगर किसी सड़क में एक सेमी. भी कम मिलती है, तो समझों

- सदर तहसील के ग्राम मरवटिया बाबू में बन रही साढ़े 17 लाख की लागत से सड़क
- जिला पंचायत के इंजीनियर का दावा ऐसी सड़क न पहले कभी और न कभी बनेगी
- सड़क की गुणवत्ता मानक से कई गुना अधिक रखी गई



की ठेंकेदार की खैर नहीं, एक सेमी. की चोरी करने का खामियाजा ठेकेदार को पूरी सड़क उखाड़कर भुगतना पड़ रहा हैं। वहीं पर ऐसे भी ठेकेदार हैं, जिन्हें सड़क न उखाडनी पड़े, इस लिए वे मानक से ढ़ाई सेमी. सड़क की मोटाई अधिक रख रहे है। कहा भी जा रहा है, कि अगर किसी विभाग में ऐसे इंजीनियर हो जाए तो पूरा का पूरा विभाग और ठेकेदार ठीक हो जाए, और जिला पंचायत में ऐसे ही इंजीनियर की आवश्यकता कई दशकों से जनता इंतजार कर रही थी। आज के दौर में जहां सड़क बनते ही टूटने लगती है, अगर ऐसे में जिला पंचायत अगर सौ साल तक चलने वाली सड़क का निर्माण करवाता है, तो इसे चमत्कार ही कहा जाएगा। अब यह अलग बात है, कि इस तरह का सड़क बनाने की आदत जिला पंचायत के ठेकेदारों में नहीं हैं, और न कभी इससे पहले किसी अध्यक्ष या फिर इंजीनियर ने इसके लिए प्रयास ही किया। लगता है, कि सभी को सड़को की गुणवत्ता से अधिक कमीशन की चिंता रहती है।

### ...फिर मिली इंजीनियर को धमकी, दी तहरीर

ईमानदारी का खामियाजा किस तरह इंजीनियिरों को भुगतना पड़ रहा है, इसका उदाहरण जिला पंचायत के इंजीनियर देवेंद्र कुमार सिंह के प्रकरण में देखा जा रहा है। जब इन्होंने ठेकेदारों पर शिंकजा कसना शुरु किया, तब से इन्हें बराबर धमकियां मिल रही है। लगभग दस दिन पहले राजू चौधरी और शिवकुमार चौधरी नामक ठेकेदार भुगतान को लेकर इंजीनियर के चेंबर में उनके साथ बदसलूकी की, एएमए को भी अपशब्द कहा, एफआईआर की तहरीर एसपी और कोतवाल को दी गई, छानबीन भी शुरु हुई, जिसमें घटना की पुष्टि भी हुई मगर आज तक एफआईआर दर्ज नहीं हुआ, जिसका नतीजा एक बार फिर राजू चौधरी नामक उसी व्यक्ति ने जिसने इससे पहले इंजीनियर को भला बुरा कहा था, दो दिन पहले फिर इसी व्यक्ति ने जेई मनीष चौधरी के मोबाइल पर इंजीनियर और जेई को इस लिए बुरा भला कहा कि क्यों उनके साइट पर अन्य ठेकेदार को लेकर गए। इसकी भी तहरीर इंजीनियर की ओर से दी गई, मगर इसका भी मुकदमा नहीं लिखा गया। इंजीनियर कहते हैं, कि अगर पुलिस पहले मुकदमा लिख देती तो कम से कम दुबारा तो उनपर अपशब्दों का बाण तो नहीं चलता। हालांकि मुकदमा के लिए सीडीओ ने इंजीनियर को बुलाया भी है। एक तरह से देखा जाए तो पुलिस किसी बड़े घटना का इंतजार कर रही है। एक सरकारी अधिकारी की तहरीर पर अगर पुलिस मुकदमा दर्ज नहीं करती तो पुलिस पर सवाल उठना लाजमी है। बहरहाल ठेकेदरों को कोई भरोसा नहीं, इनका जब तक लाभ सिद्व होता रहता हैं, तब तक यह बेईमान से बेईमान अधिकारी के साथ गोंद की तरह चिपके रहते है।

## सांसद और जिलाध्यक्ष ने किया पांच दिवसीय नेत्र शिविर का समापन

**संवाददाता।** बस्ती

**सांसद** हरीश द्विवेदी और भाजपा जिलाध्यक्ष महेश शुक्ल ने मंगलवार को टोल प्लाजा पर सड़क परिवहन एवं राज मार्ग मंत्रालय के सहयोग से आयोजित पांच दिवसीय नेत्र परीक्षण एवं नि:शुल्क चश्मा वितरण शिविर का समापन किया। सांसद ने कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन कराया जा रहा है। शिविर में 375 ट्रक चालकों में चश्मे का वितरण और लगभग 400 का नेत्र परीक्षण पुनीत कार्य है। इससे दुर्घटनाओं में कमी आयेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश शुक्ल ने ट्रक चालकों में चश्मे का वितरण किया। कहा कि निश्चित रूप से सड़क परिवहन एवं राज मार्ग मंत्रालय ने सकारात्मक पहल किया है। आरटीओ प्रवर्तन रवि कान्त शुक्ल ने कहा कि सड़क परिवहन एवं राज मार्ग मंत्रालय





के सहयोग से सरलादित्य ग्राम विकास सेवा संस्थान के लोगों ने पांच दिनों तक अथक परिश्रम किया। इससे अनेक ट्रक चालकों का जीवन बदलेगा, वे दुर्घटना रोकने की दिशा में और अधिक पहल करेंगे। इस मौके पर शिविर के प्रभारी नागेन्द्र शुक्ल, राजेश पाल चौधरी, आलम चौधरी, गिरीश पाण्डेय, रामनेवास गिरी, डा. आर.के. गौतम, अतुल श्रीवास्तव, जय प्रकाश शुक्ल, के.सी. शुक्ल, रामनयन यादव, अश्विनी शुक्ल, कृपाशंकर, अच्युत शुक्ल, प्रमोद दूबे के साथ ही अनेक लोग उपस्थित रहे।

## फर्जीवाड़ा: एक तालाब को बनाया चार तालाब, 53 बार हुआ भुगतान

**संवाददाता।** बस्ती

- आठ सालों में बारी-बारी से कई प्रधानों ने छह तालाब पर खर्च किया लगभग दो करोड़
- जबकि इतने सालों में दो बार सफाई और एक बार हुई खुदाई
- फर्जीवाड़ा करने को एक तालाब को कई टुकड़े में कर दिया
- भाजपा नेता शैलेंद्र मौर्या ने मनरेगा लोकपाल में दर्ज कराया केस
- कुदरहा ब्लॉक के ग्राम परेवा का गड़बड़झाला

**मनरेगा** से तालाबों की साफ-सफाई और खुदाई के नाम पर पूरे कुदरहा ब्लॉक में लूट मची हुई है। तालाबों और पोखरों की सफाई और खुदाई के नाम पर एक तरह से कई प्रधान से लेकर सेक्रेटरी और बीडीओ से लेकर कम्प्यूटर आपरेटर तक पिछले आठ साल में राजा बन गए। इस ब्लॉक में ऐसी कई ग्राम पंचायतें हैं, जिन्होंने मनरेगा में एक साल में डेढ़ से दो करोड़ तक खर्च कर डाला। यह धन कहां गया इसकी जानकारी सिर्फ ब्लॉक वालों को के पास रहती है। बेचारे गांव वालों को तो इसकी भनक तक नहीं लग पाती कि उनके नाम पर पंचायत जनप्रतिनिधि और सरकारी कर्मियों से लेकर अधिकारियों तक ने कितना सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे है। मनरेगा का सबसे अधिक दुरुपयोग तालाब और पोखरों के साफ-सफाई और खुदाई के नाम पर हुआ और हो रहा है। अगर ग्राम पंचायत 'परेवा' की शिकायत को सच मान लिया जाए तो इस ग्राम पंचायत में मनरेगा का भारी धन का बंदरबांट हुआ है। एक तालाब को चार टुकड़ों में करके जिस तरह लूटखसोट हुआ, उससे पता चलता है, कि इस गांव में मनरेगा का धन और योजना कितना सुरक्षित है। इस गांव में छह तालाब पर पिछले आठ सालों में 53 बार सफाई और खुदाई के नाम पर धन निकाला गया। जब कि तालाबों के किनारे जिन काश्तकारों की जमीन है, उनका दावा है, कि इतने सालों में दो बार सफाई और एक बार खुदाई हुई, सफाई मनरेगा श्रमिकों से और खुदाई जेसीबी से हुई। खर्च करने का जो ब्यौरा मनरेगा लोकपाल को दिया गया, उसके अनुसार पिछले आठ साल में एक करोड़ 48 लाख का भुगतान होना बताया गया। वास्तविक कितना खर्च हुआ इसका पता जांच के बाद ही चलेगा। भुगतान और काम का रिकार्ड मनरेगा वेबसाइट से निकाला गया। परेवा निवासी एवं जिला उपाध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा शैलेंद्र कुमार मौर्य के शिकायत पर मनरेगा लोकपाल के यहां केस दर्ज हो गया, इसकी पुष्टि मनरेगा लोकपाल दिव्यप्रकाश ने की, उन्होंने बताया कि मामला अति गंभीर हैं, इसकी जांच के लिए वह शीर्ष ही परेवा जाने वाले है। वैसे रिकार्ड और शिकायत के अनुसार इस ग्राम पंचायत में 2013 से लेकर 2021 तक मनरेगा से चार करोड़ 53 लाख से अधिक खर्च हुआ। शिकायतकर्त्ता के मुताबिक काम आधे से भी कम हुआ, यानि दो से तीन करोड़ का फर्जीवाड़ा हुआ होगा। जिले में हर साल मनरेगा से दो अरब 60 करोड़ से अधिक ब्लॉकें खर्च करती है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में दो अरब 61 करोड़ से अधिक व्यय हुआ। इनमें सबसे अधिक धन खर्च करने वाला ब्लॉक बनकटी रहा, यही वह ब्लॉक हैं, जहां पर सबसे अधिक मनरेगा में फर्जीवाड़ा हुआ, एक-एक ग्राम पंचायतों ने एक साल में दो से तीन करोड़ तक खर्च कर डाला, अब जरा अंदाजा लगाई कि एक हजार या 15 सौ की आबादी वाला ग्राम पंचायत अगर एक साल में दो करोड़ खर्च करती है, तो वह कहां खर्च करती। कहा भी जाता है, कि ऐसे ग्राम पंचायतों में अगर नोट बिछा दिया जाए तो भी दो करोड़ में से आधा बच जाएगा। धन खर्च करने के मामले में कुदरहा भी किसी से कम नहीं रहा। यहां पर भी 25 करोड़ 77 लाख खर्च हुआ, परेवा, चकिया और कड़सरी मिश्र जैसी अनेक इस ब्लॉक की ऐसी ग्राम पंचायतें हैं, जिन्होंने मनरेगा में न सिर्फतालाबों के नाम पर बल्कि चरनी के नाम पर भारी गोलमाल किया। ऐसे भी ग्राम पंचायतें सामने आई हैं, जिन्होंने कागजों में चरनी तो कई दर्जन बनाए मगर वास्तव में इनमें दो चार ही मिले। अगर परेवा को देखा जाए तो यहां पर कभी चिंता राम पुत्र पल्टू के खेत के बगल तालाब दिखाकर भुगतान हुआ तो कभी उसी तालाब पर प्रह्लाद पुत्र पल्टू का खेत किनारे दिखा दिया गया। तीसरे सिधारे पुत्र प्रह्लाद के खेत के चौहदी का भी इस्तेमाल करके भुगतान हुआ। जब कि इन सभी लोगों का कहना है, कि दो बार सफाई और एक बार खुदाई हुई। हैरान वाली शिकायत यह की गई कि एक ही तालाब को धन का बंदरबांट करने के लिए उसे चार टुकड़ों में बांट दिया गया, दो अन्य तालाब भी गांव में है, एक पुलिया के पास तो दूसरा पंचायत भवन के पास इसे आदर्श तालाब बताया गया। जिन तालाब के चार टुकड़े किए गए, वह लगभग चार बीघा में फैला हुआ है। सोशल मीडिया पर इस ग्राम पंचायत को प्रदेश का दूसरा सबसे बड़ा घोटाला वाला पंचायत बताया गया। चूकिं मामला मनरेगा लोकपाल के पास है, तो सच्चाई आज नहीं तो कल आनी ही आनी है। चार टुकड़े वाले तालाब पर तो भारी धन निकलने की जो शिकायत की है, वह तालाब आज भी सूखा पड़ा हुआ। यही हालत अन्य दो तालाबों की भी फोटो बता रहा है।

## डीएम ने की बौद्ध सर्किट निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा बैठक

**संवाददाता।** श्रावस्ती

**जिलाधिकारी** नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में बौद्ध सर्किट के अन्तर्गत बुद्धा थीम पार्क के निर्माण कार्य को पूर्ण करने एवं उनके संचालन हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कटरा श्रावस्ती में बौद्ध सर्किट का निर्माण भारत सरकार के स्वदेश दर्शन योजना के तहत कराया जा रहा है। जिसके लिए शासन के मंशानुसार जिला पर्यटन प्रोत्साहन परिषद का गठन किया जा रहा है। उन्होने बताया कि जिले के कटरा श्रावस्ती में भारत सरकार के स्वदेश दर्शन योजना के अन्तर्गत 51 करोड़ की लागत से बौद्ध सर्किट का निर्माण कराया जा रहा है। बौद्ध सर्किट में ध्वनि प्रकाश शोए पार्किंगए टूरिस्ट फैसिलिटी सेन्टरए वर्ल्डपीस वेलए बुद्धाथीम पार्कए साइनेज एवं वेस्ट मैनेजमेंटए सी0सी0टी0वी0 एवं वाई.फाई आदि निर्माण कार्य पूर्ण कराकर हस्तगत किये जायेंगे। इसके अलावा सोलर लाईटिंग एवं माडर्न टायलेट फैसिलिटी के निर्माण कार्यो को पूर्ण कराया जा रहा हैए जिससे कि पर्यटकों को कोई भी असुविधा न होने पाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंहए अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्रए उपजिलाधिकारी आर0पी0 चौधरीए उपजिलाधिकारी आशुतोषए उपनिदेशक पर्यटन राजेन्द्र प्रसादए अवर अभियंता राजकीय निमार्ण निगम राजेन्द्र प्रसादए पर्यटन अधिकारी आर0टी0 यादव सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



विकास भवन में आयोजित भंडारे में शामिल होते भक्तगण

## अनियंत्रित बाइक पेड़ से टकराई, एक युवक की मौत, दूसरा घायल

**श्रावस्ती, सोनवा।** थाना सोनवा अंतर्गत लक्ष्मननगर गिलौला मार्ग पर परानपुर के निकट बीती रात एक बाइकसवार अनियंत्रित होकर बाइक समेत सड़क किनारे लगें पेड़ से जा टकराये इस हादसे में बाइक चला रहे रामप्रताप की मौके पर ही मौत हो गई जबकी बाइक पर पीछे बैठे बंसीलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बंसीलाल को सीएचसी गिलौला में भर्ती कराया व मृतक रामप्रसाद का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना कोतवाली भिनगा क्षेत्र के ग्राम केरवनिया निवासी रामप्रताप व बंसीलाल सोमवार को सोनवा थाना क्षेत्र के लखाही खास निवासी तीरथ राम कि घर आयोजित भंडारे में शामिल होने आए थे।

## मगहर में राष्ट्रपति के दौरे को लेकर आईजी व डीएम ने परखीं तैयारियां

- डीएम कर रही है हर बिन्दुओं की गहनता से समीक्षा

**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**संत** कबीर की महापरिनिर्वाण स्थली कबीर चौरा मगहर में आगामी 05 जून को राष्ट्रपति के आगमन को लेकर प्रशासनिक अधिकारियों ने दौरा शुरू कर दिया है। पल पल कार्य प्रगति की रिपोर्ट तैयार किया जा रहा है। इसके साथ धोबी घाट के निकट हेलीपैड की साफसफाई शुरू कर दिया गया है। मंगलवार को सुरक्षा व्यवस्था की मानीटरिंग करने आईजी बस्ती क्षेत्र ने कबीर चौरा परिसर का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। साम्प्रदायिक सौहार्द के प्रतीक महान समाज सुधारक संत शिरोमणि कबीर की समाधि स्थल कबीर चौरा परिसर ने नव निर्मित संत कबीर अकादमी का लोकार्पण देश के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के द्वारा 5 जून को किये जाने की सम्भावना है। लोकार्पण समारोह को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए जिलाधिकारी सहित अन्य उच्च अधिकारियों का कबीर चौरा पर दौरा शुरू हो गया है। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल स्वंय एक-एक बिन्दुओं पर पैनी नजर से निरीक्षण कर संबंधी विभाग के लोगों से समय से पूरा करने का निर्देश दिया है। इसी क्रम में मंगलवार को सुरक्षा व्यवस्था की मानीटरिंग स्वंय बस्ती परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक राजेश मोदक ने कबीर नव निर्मित अकादमी सहित पूरे कबीर परिसर की गहनता से निरीक्षण किया और मातहतां को जरूरी दिशा निर्देश जारी किया है। वर्ष 2018 में कबीर चौरा परिसर में धोबी घाट के निकट पीएम मोदी के आगमन के दौरान पर बने हेलीपैड का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया गया था। उसका राष्ट्रपति के आगमन के दौरान मनरेगा मजदूरों से साफ सफाई कराया जा रहा है। इसके अलावा कबीर समाधि सहित अन्य भवनों की भी सफाई के साथ ही कबीर चौरा परिसर में टूटी-फूटी सड़कों के मरम्मत को निर्देशित किया गया है। इस मौके पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार, एडीएम मनोज सिंह, सीडीओ एसएन श्रीवास्तव, एएसपी संतोष सिंह, सीओ सदर अंशुमान सिंह, एसडीएम सदर अजय कुमार त्रिपाठी, विद्युत एक्सईएन आर0के0 सिंह, सीओ धनघटा राम प्रकाश, पीडब्लूडी के अधिशाषी अभियंता आवास विकास परिषद के अधिशाषी अभियंता, कोतवाली निरीक्षक विजय नरायण प्रसाद, डीटीओ के अलावा नगर पंचायत के प्रभारी ईओ नवीन श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।



कबीर स्थली का जायजा लेते आईजी एवं डीएम-एसपी पायनियर

## डीएम की अध्यक्षता में व्यापारी बन्धुओं के साथ बैठक सम्पन्न

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के व्यापारी बन्धुओं के साथ बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने व्यापारी बन्धुओं एवं नगर वासियों से अपील करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी के निर्देशानुसार जनपद को स्वच्छ एवं अतिक्रमण से मुक्त रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होने कहा कि सभी व्यापारियोंध्नगर वासियों का दायित्व बनता है कि इस अभियान में सम्पूर्ण सहयोग प्रदान करेंए ताकि नगर अतिक्रमण मुक्त किया जा सकेए और नगर क्षेत्रों में लगने वाले जाम से मुक्त किया जा सकेए ताकि लोगों का आवागमन सुलभ किया जा सके। यदि अवैध अतिक्रमण हटाने के दौरान कोई भी अतिक्रमणकारी अतिक्रमण हटाने वाली टीम के साथ दुर्व्यवहार करने की शिकायत आती है तो सम्बन्धित व्यक्ति के विरूद्ध विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन दुकानदारों द्वारा अपनी दुकान के सामने अथवा सड़क पर अतिक्रमण किया गया हैए वे स्वेच्छा से अवैध अतिक्रमण हटा लेए ताकि आवागमन को सुलभ बनाया जा सके। लीगो से अतिक्रमण हटाने के लिए कहा जाए यदि अतिक्रमणकारी अतिक्रमण नहीं हटाते है तो सम्बन्धित उपजिलाधिकारी अधिशासी अधिकारी नगर पालिका के संज्ञान में लाकर तत्काल अतिक्रमण हटवाया जाएए ताकि नगर क्षेत्र को स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त रखा जा सके। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिया है कि अतिक्रमण हटाने के दौरान जो रेहड़ी पटरी दुकानदार प्रभावित होते हैए उन्हें रोजी.रोजगार करने हेतु कोतवाली के पास जो जगह निर्धारित की गई हैए वहां पर उनकी दुकाने लगवाने की कार्यवाही भी सुनिश्चित की जाएए ताकि उनको रोजी.रोजगार करने में कोई कठिनाई न होने पावे। उन्होने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिया है कि नगर में सफाई एवं पेयजल की भी मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित की जाएए ताकि नगर वासियों को कोई दिक्कत न होने पावे।

## शहरवासियों को बरसात में मिलेगी जलजमाव से निजात, मास्टर प्लान तैयार: श्याम सुन्दर वर्मा

**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**बरसात** में जलजमाव खलीलाबाद शहर की बहुत बड़ी समस्या है, इस लिए सभी के प्रयास नगर पालिका करती है परंतु इसका स्थायी समाधान नहीं कर सकी, परन्तु इस बार शहरवासियों को इस समस्या से निजात मिलना तय है, इसका दावा करतें हुए नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा ने बताया कि शहर में इस बार जलजमाव की समस्या नहीं होने पायेगी, जलनिकासी के लिए शहर में कई जगहों पर नये नालों का निर्माण कराया गया है, शहर के सभी बड़ो नालों पर वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया जा रहा है, नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों के साथ ही मशीनों के माध्यम से भी नालों की सफाई की जा रही है, शहर के सभी जलनिकासी के प्रमुख मार्ग पूरी तरह से साफ कर उनका चौड़ीकरण किया जा रहा है जिससे किसी प्रकार की बाधा जलनिकासी में न हो, शहर के सभी वार्डो सहित मुख्य मार्गो के नालों की सफाई का कार्य भी लगभग पूर्ण हो चुका है, नगर पालिका इस बार जलजमाव की समस्या से निपटने के लिए कमर कस कर तैयार है। नगर पालिका अध्यक्ष ने आगे बताया कि शहर के ज्यादातर नालों पर अतिक्रमण कर लिया गया था जिसे खाली करा लिया गया है, जलजमाव की समस्या से नगरवासियों को पिछले वर्ष काफी समस्या हुई थी इसके लिए नगर पालिका प्रशासन ने खेद भी व्यक्त किया है और लोगो को यह विश्वास भी दिलानी चाहती है इस समस्या के पूरी तरह शहरवासियों को निजात मिलेगी।



नालों की सफाई करवाता नगर पालिका प्रशासन पायनियर

## गैंगस्टर को हुई दो वर्ष की कठोर सजा, लगा अर्थदण्ड

**संतकबीरनगर।** गैंगेस्टर को दो वर्ष का कठोर कारावास व पांच हजार रुपए अर्थदण्ड से विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर एक्ट काशिफ़शेख ने दण्डित किये। अर्थदण्ड न अदा करने पर दो माह का अतितिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। विशेष लोक अभियोजक विशाल श्रीवास्तव ने बताया कि थाना बखिरा के प्रभारी धर्मेंद्र कुमार सिंह ने थाना बखिरा के लेडूआ महुआ निवासी अहमद अली उर्फगऊआ जो चोरी का अपराध करता था। उसके विरुद्ध गैंगेस्टर का मुकदमा दर्ज कराए थे। मामले में अभियोजन द्वारा धर्मेंद्र कुमार सिंह का बयान अंकित कराया गया। अभियुक्त भौतिक, आर्थिक व दुनियाबी लाभ के लिए अपराध करता था तथा धन अर्जित करता था। अभियुक्त द्वारा चोरी की घटनाएं की जा रही थी। अहमद अली गैंग लीडर था तथा फैजान अली व दयालू निषाद गैंग का सदस्य थे। समाज मे अभियुक्तगण के विरुद्ध कोई भी व्यक्ति गवाही देने और मुकदमा लिखवाने के लिए हिम्मत नही उठा पा रहे थे। अभियुक्तों का समाज मे स्वत्रंत रहना उचित नही था।

## एआरटीओ का एक्शन, चार डग्गामार बसों को किया सीज

**संवाददाता।** संतकबीरनगर

**सड़क** सुरक्षा यातायात जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को एआरटीओ आन्जनेय सिंह ने डग्गमार वाहनों की चेकिंग की। इस दौरान जहां बिना परमिट के चल रहीं चार बसों को सीज करने की कार्रवाई की गयी। वहीं नो पार्किग, बिना हेलमेट एवं वाहनों का कागज सही न पाये जाने पर, 39 वाहनों का चालान किया गया। इस कार्य में व प्रभारी यातायात बृजेश यादव एवं उनके यातायात पुलिसकर्मियों का भी सहयोग रहा। एआरटीओ श्री सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत डग्गामार वाहनों, बिना परमिट की सड़कों पर दौड़ रही बसों व अन्य चार पहिया वाहन, बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले वाहन स्वामियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही। इसके साथ ही उन्हें सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति भी जागरूक किया जा रहा है। एआरटीओ व प्रभारी यातायात द्वारा एनएचएआई के सहयोग से जनपद के ब्लैक स्पाट स्थल टेमा रहमत पर सड़क दुर्घटना से बचाव हेतु जेब्रा क्रासिंग बनवाया गया। इसी क्रम में प्रभारी यातायात द्वारा वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए यातायात नियमों के पालन करने हे जैसे नशे की हालत में वाहन न चलाने, निर्धारित मानक से अधिक सवारी न बैठाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, अवयस्क को वाहन न चलाने देने, सीट बेल्ट का प्रयोग करने, दो पहिया वाहनो पर हेलमेट का प्रयोग करने, वाहनों को ओवर लोड न चलाने आदि के संबंध में जागरूक किया गया। इस दौरान एआरटीओ एवं यातायात विभाग के अन्य पुलिसकर्मी/कर्मचारी मौजूद रहे।

# अतिक्रमण हटाने की शुरुआत होते ही मचा हड़कंप

**● नगर पालिका प्रशासन ने की कार्रवाई, कई निर्माण ध्वस्त**

संवाददाता। उरई (जालौन)।



झांसी रोड पर अतिक्रमण हटवाते अधिकारी — पायनियर

**प्रदेश** सरकार के मंशानुरूप जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर अतिक्रमणकारियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को उरई में जिला प्रशासन के साथ मिलकर नगर पालिका प्रशासन ने सरकारी जमीन व नालों पर अवैध रूप से निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की और बुलडोजर की मदद से उनकी दुकानों के अतिरिक्त बाहर निकली टीन सेट तुड़वाया, इस कार्रवाई से सुबह से ही माफियाओं में हड़कंप मच गया।

मंगलवार को नगर मजिस्ट्रेट कुंवर वीरेंद्र मौर्य के नेतृत्व में सुबह से ही उरई के झांसी चुंगी से लेकर कोंच बस स्टैंड तक अतिक्रमणकारियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। नगर पालिका के बुल्डोजर ने सरकारी नाले और जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण का ध्वस्तीकरण कराया। सुबह से शुरू हुई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई से अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मच गया। बता दें कि इस इलाके को पहले ही जिला प्रशासन ने चिन्हित कर लिया था और सभी अतिक्रमणकारियों को नोटिस भी दिए थे कि वह है एक सप्ताह के अंदर अपना अवैध निर्माण हटा लें इसके बावजूद भी अतिक्रमणकारियों ने अपना कब्जा नहीं हटाया था जिसके बाद नगर पालिका के अधिकारियों ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर ऐसे कब्जे को हटाया व अवैध कब्जे का ध्वस्तीकरण कराया। नगर मजिस्ट्रेट कुमार वीरेंद्र मौर्य ने कहा कि जनपद में सड़क मार्गों को अवरुद्ध नहीं होने दिया जाएगा सड़क मार्गों पर अतिक्रमण करने वाले व्यक्तियों पर दंडात्मक व सुसंगत धाराओं में भी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटाने का पहला दिन था, यह अभियान लगातार जारी रहेगा। पहले दिन झांसी चुंगी से लेकर कोंच बस स्टैंड तक अभियान चलाया गया, दूसरे दिन जेल रोड से जिला परिषद तक यह अभियान चलाया जाएगा। इसी प्रकार अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर जनपद को साफव स्वच्छ रखा जाएगा। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी राम कुमार, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विमलापति, सीओ विजय आनंद व कोतवाल शिव कुमार राठौर आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# सुरक्षित मातृत्व क्लीनिक का किया गया आयोजन विशेष जांच के साथ गर्भवतियों को मिला परामर्श

संवाददाता। चित्रकूट

**● उच्च जोखिम वाली चार गर्भवतियों को किया गया चिन्हित**

**मातृ** एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए सरकार की विशेष पहल के तहत मंगलवार को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व क्लीनिक का आयोजन जिला अस्पताल सहित तीन स्वास्थ्य इकाइयों में किया गया। इसमें उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली चार महिलाएं चिन्हित की गई है। साथ ही स्वास्थ्य केन्द्रों में आई एक सैकड़ा से अधिक गर्भवती महिलाओं को विशेष जांच के बाद परामर्श दिया गया। अब हर माह की 24 तारीख को एफआरयू (प्रथम संर्दभन इकाई) में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान (पीएमएसएमए) दिवस मनाया जा रहा है। मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा भूपेश द्विवेदी ने बताया कि कई कारणों से जोखिम गर्भावस्था मातृ-शिशु की मृत्यु का कारण बनती हैं। प्रसव पूर्व छोटी-बड़ी कई कमियों का सामने नहीं आ पाना इसकी प्रमुख वजह है। गर्भवती को उच्च रक्तचाप, गंभीर रक्ताल्पता, मधुमेह, दिल की बीमारी, क्षयरोग, मलेरिया आदि की स्थिति में जोखिम बना रहता है। ऐसी महिलाओं को प्रसव पूर्व ही चिन्हित कर उन्हें सरकारी अस्पतालों में बेहतर परामर्श और उपचार दिया जा रहा है। अब तक प्रत्येक माह की नौ तारीख को पीएमएसएमए दिवस मनाया जाता था। अब हर माह की 24 तारीख को जनपद की एफआरयू (प्रथम संर्दभन इकाइयों) में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व क्लीनिक आयोजित की जा रही है। इसमें द्वितीय व तृतीय त्रैमास की गर्भवती की जांच की जाती है। हर माह की नौ तारीख को जनपद के संयुक्त जिला अस्पताल सहित 10 स्वास्थ्य केंद्रो में यह आयोजन किया जा रहा है। कर्वी ब्लाक के दरिआवपुरवा से जिला अस्पताल (प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व क्लीनिक) में आई 23 वर्षीय संजना पत्नी अर्जुन ने बताया कि पहला बच्चा है। उन्हें नि:शुल्क जांच के साथ उपचार और परामर्श दिया गया है। जिला मातृत्व स्वास्थ्य सलाहकार अरुण कुमार ने बताया कि मुख्य चित्कित्सा अधिकारी के निर्देशन में मंगलवार (24 मई) को प्रथम संदर्भन इकाइयों (संयुक्त जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजापुर, मानिकपुर) में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व क्लीनिक का आयोजन किया गया। इससे गर्भवती महिलाओं को विशेषज्ञ या एमबीबीएस चिकित्सक की देखरेख में नि:शुल्क प्रसव पूर्व गुणवत्तापरक जांच एवं उपचार की सुविधा मुहैय्या कराई गई। इस दौरान चार उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली महिलाएं चिन्हित की गई।

# फर्जी अभिलेखों से नौकरी करने पर पुलिस ने रिटायर्ड फौजी को भेजा जेल

**राठ (हमीरपुर)।** आर्मी से रिटायर्ड होने के बाद बड़े भाई पर छोटे भाई ने उसकी फर्जी मार्कशीट लगाकर नौकरी करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में भाई के विरूद्ध फर्जी नाम से नौकरी करने व दस्तावेजों में हेरा फेरी करने का मामला दर्ज कराया है। आज पुलिस ने रिटायर्ड फौजी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली के बड़ा गांव निवासी गंगादीन उर्फ गंगाराम ने बताया कि उसके छह भाई रामस्वरूप, पंचमलाल, गौरीशंकर, नारायणदास, अमरचंद्र है। उसके पिता किसान थे।

बताया कि उसके बड़े भाई नाम अभिलेखों में पंचमलाल है। लेकिन वह अपना नाम गंगादीन बताता है। बताया कि वह दोनों भाई एक ही स्कूल में पढ़ाई करते थे। बताया वह कक्षा 9वीं फेल है। उसका भाई 12वीं में फेल है। आरोप लगाया कि 1978 में उसका भाई उसकी मार्कशीट चुराकर सैना में भर्ती हो गया था। उसके भाई ने उसकी मार्कशीट से 22 साल तक सेना में नौकरी की। उसके भाई रामस्वरूप और पंचमलाल के नाम से बड़ा में खसरा संख्या 274 जिसका रकवा 0.6880 हेक्टयर खरीदी थी तथा रामस्वरूप, गंगादीन उर्फगंगाराम के नाम खसरा संख्या 273 जिला रकवा 0.705 हेक्टयर खरीदा था। लेकिन पंचमलाल ने खसरा संख्या 274 का 1½2 भाग 25 अक्टूबर 2018 को अपनी पत्नी धानकुंवर के नाम रजिस्ट्री कर दी।

बताया कि उसने खसरा संख्या 273 व रकवा 0.7050 हेक्टयर की रजिस्ट्र अपने दोनों पुत्र रामभुवन व बीरेंद्र के नाम कर दी है। आरोप लगाया कि उसका भाई पंचमलाल ने गलत तरीके से आधा कार्ड व परिवार रजिस्टर लिस्ट व सरकारी अन्य दस्तारवेजों में हेरा फेरी की है। बताया कि वह जब खेत पर जाता है तो उसका भाई बंदूक दिखाकर जान से मारने की धमकी देता है।

# सपा विधायक ने विधानसभा में उठाया अवैध मौरम खनन का मुद्दा

**● ओवरलोडिंग, छुट्टा जानवरों व स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर आवाज की बुलंद**

**● भारी भरकम मशीनों से मौरम खनन होने से नदियों की जल धारायें बदलीं: विनोद चतुर्वेदी**

संवाददाता। उरई (जालौन)



**सपा के** कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने बुंदेलखण्ड में अवैध मौरम खनन का मुद्दा उठाते हुये कहा कि नदियों से भारी भरकम मशीनों से मौरम खनन होने से जहां नदियों की जलधारायें बदल रही तो जगह-जगह भारी भरकम गढ्डे हो रहे हैं यदि समय रहते इस ओर गंभीरता से ध्यान न दिया गया तो इसका दुष्परिणाम क्षेत्रीय किसानों को भुगताना पड़ सकता है। उन्होंने ओवरलोड वाहनों, कानून व्यवस्था व खराब स्वास्थ्य सेवाओं का मुद्दा भी विधानसभा में उठाया। सपा विधायक विनोद चतुर्वेदी ने मंगलवार को विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा करते हुये सदन में कहा कि बुंदेलखण्ड में कानून व्यवस्था कि हालत ठीक नहीं है ललितपुर में हुये रेप कांड पर कहा कि कानून व्यस्वथा पर सरकार के दावे खोखले है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखण्ड में किसानों की हालत अच्छी नहीं है किसानों की फसलें अन्ना जानवर खा जाते है सरकार कोई व्यवस्था ही नहीं करती किसानों की सम्मान निधि भी नाकाफी है। किसानों की तरक्की के लिये सिंचाई संसाधन बढ़ाये जाने चाहिये। उन्होंने सदन में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली की चर्चा करते हुये कहा कि मेडिकल कालेज व जिला अस्पताल में चिकित्सकों की कमी है गंभीर मरीजों को रिफर कर दिया जाता है। कालपी के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में अलट्रासाउन्ड मशीन ही नहीं है कालपी के मरीजों को 32 किमी दूर उरई अल्ट्रा साउन्ड कराने जाना पडता है। विधायक विनोद चतुर्वेदी ने अवैध खनन व ओवरलोड वाहनों का मुद्दा उठाते हुपे कहा कि ओवरलोड की इन्तहा हो गयी है। जितना खनिज से राजस्व नहीं मिलता उससे ज्यादा की करोड़ों रुपये की सडकें खराब हो रही है। अवैध खनन का हाल यह है कि जेसीबी, पॉकलैंड मशीनों से खनन हो रहा है जल घारायें बदल रही है नदियों में गहरे गड्डे हो रहे है। सरकार ने आवश्यक कार्यवाही का भरोसा दिया।

# एसडीएम से की सुन्नी वक्फ बोर्ड की जमीन पर कब्जे की शिकायत

**● कार्य रुकवाया गया, जांच के बाद की जाएगी कार्रवाई**

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)



एसडीएम से शिकायत करने जाते लोग

**सुन्नी** वक्फबोर्ड संस्था की जमीनों पर कमेटी के लोगो के द्वारा अवैध तरीके से कब्जा कर जमीन पर दुकानें बनाकर अपने निजी इस्तेमाल के लिए लाये जाने का आरोप कस्बे के एक दर्जन लोगों ने उपजिलाधिकारी कार्यलय में की है।

कस्बे के बेशकीमती जमीन लोकनिर्माण विभाग गेस्ट हाउस के सामने व सरकारी अस्पताल में कब्रिस्तान की जमीन पर वक्फ बोर्ड कमेटी के ही लोगों के द्वारा अवैध तरीके से दुकानें बनायी जा रही हैं आरोप कस्बे के रागौल मोहल्ला निवासी एक दर्जन लोगों ने उप जिलाधिकारी सुरेंद्र कुमार सिंह के यहां पहुंचकर कहा कि जिस वक्फ बोर्ड की कब्रिस्तान बाउंड्री वॉल के लिए किए गए शिलान्यास की जमीन पर पूर्व प्रधान द्वारा बाउंड्री वॉल के नाम पर दुकानें बनाई जा रही हैं जिससे कब्रिस्तान की जमीन सकरी हो जाएगी और यह बेशकीमती जमीन को दुकानें बनाकर लाखों रुपए का सौदा करेंगे और मोटी रकम कमाएंगे जिस की निष्पक्षता से जांच कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है ज्ञापन देने वालो में महमूद,मुहम्मद राशिद,कल्लू,नजमुद्दीन, शकील उद्दीन, राजा सहित एक दर्जन लोग मौजूद रहे।वही उप जिला अधिकारी सुरेन्द्र कुमार ने बताया की कार्य रुकवा दिया गया है जाच के बाद कार्यवाही की जायेगी।

## सचिव के साथ मारपीट करने वाला भाजयुमो जिलाध्यक्ष हीरो मिश्रा गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पहाडी थाना क्षेत्र के ब्लाक परिसर में 12 मई को गांव के सचिव घनश्यामदास शुक्ला के साथ मारपीट कर घसीटते हुए थाने तक ले जाने वाले भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विकास मिश्रा उर्फ हीरो मिश्रा को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। मंगलवार को पहाडी थाना पुलिस ने भाजयुमो के जिलाध्यक्ष विकास मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष ने गांव के सचिव घनश्यामदास शुक्ला से शादी समारोह के लिए कलवलिया पंचायत भवन मांगा था। सचिव के पंचायत भवन देने से मना करने पर विकास मिश्रा ने ब्लाक परिसर में घुसकर सचिव की बेरहमी से पिटाई कर घसीटते हुए थाने तक ले गये थे। इस दौरान उनकी सोने की जंजीर व मोबाइल फोन आदि भी लोगों ने लूट लिया था। आरोपी भाजयुमो नेता पर सचिव ने साथियों समेत मारपीट आदि का मुकदमा पहाडी थाने में दर्ज कराया था।

# जिला जज राधेश्याम यादव को दी गयी भावभीनी विदाई

**●बार एसो. अध्यक्ष व महासचिव ने स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंट किया**

**चित्रकूट।** जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेश तिवारी की अध्यक्षता में स्थानांतरित जिला जज राधेश्याम यादव को भावभीनी विदाई दी गई। जिला जज ने कहा कि भगवान कामतानाथ की भूमि में काम करने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा कि वादकारियों को अधिवक्तागण सस्ता न्याय दिलायें। सोमवार को हुए विदाई समारोह की शुरुवात सरस्वती चित्र पर माल्यार्पण के बाद अध्यक्ष व अधिवक्ताओं ने जिला जज को माल्यार्पण कर उनके सुखमय भविष्य की कामना की। जिला जज ने अधिवक्ताओं के कई मुकदमों का जिक्र कर वादकारियों को सुलभ न्याय दिलाने को कहा। प्रधान न्यायाधीश रामकृपाल ने कहा कि जिला जज बहुत अहम पद पर जा रहे हैं। जहां लोगों को त्वरित न्याय देने से कई परिवारों को तत्काल राहत मिलती है। आज पीड़ितों को त्वरित न्याय देने की जरूरत है। बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुरेश तिवारी व महासचिव नवीन त्रिपाठी ने जिला जज को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। कहा कि जिला जज का अल्प कार्य काल हमेशा याद रहेगा। वह कर्तव्य निष्ठा से अपना काम करते रहे हैं। इस मौके पर अधिवक्ता रामेन्द्र त्रिपाठी, हेमराज सिंह, आदर्श श्रीवास्तव, शिवशंकर उपाध्याय, नन्दकिशोर सिंह, अनुराग सिंह, संतोष मिश्रा, देवशरण मिश्रा, सत्येन्द्र शुक्ला, मीडिया प्रभारी जितेन्द्र उपाध्याय, लक्ष्मण त्रिपाठी, शशिकान्त पाण्डेय, सचिन श्रीवास्तव, रवि माथुर, अमित यादव, सुरेश यादव, रामनरेश यादव, देवेन्द्र पाण्डेय आदि अधिवक्ताओं ने जिला जज का माल्यार्पण किया।

# संकट आने पर सच्चे भक्त की रक्षा करने आते हैं भगवान: सुरेश अवस्थी

**● साईं मंदिर में चल रहे श्रीमद भागवत के तीसरे दिन उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़**

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** क्षेत्र के ग्राम प्रतापपुर स्थित साईं मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन जनपद सीतापुर के नैमिषारण्य से पधारे सुप्रसिद्ध कथा वाचक सुरेश अवस्थी महाराज ने जड़भरत चरित्र, नरसिंह भगवान अवतार और भक्त प्रहलाद की कथा सुनाई। कथा के दौरान कथा वाचक सुरेश अवस्थी महाराज ने कहा कि भक्त पर संकट आने पर भगवान भक्त की रक्षा करने के लिए दौड़े चले आते हैं। मंगलवार को आयोजित श्रीमद भावगत कथा में भागवताचार्य नें कहा कि भक्त के प्रति भगवान का स्नेह अपार होता है और भक्त पर ईश्वर की कृपा सदैव बनी रहती है। ईश्वर अपने भक्तों पर सदा कृपा बनाए रखता है और उन्हें सुख समृद्धि प्रदान करता है। कथा के प्रसंग को सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। इसके साथ ही भजनों की प्रस्तुति ने भी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इसके पूर्व कथा की शुरुआत पहले वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की गई। इसके बाद कथावाचक ने प्रह्लाद चरित्र कथा का रसपान भक्तों को कराया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत में भक्त प्रह्लाद का चरित्र युवाओं को अपनाने के लिए एक अदभूत प्रकरण है। प्रह्लाद जी ने अपने साथियों से कहा कि युवावस्था में ही अपना कल्याण का मार्ग पकड़ लेना चाहिए। महाराज ने प्रहलाद की कथा के वृतांत सुनाते हुए कहा कि जब भक्त प्रहलाद पर पिता हिरण्यकश्यप द्वारा प्रताड़ित किया गया तो आखिर में भक्त की रक्षा के लिए भगवान ने खंभे से नृसिंह भगवान का अवतार लिया और धरती पर हिरण्यकश्यप के बढ़ते पाप, अत्याचार को मिटाने के लिए हिरण्यकश्यप का वध किया।

# बस स्टेंड से लेकर महिला थाने तक हटाया गया अतिक्रमण

**● जेसीबी मशीन से दुकान व मकान किये गये ध्वस्त,तीन दिन पहले दुकानदारों को दी गयी थी नोटिस**

संवाददाता। हमीरपुर





अवैध कब्जा हटाती जेसीबी मशीन, सड़क में दुकानदारो को माइक से सावधान करते सीओ सदर — पायनियर

**अतिक्रमण** हटाओं अभियान के पहले दिन स्थानीय बस स्टैंड से लेकर महिला थाने तक सड़क के किनारे बनी दुकानों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया। हालाकि इस मामले में पुलिस व दुकानदारों से नोकझोक होती रही। इस अभियान में कई फुटपाथी दुकानदारो के सामने रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो गयी है।

जानकारी के मुताबिक तीन दिन पहले प्रशासन ने रोड के किनारे अवैध कब्जा किये दुकानदारों को नोटिस देकर कब्जा हटाने के आदेश दिये थे मगर ज्यादातर लोगो ने कब्जा नही हटाया आज सुवह एसडीएम सदर संजय मीणा, व सीओ सदर आरके सिंह भारी पुलिस बल लेकर स्थानीय बस स्टैड से कब्जा हटाने की शुरुआत कर दी यह देखकर दुकानदारो में हड़कंप मच गया। सभी दुकानदार अपनी अपनी दुकाने फटाफट हटाने लगे तभी बुलडोजर कई दुकानों को ध्वस्त कर दिया। आमन शहीद मोहाल में कई लोग सड़क के किनारे रिहायशी मकान निर्माण किये थे उनको भी तोड दिया गया। लोगो की गुमटियो को उठाकर सफाई कर्मी नगर पालिका में रख दी। बताया जाता है कि कल भी अवैध कब्जा हटाया जायेगा धरमशाला से लेकर ईदगाह मोहाल तक अतिक्रमण हटाये जाने का प्राविधान रखा गया है। बस स्टैंड में अभियान के तहत बसो के संचालन में स्वयं रोडबेज के एआरएम सड़क के किनारे खडे होकर बसो को निकलवाया ताकि कोई दुर्घटना न हो सके। पूरे नगर को अवैध कब्जा मुक्त किया जायेगा सड़क के किनारे फुटपाथी दुकानदारों के सामने रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। दुकानदारो का हजारो का नुकसान हो गया है। लोगो का कहना है कि इस अभियान में उनके सामने कोई भी जनप्रतिनिधि सामने नही आया। विपक्षी नेता तो दूर दूर तक नजर नही आये। हालाकि अस्पताल रोड पर भी भारी मात्रा में दुकानदार सड़क के किनारे कब्जा किये हुये है। अतिक्रमण को लेकर सभी दुकानदारो की नीद हराम हो गयी है। सीओ सदर सड़क के किनारे जमा भीड़ को बार बार हटने के आदेश देते रहे। इस अभियान में हजारो लोगो के सामने रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो गयी है। कई फुटपाथी दुकानदारो के यहा तो चूल्हा भी नही जलेगा।

## क्विक न्यूज

### नयागांव रपटा से बूड़े हनुमान तक गंदगी से कराह रही मंदाकिनी

**चित्रकूट।** नयागांव रपटा से बूड़े हनुमानजी मंदिर तक मंदाकिनी नदी गंदगी से कराह रही है। करोड़ों की लागत से बने रामघाट विस्तारीकरण के तहत बने घाट भी गंदगी से बेकार हो गये हैं। सोमवती अमावस्या के पूर्व घाटों की सफाई कराने की मांग जिलाधिकारी से की गई है। मंगलवार को बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि नयागांव रपटा से बूड़े हनुमानजी मंदिर तक लगभग 130 मीटर लंबा नया घाट कुछ वर्षों पहले ही बना है। इस नये घाट में अक्सर गंदगी का साम्राज्य रहता है। इससे यह घाट बेकार हो गया है। पानी में जलीय चारे और गंदगी का कब्जा है। पन्नालाल घाट में किसी समय सैकड़ों लोग सुबह शाम डुबकी लगाते थे। इसी घाट में सीवर की गंदगी महीनों पहले गिरती थी। उसी गंदगी और मलबे से लोगों ने नदी के घाट का प्रयोग बंद कर दिया है। अजीत सिंह ने जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल से कर्वी नगर के इंटेकवेल में कराई सफाई की सराहना की है। अनुरोध किया है कि नयागांव रपटा से बूड़े हनुमान मंदिर तक भी सफाई कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### पिता पुत्र के खिलाफ छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा (हमीरपुर)।** कुरारा थाना क्षेत्र के मनकीकला गाँव निवासी महिला ने बीती शाम बकरी चराते समय नाबालिग पुत्री के साथ चरवाहे द्वारा छेड़ खानी की गयी पुलिस ने दो के खिलाफछेड़खानी व पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। गांव की गीता पत्नी ब्रजेश ने पुलिस को बताया कि बीती मेरी नाबालिग लड़की 8 वर्ष खेत की तरफबकरी लेकर चराने गयी थी। वहां पर गाँव का ही लवकुश पुत्र पप्पू भी बकरी लेकर गया था। उसने मेरी पुत्री के कपड़े निकालकर छेड़खानी की उसके शोर मचाने पर अन्य चरवाहों को आता देख वह मौके से भाग निकला जब इस घटना की जानकारी उसके पिता पप्पू को दी तो वह लड़ने पर आमादा हो गया। तथा गाली गलौज करने लगा। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने पिता पुत्र के खिलाफछेड़खानी व गाली गलौज, व 10 पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### पुलिस ने नेताओं को थमायी नोटिस

**मौदहा।** अतिक्रमण हटाओ अभियान के चलते कुछ समाज सेवी नेताओं ने अधिकारियों को अनावश्यक टोका टाकी करना शुरू कर हिदायतें देना भी शुरु कर दिया था।इतना ही नहीं अफवाहें फैला माहौल खराब करने का का भी प्रयास था।जिस पर पुलिस ने अब उन्हें नोटिस देना भी शुरू कर दी है। क्यों न अभियान में बाधा डालने और अफवाह फैलाने का दोषी मानते हुए विधिक कार्रवाई अमल में लाई जाए । पुलिस का मानना है कि इस नोटिस के बाद अब ऐसे लोगों की भीड़ कम नजर आरही है।

### करंट की चपेट में आकर दुकानदार झुलसा, सैफई रेफर

**राठ (हमीरपुर)।** जरिया थाने के गोहांड कस्बे में दुकान बनाते समय एक युवक हाईटेंशन लाइन के तार की चपेट में आ गया। थोड़ी ही देर में युवक के शरीर में आग लग गई। युवक को जलता देख वहां मौजूद अन्य दुकानदारों में हड़कंप मच गया। आनन फानन में युवक को सीएचसी राठ ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मेडिकल कालेज सैफई रेफर कर दिया। कस्बा गोहांड निवासी नरेश तिराहे पर पेप्सी गुटका की दुकान रखे हुए है। दो दिन पहले अतिक्रमण के दौरान उसकी दुकान पीछे हो गई थी। मंगलवार को नरेश दुकान को बना रहा था। तभी हाथ में लिए लोहे की छड़ दुकान के ऊपर से निकली हाईटेंशन लाइन के तारों में टच हो गई। जिससे युवक करंट की चपेट में आकर जलने लगा। वहां मौजूद स्वजन इलाज के लिए सीएचसी ले गए। डा.भरत राजपूत ने बताया कि युवक 80 फीसदी झुलस गया है। हालत गंभीर होने पर उसे सैफई रेफर कर दिया है। मौके पर पहुंची जरिया पुलिस ने युवकी का हालचाल जाना।

### सब्जी के खेत में आग लगाने का आरोप

**राठ (हमीरपुर)।** मझगवां थाने के खिरिया गांव में सब्जी की फसल में आग लगने से खेत की मेड़ पर लगे सब्जी के पौधे मुरझा गए। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। खिरिया गांव निवासी दीपक पुत्र ओम प्रकाश ने बताया कि वह अपनी 4 बीघा जमीन में सब्जी की फसल किए हुए हैं। सोमवार को सब्जी की फसल में अचानक आग लग गई। आग की लपटें तेज होने पर हड़कंप मच गया। आग पर काबू पानी डाल काबू पाया गया। जब तक खेत की मेड़ पर लगे सब्जी के पौधे मुरझा गए। पीड़ित ने आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही युवक ने आग लगाई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### दलित युवक से घर में घुसकर की मारपीट

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** रंजिश के चलते दलित युवक के साथ गांव के ही चार लोगों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर घर में घुसकर न सिर्फमारपीट के बल के धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम सराय प्रयाग निवासी मोहर सिंह पुत्र मैकूलाल द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 4 मई की शाम वह अपने घर में था। तभी गांव के ही निर्मल, ममता, राहुल, रजत आए और रंजिश के चलते जातिसूचक गाली गलौज करते हुए घर में घुसकर लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### रंजिश के चलते महिला से की मारपीट

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** नगर के एक गेस्ट हाउस में वैवाहिक कार्यक्रम में आई महिला के साथ ही लोगों ने अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पड़ोसी जनपद कासगंज के थाना ढोलना के ग्राम बिलराम निवासी रूबी पुत्री कासिम अली द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि विगत 21 मई की रात नगर के जीटी रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में आई थी। तभी जनपद एटा के ग्राम फगनोल निवासी फरमान अली, इमरान अली, रिजवान ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### बरगद का पेड़ काटने गए मजदूर की गिरने से मौत

**कुठौंद (जालौन)।** भदेख गांव निवासी उदयवीर पुत्र दरियाव निषाद के दरवाजे पर खड़ा बरगद का पेड़ गांव के आनंदी पुत्र मथुरी प्रसाद दोहरे उम्र 53 वर्ष मंगलवार की सुबह लगभग 9 बजे बरगद का पेड़ काट रहे थे तभी एक डाल के बाद दूसरी डाल पर उतरते समय छोटी डाल फट गयी जिससे वह बीस फिट की ऊंचाई से जमीन पर जा गिरे जिससे उसकी मौत हो गयी। जैसे ही घटना की जानकारी उसके परिजनों को मिली तो घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गयी। इसके बाद ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस चौकी शंकरपुर दी तो चौकी इंचार्ज एसआई बलराम शर्मा अपने हमराही सिपाहियों के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर उदयवीर पुत्र दरियाव निषाद पुलिस ने अपनी हिरासत में ले लिया था। बाद में पुलिस ने शव का ग्रामीणों के समक्ष पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।